3.3. अवार्डिंग निकायों (एबी) और आकलनकर्ता एजेंसियों (एए) को मान्यता देना: प्राप्त प्रस्तावों का मूल्यांकन करने और संस्थाओं को मान्यता प्रदान करने के लिए योग्य प्रस्तावों को परिषद के समक्ष रखने के लिए परिषद के अनुमोदन के साथ एक उप–समिति (दिनांक 14 अक्टूबर, 2021 के आदेश संख्या 38004/01/2021/एनसीवीईटी के माध्यम से) गठित की गई है। अवार्डिंग निकाय और आकलनकर्ता एजेंसी के रूप में मान्यता प्राप्त करने वाले संगठनों से प्राप्त प्रस्तावों के मूल्यांकन के लिए परिषद का प्रतिनिधित्व करने वाली उप–समिति की 150 से अधिक बैठकें आयोजित की गईं।

क) अवार्डिंग निकायः अवार्डिंग निकाय के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए कुल 120 प्रस्तावों की एबी की मान्यता और विनियमन के लिए एनसीवीईटी दिशानिर्देशों के अनुसार जांच की गई थी। इन 120 प्रस्तावों में से अवार्डिंग निकायों के 79 प्रस्तावों (क्षेत्र कौशल परिषदों, राज्य कौशल विकास मिशनों, केंद्र और राज्य सरकार के निकायों, विश्वविद्यालयों आदि को शामिल करते हुए) को मान्यता प्रदान करने के लिए आशय पत्र (एलओआई) जारी किए गए हैं और बाद में इन 79 में से 54 अवार्डिंग निकायों ने मान्यता प्रदान करने के लिए एनसीवीईटी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

ख) आकलनकर्ता एजेंसीः आकलनकर्ता एजेंसियों के कुल 181 प्रस्तावों की संवीक्षा की गई है और 52 एजेंसियों को मान्यता प्रदान करने के लिए आशय पत्र (एलओआई) जारी किए गए हैं।

3.4. एनसीवीईटी दिशानिर्देशों का गठन और कार्यान्वयन

क) **अवार्डिंग निकायों द्वारा अर्हता अंगीकरण के लिए दिशानिर्देश:** मानकीकृत अर्हता तक पहुंच प्रदान करते

हुए अर्हता के दोहराव को कम करने, जिससे मूल्यांकन और प्रमाणन में एकरूपता और गुणवत्ता आश्वासन सुनिश्चित किया जा सके, अर्हता अंगीकरण की सुविधा के लिए दिशानिर्देश तैयार किए गए हैं जो एनसीवीईटी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। अंगीकरण दिशानिर्देश एक अर्हता के संबंध में एक अवार्डिंग निकाय द्वारा अवार्ड देने के अधिकारों के अर्जन की सुविधा प्रदान करेगा जो किसी अन्य अवार्डिंग निकाय द्वारा तैयार किया गया है। वे राज्यों को स्थानीय/पारंपरिक कौशल में अर्हता तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करने में भी सक्षम बनाएंगे। अंगीकरण की सुविधा स्कूलों सहित सभी सरकारी अवार्डिंग निकायों के लिए निःशुल्क उपलब्ध है।

ख) **बहु कौशलीकरण और क्रॉस सेक्टरल कौशलीकरण के लिए दिशानिर्देशः** माननीय वित्त मंत्री के बजट संबोधन के अनुरूप, गतिशील उद्योग की जरूरतों के लिए एनएसक्यूएफ के संरेखण के बारे में 'बहु कौशलीकरण और क्रॉस–सेक्टरल कौशलीकरण के लिए दिशानिर्देश' एनसीवीईटी द्वारा तैयार और कार्यान्वित किए गए हैं। दिशानिर्देश परिषद द्वारा अनुमोदित किए गए हैं और एनसीवीईटी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। ये दिशानिर्देश संसाधन अनुकूलन, एकरूपता/पुनः प्रयोग/अर्हता के विकास, प्रशिक्षण आयोजित करने, आकलन और प्रमाणन में गुणवत्ता आश्वासन को सक्षम बनाएंगे।

ग) **व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण (वीईटी) में मिश्रित शिक्षा संबंधी दिशानिर्देशः** भारत सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) ने उभरती नई तकनीकों के मद्देनजर और हाल ही में देखी गई महामारी जैसी स्थिति से निपटने हेतु बदलती वैश्विक आवश्यकताओं को समायोजित करने के लिए डिजिटल शिक्षा को शामिल करके सभी शिक्षार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया है। मिश्रित शिक्षा औपचारिक (पारंपरिक कक्षा) और गैर–औपचारिक (ऑनलाइन) अर्थात पारंपरिक कक्षा के आमने–सामने शिक्षण के साथ डिजिटल शिक्षण प्लेटफार्मों के संयोजन का शैक्षिक अभ्यास दोनों कार्यपद्धतियों का एक संयोजन है। मिश्रित शिक्षा शिक्षण की प्रक्रिया में लचीलापन प्रदान करती है। एनसीवीईटी ने मिश्रित शिक्षा संबंधित दिशानिर्देश तैयार किए हैं। मिश्रित शिक्षण संबंधी दिशानिर्देश व्यावसायिक शिक्षा के लिए शिक्षण के प्रमुख घटक निम्नलिखित हैं, अर्थात्,

i. ट्रेड सिद्धांत/व्याख्यान/सैद्धांतिक/वैचारिक ज्ञान प्रदान करना,
ii. सॉफ्ट कौशल/जीवन कौशल/नियोजनीय कौशल/मेंटरिंग प्रदान करना,
iii. शिक्षार्थियों को प्रदर्शन दिखान, हाथों से काम करने के लिए व्यावहारिक कौशल/ कौशल प्रदान करना,
iv. ट्यूटोरियल, असाइनमेंट, ड्रिल और अभ्यास,
v. मॉनिटरिंग/प्रोक्टर्ड मॉनिटरिंग/असेसमेंट,
vi. कार्य के दौरान प्रशिक्षण (ओजेटी), इंटर्नशिप, और
vii. शिक्षुता प्रशिक्षण

दिशानिर्देश उपकरणों और कार्यपद्धतियों का सुझाव देते हैं जिनका उपयोग व्यावसायिक प्रशिक्षण और शिक्षा के विभिन्न चरणों में किया जा सकता है। यह मिश्रण के प्रतिशत के सुझाव भी प्रदान करता है, जो विभिन्न प्रकार के शिक्षण के लिए विभिन्न चरणों में हो सकता है।

घ) **शिकायत निवारण तंत्र के लिए दिशानिर्देशः** एनसीवीईटी के अंतर्गत मान्यता प्राप्त संस्थाओं की शिकायतों के निवारण के लिए एक तंत्र विकसित करने के लिए व्यापक हितधारक और सार्वजनिक परामर्श के बाद परिषद द्वारा 'शिकायत निवारण तंत्र हेतु दिशानिर्देश' अनुमोदित किए गए हैं और कार्यान्वयन के लिए एनसीवीईटी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। ये दिशानिर्देश सभी हितधारकों को समयबद्ध तरीके से उनकी शिकायतों के समाधान/निवारण के लिए आसान पहुंच प्रदान करने के लिए अवार्डिंग निकायों, आकलनकर्ता एजेंसियों, प्रशिक्षण प्रदाताओं (टीपी) और परिषद द्वारा कार्यान्वित की जाने वाली शिकायतों के निवारण की एक प्रणाली बनाने और निगरानी करने के लिए हैं।

ङ) **राष्ट्रीय व्यावसायिक मानकों और माइक्रो क्रेडेंशियल्स अनुमोदन के लिए दिशानिर्देशः** अनेक अवार्डिंग निकायों, क्रॉस सेक्टरल और बहु–क्षेत्रीय कौशल की पहचान जैसी नई नीतियों के आगमन के साथ अर्हता तैयार

करने में और अधिक लचीलापन प्रदान करने की आवश्यकता महसूस की गई। तेजी से बदलती जॉब की जरूरतों को पूरा करने के लिए कौशल उन्नयन और सेतु पाठ्यक्रम का उपयोग करने के लिए स्टैंडअलोन एनओएस की परिकल्पना की गई थी। एनओएस अनुमोदन और संरेखण निम्नलिखित को स्थापित करने और सुविधा प्रदान करने के लिए अनिवार्य किया गया था:

- क्रॉस सेक्टरल और मल्टी सेक्टरल अर्हताएं तैयार करना
- उपलब्ध ज्ञान का उपयोग
- आवश्यकता के अनुसार क्षमताओं की इकाई चुनने का अवसर प्रदान करने के लिए कौशल उन्नयन
- सेतु पाठ्यक्रम और कौशल उन्नयन के साथ आरपीएल
- आजीवन शिक्षण
- एकाधिक प्रवेश और एकाधिक निकास (एमई–एमई) मार्ग
- संसाधनों का बेहतर प्रणालीकरण

राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक (एनओएस) दिशानिर्देश निष्पादन के उस मानक को निर्दिष्ट करते हैं जो किसी व्यक्ति को कार्यस्थल में किसी कार्य को करते समय प्राप्त करना चाहिए, उन्हें ज्ञान और समझ के साथ उस मानक को पूरा करने की लगातार आवश्यकता होती है। प्रत्येक एनओएस संबंधित जॉब रोल में विशिष्ट कार्य के संबंध में संबंधित निष्पादन मानदंड को जोड़कर एक प्रमुख कार्य को परिभाषित करता है।

साथ ही, ये एनओएस एक अर्हता बनाते हैं जो शिक्षार्थियों को किसी विशेष जॉब रोल में प्रशिक्षित करने के लिए उपयोग की जाती है। ये दिशानिर्देश परिषद द्वारा अनुमोदित किए गए हैं और अधिसूचित किए जा रहे हैं।

च) **माइक्रो क्रेडेंशियल्स के विकास और उपयोग हेतु दिशानिर्देश:** कौशल उन्नयन के लिए माइक्रो क्रेडेंशियल्स के विकास के लिए दिशानिर्देशों की पेशकश करने का प्राथमिक उद्देश्य आधुनिक कार्यस्थलों की गतिशील उद्योग की जरूरतों को स्वीकार करना था, उन शिक्षार्थियों का जिनकी पहले से ही कौशल पर पकड़ है और उत्पादकता के अगले स्तर के लिए ज्ञान को सम्मेय करना तथा उन लोगों के लिए भी जिन्हें पूर्ववर्ती कौशल सेट में वृद्धि करने के लिए पुनश्चर्या प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की आवश्यकता होती है, का कौशल उन्नयन करना है। ये दिशानिर्देश शिक्षार्थियों के लिए एक सक्षम वातावरण तैयार करेंगे ताकि वे कई कौशल सेटों को तैयार करने के बाद निरंतर शिक्षण और क्रॉस मोबिलिटी हासिल कर सकें। दिशानिर्देश मिनी–मॉड्यूल और शिक्षण के माध्यम से युवाओं को कौशल में वृद्धि के लिए बड़े मार्ग उपलब्ध कराएंगे ताकि वे तीव्रता से दूसरी जॉब में न भाग सकें। अंत में, माइक्रो–क्रेडेंशियल्स संबंधी दिशानिर्देश उच्च मांग और उभरते उद्योग कौशलों पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

ये दिशानिर्देश परिषद द्वारा अनुमोदित किए गए हैं और अधिसूचित किए जा रहे हैं:

छ) **पूर्व शिक्षण मान्यता संबंधी दिशानिर्देश (आरपीएल):** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020, सभी के लिए आजीवन शिक्षण को सुनिश्चित करने पर बल देती है। एनईपी, 2020 के अनुसार, "बुनियादी साक्षरता प्राप्त करने, शिक्षा प्राप्त करने और जीविकोपार्जन के अवसर को प्रत्येक नागरिक के मूल अधिकार के रूप में देखा जाना चाहिए। साक्षरता और बुनियादी शिक्षा व्यक्तियों के लिए व्यक्तिगत, नागरिक, आर्थिक और आजीवन शिक्षण के अवसरों की पूरी नई दुनिया खोलती है जो उन्हें व्यक्तिगत और पेशेवर रूप से प्रगति करने में सक्षम बनाती है"। आरपीएल किसी व्यक्ति की दक्षता, कौशल, प्राप्त व्यावसायिक स्तर, मूलभूत साक्षरता और शिक्षा को मान्यता देने के लिए एक टूल के रूप में कार्य कर सकता है, जो मुख्य रूप से शिक्षण के गैर–औपचारिक, अनौपचारिक या पारंपरिक तरीकों के माध्यम से प्राप्त किया जाता है। यह व्यक्तियों को अपनी व्यक्तिगत और व्यावसायिक क्षमताओं को अधिक औपचारिक और प्रभावी तरीके से प्रदर्शित करने में सक्षम बनाएगा।

आरपीएल संबंधी दिशानिर्देश किसी व्यक्ति/आवेदक की पूर्व शिक्षण के प्रमुख घटकों का समाधान करते हैं और आरपीएल आकलन के लिए नए वर्टिकल भी प्रदान करते हैं जो पारंपरिक तरीकों से परे होंगे। आरपीएल

दिशानिर्देशों की कुछ मुख्य विशेषताएं नीचे दी गई हैं:

- कौशल इकोसिस्टम में आरपीएल के कार्यान्वयन के लिए एक व्यापक रोडमैप प्रदान करता है।
- आरपीएल प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए अपेक्षित आकलन प्रक्रिया के बढ़ते स्तरों और कठोरता की आवश्यकता वाले विभिन्न अर्हता स्तरों के आकलन की विभिन्न पद्धतियों का प्रावधान करता है।
- आरपीएल के लिए एबी और एए में सर्वोत्तम पद्धतियों की पेशकश।
- आकलन के मिश्रित मॉडल सहित आकलन के लिए अभिनव तरीकों की पेशकश
- अपने कार्यबल के लिए आरपीएल के संचालन हेतु औद्योगिक निकायों को सशक्त बनाना
- पारंपरिक/स्वदेशी कौशलों के लिए आरपीएल
- विभिन्न एनएसक्यूएफ स्तरों के लिए अच्छी तरह से प्रस्तावित आरपीएल आकलन मॉडल सभी क्षेत्रों में सुलभ होगा
- एक्रिडेटिड बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी) में आरपीएल और क्रेडिट के संचय के माध्यम से अर्निंग क्रेडिट का प्रावधान।
- हैकथॉन और ओलंपियाड आधारित आकलन के लिए प्रावधान

एनसीवीईटी में एक परामर्श प्रक्रिया में आरपीएल दिशानिर्देश तैयार किए जा रहे हैं। दिशानिर्देशों के कई पहलुओं पर चर्चा करने के लिए विभिन्न हितधारक बैठकें शुरू की गई हैं। सार्वजनिक टिप्पणियों के लिए मसौदा दिशानिर्देश एनसीवीईटी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

ज) **वीईटी और कौशलीकरण में डिप्लोमा और डिप्लोमा उपरांत अर्हताओं हेतु दिशानिर्देश:** एनईपी 2020 और राष्ट्रीय क्रेडिट ढांचा (एनसीआरएफ) द्वारा निर्धारित उद्देश्यों और हितधारकों से उभरती जरूरतों के आलोक में, एनसीवीईटी व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण और कौशलीकरण में डिप्लोमा और डिप्लोमा उपरांत अर्हताओं के मसौदा के दिशानिर्देशों पर कार्य कर रहा है। दिशानिर्देशों को अंतिम रूप देने के लिए हितधारक परामर्श किए जा रहे हैं।

झ) **अवार्डिंग निकाय/आकलनकर्ता एजेंसी के रूप में कौशल विश्वविद्यालयों को मान्यता देने हेतु दिशानिर्देश:** राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) को केंद्र सरकार के परामर्श से कौशल विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता हेतु व्यापक दिशानिर्देश तैयार करने, बुनियादी न्यूनतम मानक अथवा मानदंड निर्धारित करने के लिए कार्य सौंपा गया है। कौशल प्रशिक्षण की गुणवत्ता और प्रदायगी को बढ़ाने के लिए व्यापक शोध करने और कार्यान्वयन योग्य दिशानिर्देश तैयार करने सहित उन्नत व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विकास और संचालन में कौशल विश्वविद्यालयों को सुविधा प्रदान करने के लिए कौशल विश्वविद्यालय के विभिन्न पहलुओं पर अपनी सिफारिशें देने के लिए एमओएसडीई द्वारा तीन कार्य समूह का गठन किया गया था। कार्य समूह की सिफारिशें कौशल विश्वविद्यालय के प्रारूप दिशानिर्देशों में उपयुक्त रूप से शामिल की गई हैं और इन्हें अंतिम रूप देने की प्रक्रिया चल रही है।

3.5. अन्य प्रमुख पहलें:

क) राष्ट्रीय क्रेडिट ढांचा (एनसीआरएफ)

i. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विजन को पूरा करने, शिक्षा को अधिक समग्र और प्रभावी बनाने और सामान्य (शैक्षणिक) शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा को एकीकृत करने के लिए, भारत सरकार ने व्यावसायिक और सामान्य शिक्षा दोनों के लिए एक राष्ट्रीय क्रेडिट संचय और अंतरण ढांचा विकसित करने के लिए दिनांक 18 नवंबर 2021 के आदेश के माध्यम से एक उच्च स्तरीय समिति के गठन को अनुमोदित किया था।

आकृतिः 3: केंद्रीय शिक्षा मंत्री और कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री, श्री धर्मेंद्र प्रधान ने 22 अक्टूबर, 2022 को सार्वजनिक परामर्श के लिए राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) के मसौदे का शुभारंभ किया। एमओएस, शिक्षा, श्रीमती अन्नपूर्णा देवी; एमओएस, कौशल विकास और उद्यमिता, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी, श्री राजीव चंद्रशेखर; श्रीमती अनीता करवाल; सचिव, उच्च शिक्षा श्री संजय मूर्ति; सचिव, कौशल विकास और उद्यमिता, श्री अतुल कुमार तिवारी; अध्यक्ष, एनसीवीईटी; कार्यक्रम में श्री डॉ. निर्मलजीत सिंह कलसी और शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

ii. अध्यक्ष, एनसीवीईटी की अध्यक्षता में उच्च–स्तरीय समिति को शैक्षणिक और व्यावसायिक डोमेन/शिक्षण के घटकों के एकीकरण को सक्षम करने और दोनों के बीच लचीलापन और गतिशीलता सुनिश्चित करने के लिए एक क्रेडिट ढांचा प्रणाली तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। राष्ट्रीय क्रेडिट ढांचा (एनसीआरएफ) को यूजीसी, एआईसीटीई, एनसीवीईटी, एनआईओएस, सीबीएसई, एनसीईआरटी, शिक्षा मंत्रालय, डीजीटी और कौशल विकास मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से प्राथमिक, स्कूल, उच्च और व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण, शिक्षण के सभी डोमेनों अर्थात शिक्षाविदों, व्यावसायिक कौशल और प्रासंगिक अनुभव और व्यावसायिक स्तर सहित अनुभवात्मक शिक्षा को शामिल करते हुए व्यापक ढांचे के रूप में विकसित किया गया है।

iii. उच्च स्तरीय समिति ने एचएलसी की 12 बैठकों और विश्वविद्यालयों, स्कूल बोर्डों, अवार्डिंग निकायों, एसएससी, विभिन्न राज्यों के तकनीकी और व्यावसायिक विभागों के सचिवों, एनसीएफ फोकस समूहों आदि के साथ हितधारक चर्चाओं में व्यापक विचार–विमर्श के बाद अपनी प्रारंभिक सिफारिशें प्रस्तुत कीं। 19 अक्तूबर, 2022 को माननीय मंत्री ने विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, स्कूल बोर्डों और विभिन्न स्कूलों, क्षेत्र कौशल परिषदों और अन्य सहित 600 से अधिक संस्थाओं की ऑनलाइन उपस्थिति में सार्वजनिक परामर्श के लिए राष्ट्रीय क्रेडिट ढांचे के प्रारूप की रिपोर्ट लॉन्च की। सार्वजनिक परामर्श 30 नवंबर, 2022 तक खुला रखा गया था।

iv. राष्ट्रीय क्रेडिट ढांचे से निम्नलिखित उद्देश्य को पूरा करने की प्रत्याशा हैः

- सामान्य और व्यावसायिक शिक्षा के बीच अत्यधिक भिन्नता को दूर करना
- सामान्य और व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण/कौशल के बीच समानता स्थापित करना
- सामान्य और व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण/कौशल के बीच और भीतर गतिशीलता को सक्षम बनाना
- एकाधिक प्रवेश और निकास विकल्पों के माध्यम से आजीवन शिक्षण के प्रावधानों को सक्षम बनाना
- एकीकृत शिक्षा, कौशल और कार्य अनुभव

v. इस ढांचे के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए आईआईटी दिल्ली, आईआईटी भुवनेश्वर, आईआईटी गुवाहाटी, आईआईटी मुंबई और आईआईटी मद्रास द्वारा आयोजित 5 क्षेत्रीय कार्यशालाएं 21 नवंबर से 29 नवंबर 2022 तक आयोजित की गईं। इसके बाद, दिसंबर 2022 माह में, जागरूकता जन शिक्षण संस्थान निदेशालय, भारतीय वायु सेना और भारतीय सेना निदेशालयों द्वारा कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इन कार्यशालाओं से प्राप्त टिप्पणियों/प्रतिक्रिया/प्रश्नों पर 23 दिसंबर 2022, 27 दिसंबर 2022 को आयोजित उच्च स्तरीय समिति की 2 और बैठकों में विचार–विमर्श किया गया। एनसीआरएफ के प्रावधानों और प्रयोज्यता के मद्देनजर, इन टिप्पणियों को रिपोर्ट में उचित रूप से शामिल किया गया है।

आकृति 4: 26 नवंबर 2022 को आईआईटी गुवाहाटी में राष्ट्रीय क्रेडिट ढांचा (एनसीआरएफ) कार्यशाला

ख) सभी अर्हताओं में सामान्य एनओएस के रूप में नियोजनीय कौशलों (ईएस) को शामिल करना:

यह सुनिश्चित करने के लिए कि एनएसक्यूएफ संरेखण और अनुमोदन के लिए लाए गए जॉब रोल समग्र प्रकृति के है और उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, यह निर्णय लिया गया है कि अनुमानित घंटे की 10 अवधि की सीमा तक नियोजनीय कौशल पर अनिवार्य सामान्य एनओएस तैयार किए जा सकते हैं और एनएसक्यूसी अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किए जा रहे सभी प्रासंगिक जॉब रोलों में शामिल किए जा सकते हैं। तदनुसार, ई–सामग्री और शिक्षण सामग्री (डिजिटल और भौतिक) के साथ–साथ सभी अवार्डिंग निकायों के अलग–अलग काल्पनिक घंटों के सभी जॉब रोलों को पूरा करने के लिए 120 घंटे, 90 घंटे, 60 घंटे और 30 घंटे की अवधि के नियोजनीय कौशल पर एनओएस तैयार करने का कार्य किया गया था। प्रत्येक एनओएस में मुख्य रूप से निम्नलिखित घटक होते हैं,

i. नियोजनीय कौशल का परिचय;
ii. संवैधानिक मूल्य/नागरिकता;
iii. 21वीं सदी में पेशेवर बनाना;
iv. अंग्रेज़ी कौशल;
v. करियर विकास और लक्ष्य निर्धारण;
vi. संचार कौशल;
vii. समावेशन, लैंगिक संचेतना, दिव्यांग आदि;
viii. वित्तीय और कानूनी साक्षरता;

ix. डिजिटल साक्षरता और कौशल;
x. उद्यमशीलता;
xi. ग्राहक सेवा; और
xii. जॉब की तैयारी और परीक्षा की तैयारी

ग) **एनसीवीईटी परिषद द्वारा यथा अनुमोदित एसटीटी और एलटीटी प्रमाण–पत्र, कौशल प्रशिक्षण के लिए विशिष्ट कोडिंग के साथ एक समान प्रमाण–पत्रः** कौशल कार्यक्रमों की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने हेतु प्रमाण–पत्र का मानकीकरण करने के लिए क्रमशः अल्पावधि और दीर्घावधि प्रशिक्षण के लिए प्रमाण–पत्र के समान प्रारूप तैयार किए गए थे और माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री द्वारा 27 अक्टूबर, 2020 को लॉन्च किए गए थे। प्रमाण–पत्र में एक विशिष्ट कोड शामिल होता है जो प्रमाण–पत्र जारी करने का वर्ष, आयोजित प्रशिक्षण का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र, अवार्डिंग निकाय की श्रेणी और कोड, अर्हता कोड और प्रमाण–पत्र की क्रम संख्या को दर्शाता है। विभिन्न अवार्डिंग निकायों द्वारा शिक्षुओं को इन एनसीवीईटी प्रमाण–पत्रों को जारी करना कौशल इकोसिस्टम में शुरू हो गया है। इसके डिजाइन में सुधार करने और कुशल भारत लोगो को शामिल करने के लिए प्रमाण–पत्र टेम्पलेट पर पुनः विचार किया जा रहा है।

घ) **डिजिलॉकर – केंद्रीय कौशल प्रमाण–पत्र भंडारः**

डिजिटल भारत अभियान के अंतर्गत भारत को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए, एनसीवीईटी ने डिजीलॉकर के साथ एक राष्ट्रीय कौशल प्रमाण पत्र भंडार का निर्माण किया है। यह केंद्रीय कौशल भंडार डिजिलॉकर द्वारा होस्ट किया गया है और सभी एनसीवीईटी मान्यता प्राप्त एबी इस भंडार के साथ एकीकृत होंगे ताकि उनके द्वारा जारी किए गए सभी कौशल प्रमाण–पत्रों को डिजिटल रूप से संग्रहीत किया जा सके। इस व्यवस्था को औपचारिक रूप देने के लिए विश्व युवा कौशल दिवस, 2021 पर एनसीवीईटी और डिजीलॉकर के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। केंद्रीय कौशल भंडार सभी कौशल प्रमाण–पत्रों का एक स्थायी, सुरक्षित और प्रामाणिक रिकॉर्ड प्रदान करता है। यह शिक्षार्थियों को प्रमाण–पत्र खोने अथवा खराब होने के जोखिम के बिना कहीं भी किसी भी समय अपने प्रमाण–पत्रों को डिजिटल रूप से एक्सेस करने में सक्षम करेगा। इस भंडार में एक डिजिटल रूप से संग्रहीत कौशल प्रमाण–पत्र कानूनी रूप से मूल के बराबर होगा। यह संबंधित हितधारकों जैसे नियोजकों, शैक्षणिक संस्थानों, बैंकों अथवा सरकारी एजेंसियों आदि द्वारा प्रमाण–पत्रों के ऑनलाइन, शीघ्र और विश्वसनीय सत्यापन को भी सक्षम करेगा। सत्यापनकर्ताओं के पास कम लागत और समय पर प्रामाणिक दस्तावेजों तक पहुंच होगी। इसके अलावा, एक केंद्रीय कौशल भंडार सुरक्षित और विश्वसनीय डिजिटल गेटवे के माध्यम से अधिक पारदर्शिता और सुरक्षा लाएगा। यह विशिष्ट क्रेडिट ढांचा और यूनिफाइड बैंक ऑफ क्रेडिट्स को लागू करते समय भी उपयोगी होगा। अवार्डिंग निकायों के रूप में सभी एसएससी पहले ही डिजिलॉकर पर पंजीकृत हो चुके हैं।

ङ) **डीजीटी अर्हताओं का पुनर्गठनः**

एमएसडीई के तत्वावधान में डीजीटी, आईटीआई के माध्यम से दीर्घावधि प्रशिक्षण के विकास और समन्वय के लिए सबसे बड़ा अवार्डिंग निकाय है। उनकी लगभग सभी अर्हताएं एनएसक्यूएफ के अनुरूप हैं। तथापि, विकासशील अर्हताओं के लिए उभरते राष्ट्रीय प्रारूप के साथ उनके एकीकरण को सक्षम बनाने के लिए, डीजीटी अर्हता (149 सीआईटी और 54 सीआईटीएस) को राष्ट्रीय व्यवसाय मानकों (एनओएस) के रूप में पुनर्गठित किया जा रहा है। आईटीआई कार्यक्रमों की अवधि आम तौर पर प्रत्येक वर्ष में 1600 अनुमानित घंटों के साथ एक से दो वर्ष तक होती है। इसे 1200 शिक्षण घंटे तक युक्तिसंगत बनाया गया है, जिसमें 150 घंटे कार्य के दौरान प्रशिक्षण/परियोजना कार्य और 240 घंटे भाषा पाठ्यक्रम या अल्पावधि प्रशिक्षण के साथ उन्हें प्रस्तावित राष्ट्रीय क्रेडिट ढांचे (एनसीआरएफ) के अनुरूप लाने के लिए किया गया है।

च) **संरेखण और अनुमोदन प्रक्रिया का सरलीकरण और फास्ट ट्रैकिंगः**

अर्हता संरेखण और अनुमोदन प्रक्रिया को अधिक उपयोग अनुकूल बनाने और दक्षता बढ़ाने के लिए इसकी लगातार समीक्षा की जाती है। संरेखण प्रक्रिया के सरलीकरण और तेजी से ट्रैकिंग के लिए एनसीवीईटी द्वारा कई

कदम उठाए गए हैं, जिसमें अर्हता टेम्प्लेट के प्रारूप को पुनः सृजित किया गया है।

छ) भावी कौशल से संबंधित अर्हताओं का विकासः

भारत को दुनिया की कौशल राजधानी बनाने के माननीय प्रधान मंत्री के विजन के मद्देनजर, उद्योग 4.0 और कोविड के बाद जॉबों में बदलाव के कारण उभरती नई प्रौद्योगिकियों को ध्यान में रखते हुए, भावी कौशलों और जॉबों की आवश्यकताओं का पता लगाने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। अवार्डिंग निकायों से अनुरोध किया गया था कि वे अपने सेक्टरों और उप–सेक्टरों में भावी कौशलों की पहचान करें और ऐसे भावी कौशलों से संबंधित एनओएस/अर्हताएं तैयार करें, जिन्हें आगे एनएसक्यूएफ के साथ संरेखित किया जाएगा और एनएसक्यूसी द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। तदनुसार, एनसीवीईटी द्वारा मान्यता प्राप्त अवार्डिंग निकायों ने उभरती और भावी 261 अर्हताएं विकसित और संरेखित की हैं। यह विश्व की सेवा अथवा विनिर्माण अर्थव्यवस्थाओं में वैश्विक उपस्थिति वाले उद्योगों/ ओईएम के लिए भविष्य के लिए तैयार कार्यबल तैयार करेगा। ईवी विनिर्माण, एआई/एमएल तकनीशियन, ड्रोन प्रौद्योगिकी उत्पादन और सेवा, स्वास्थ्य तकनीक जैसे आगामी क्षेत्र कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां राष्ट्र और इसके तकनीकी कार्यबल वैश्विक मंच पर नेतृत्व कर सकते हैं।

ज) एनसीवीईटी डिजिटल उद्यम पोर्टल का विकासः

एनसीवीईटी एक डिजिटल उद्यम पोर्टल बनाने की प्रक्रिया में है, जिसमें सभी प्रक्रियाएं और हितधारकों के साथ बातचीत "एनसीवीईटी डिजिटल स्ट्रैटेजिक एंटरप्राइज पोर्टल फुटप्रिंट" के माध्यम से होगी। यह अपने संचालन को प्रबंधित करने और निर्णय लेने एवं विनियमन में सहायता करने के लिए प्रमुख आईटी अनुप्रयोगों और डेटाबेस के रूप में एक डिजिटल बैकबोन स्थापित करेगा। कौशल इकोसिस्टम में सभी संस्थाओं को इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से मान्यता, निगरानी, शिकायत निवारण, रेटिंग आदि प्रदान करने के संबंध में विनियमित किया जाएगा, जिससे मानव इंटरफ़ेस को न्यूनतम कर दिया जाएगा। पोर्टल एनसीवीईटी को हितधारकों से डेटा एकत्र करने, विश्लेषण करने, समीक्षा करने में भी सक्षम करेगा और इस प्रकार परिषद को बेहतर प्रशासन और शीघ्र निर्णय लेने में मदद करेगा।

झ) राष्ट्रीय अर्हता रजिस्टर (एनक्यूआर):

एनएसक्यूएफ संरेखण और अर्हता का अनुमोदन एक गतिशील प्रक्रिया है। एनएसक्यूसी द्वारा संरेखित और अनुमोदित अर्हताएं राष्ट्रीय अर्हता रजिस्टर (एनक्यूआर) में सूचीबद्ध होती हैं, जो एनएसक्यूएफ से संरेखित सभी अर्हताओं का राष्ट्रीय सार्वजनिक भंडार है। 31.12.2020 तक, 4020 एनएसक्यूएफ संरेखित और अनुमोदित अर्हताएं एनक्यूआर में सूचीबद्ध हैं और 1797 अर्हताएं संग्रहीत की गई हैं और एनक्यूआर के संग्रह अनुभाग में देखी जा सकती हैं। तथापि, जब भी उद्योग/एबी द्वारा ऐसी संग्रहित अर्हता की आवश्यकता महसूस की जाएगी, उसे सक्रिय कर दिया जाएगा। एनक्यूआर पोर्टल में सुधार की प्रक्रिया चल रही है।

ञ) वीईटी डोमेन में भारतीय भाषाओं के उपयोग को बढ़ावा देनाः

वीईटी डोमेन में भारतीय भाषाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए अवार्डिंग निकायों/ प्रस्तुतकर्ता निकायों को निम्नलिखित कार्रवाई करने का निदेश दिया गया हैः

i. अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं में अर्हता तैयार करना

ii. प्रयोज्यता के अनुसार हिंदी और राज्यों की अन्य भारतीय भाषाओं में अर्हता और संबंधित पाठ्यक्रम की उपलब्धता सुनिश्चित करना।

iii. यथा प्रायोज्य कुल सक्रिय अर्हताओं का लगभग 50% राजभाषा/क्षेत्रीय भाषा में अनुवादित किया गया है।

4.3 राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी)

4.3.1 राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 25 (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के अनुरूप) के अंतर्गत 2009 में वित्त मंत्रालय, भारत द्वारा स्थापित एक सार्वजनिक निजी भागीदारी फर्म है। कौशल विकास में निजी क्षेत्र की पहल के समन्वय/प्रेरित करने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 15 मई 2008 को पीपीपी निकाय के

रूप में इसे मंजूरी दी थी। बाजार की जरूरतों से प्रेरित और विश्व स्तर के कौशल प्रदान करने वाले "निजी क्षेत्र के नेतृत्व करने वाले" के रूप में इसकी कल्पना की गई थी।

एनएसडीसी का इक्विटी आधार 10 करोड़ रुपए है, जिसमें से 49% भारत सरकार के पास है, जबकि निजी क्षेत्र के पास शेष 51% (10 निजी क्षेत्र के संगठनों के पास 5.1% प्रत्येक) है।

कौशल विकास में निजी क्षेत्र की पहल के समन्वय/उत्तेजना के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 15 मई 2008 को पीपीपी निकाय के रूप में मंजूरी दी। "निजी क्षेत्र के नेतृत्व वाले" के रूप में परिकल्पित, बाजार की जरूरतों से प्रेरित और विश्व स्तर के कौशल प्रदान करता है।

परिकल्पित मिशनः आउटरीच, थ्रूपुट, लचीलेपन, श्रम, बाजार की प्रासंगिकता और पारदर्शिता के संदर्भ में कौशल विकास के लिए नवीन दृष्टिकोणों द्वारा एक व्यापक परिवर्तन प्रक्रिया शुरू करके, इसे बाजार के नेतृत्व में बनाने के लिए "कौशल अर्थव्यवस्था" को खोलें।

एनएसडीसी की स्थापना के समय निर्धारित परिकल्पित उद्देश्यः

- कौशल विकास के लिए धन जुटाना और उसका प्रबंधन करना
- कौशल विकास संस्थानों की स्थापना, प्रबंधन, संचालन/संवर्धन करना
- मांग–आपूर्ति विषमताओं को समाप्त करने के लिए एक "बाजार निर्माता" की भूमिका
- हितधारक प्रबंधन और जुड़ाव
- रोजगार अर्हता कौशल, दक्षताओं और मानकों की स्थापना
- "गुणक" की भूमिका

4.3.2 एनएसडीसी की प्रमुख भूमिकाएँ इस प्रकार हैं:

आकृति 5: राष्ट्रीय कौशल विकास निगम की मुख्य भूमिकाएं

- एनएसडीसी व्यापक रूप से निम्नलिखित कार्यकलाप करता है:
- क्षेत्र कौशल परिषदों का पोषण और सुशासन
- सामाजिक प्रभाव वित्त पोषण के माध्यम से निजी प्रशिक्षण प्रदाताओं का पोषण और वित्तपोषण
- उद्योग से जुड़ाव और भागीदारी
- सरकारी स्कीमों के क्रियान्वयन में सहयोग
- मानकों, गुणवत्ता आश्वासन और पाठ्यक्रम के माध्यम से सहयोग
- 'कार्य का भविष्य' के लिए डिजिटल कौशल और कौशल को बढ़ावा देना
- राज्यों, सरकार, निजी क्षेत्र और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों को सलाहकार सेवाएं प्रदान करना
- कौशल इकोसिस्टम में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग
- बाजार विश्लेषण
- मजबूत अनुवीक्षण, रिपोर्टिंग और मूल्यांकन प्रणाली के लिए प्रौद्योगिकी के नेतृत्व में सक्षम करना।

4.3.3 आईटी और डिजिटल पहल

(i) स्किल इंडिया डिजिटल (एसआईडी)

भारत में कौशल विकास इकोसिस्टम बड़ा और विविध है, जो देश की विषम जनसंख्या में विविध कौशल प्रदान करता है। इसमें वार्षिक रूप से 80 लाख स्नातकों को प्रशिक्षित करने की अद्भुत क्षमता है। वार्षिक प्रशिक्षण क्षमता राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) इकोसिस्टम के माध्यम से 50 लाख और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) इकोसिस्टम के माध्यम से 20 लाख तक है।

कई हितधारकों द्वारा कौशल विकास इकोसिस्टम को अनुकूल बनाया गया है। विभिन्न प्रकार की सरकारी एजेंसियां जिसमें केंद्र सरकार के मंत्रालय, राज्य कौशल विकास मिशन (एसएसडीएम), निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व निधि के माध्यम से निगम, विभिन्न कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं सहित, को कौशलीकरण के लिए निधि प्रदान करती हैं। इसके अलावा, एनईपी (2020) में कहा गया है कि कक्षा 6 से 8 के दौरान सभी छात्रों के लिए शिक्षुता के अवसर उपलब्ध कराए जाने चाहिए, जिसके दौरान वे बढ़ई, माली, कुम्हार, कलाकार आदि जैसे स्थानीय व्यावसायिक विशेषज्ञों के साथ शिक्षुता कर सकते हैं। इसी प्रकार के शिक्षुता के अवसर ग्रेड 6–12 में उपलब्ध कराए जा सकते हैं। इस नीति वक्तव्य का उपयोग करते हुए, उन छात्रों के

लिए एक अवसर दिया जा सकता है जो पूर्णकालिक जॉब की दुनिया का पता लगाना चाहते हैं और अपने आसपास के क्षेत्र में प्रासंगिक शिक्षुता के अवसरों की तलाश करना चाहते हैं।

अभिस्वीकृति

01 फरवरी 2022 को, देश–स्टैक–ई–पोर्टल की घोषणा भारत की वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने 2022–23 के बजट भाषण के दौरान की थी, जिसमें यह बताया गया था कि "कौशल और आजीविका के लिए डिजिटल इकोसिस्टम–देश– स्टैक ई–पोर्टल (अब इसका नाम बदलकर एसआईडी कर दिया गया है)–शुरू किया जाएगा। इस पोर्टल का उद्देश्य ऑनलाइन प्रशिक्षण के माध्यम से नागरिकों को कौशल, पुनर्कौशल या कौशलोन्नयन के लिए सशक्त बनाना है। यह प्रासंगिक नौकरियों और उद्यमशीलता के अवसरों को खोजने के लिए एपीआई–आधारित विश्वसनीय कौशल साख, भुगतान और खोज लेयर्स भी प्रदान करेगा। इसके बाद, विभिन्न सरकारी मंत्रालयों के साथ स्किल इंडिया डिजिटल के एकीकरण और कौशल तथा शिक्षा के महत्व पर चर्चा करने के लिए 21 फ़रवरी 2022 को शिक्षा मंत्रालय द्वारा एक वेबिनार आयोजित किया गया था, जिसमें भारत के प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 21 फरवरी 2022 को एक वेबिनार आयोजित किया था। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि "आत्मनिर्भर भारत और वैश्विक प्रतिभा के लिए गतिशील कौशल बहुत महत्वपूर्ण है। पुराने जॉब रोल्स के तीव्र परिवर्तन के अनुसार हमें अपना जनसांख्यिकीय लाभांश तेजी से तैयार करना होगा। इसलिए शिक्षा जगत और उद्योग जगत को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। बजट में कौशल और आजीविका के लिए डिजिटल इकोसिस्टम (देश–स्टैक–ई–पोर्टल) और ई–स्किलिंग लैब की घोषणा के पीछे यही सोच है। इसके बाद, माननीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, शिक्षा तथा कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री के साथ 4 अप्रैल 2022 को एक बैठक हुई, जिसमें स्किल इंडिया डिजिटल के रोडमैप और समय–सीमा को रखा गया और इस पर सहमति बनी। यह भी निर्णय लिया गया कि देश–स्टैक–ई–पोर्टल का नाम बदलकर स्किल इंडिया डिजिटल किया जाएगा।

इसके अलावा, बजट 2023–2024 ने स्किल इंडिया डिजिटल के शुरू होने की घोषणा की है–जो मांग–आधारित औपचारिक कौशल को सक्षम करने और नियोजकों के साथ जुड़ने के लिए एक एकीकृत मंच इसमें एमएसएमई शामिल हैं, और यह उद्यमिता स्कीमों तक पहुंच की सुविधा प्रदान करता है।

(ii) स्किल इंडिया डिजिटल के बारे में

विभिन्न हितधारकों की पूर्ति करने के लिए, क्षेत्र कौशल परिषदों, प्रशिक्षण भागीदारों, नियोजकों, उद्यमियों, प्रशिक्षकों, आकलनकर्ताओं, आकलन एजेंसियों, आवर्डिंग निकायों आदि का एक इकोसिस्टम बनाया गया है। कौशल, शिक्षा, रोजगार और उद्यमशीलता इकोसिस्टम में सेवाओं और हितधारकों का प्रबंधन करने के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म, स्किल इंडिया डिजिटल की परिकल्पना की गई है।

स्किल इंडिया डिजिटल एक नागरिक–केंद्रित मंच के रूप में परिकल्पित है, जो यह सुनिश्चित करता है कि नागरिक मंच पर उपलब्ध सभी सेवाओं के केंद्र में है। कई प्लेटफार्मों के व्यापक शोध ने उन विशेषताओं का अभिनिर्धारण किया है जो मुख्य रूप से अनुभव के इकोसिस्टम में सुधार कर सकते हैं। इस शिक्षण प्रणाली के माध्यम से, हम 70 करोड़ लोगों (आकृति 1) को राष्ट्रीय और साथ ही अंतर्राष्ट्रीय रोजगार के अवसरों के लिए कौशलीकरण, कौशलोन्नयन, पुनः कौशलीकरण द्वारा पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं। स्किल इंडिया डिजिटल में नागरिकों को उनके लिए सुविधाजनक कुशल भारत केंद्र (आईआईटी, पीएमकेके, कौशल केंद्र, स्किल यूनिवर्सिटी और पीएम राष्ट्रीय शिक्षुता मिशन में भाग लेने वाले प्रतिष्ठान) से जुड़ने में सहायता करने के लिए एक शक्तिशाली डिजिटल मैप है। यह प्लेटफॉर्म कौशल प्रवीणता और दक्षता से संबंधित उनके भरोसे में सुधार करके नागरिकों द्वारा अर्जित कौशल के डिजिटल सत्यापन को भी सक्षम करेगा, जिससे जॉब की चाह रखने वालों और उसी पर पंजीकृत जॉब प्रदाताओं के बीच की खाई को पाटा जा सकेगा।यह मंच कौशल की चाह रखने वालों के साथ शिक्षुता के अवसरों को जोड़कर कार्य–आधारित कौशल प्रदान करता है।

स्किल इंडिया डिजिटल एक एआई–आधारित माइक्रो–सर्विसेज आर्किटेक्टेड प्लेटफॉर्म है, जो सटीक लर्निंग/करियर पथ के लिए सिफारिशों को सक्षम बनाता है, जो एक उपयोगकर्ता के लिए निर्बाध अनुभव प्रदान करने के लिए, यूआईडीएआई, डिजीलॉकर, ई–श्रम, ईपीएफओ, पैन, जीएसटी, टैन, सीआईएन पावर ऑथेंटिकेशन सेवाओं जैसे मौजूदा सरकारी बुनियादी ढांचे के साथ समेकन करता है। इंटेलिजेंट सर्च फीचर सिस्टम के साथ एंड यूजर्स के अंतःक्रिया की दक्षता को बढ़ाने के लिए नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग पावर्ड चैटबॉट का उपयोग करता है।

आकृति 6: 70 करोड़ लोगों का अलगाव

एसआईडी इकोसिस्टम में अवसरों से संबंधित सूचना विषमता को दूर करते समय एक खंडित कौशल विकास इकोसिस्टम की इन समस्याओं को हल करता है, अर्थात, प्रदाता और उपभोक्ता परस्पर खोजे जाने योग्य नहीं हैं। आज के युवाओं को पता नहीं है कि उनके आसपास के क्षेत्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वैकल्पिक रूप से, यदि उम्मीदवार किसी कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का इरादा रखते हैं, तो उनके पास इस कार्यक्रम को ऑफर करने वाले निकटतम प्रशिक्षण केंद्रों की जानकारी नहीं होती है। इसे जोड़ने के लिए, इसे आस–पड़ोस की जॉब की खोज चुनौतियों तक भी बढ़ाया जा सकता है। यह कौशल इकोसिस्टम में एक प्रभावी बाजार–क्षेत्र के लिए एक बड़ी बाधा है जिसे स्किल इंडिया डिजिटल प्लेटफॉर्म द्वारा दूर किया जा रहा है।

स्किल इंडिया डिजिटल शिक्षा, कौशल, उद्यमशीलता और जॉब में मौजूदा सरकारी डेटाबेस के साथ एकीकृत है तथा शिक्षा और कौशल प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों के लिए वन–स्टॉप सोल्युशन के रूप में कार्य करता है और एनसीएफ, एनसीआरएफ और एबीसी एकीकरण, पुनःकौशलीकरण/कौशल उन्नयन के माध्यम से आजीवन शिक्षण से सक्षम करके शिक्षा संस्थाओं और कार्यस्थलों के बीच कौशल अंतर को पाटने में सहायता करेगा। नेशनल करियर सर्विस और स्किल इंडिया डिजिटल के बीच एकीकरण से उम्मीदवारों को उनकी रुचि के क्षेत्र और भूगोल में उनके लिए उपलब्ध करियर विकल्पों को समझने में मदद मिलेगी। ई–श्रम–स्किल इंडिया डिजिटल एकीकरण के बीच एकीकरण असंगठित क्षेत्र (श्रमिकों) के श्रमिकों को कौशलीकरण, कौशलोन्नयन और जॉब के अवसरों की खोज करने तथा उन तक पहुंचने में सहायता करता है।

(iii) प्रगति

स्किल इंडिया डिजिटल का परीक्षण 15 दिसंबर, 2022 को आयोजित किया गया था। इस परीक्षण के दौरान, 7 राज्यों (कर्नाटक, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और नई दिल्ली) को शामिल करते हुए शिक्षार्थियों के साथ अनेक फीडबैक–कैप्चरिंग सत्र आयोजित किए गए थे। इस मंच के परीक्षण के लिए कौशल विश्वविद्यालयों, पीएमकेके, आईटीआई, जेएसएस केंद्र, उच्च शिक्षा संस्थानों और शुल्क–आधारित प्रशिक्षण भागीदारों के शिक्षार्थियों को शामिल किया गया था। इसके अलावा, पिछड़े समूह, ई–श्रम के श्रमिक, विभिन्न

शैक्षिक पृष्ठभूमि और आयु–समूहों से संबंधित शिक्षार्थियों (पुरुष और महिला दोनों) को विविधता सुनिश्चित करने के लिए शामिल किया गया था। कार्यक्रम के समय के दौरान, 250 से अधिक शिक्षार्थियों से बहुमूल्य प्रतिक्रिया प्राप्त की गई। परीक्षण जारी होने के दौरान शिक्षार्थियों से प्राप्त फीडबैक को एसआईडी में शामिल किया गया था।

(iv) भावी उपाय

पिछले दो वर्षों में माननीय केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री, भारत सरकार की बजट घोषणा के अनुरूप, एसआईडी प्लेटफॉर्म एक अनुकूल वातावरण बना रहा है जो भारतीय नागरिकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार, गैर–सरकारी संगठनों, निजी क्षेत्र, क्षेत्र कौशल परिषदों, ज्ञान प्रदाताओं, सामग्री भागीदारों, प्रशिक्षण भागीदारों, नियोक्ताओं, कौशल केंद्रों, प्रशिक्षकों, आकलनकर्ताओं, आकलन एजेंसियों, मान्यता प्रदान करने वाले निकायों और वित्तीय संस्थाओं सहित विभिन्न हितधारकों को एकीकृत करता है।

यह कौशल, शिक्षा, रोजगार और उद्यमशीलता इकोसिस्टम के विभिन्न घटकों को एक ही मंच पर एकीकृत करके एक सहज उपयोगकर्ता अनुभव प्रदान करता है। ऐसा करके, यह कौशल, शिक्षा, रोजगार और उद्यमशीलता प्रक्रियाओं को और अधिक कुशल, सुलभ और समावेशी बनाना चाहता है। यह लाभार्थियों को सभी सरकारी कौशल स्कीमों के वितरण के लिए प्रस्तावित मंच भी है। एकल मार्ग के रूप में कार्य करके, एसआईडी का उद्देश्य पात्रता प्रदान करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना और लाभार्थियों के लिए सरकारी कार्यक्रमों तक पहुँच को आसान बनाना है।

एसआईडी एक सुलभ मंच है जिसे दृश्य, श्रव्य, मोटर और संज्ञानात्मक दुर्बलता सहित दिव्यांग शिक्षार्थियों की पूर्ति के लिए बनाया गया है। इसमें छवियों के लिए वैकल्पिक पाठ, ऑडियो और वीडियो सामग्री के लिए कैप्शनिंग, की–बोर्ड नेविगेशन और पाठ का आकार, कंट्रास्ट और रंग को समायोजित करने की क्षमता जैसी विशेषताएं शामिल हैं।

एसआईडी मौजूदा डिजिटल प्लेटफॉर्म अर्थात असीम, ईपीएफ़ओ, उद्यम, एसएसडीएम, भारतस्किल्स, के साथ तालमेल का पता लगाएगा तथा समेकन करेगा और इंडिया स्टैक जैसे डिजिटल बुनियादी ढांचे से लाभान्वित होगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लक्षित लाभार्थियों को उन्हें अपने कौशल को बढ़ाने और अपनी आजीविका में सुधार करने के लिए आवश्यक सहयोग और प्रशिक्षण प्राप्त हो सके। यह एक आधुनिक मंच है जो सरकारी कौशल, शिक्षा, रोजगार और उद्यमशीलता कार्यक्रमों तक पहुँचने में नागरिकों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना चाहता है और इसका उद्देश्य पात्रता प्रदान करने के लिए अधिक न्यायसंगत और कुशल प्रणाली सृजित करना है।

(v) वास्तविक समय का प्रमाणीकरण/सत्यापन सेवाएं

वास्तविक समय का प्रमाणीकरण/सत्यापन विभिन्न हितधारकों से व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य जानकारी के सुरक्षित संग्रह को सक्षम बनाता है। ये सेवाएं डेस्कटॉप मैन्युअल सत्यापन प्रक्रियाओं के संबंध में भारी बदलाव समय को समाप्त कर देती हैं। वास्तविक समय प्रमाणीकरण/सत्यापन के लिए, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सक्षम करने के लिए घरेलू विकसित सेवाओं का लाभ उठाया गया है–

1. **व्यक्तिगत के वाई सी सत्यापन सेवाएं**
   - चालक लाइसेंस प्रमाणीकरण एपीआई
   - मतदाता पहचान–पत्र प्रमाणीकरण एपीआई
   - पासपोर्ट सत्यापन एपीआई
   - आधार एक्स एम एल सत्यापन (ऑटो–फ़ेच या एक्स एम एल अपलोड) एपीआई
   - आधार ई–केवाईसी एपीआई
2. **व्यक्तिगत/कॉर्पोरेट आईटीआर सत्यापन**

   3 वर्षों के लिए + 26 एएस+ टैन प्रमाणीकरण ऑटो–फ़ेच आईटीआर बिजनेस रिटर्न एपीआई (आईटीआर 3,4,5,6)
3. **उपयोग बिल, बैंक खाता और वाहन आरसी सत्यापन सेवाएं**
   - बिजली बिल प्रमाणीकरण एपीआई
   - पीएनजी एपीआई

- एलपीजी एपीआई
- टेलीफोन लैंडलाइन प्रमाणीकरण एपीआई
- बैंक खाता सत्यापन/पेनी ड्रॉप एपीआई

4. वाणिज्यिक लाइसेंस प्रमाणीकरण सेवा

- दुकान और प्रतिष्ठाणन एपीआई

5. एमसीए और कॉर्पोरेट सत्यापन सेवाएं

- इकाई का नाम खोजने के लिए एपीआई
- कंपनियों के डेटा के लिए सीआईएन एपीआई
- सीआईएन से हस्ताक्षरकर्ता डेटा एपीआई
- टैन अनुपालन एपीआई

6. सरकारी एकीकरण

- डिस्पैक एपीआई
- गुजरात राज्य के लिए एनएपीएस एपीआई
- दिशा एपीआई एकीकरण
- एलजीडी एपीआई के साथ निरंतर सामंजस्य

(vi) डिजिटल कौशलीकरण

कौशल विकास में पैमाने के साथ गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए संगठनों और हितधारकों के बीच निरंतर सहयोग, कार्यनीतिक भागीदारी और प्रभावी सहयोग महत्वपूर्ण हैं। एनएसडीसी वर्तमान में डिजिटल साधनों के माध्यम से समान कौशल अवसर लाने के उद्देश्य से आधुनिक पाठ्यक्रमों हेतु डिजिटल कौशलीकरण का संचालन करने के लिए विभिन्न संस्थाओं के साथ भागीदारी कर रहा है।

नीचे सूचीबद्ध संस्थाओं में से कुछ इस प्रकार हैं–

- विश्वविद्यालय और कॉलेज
- उद्योग भागीदारी
- टेक कंपनियां
- एडटेक पार्टनर्स
- डिजिटल स्किल लैब्स

(vii) डिजिटल सामग्री निर्माण

एनएसडीसी कौशलीकरण इकोसिस्टम के लिए डिजिटल सामग्री तैयार करने के लिए कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के साथ काम कर रहा है। डिजिटल सामग्री सृजन एनएसडीसी की ऑनलाइन कार्यनीति का एक अनिवार्य तत्व है। एनएसडीसी ने डिजिटल कौशलीकरण प्रभाव को बढ़ाने के लिए प्रभावी डिजिटल सामग्री कार्यनीतियों की परिकल्पना की है।

(vii) संकेन्द्रण (डिजिटल)

शैक्षिक इकोसिस्टम में व्यावसायिक शिक्षा/कौशल प्रशिक्षण को अनिवार्य करने के माननीय प्रधान मंत्री के विज़न के अनुरूप, कुशल भारत एक ऐसे उपकरण के रूप में कार्य करेगा जो इकोसिस्टम में मांग और आपूर्ति के बीच की अंतर को पाटता है। यह युवाओं के सशक्तिकरण का एक बिल्डिंग ब्लॉक है। मिशन–शिक्षा के एनडीईएआर आर्किटेक्चर, आधार, पैन, जीएसटीएन, डिजिलॉकर, पीएफएमएस (सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली, आधार–सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस), यूपीआई, स्केलेबल काउइन पंजीकरण, माईटी की ओपन–सोर्स पॉलिसी, डेटा) की एम्पावरमेंट एंड प्रोटेक्शन आर्किटेक्चर (डीईपीए), और कई अन्य एमएसडीई के अधिदेश के साथ, एनएसडीसी कौशल इकोसिस्टम की पेशकश करके राज्यों/मंत्रालयों के सभी पोर्टलों के साथ ऑनबोर्डिंग/एकीकरण की प्रक्रिया में, मौजूदा बुनियादी सुविधाओं का उपयोग करेगा है। एमएसडीई

के शासनादेश के साथ, एनएसडीसी कौशल इकोसिस्टम की पेशकश करके राज्यों/मंत्रालयों के सभी पोर्टलों के साथ ऑनबोर्डिंग/एकीकरण प्रक्रियाधीन है। परिणामस्वरूप, चालू वित्त–वर्ष के दौरान एनएसडीसी लगभग 21 राज्यों और 18 मंत्रालयों में शामिल हो गया है।

(ix) उन्नत प्रौद्योगिकी का उपयोग

ब्लॉकचेन

प्रमाणन के माध्यम से उम्मीदवारों की साख को सत्यापित करने के लिए ब्लॉकचैन जैसी आधुनिक तकनीक प्रदान करने के लिए एनएसडीसी आईआईटी कानपुर के साथ काम कर रहा है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता/मशीनी शिक्षण: एनएसडीसी की टीम कृत्रिम बुद्धिमता/मशीन लर्निंग फ्रंट संबंधी कई पहलों पर काम कर रही है।

- उपस्थिति प्रणाली – डेटाबेस से किसी छवि या वीडियो में चेहरे की विशेषताओं का उपयोग करने वाले व्यक्ति की पहचान और सत्यापन करने में सक्षम बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण का उन्नत रूप।
- फोटो सत्यापन – फोटो की समीक्षा करने और जेंडर, आकृति की गुणवत्ता, मानव चेहरा आदि जैसे विवरणों के माध्यम से उन्नत विधि का प्रयोग।

4.4 क्षेत्र कौशल परिषदें (एसएससी)

एसएससी स्वायत्त निकायों और अलाभकारी संगठनों के रूप में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा स्थापित किए गए हैं और संबंधित क्षेत्रों में उद्योग लीडरों द्वारा नेतृत्व किया जाता हैं। वे व्यावसायिक मानकों का निर्माण करते हैं, सक्षमता ढाँचे का विकास करते हैं, प्रशिक्षक कार्यक्रमों को प्रशिक्षित करते हैं, संबद्ध व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान, अपने क्षेत्र में कौशल अंतर अध्ययन का संचालन करते हैं, जिससे श्रम बाजार सूचना प्रणाली का निर्माण होता है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रशिक्षुओं को उनके द्वारा विकसित राष्ट्रीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम से संबद्ध पाठ्यक्रम संबंधी प्रशिक्षुओं का आकलन और प्रमाणन करते हैं।

कुशल भारत मिशन के भाग के रूप में विकसित राष्ट्रीय कौशल विकास नीति, 2015 द्वारा परिभाषित एसएससी कार्य निम्नानुसार हैं:

- कौशल के प्रकारों की एक सूची तैयार करने सहित कौशल विकास आवश्यकताओं की पहचान, कौशल की श्रेणी और गहनता जिससे व्यक्तियों को उनमें से चयन करने में सुविधा हो
- एक क्षेत्र कौशल विकास योजना का विकास और कौशल सूची बनाए रखना
- कौशल/दक्षता मानकों और अर्हताओं का निर्धारण करना और उन्हें एनएसक्यूएफ के अनुसार अधिसूचित करना
- एनएसक्यूसी द्वारा निर्धारित एनएसक्यूएफ के अनुसार संबद्धता, मान्यता, परीक्षा और प्रमाणन प्रक्रिया का मानकीकरण। क्यूपी/एनओएस–संरेखित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए कौशल–आधारित आकलन और प्रमाणन भी आयोजित किया जाता है
- अपने संबंधित क्षेत्रों के लिए संबद्धता, मान्यता, परीक्षा और प्रमाणन मानदंडों की स्थापना में भागीदारी
- एनएसडीसी और राज्यों के साथ मिलकर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के निष्पादन की योजना बनाना और सुविधा प्रदान करना
- उत्कृष्ट अकादमियों को बढ़ावा देना
- अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति, दिव्यांग और अल्पसंख्यक समूहों की कौशल आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान देना।
- यह सुनिश्चित करना कि निर्धारित मानदंडों के अनुसार प्रशिक्षित और कुशल व्यक्तियों को उचित दिहाड़ी पर रोज़गार का आश्वासन दिया जाता है

सभी एसएससी को हर साल एनएसडीसी को प्रस्तुत वार्षिक व्यापार योजना के माध्यम से अपने कार्यों में अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन करना होता है। एसएससी के लिए महत्वपूर्ण पैरामीटर इस प्रकार हैं:

- प्रशिक्षकों और आकलनकर्ताओं का प्रशिक्षण
- उद्योग–वित्त–पोषित प्रशिक्षण
- जॉब संग्रह
- नियोजन सहायता और उपलब्धि
- अंतर्राष्ट्रीय नियोजन
- शिक्षुता संवर्धन और भागीदारी
- उद्यमशीलता संवर्धन
- भावी जॉब रोलों के लिए तैयारी
- उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना
- सुशासन पद्धतियों का पालन

तालिका 7: नीचे दी गई तालिका में सक्रिय क्षेत्र कौशल परिषदों की सूची है।

क्र.सं.	क्षेत्र कौशल परिषद
1	एयरोस्पेस और एविएशन क्षेत्र कौशल परिषद
2	भारतीय कृषि कौशल परिषद
3	अपैरल मेड–अप्स होम फर्निशिंग क्षेत्र कौशल परिषद
4	ऑटोमोटिव कौशल विकास परिषद
5	भारतीय बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा क्षेत्र कौशल परिषद
6	सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र कौशल परिषद
7	पूंजीगत माल कौशल परिषद
8	भारतीय निर्माण कौशल विकास परिषद
9	घरेलू कामगार क्षेत्र कौशल परिषद
10	इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया
11	खाद्य उद्योग क्षमता और कौशल पहल
12	फर्नीचर और फिटिंग कौशल परिषद
13	जेम एंड ज्वैलरी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया
14	हस्तशिल्प और कालीन क्षेत्र कौशल परिषद
15	हेल्थकेयर सेक्टर स्किल काउंसिल
16	हाइड्रोकार्बन क्षेत्र कौशल परिषद
17	भारतीय लौह और इस्पात क्षेत्र कौशल परिषद
18	इंफ्रास्ट्रक्चर इक्विपमेंट स्किल काउंसिल
19	इंस्ट्रूमेंटेशन, ऑटोमेशन, सर्विलांस एंड कम्युनिकेशन सेक्टर स्किल काउंसिल
20	आईटी–आईटीईएस सेक्टर कौशल परिषद
21	चमड़ा क्षेत्र कौशल परिषद

22	जीवन विज्ञान क्षेत्र कौशल विकास परिषद
23	रसद क्षेत्र कौशल परिषद
24	प्रबंधन और उद्यमिता और व्यावसायिक कौशल परिषद
25	मीडिया और मनोरंजन कौशल परिषद
26	विद्युत क्षेत्र कौशल परिषद
27	रिटेलर्स एसोसिएशन की स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया
28	रबर, रसायन और पेट्रोकेमिकल कौशल विकास परिषद
29	स्किल काउंसिल फॉर ग्रीन जॉब्स
30	खनन क्षेत्र के लिए कौशल परिषद
31	दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कौशल परिषद
32	खेल, शारीरिक शिक्षा, स्वास्थ्य और अवकाश कौशल परिषद
33	दूरसंचार क्षेत्र कौशल परिषद
34	कपड़ा क्षेत्र कौशल परिषद
35	पर्यटन और आतिथ्य कौशल परिषद
36	जल प्रबंधन और नलसाजी कौशल परिषद

4.5. राष्ट्रीय कौशल विकास निधि (एनएसडीएफ)

देश के सरकारी तथा गैर–सरकारी क्षेत्रों से कौशल विकास के लिए धन जुटाने के लिए भारत सरकार द्वारा 2009 में राष्ट्रीय कौशल विकास निधि का गठन किया गया था। यह धन विभिन्न सरकारी स्रोतों तथा अन्य दानदाताओं/अंशदाताओं द्वारा भारतीय कौशलों का विकास और वृद्धि करने के लिए दिया जाता है। भारत सरकार द्वारा स्थापित एक सार्वजनिक न्यास इस निधि का संरक्षक है। इस निधि का संचालन और प्रबंधन न्यासी बोर्ड द्वारा किया जाता है। न्यास का मुख्य कार्यकारी अधिकारी न्यास के दैनिक प्रशासन तथा प्रबंधन के लिए उत्तरदायी है। एनएसडीएफ बोर्ड के न्यासियों की वर्तमान संरचना निम्नानुसार है:

क. सचिव, एमएसडीई–अध्यक्ष;

ख. अपर सचिव, वित्तीय सेवा विभाग–न्यासी;

ग. विशेष सचिव, नीति आयोग–न्यासी;

घ. श्री टी.वी. मोहनदास पाई, अध्यक्ष, मनिपाल ग्लोबल एजुकेशन सर्विस (उद्योग प्रतिनिधि के रूप में)–न्यासी; तथा

ङ. अपर सचिव, एमएसडीई–सीईओ एवं कार्यकारी न्यासी।

यह निधि, कौशल विकास क्षमता–निर्माण और मजबूत बाजार संबंध बनाने के लिए स्थापित उद्योगनीत 'लाभ न कमाने वाली कंपनी' राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी), के माध्यम से अपने उद्देश्यों को पूरा करती है। एनएसडीसी कौशल संबंधी प्रशिक्षण प्रदान करने वाले उद्यमों, कंपनियों और संगठनों के लिए धन जुटाकर कौशल विकास में एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करती है। यह निजी क्षेत्र की पहलों को बढ़ावा देने, सहयोग तथा समन्वय करने के लिए उपयुक्त मॉडलों का विकास भी करती है।

न्यास के लेखों की लेखा–परीक्षा प्रत्येक वित्त–वर्ष में सनदी लेखाकार द्वारा और भारत सरकार द्वारा निदेशित तरीके से किए जाने के अधीन है। न्यास ने एनएसडीसी और एनएसडीएफ के बीच निवेश प्रबंधन समझौते (आईएमए) के संदर्भ में

एनएसडीसी की गतिविधियों की निगरानी करने का कार्य मैसर्स विस्ट्रा आईटीसीएल को सौंपा है। निगरानी एजेंसी सहमत ढांचे के अनुसार समय–समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करती है।

राष्ट्रीय कौशल विकास निधि को सरकार द्वारा विभिन्न कर तथा गैर–कर नीतियों के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाता है। यह आयकर अधिनिमय की धारा 80 जी के तहत पंजीकृत है। इससे निधि दानदाताओं को कर प्रोत्साहन देकर न्यास कौशल विकास के क्षेत्र में अधिक प्रभावी भूमिका निभाता है। इसके अतिरिक्त, एनएसडीएफ को विदेशी स्रोतों से धन स्वीकार करने के लिए एफसीआरए विनियमों से छूट प्राप्त है।

4.6 राष्ट्रीय उद्यमशीलता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निस्बड)

परिचय

राष्ट्रीय उद्यमशीलता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निस्बड), नोएडा, उत्तर प्रदेश कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक संगठन है, जो उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण, परामर्श, अनुसंधान और प्रकाशन में लगा हुआ है। निस्बड सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक सोसायटी के रूप में पंजीकृत है और तत्कालीन उद्योग मंत्रालय (अब सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय), भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया था, जिसने 6 जुलाई, 1983 से अपना संचालन शुरू किया। संस्थान के प्रशासनिक मामले मई, 2015 से कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई), भारत सरकार को अंतरित कर दिए गए थे।

यह संस्थान नोएडा, उत्तर प्रदेश में एक एकीकृत परिसर से संचालित हो रहा है। संस्थान का देहरादून में एक क्षेत्रीय केंद्र स्थित है जो एनएसटीआई देहरादून परिसर से संचालित होता है। इसके अलावा, संस्थान के देश भर में 20 राज्यों में केंद्र हैं जो एनएसटीआई के परिसरों में स्थित हैं।

4.6.1 वित्तीय वर्ष 2022–2023 के दौरान प्रमुख कार्यकलाप

1. प्रशिक्षण कार्यक्रम

संस्थान उद्यमशीलता और लघु व्यवसाय विकास के क्षेत्र में एक शीर्ष निकाय होने के नाते विभिन्न लक्षित समूहों – उद्यमियों, प्रशिक्षकों, प्रमोटरों और विकास कार्यकर्ताओं के लिए अभिनव प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करता है। संस्थान के प्रमुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी), प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी), संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी), उद्यमशीलता सह–कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी) और उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) आदि शामिल हैं।

वित्तीय वर्ष 2022–2023 के दौरान निस्बड द्वारा विभिन्न कार्यक्रम श्रेणियों में 1,419 कार्यक्रम आयोजित किए गए, जो उद्यमशीलता विकास के प्रोत्साहन, सहयोग और निरंतरता के क्षेत्रों पर केंद्रित थे। इन कार्यक्रमों में कुल 44,557 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

तालिका 8: 2022–23 के दौरान कार्यक्रमों की सूची और लाभार्थियों की संख्या

कार्यक्रम का प्रकार	कार्यक्रमों की संख्या	लाभार्थियों की संख्या
उद्यमशीलता जागरूकता कार्यक्रम	370	18485
उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम	491	12267
उद्यमशीलता सह कौशल विकास कार्यक्रम	302	7560
अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम	6	109
प्रबंधन विकास कार्यक्रम	4	95
प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (पीएमकेवीवाई)	15	371

कार्यक्रम का प्रकार	कार्यक्रमों की संख्या	लाभार्थियों की संख्या
प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (बिज़ सखी)	27	560
प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (डीजीटी)	18	417
प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (जेएसएस)	47	1173
प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (दिल्ली पुलिस)	10	263
प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमओआरडी)	2	66
प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (सीएसएसडीए)	1	16
एकम	123	3075
कार्यशाला	3	100
योग	1419	44557

संस्थान द्वारा संचालित प्रमुख प्रशिक्षण कार्यकलापों का उल्लेख नीचे किया गया है:

(i) उद्यमशीलता जागरूकता कार्यक्रम

निस्बड ने युवाओं में उद्यमशीलता को एक व्यवहार्य कैरियर विकल्प के रूप में आगे बढ़ाने के लिए उनमें जागरूकता पैदा करने के उदेश्य से 370 उद्यमशीलता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इन जागरूकता कार्यक्रमों में कुल 18,485 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

(ii) उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम

संस्थान ने नवोदित और मौजूदा उद्यमियों में प्रभावी तरीके से अपने उद्यमों को स्थापित करने और बढ़ाने के लिए क्रमशः स्वरोजगार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए कुल 491 उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिसमें 12267 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इन ईडीपी में वैतनिक ईडीपी के साथ–साथ विभिन्न प्रायोजक एजेंसियों द्वारा प्रायोजित ईडीपी शामिल हैं।

(iii) पवित्र शहरों में उद्यमशीलता विकास पर प्रायोगिक परियोजना

संस्थान सूक्ष्म और लघु व्यवसायों के उद्यमशीलता संवर्धन और सलाह पर हरिद्वार, पंढरपुर और वाराणसी के पवित्र शहरों में एक प्रायोगिक परियोजना को लागू कर रहा है। परियोजना का उद्देश्य मौजूदा आजीविका कार्यकलापों को पुनः शुरू करने और/या मौजूदा उद्यम को बढ़ाने के लिए सहयोग देकर चुनिंदा शहरों के सूक्ष्म और लघु व्यवसायों/उद्यमों के उद्यमशीलता कार्यकलापों, उद्यमशीलता संवर्धन और मेंटरिंग में वृद्धि करना है। संस्थान ने परियोजना के अंतर्गत दिसंबर 2022 तक 6373 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया है।

(iv) जेल परियोजना

संस्थान ने नारी बंदी निकेतन, लखनऊ और मॉडल जेल लखनऊ में जेल संवासियों के लिए पावरलूम, बेकरी, फैशन डिजाइनिंग और मसाला उद्योग पर उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम और मूल्य वर्धन कार्यक्रम का आयोजित किए। कार्यक्रम में कुल 130 जेल संवासियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सहयोग से "जेल संवासियों के बीच उद्यमशीलता विकास को बढ़ावा देना" परियोजना के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे हैं।

आकृति 7: प्रशिक्षण महानिदेशालय के अंतर्गत आईटीआई प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

(v) प्रशिक्षण महानिदेशालय के अंतर्गत आईटीआई प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

संस्थान ने प्रशिक्षण महानिदेशालय द्वारा प्रायोजित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के 417 प्रशिक्षकों के लिए रोजगार, उद्यमशीलता और जीवन कौशल पर 18 प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

(vi) जेएसएस प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

संस्थान ने कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थानों के 1173 प्रशिक्षकों के लिए रोजगार, उद्यमशीलता और जीवन कौशल पर 47 प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

आकृति 8: डॉ के के द्विवेदी, संयुक्त सचिव, एमएसडीई द्वारा रोजगारपरकता, उद्यमिता और जीवन कौशल पर प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित किया जा रहा है।

(vii) अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

संस्थान ने दिसंबर 2022 तक छह अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं। संस्थान ने जल आपूर्ति और स्वच्छता विकास में महिला और युवा उद्यमशीलता पर एक कार्यक्रम, लघु व्यवसायों के लिए उद्यमिता पर दो कार्यक्रम–ट्रैनर्स/प्रमोटर्स, महिला और उद्यम विकास (डब्ल्यूईडी) पर एक कार्यक्रम तथा संगठन विकास और उत्कृष्टता के लिए अभिनव नेतृत्व पर दो कार्यक्रम क्रमशः वास्तविक रूप से और ऑनलाइन मोड के माध्यम से आयोजित किए है। इन कार्यक्रमों में कुल 73 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

आकृति 9: अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने वाले

(viii) पीएमकेवीवाई प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

संस्थान ने वर्ष के दौरान एनएसडीसी भागीदारों के 371 प्रशिक्षकों के लिए रोजगार, उद्यमशीलता और जीवन कौशल पर 15 प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

(ix) राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों में उद्यमशीलता जागरूकता कार्यक्रम

संस्थान ने राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) देहरादून, जम्मू, पानीपत, पंजाब और श्रीनगर में प्रशिक्षुओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं। जागरूकता कार्यक्रमों में कुल 525 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया है।

(x) डब्ल्यूएसएचजी के लिए डिजिटल मार्केटिंग पर उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम

संस्थान ने 10 आकांक्षी जिले बोलंगीर, ढेंकनाल, गजपति, कालाहांडी, कंधमाल, कोरापुट, मल्कानगिरी, नबरंगपुर, नुआपाड़ा और रायगढ़ा के 101 ब्लॉकों में डिजिटल मार्केटिंग और उद्यमशीलता विकास पर महिला स्व–सहायता समूहों (डब्ल्यूएसजी) का ईडीपी प्रशिक्षण आयोजित किया जिसमें 1995 प्रतिभागियों ने भाग लिया और 693 डब्ल्यूएसएचजी को अमेजन, 744 डब्ल्यूएसएचजी को फ्लिपकार्ट और 830 डब्ल्यूएसएचजी को विला मार्ट ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़ने की सुविधा प्रदान की।

(xi) एनबीसीएफडीसी, एनएसएफडीसी, एनएसकेएफडीसी के अंतर्गत उद्यमशीलता सह कौशल विकास कार्यक्रम

संस्थान ने अखिल भारतीय स्तर पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम (एनबीसीएफडीसी), राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम (एनएसएफडीसी) और राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्तीय विकास निगम (एनएसकेएफडीसी) द्वारा प्रायोजित उद्यमशीलता और कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी) आयोजित किए हैं। संस्थान ने 302 विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से 7560 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान किया।

(xii) प्रबंधन विकास कार्यक्रम

निस्बड ने चार प्रबंधन विकास कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिनमें उत्तराखंड सरकार के उद्योग निदेशालय के अधिकारियों के लिए उद्यमशीलता विकास पर क्षमता–निर्माण कार्यक्रम, भारतीय कौशल विकास सेवाओं के अधिकारियों के लिए उद्यमशीलता विकास पर क्षमता–निर्माण कार्यक्रम, छत्तीसगढ़ कौशल विकास अधिकारियों के लिए क्षमता–निर्माण कार्यक्रम और मौजूदा उद्यमों के व्यावसायिक कार्यकलापों को बढ़ाने के लिए क्षमता–निर्माण कार्यक्रम शामिल हैं। कार्यक्रमों में 95 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

(xiii) दिल्ली पुलिस के साथ युवा परियोजना

दिल्ली पुलिस ने कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई), निस्बड और एनएसडीसी के साथ युवा कार्यक्रम में सहयोग किया है। संस्थान ने परियोजना के तहत दिल्ली पुलिस के 263 प्रशिक्षकों और अधिकारियों के लिए रोजगार, उद्यमशीलता और जीवन कौशल पर 10 प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं। संस्थान ने 191 प्रतिभागियों के लिए आठ उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम आयोजित किए हैं। ईडीपी का संचालन दिल्ली पुलिस के थानों में किया जा रहा है।

आकृति 10: भारतीय नौसेना के अधिकारियों के लिए क्षमता–निर्माण कार्यक्रम

(xiv) भारतीय नौसेना के अधिकारियों के लिए क्षमता–निर्माण कार्यक्रम

संस्थान ने भारतीय नौसेना के अधिकारियों के लिए उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत उद्यमशीलता पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कुल 300 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

(xv) पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर) द्वारा प्रायोजित उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम (ईडीपी)

रक्षा मंत्रालय का पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर) भूतपूर्व सैनिकों को प्रशिक्षित करने और अतिरिक्त कौशल हासिल करने तथा दूसरे कैरियर के माध्यम से उनके पुनर्वास की सुविधा प्रदान करने में सहायता करता है। संस्थान ने सेवानिवृत्त/सेवानिवृत्त होने वाले रक्षा कर्मियों के लिए डीजीआर के प्रायोजन के तहत उद्यमशीलता विकास, खुदरा उद्यमियों, खुदरा टीम लीडर और वेब डेवलपर पाठ्यक्रमों के क्षेत्र में 453 प्रतिभागियों के लिए 18 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए।

आकृति 11: हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम द्वारा प्रायोजित उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम (ईडीपी)

(xvi) हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम द्वारा प्रायोजित उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम (ईडीपी)

संस्थान ने हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के सहयोग से हिमाचल प्रदेश राज्य में युवाओं के लिए उद्यमशीलता जागरूकता कार्यक्रम और उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया है। इस पहल के अंतर्गत कुल 31 कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं और इस परियोजना के अंतर्गत 775 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया गया है।

(xvii) जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी), उत्तराखंड सरकार द्वारा प्रायोजित उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम (ईडीपी)

संस्थान ने उत्तराखंड के जिला उद्योग केंद्रों के सहयोग से एमएसवाई लाभार्थियों के लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना (एमएसवाई) के तहत ऑनलाइन उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम और उत्तराखंड राज्य में युवाओं के लिए ऑफलाइन उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया है। इस परियोजना की पहल के अंतर्गत कुल 30 कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं और 851 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया गया है।

(xviii) एमएसएमई विभाग (उद्योग निदेशालय), उत्तराखंड सरकार के अधिकारियों के लिए उद्यमशीलता विकास पर क्षमता–निर्माण कार्यक्रम

संस्थान ने एमएसएमई विभाग (उद्योग निदेशालय), उत्तराखंड सरकार के अधिकारियों के लिए उद्यमशीलता विकास पर एक क्षमता–निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया है। पांच दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में कुल 29 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

आकृति 12: छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण के प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

(xix) छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण के प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

संस्थान ने सीएसएसडीए द्वारा प्रायोजित छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण के 16 आजीविका प्रशिक्षकों के लिए रोजगार, उद्यमशीलता और जीवन कौशल पर एक प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया है।

(xx) भारत के सर्वोच्च न्यायालय के चैंबर परिचारकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

संस्थान ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय के चैंबर परिचारकों की ग्रूमिंग स्किल्स पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया है। कार्यक्रम में 34 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

(xxi) आजादी का अमृत महोत्सव के तहत कार्यकलाप

निस्बड ने आजादी के अमृत महोत्सव के स्मरणोत्सव के लिए सक्रिय रूप से कार्यकलापों का आयोजन किया है। संस्थान ने एनएसडीसी प्रशिक्षण भागीदारों के लिए सरकारी सहयोग इकोसिस्टम पर क्षमता–निर्माण के लिए जागरूकता कार्यक्रम, एनएसटीआई/आईटीआई/निस्बड में विश्व गुरु भारत, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायक, 'भावी राष्ट्र' के रूप में भारत की आकांक्षा और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत विषयों पर निबंध लेखन प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न कार्यकलापों का आयोजन किया है। इस पहल के तहत कुल 123 कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं जिनमें 3075 प्रतिभागियों ने भाग लिया है।

आकृति 13 और 14: आजादी का अमृत महोत्सव की स्मृति

2. अनुसंधान और मूल्यांकन

अनुसंधान अध्ययन निस्बड संविभाग के प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। समस्याओं का अध्ययन करना तथा ज्ञान सृजन करने के लिए अनुसंधान/समीक्षा अध्ययन करना और उद्यमशीलता विकास की प्रक्रिया को तेज करने के लिए नए आर्थिक उद्यमों की स्थापना करना संस्थान के इंटरवेंसन के फोकस क्षेत्रों में से एक रहा है।

संस्थान ने महाराष्ट्र में वित्तपोषित स्कीम के तहत 2037 इकाइयों की 2015–16 और 2016–17 की वास्तविक सत्यापन रिपोर्ट आवश्यक प्रतियों के साथ राज्य केवीआईसी कार्यालय, महाराष्ट्र को प्रस्तुत की थी।

राज्य केवीआईसी कार्यालय को पहले जमा की गई दो वर्ष की मसौदा रिपोर्ट को राज्य कार्यालय से प्राप्त सुझावों/सलाह के आलोक में अंतिम रूप दिया जाएगा।

3. क्लस्टर विकास

निस्बड ने समूह कलाकारों (कारीगरों/उद्यमियों) की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने और सक्षम बनाने के लिए भारत सरकार की विभिन्न स्कीमों के तहत विभिन्न समूहों का सहयोग किया है। संस्थान वर्तमान में बिजनौर में पॉटरी क्लस्टर के विकास में लगा हुआ है। संस्थान द्वारा पॉटरी क्लस्टर के जन सुविधा केंद्र में मशीनरी लगाई गई है।

4. मेंटरिंग और हैंडहोल्डिंग

निस्बड ने विविध और दूरस्थ स्थानों से इच्छुक और मौजूदा उद्यमियों की हैंडहोल्डिंग और मार्गदर्शन करने के लिए एक ऑनलाइन ई–परामर्श मंच "उद्यमदिशा" विकसित किया है। उद्यमशीलता इकोसिस्टम को विकसित करने और मजबूत करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण के आधार पर मंच की एक बहुत ही आवश्यक पहल के रूप में कल्पना की गई है।

मंच का उद्देश्य ऑनलाइन सलाह सेवाओं की सुविधा प्रदान करना है। मेंटर्स का मंच किसी उद्यम की स्थापना या विस्तार के लिए आवश्यक सभी सहयोग और सूचनाओं का वन–स्टाप समाधान प्रदान करता है। मेंटर प्लेटफॉर्म उद्यमशीलता से जुड़ी

सरकारी स्कीमों, वित्तीय संस्थानों, निवेशकों, दानदाताओं आदि के बारे में विभिन्न जानकारी प्रदान करता है और संभावित और मौजूदा उद्यमियों को इस क्षेत्र में सलाहकारों से जुड़ने में मदद करता है। पोर्टल पर कुल 112 मेंटर्स पंजीकृत किए गए हैं। 264 मेंटर्स ने मंच पर पंजीकरण कराया है।

5. सहयोग

- संस्थान को ग्रामीण विकास मंत्रालय के स्टार्ट–अप ग्राम उद्यमशीलता कार्यक्रम (एसवीईपी) तथा स्कीम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) का सहयोग करने के लिए एक राष्ट्रीय संसाधन संगठन (एनआरओ) के रूप में मान्यता दी गई है।
- निस्बड ने इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो युवाओं, रोजगार इच्छुक और नवोदित उद्यमियों के लिए लक्षित संयुक्त कार्यक्रमों की पेशकश करने के लिए एक शीर्ष रैंक वाला वैश्विक बिजनेस स्कूल है।
- निस्बड ने शिक्षा और अनुसंधान में संस्थागत सहयोग के लिए झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसका प्राथमिक उद्देश्य यात्राओं और आदान–प्रदान कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों संस्थानों के संकाय, कर्मचारियों और छात्रों के बीच आपसी बातचीत और सहयोग को बढ़ावा देना है और पारस्परिक आधार पर संयुक्त शैक्षणिक और अनुसंधान कार्यक्रम, डॉक्टरेट और परास्नातक छात्रों का संयुक्त पर्यवेक्षण करना है।

4.7 भारतीय उद्यमशीलता संस्थान (आईआईई), गुवाहाटी

4.7.1 प्रस्तावना

भारतीय उद्यमशीलता संस्थान (आईआईई) आईएसओ 9001: 2015 प्रमाणित स्वायत्त संगठन है जो लालमाटी, बशिष्ठचरियाली, राष्ट्रीय राजमार्ग–37, बाईपास, गुवाहाटी में स्थित है और इसकी अवसंरचना लगभग 77000 वर्गफुट है। यह गुवाहाटी, असम में अपने मुख्यालय से प्रशिक्षण, अनुसंधान और परामर्श सेवाओं के माध्यम से उद्यमशीलता विकास के लिए राष्ट्रीय सर्वोच्च निकाय के रूप में कार्य कर रहा है। आईआईई ने 1 अप्रैल 1994 से स्वतंत्र संस्थान के रूप में कार्य करना शुरू किया, जिसे तत्कालीन उद्योग मंत्रालय, एसएसआई और एआरआई विभाग, भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया था। बाद में यह 2007 में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के तहत आया और वर्तमान में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के अधीन है।

4.7.2 प्रशिक्षण कार्यक्रम

संस्थान भावी उद्यमियों, छात्रों, शिक्षकों, विकास कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। इन कार्यक्रमों को इस प्रकार वर्गीकृत किया गया है: उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम (ईडीपी); उद्यमशीलता सह कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी); प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) और अन्य कार्यक्रम जिनमें उद्यमशीलता अभिविन्यास कार्यक्रम (ईओपी), प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी), संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी), व्यवसाय पोषक प्रशिक्षण आदि शामिल हैं। वित्त वर्ष 2022–23 (दिसंबर, 2022 तक) के दौरान 783 कार्यक्रम चलाए गए, जिससे 23703 प्रतिभागी लाभान्वित हुए।

तालिका 9: माह 01 अप्रैल 2022 से 31 दिसंबर, 2022 तक (संचयी) आयोजित प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थियों के विवरण

क्र. सं.	कार्यक्रम के लक्ष्य	उपलब्धि	प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या							
			एससी	एसटी	महिला	दिव्यांगजन	अल्पसंख्यक	ओबीसी	अन्य	कुल
1	ईडीपी	32	10	64	228	1	18	198	84	356
2	एसडीपी / ईएसडीपी	718	886	19118	14463	65	66	982	854	21840
4	अन्य	33	218	528	1160	3	86	477	284	1507
	कुल	783	1114	19710	15851	69	170	1657	1222	23703

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान प्रमुख कार्यकलाप

1. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम (एनबीसीएफडीसी)

आईआईई ने पीएम–दक्ष (प्रधानमंत्री दक्ष और कुशलता संपन्न हिताग्रही) स्कीम के तहत पिछड़े वर्ग के युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगम के तत्वावधान में प्रशिक्षण का कार्यान्वयन किया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के कार्यान्वयन का उद्देश्य पिछड़े वर्ग के युवाओं का उत्थान करना है ताकि वे कुशल हो सकें और स्थायी आजीविका कमा सकें तथा आत्मनिर्भर बन सकें। दिसंबर 2022 तक, 11 अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 300 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया और सात ईडीपी के माध्यम से 255 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

2. डिजी बुनाई कार्यक्रम

इस परियोजना को डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन द्वारा प्रायोजित किया गया है। वस्त्र क्षेत्र कौशल परिषद और आईआईई क्रमशः कार्यान्वयन एजेंसी और प्रशिक्षण प्रदाता हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य डिजी बुनाई टीएम सीएडी सॉफ्टवेयर का उपयोग करके डिजिटल रूप से डिजाइन बनाने और डिजाइन करने के लिए कारीगरों/बुनकरों/डिजाइनरों को प्रशिक्षित करना और वस्त्रों के नमूनों पर डिजाइन की बुनाई के लिए डिजिटल आउटपुट का उपयोग करना है। प्रशिक्षण मौजूदा पारंपरिक जकार्ड बुनकरों को कंप्यूटर ज्ञान और बुनाई कौशल के एकीकरण के साथ इलेक्ट्रॉनिक रूप से उत्पन्न कंप्यूटर जकार्ड डिज़ाइन बनाने और बुनकरों को अपने उत्पादन को बढ़ाने और बाजार के अवसरों और ग्राहक की मांग के लिए डिजाइन में सुधार करने के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है। दिसंबर, 2022 तक छह डिजी बुनाई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें असम और त्रिपुरा राज्यों में 180 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया।

3. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम (एनएसएफडीसी)

आईआईई ने पीएम–दक्ष (प्रधानमंत्री दक्ष और कुशलता संपन्न हितग्राही) स्कीम के तहत अनुसूचित जाति के युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के तत्वावधान में अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यान्वित किया है। विशेषज्ञ प्रशिक्षक और समर्पित लैब रूम सुविधा के माध्यम से अल्पावधि कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के कार्यान्वयन का उद्देश्य अनुसूचित जाति के युवाओं का उत्थान करना है ताकि वे कुशल हो सकें और स्थायी आजीविका कमा सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। दिसंबर, 2022 तक, 120 लाभार्थियों के साथ चार अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम (एसटीटी) आयोजित किए गए।

4. राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम (एनएसकेएफडीसी)

आईआईई ने पीएम–दक्ष (प्रधानमंत्री दक्ष और कुशलता संपन्न हितग्रही) स्कीम के तहत सफाई कर्मचारियों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम (एनएसकेएफडीसी) के तत्वावधान में अल्पावधि प्रशिक्षण का कार्यान्वयन किया है। विशेषज्ञ प्रशिक्षक और समर्पित लैब रूम सुविधा के माध्यम से अल्पावधि कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम को कार्यान्वित करने का उद्देश्य सफाईकर्मियों का उत्थान करना है ताकि वे कुशल हो सकें और स्थायी आजीविका कमा सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। कौशलीकरण से लक्षित समूह के लिए समृद्धि के द्वार खुलेंगे और वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो सकेंगे और अपने लिए एक आरामदायक जीवन का निर्माण कर सकेंगे। दिसंबर, 2022 तक 60 लाभार्थियों के साथ दो एसटीटी कार्यक्रम पूर्ण किए जा चुके हैं।

5. पेड बेकरी प्रमाणन कार्यक्रम

आईआईई ने अपने परिसर में पेड मॉडल के तहत बेकरी प्रमाणन कार्यक्रम का आयोजन किया है और इसे बहुत सराहना मिली है। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के विभिन्न आयु वर्ग के 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम विशेष रूप से महिला उद्यमियों को तैयार करने और उन्हें बेकरी बाजार में प्रवेश करके आजीविका कमाने के कौशल के साथ सशक्त बनाने पर केंद्रित था।

6. अपार्ट स्कीम के तहत आवासीय उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम

असम कृषि व्यवसाय और ग्रामीण परिवर्तन परियोजना (अपार्ट) स्कीम के तहत उद्योग और वाणिज्य विभाग, असम सरकार ने उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) के तहत 330 लाभार्थियों को प्रशिक्षित करने का कार्य संस्थान को आबंटित किया। यह आवासीय कार्यक्रम है और कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी उद्योग संघ के सदस्य हैं। कार्यक्रम मौजूदा उद्यमियों के लिए कार्यान्वित किया गया है ताकि वे अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए विशिष्ट क्षेत्र पर मार्गदर्शन, सूचना और अपडेट प्राप्त कर सकें। दिसंबर, 2022 तक 117 लाभार्थियों के साथ चार ईडीपी आयोजित किए गए।

7. जीवन कौशल कार्यक्रम के लिए महिला समाज कल्याण और सामाजिक शिक्षा वित्त पोषित स्कीम के तहत किया गया आकलन

संस्थान को 240 प्रतिभागियों का आकलन करने का अवसर मिला, जिन्हें समाज कल्याण और सामाजिक शिक्षा वित्त पोषित स्कीम के तहत प्रशिक्षित किया गया था। कार्यक्रम जीवन कौशल जॉब रोल्स पर आधारित था और लक्षित समूह वंचित महिलाएं थीं। कार्यक्रम को कौशल विकास निदेशालय, त्रिपुरा द्वारा प्रायोजित किया गया था और आईआईई आकलन भागीदार है। दिसंबर, 2022 तक कुल 210 प्रतिभागियों का आकलन किया गया था।

8. तेल जीविका

तेल जीविका ऑयल इंडिया लिमिटेड (दुलियाजन) की प्रमुख आजीविका पहल है। इसको कार्यान्वित करने का उत्तरदायित्व भारतीय उद्यमशीलता संस्थान, गुवाहाटी को सौंपा गया है। यह सामुदायिक क्लस्टर आधारित स्थायी ग्रामीण आजीविका संवर्धन परियोजना है, जिसका उद्देश्य अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग और नमसाई जिले के अंतर्गत दियुन के पांच गांवों में 400 ग्रामीणों की आजीविका को बढ़ाना है। प्राथमिक उद्देश्य लक्षित परिवारों को मधुमक्खी पालन और शहद प्रसंस्करण और सरसों, अनाज और स्थानीय दलहन प्रसंस्करण पर कौशल विकास और उन्नयन प्रशिक्षण प्रदान करना है और साथ ही आय

के वैकल्पिक स्रोत और स्वपोषण– आजीविका समूहों का गठन करके उन्हें सहायता प्रदान करना है।

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान निम्नलिखित प्रमुख कार्यकलाप किए गए –

- सीएफबीआईसी में लाभार्थियों के लिए मशीने लगाने, प्रदर्शन और इन पर प्रशिक्षण का कार्य 13.04.2022 को पूर्ण हो गया।
- सीएफबीआईसी की ब्रांडिंग 18.06.2022 को (ऑयल इंडिया लिमिटेड द्वारा पूर्ण की गई
- 20.06.2022 को सामान्य सुविधा और व्यवसाय सूचना केंद्र (सीएफबीआईसी) के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया।

9. स्टार्ट अप ग्राम उद्यमशीलता कार्यक्रम (एसवीईपी)

स्टार्ट–अप ग्राम उद्यमशीलता कार्यक्रम (एसवीईपी), दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका अभियान (डीएवाई–एनआरएलएम) कार्यक्रम के तहत उप–योजना स्व–सहायता समूह (एसएचजी) और उनके परिवार के सदस्यों को गैर–कृषि क्षेत्र के छोटे उद्यम स्थापित करने में सहायता करती है।

एसवीईपी ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यम विकास के लिए इको–सिस्टम विकसित करता है जिसमें उद्यम वित्तपोषण के लिए सामुदायिक उद्यम निधि (सीईएफ), व्यवसाय की तैयारी सहित व्यवसाय सहायता सेवाएं प्रदान करने के लिए सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों–उद्यम संवर्धन (सीआरपी–ईपी) स्कीमों, प्रशिक्षण, बाजार से जुड़ाव आदि, उद्यमियों को सभी आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए समर्पित ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) का संवर्ग शामिल है।

ब्लॉक एक कार्यान्वयन इकाई है। राज्यों को परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत करने होते हैं। एक बार अनुमोदित होने के बाद, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाती है, जिसमें चार वर्ष की परियोजना अवधि में विभिन्न क्षेत्रों आदि में आरंभ होने वाले उद्यमों की संख्या और प्रकार को इंगित किया जाता है।

आईआईई ने 24 मार्च 2022 को एसवीईपी के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एसवीईपी परियोजना के लिए आईआईई को राष्ट्रीय संसाधन संगठन (एनआरओ) के रूप में चिन्हित गया है। एनआरओ के रूप में आईआईई से चयनित ब्लॉकों में एसवीईपी का कार्यान्वयन और कार्यक्रम के विस्तार की भूमिका, दोनो आयामी भूमिकाएं निभाने की अपेक्षा की जाती है।

वित्त वर्ष 2022–23 (दिसंबर, 2022) के दौरान निम्नलिखित प्रमुख कार्यकलाप किए गए:

- आठ राज्यों (अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा) के 32 प्रतिभागियों के साथ आईआईई में एसवीईपी–बीपीएम प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण किया गया।
- पश्चिम बंगाल राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (डब्ल्यूबीएसआरएलएम) के चार पूर्ण एसवीईपी ब्लॉकों का अंतिम अवधि मूल्यांकन अध्ययन पूरा किया गया।
- डब्ल्यूबीएसआरएलएम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद 24/11/2022 को चार नए ब्लॉकों के लिए परामर्श सहायता को अंतिम रूप दिया गया।
- राजीविका (आरजीएवीपी) से साझेदारी प्रस्ताव प्राप्त हुआ। एसवीईपी के लिए अतिरिक्त दस ब्लॉक प्रस्तावित किए गए हैं।

10. जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) और पूर्वोत्तर क्षेत्र के समूह कारीगरों के लाभार्थियों को क्षमता–निर्माण और सहायता के माध्यम से उद्यमशीलता प्रोत्साहन

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा "जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) और पूर्वोत्तर क्षेत्र के समूह कारीगरों के लाभार्थियों को क्षमता–निर्माण और हैंडहोल्डिंग सहायता के माध्यम से उद्यमशीलता प्रोत्साहन" पर परियोजना को 12 मार्च, 2020 को मंजूरी दी गई थी। पूर्वोत्तर क्षेत्र में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए अनुमानित अंतराल और आवश्यकताओं के अनुसार, आईआईई ने कुल 67 क्षमता–निर्माण प्रशिक्षण जैसे प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी), उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम (ईडीपी), वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम (एफएलपी) और 1934 लाभार्थियों को शामिल करने वाले जन शिक्षण संस्थान और पूर्वोत्तर क्षेत्र के समूह कारीगरों के लाभार्थियों के लिए हैंडहोल्डिंग और व्ययसाय सुविधा सहायता कार्यक्रम आयोजित किए हैं। परियोजना स्थल असम, मणिपुर, मेघालय, नगालैंड और त्रिपुरा हैं।

दिसंबर, 2022 तक आईआईई ने पूर्वोत्तर के समूह कारीगरों के लिए एक ईडीपी और पूर्वोत्तर के 596 जेएसएस लाभार्थियों और समूह कारीगरों को शामिल करते हुए उद्यम उन्नलयन और विकास के लिए हैंडहोल्डिंग सहायता कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

11. हाई–टेक मिनी प्लग नर्सरी जैव–उद्यम के लिए असम, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) परियोजना

इस बहु–संस्थागत परियोजना को 1 अक्तूबर, 2021 को "हाई टेक मिनी प्लग नर्सरी और पारंपरिक साधनों और जैव–उद्यम का संवर्धन" के माध्यम से उपजी स्वदेशी और वाणिज्यिक सब्जियों के गुणवत्ता वाले बीज और अंकुर का प्रावधान करके आजीविका सुरक्षा के लिए असम, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में उत्प्रेरक पूरक ओलेरीकल्चर" शीर्षक से स्वीकृत किया गया था। इस परियोजना का प्रायोजक जैव प्रौद्योगिकी विभाग (पूर्वोत्तर–बीपीएमसी), विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार है। भारत की जैव उद्यमशीलता आधारित बीज गतिविधि पर ईडीपी/एमडीपी/ईएसडीपी के लिए प्रशिक्षण नियमावली तैयार करने के साथ–साथ बीज श्रृंखला आधारित जैव–उद्यमशीलता कार्यकलापों की मांग और आपूर्ति की स्थिति तक पहुंच के लिए बाजार स्कैनिंग प्रक्रियाधीन है।

12. किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का गठन और संवर्धन

10,000 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के गठन और प्रचार के लिए केंद्रीय क्षेत्र स्कीम के तहत 6 जुलाई, 2021 को एफपीओ परियोजना के आरंभ और प्रचार को लघु किसान कृषि व्यवसाय संघ (एसएफएसी), कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया था। एसएफएसी ने हमें असम राज्य में दस एफपीओ स्थापित करने के लिए आबंटित किए हैं, जहां सभी किसान उत्पादक कंपनियां (एफपीसी) कंपनी अधिनियम के भाग प्प्ए के तहत पंजीकृत हैं। इस परियोजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम, बुनियादी सर्वेक्षण, किसान जुटाव, शेयरधारक चयन, शेयर निधि संग्रह और व्यवसाय योजना तैयार करने से संबंधित कार्य चल रहे हैं।

13. एससी–एसटी हब परियोजना (तीसरा चरण)

एससी–एसटी हब अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लिए सहायक ईकोसिस्टम विकसित करने की दिशा में लक्षित भारत सरकार की एक पहल है। आईआईई सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), भारत सरकार की राष्ट्रीय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति हब (एनएसएसएच) स्कीम के तहत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के इच्छुक/नवोदित उद्यमियों के विकास के लिए व्यापक आवासीय क्षमता–निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम की श्रृंखला आयोजित कर रहा है। परियोजना को 5 जुलाई, 2022 को मंजूरी दी गई थी और एनएसएसएच ने 125 एससी–एसटी उद्यमियों को शामिल करते हुए पांच ऑफलाइन बैच (बैच आकार –25) आयोजित करने की मंजूरी दे दी है। दिसंबर, 2022 तक लाभार्थियों को शामिल करते हुए तीन बैच (सेरीकल्चरिस्ट, जकार्ड वीवर–हैंडलूम और मधुमक्खी पालन) सफलतापूर्वक आयोजित किए गए हैं।

14. पवित्र नगरों (बोधगया, कोल्लूर और पुरी) में उद्यमशीलता विकास पर प्रायोगिक परियोजना

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार बोधगया, हरिद्वार, कोल्लूर, पंढरपुर, पुरी और वाराणसी जैसे छह मंदिर नगरों में उद्यमशीलता संवर्धन और सूक्ष्म और लघु व्यवसायों की सलाह पर प्रायोगिक परियोजना का कार्यान्वयन कर रहा है। आईआईई इस परियोजना को तीन पवित्र नगरों यानी बोध गया, कोल्लूर और पुरी में कार्यान्वित कर रहा है।

परियोजना का उद्देश्य मौजूदा आजीविका कार्यकलापों को फिर से शुरू करने और/या मौजूदा उद्यम को बढ़ाने के लिए सहयोग देकर चुनिंदा नगरों के सूक्ष्म और लघु व्यवसायों/उद्यमों के उद्यमशीलता कार्यों, उद्यमशीलता संवर्धन और परामर्श को बढ़ाना है।

इस परियोजना के तहत दिसंबर, 2022 तक किए गए कार्यकलाप

1. **जागरूकता कार्यक्रमः**
   - बोधगया में 16 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए और इसमें लगभग 468 लाभार्थी शामिल हुए।
   - कोल्लूर में नौ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए और इसमें लगभग 400 लाभार्थी शामिल हुए।
   - पुरी में 27 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए और लगभग 648 लाभार्थी शामिल हुए।
2. **उद्यमशीलता सह कौशल विकास कार्यक्रमः**
   - बोधगया में, इस परियोजना के तहत 437 लाभार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिनमें से 309 महिला लाभार्थी हैं (35 ईडीपी और 5 ईएसडीपी आयोजित किए गए)।

- कोल्लूर में, इस परियोजना के तहत 125 लाभार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिनमें से 117 महिला लाभार्थी हैं (9 ईएसडीपी आयोजित किए गए)।
- पुरी में इस परियोजना के तहत 1002 लाभार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिनमें से 402 महिला लाभार्थी हैं (42 ईडीपी और 8 ईएसडीपी आयोजित किए गए)।

3. **ऋण सहयोगः**

- बोधगया में 214 लाभार्थियों को ऋण सहयोग मिला है और 186 स्व–वित्तपोषित उद्यम विकसित किए गए हैं।
- कोल्लूर में, 94 लाभार्थियों ने ऋण सहयोग प्राप्त किया और 22 स्व–वित्तपोषित उद्यम विकसित किए गए हैं।
- पुरी में, 452 लाभार्थियों को ऋण सहयोग प्राप्त हुआ और 158 स्व–वित्तपोषित उद्यम विकसित किए गए हैं।

15. सूक्ष्म लघु उद्यम – समूह विकास कार्यक्रम (एमएसई–सीडीपी)

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), भारत सरकार (जीओआई) के तहत सूक्ष्म लघु उद्यम – समूह विकास कार्यक्रम (एमएसई–सीडीपी) समूह इकाइयों, क्षमता–निर्माण, उद्यमों के प्रौद्योगिकी उन्नयन, बेहतर ऋण प्रदेयता और उनके समूहों के परामर्श से किए गए नैदानिक अध्ययन के आधार पर विपणन सहायता, जन सुविधा केंद्र (सीएफसी) आदि की स्थापना के उपायों की परिकल्पना करता है। आईआईई, गुवाहाटी विकास आयुक्त सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (डीसीएमएसएमई), भारत सरकार के तत्वावधान में आईआईई के क्षेत्रीय संसाधन केंद्र (आरआरसी) के माध्यम से पूरे पूर्वोत्तर में वुड कारपेंटरी क्लस्टर, चुराचांदपुर, मणिपुर, ग्रेटर इंफाल ज्वेलरी क्लस्टर, मणिपुर, काजू नट प्रोसेसिंग क्लस्टर, वेस्ट गारो हिल्स, मेघालय, ओखरे कार्पेट मेकिंग क्लस्टर, वेस्ट सिक्किम, सिक्किम, बक्तौंग वुड कारपेंट्री क्लस्टर, मिजोरम, काकोपाथर बांस की अगरबत्ती बनाने वाला क्लस्टर, तिनसुकिया, असम में विभिन्न क्लस्टर विकास कार्यकलापों का कार्यान्वयन कर रहा है। वर्तमान में आईआईई पूर्वोत्तर क्षेत्र में एमएसई–सीडीपी स्कीम के तहत छह क्ललस्टकरों को कार्यान्वित कर रहा है। सभी क्लकस्टमर जन सुविधा केंद्र (सीएफसी) के निर्माण के चरण में हैं, जिनमें से तीन सीएफसी पूर्ण हो चुके हैं।

16. केयर गिविंग प्रोजेक्ट

केयर गिविंग प्रोजेक्ट पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) द्वारा प्रायोजित है और वयोवृद्ध स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए भारतीय उद्यमशीलता संस्थान (आईआईई) गुवाहाटी द्वारा मानीटरिंग की जाती है। एनईसी ऐसा ईकोसिस्टम तैयार करना चाहती है जहां सभी लोग सहजता से वयोवृद्ध हो सकें और गरिघ्मामय जीवनयापन कर सकें। यह बुजुर्गों के कल्याण, सुरक्षा और देखभाल प्रदान करने को प्रतिबद्ध है। इस परियोजना का उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) पर विशेष ध्यान देने के साथ देश की वयोवृद्ध आबादी को गुणवत्तापूर्ण देखभाल सेवाओं प्रदान करने में औपचारिक संस्थागत स्वास्थ्य प्रणाली और अनौपचारिक देखभाल के बीच की खाई को पाटना है। इस स्कीम को पूर्वोत्तर में बढ़ती उम्र वाली आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए उपयुक्त विशेषज्ञता रखने वाली देखभाल सुविधा प्रदान करने वाली एजेंसियों द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा।

असम, मेघालय, मिजोरम और नगालैंड के चार देखभाल प्रदाता केंद्रों ने अपने क्षेत्र के पहले बैच के लिए प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया है। इन चार केंद्रों के कुल 110 से अधिक उम्मीदवारों को इस परियोजना के पाठ्यक्रम और इसके अलावा गृह स्वास्थ्य देखभाल और जराचिकित्सा देखभाल के क्षेत्र में उद्योग के विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए गए विशेष विषयों के तहत भी प्रशिक्षित किया गया, जिसे एनएसक्यूएफ के पाठ्यक्रम के अनुसार तैयार किया गया था। बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल मानकों के अनुसार और परियोजना परामर्शदाता द्वारा तैयार की गई प्रश्नावली के आधार पर केंद्र में वास्तविक रूप से आकलन किया गया था। अन्य चार केंद्र जनवरी, 2023 में अपना दूसरा बैच पूर्ण करने के अंतिम चरण में हैं।

17. प्रधानमंत्री वन धन योजना (पीएमवीडीवाई)

प्रधान मंत्री वन धन योजना (पीएमवीडीवाई जनजातीय कार्य मंत्रालय मंत्रालय, भारत सरकार का प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका 5 नवंबर, 2019 को असम में शुभारंभ किया गया था और राज्य में नोडल एजेंसी के रूप में जनजातीय कार्य विभाग और भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ (ट्राइफेड) प्रायोजक एजेंसी के साथ मिलकर असम प्लेन ट्राइब्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एपीटीडीसी) द्वारा कार्यान्वयन किया जा रहा है। कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा राज्य में स्कीम का प्रभावी और कुशल कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए संसाधन एजेंसी के रूप भारतीय उद्यमशीलता संस्थान (आईआईई) का चयन किया गया है।

इस स्कीम का उद्देश्य लघु वन उपज (एमएफपी) के मूल्यवर्धन के माध्यम से और उत्पादों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) प्रदान करके स्थायी आजीविका के लिए सक्षम बनाकर राज्य के जनजातीय समुदायों की आजीविका का उत्थान करना है। इस उद्देश्य के लिए, स्व–सहायता समूहों (एसएचजी) से संबंधित जनजातीय लाभार्थियों की पहचान बेसलाइन–सर्वेक्षण के माध्यम से की जाती है और निकटवर्ती क्षेत्रों में एसएचजी को वन धन विकास केंद्र क्लस्टर (वीडीवीकेसी) बनाने के लिए पंजीकृत किया जाता है, जिसमें कुल मिलाकर लगभग 300 लाभार्थी होते हैं।

विभिन्न वीडीवीकेसी से क्रय किए गए मूल्य वर्धित उत्पादों को विशेष ब्रांड–नाम "त्रिसम" के तहत बेचा जाता है। इस ब्रांड के तहत कुल 190 से अधिक मूल्य वर्धित उत्पादों का विपणन और बिक्री की जाती है।

18. कोहिमा, नगालैंड में उद्यमशीलता विकास केंद्र (ईडीसी) की स्थापना

भारतीय उद्यमशीलता संस्थान (आईआईई) ने नगालैंड में एक उद्यमशीलता विकास केंद्र (ईडीसी) स्थापित करने की परियोजना के लिए जनवरी, 2022 में नगालैंड सरकार के रोजगार कौशल विकास और उद्यमशीलता निदेशालय (डीईएसडीई) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। ईडीसी 18 अक्तूबर 2022 से पूर्ण और कार्यात्मक हो गया है। नगालैंड में दो जागरूकता और आउटरीच कार्यक्रमों के अलावा हितधारकों की बैठक आयोजित की गई थी। 19 लाभार्थियों के लिए आईआईई परिसर में प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

19. पारंपरिक उद्योगों के पुनः उत्थान के लिए कोष स्कीम (स्फूर्ति)

आईआईई गुवाहाटी स्फूर्ती के लिए एक नोडल एजेंसी के रूप में काम कर रहा है, जो एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक केंद्रीय क्षेत्र की प्रमुख स्कीम है। अब तक 60 क्लस्टर स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से सात क्लस्टर बांस शिल्प में कार्यरत हैं, एक पीतल धातु आधारित है, एक शहद के लिए, तीन क्लस्टर खादी के लिए, 24 क्लस्टर मुख्य रूप से खाद्य पदार्थ, फल, मसाले और कृषि प्रसंस्करण कार्यों और 24 क्लस्टरों में हथकरघा और हस्तशिल्प दोनों ही कार्यकलाप हैं। ये 60 क्लस्टर भारत के उत्तरी, पूर्वी और पूर्वोत्तर क्षेत्र में फैले हुए हैं। 60 क्लस्टरों में से नौ क्लस्टरों को पहले ही अंतरराष्ट्रीय खरीदार पूछताछ सहित निर्यात ऑर्डर मिल चुके हैं।

20. युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा प्रायोजित पूर्वोत्तर क्षेत्र के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों के लिए अभिविन्यास पाठ्यक्रम

एक सूचीबद्ध संस्थान के रूप में, आईआईई ने 4 अगस्त, 2022 से 28 सितंबर, 2022 के बीच पूर्वोत्तर क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों के 243 एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों के लिए सात उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। मुख्य ध्यान संबंधित एनएसएस अधिकारियों को समाज के उत्थान के लिए समाज सेवा के महत्व पर जागरूकता लाने, नेतृत्व गुणों और लोकतांत्रिक दृष्टिकोण को प्राप्त करने में सहायता करने पर था।

अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनएसएस, जीवन कौशल, भागीदारीपूर्ण ग्रामीण मूल्यांकन, युवाओं को समझने, गांव गोद लेने की प्रक्रिया, अपशिष्ट प्रबंधन, उच्च शिक्षा परिदृश्य के संदर्भ में आवश्यकता आधारित कौशल शिक्षा, योग आदि के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया, जिसमें गांव का एक दिन का क्षेत्र दौरा भी शामिल है। इन सत्रों को चलाने के लिए अनुभवी और विशेषज्ञ संसाधन व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया था।

21. सहभागिता

- पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में उद्यमशीलता ईकोसिस्टम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, भारतीय उद्यमशीलता संस्थान (आईआईई), गुवाहाटी ने पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में उद्यमशीलता ईकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्रबंधन संस्थान शिलांग (आईआईएमएस) के पोषक और उद्यम सहायता केंद्र के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।
- भारतीय उद्यमशीलता संस्थान (आईआईई) ने 1 सितंबर, 2022 को इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जो शीर्ष क्रम का वैश्विक बिजनेस स्कूल है, जो युवाओं,

नौकरी चाहने वालों और नवोदित उद्यमियों के लिए लक्षित उद्यमशीलता कार्यक्रमों के माध्यम से विश्व स्तर की प्रबंधन शिक्षा प्रदान करता है।

- पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में सौंदर्य और कल्याण उद्योग में कौशल विकसित करने और कौशल प्रदान करने के लिए उद्यमशीलता ईकोसिस्टम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय उद्यमशीलता संस्थान (आईआईई), गुवाहाटी में "उत्कृष्टता केंद्र" विकसित करने के लिए सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र कौशल परिषद (बी एंड डब्ल्यूएसएससी) के साथ 07 अक्तूबर, 2022 को एक समझौता ज्ञापन एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

4.8 राष्ट्रीय अनुदेशात्मक मीडिया संस्थान (निमी)

4.8.1 प्रस्तावना

राष्ट्रीय अनुदेशात्मक मीडिया संस्थान (निमी) जिसे पहले केंद्रीय अनुदेशात्मक मीडिया संस्थान (सिमी) के रूप में जाना जाता था, की स्थापना निष्पादन एजेंसी के रूप में जर्मन संघीय गणराज्य जीटीजेड (तकनीकी सहयोग के लिए जर्मन एजेंसी) के माध्यम से, दिसंबर 1986 में भारत सरकार द्वारा रोजगार और प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीई एवं टी), श्रम और रोजगार मंत्रालय की सहायता से अधीनस्थ कार्यालय के रूप में की गई थी। 1 अप्रैल 1999 को अपनी स्वायत्त स्थिति प्राप्त करने के बाद, निमी, प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी), कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई), भारत सरकार, नई दिल्ली के तहत स्वायत्त संस्थान के रूप में कार्यरत है। यह संस्थानों की विस्तृत श्रृंखला विशेष रूप से आईटीआई और अनेक कौशल विकास संस्थानों के लिए व्यावसायिक इकोसिस्टम के लिए सामग्री/अनुदेशात्मक सामग्री प्रदान करने वाले प्रमुख संस्थानों में से एक है। इसके अलावा, अगम्य लोगों तक पहुँचने के लिए, निमी कुशल भारत पोर्टल के माध्यम से अपनी ई–सामग्री भी प्रदान करता है, जो प्रशिक्षु को निःशुल्क डाउनलोड के प्रावधान से आसानी से उपलब्ध कराई जाती है। निमी विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए आकलन के लिए डिजिटल सामग्री, प्रश्न बैंकों सहित अनुदेशात्मक मीडिया पैकेज (आईएमजी) के विकास के लिए नोडल संगठन है। प्रशिक्षुओं की आवश्यकता और समझ के स्तर के गहन मूल्यांकन के आधार पर, निमी डीजीटी द्वारा प्रदान किए गए पाठ्यक्रम के आधार पर व्यावसायिक अर्हता के लिए अपनी सामग्री तैयार करता है।

निमी दीर्घ और अल्पावधि के पाठ्यक्रमों के लिए अनुदेशात्मक मीडिया को डिजाइन, विकसित, उत्पादन और प्रसार करने के लिए सुविधाओं, अवसंरचना और दक्षताओं से संबंधित सेवाएं भी प्रदान करता है। अभ्यास में आसानी के लिए, निमी द्वारा निष्पादन आकलन विश्लेषण सहित मॉक टेस्ट एप्लिकेशन तैयार किया गया था और इसके प्रमुख कार्यकलापों में से एक पर विचार किया जा सकता है। अनुदेशात्मक मीडिया पैकेज (आईएमपी) के विकास के अलावा, निमी को प्रश्न बैंक (क्यूबी), हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में सामग्री/क्यूबी का अनुवाद तैयार करने और आधुनिक शिक्षार्थियों की सुविधा के लिए तेजी से

बढ़ती तकनीक के साथ गति से जनता तक पहुंचने के लिए ई–सामग्री तैयार करने और इसकी वृद्धि करने के लिए भी अनिवार्य किया गया है।

4.8.2 विजन

निमी का विजन डिजिटल सामग्री सहित अनुदेशात्मक मीडिया पैकेजों के लिए एक नोडल संगठन के रूप में व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण में वैश्विक बेंचमार्क को स्केल करने और हमारे देश के संपूर्ण कौशल इकोसिस्टम के लिए उपलब्धता सुनिश्चित करने और वैश्विक फुटप्रिंट तैयार करना है। निमी प्रशिक्षुओं के लिए अनुभवात्मक शिक्षा का माहौल बनाने के लिए विभिन्न ट्रेडों के लिए वीआर और एआर आधारित सामग्री तैयार करने के लिए भी प्रयास कर रहा है।

जनसांख्यिकीय लाभांश का उपयोग करने की देश की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए निमी ज्ञान प्रसार, उद्योग 4.0 के लिए प्रासंगिक सामग्री के लिए नवीन तकनीकों में प्रवेश कर रहा है, निमी अपने सामग्री विकास में मिश्रित शिक्षण तकनीकों को शामिल करके प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षकों के लिए ई–लर्निंग सामग्री और नियमित सामग्री ढांचे में क्यूआर, (2डी और 3डी मॉडल) को शामिल करके कौशल इकोसिस्टम के तहत प्रशिक्षण तंत्र को सुधारने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है। विविध जन समुदाय की मांग को समझकर और देश के दूर–दराज के क्षेत्रों से कौशल–आधारित आवश्यकता को पूरा करने के लिए, निमी प्रशिक्षुओं की बेहतर समझ और ज्ञान प्रसार के लिए हिंदी के अलावा विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में भी अपनी सामग्री तैयार करता है।

4.8.3 प्रमुख कार्यकलाप

निमी का प्रमुख कार्य 13 क्षेत्रीय भाषाओं में शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम (सीटीएस) और शिल्प प्रशिक्षक प्रशिक्षण स्कीम (सीआईटीएस) के परिशोधित पाठ्यक्रम के लिए पुस्तकें तैयार करना है।

निमी अंग्रेजी भाषा में 76 ट्रेडों के लिए अनुदेशात्मक सामग्री पैकेज (आईएमपी) तैयार कर रहा है और भारत कुशल पोर्टल में सॉफ्ट कॉपी में लगभग 152 पुस्तकें प्रकाशित हो रही हैं। इंजीनियरिंग ड्रॉइंग, कर्म शाला साइंस और कैलकुलेशन एवं एम्प्लॉयबिलिटी स्किल बुक्स जैसे संबद्ध विषयों को भी लगभग 102 पुस्तकों के रूप में अंग्रेजी और तमिल में विभिन्न समूहों के लिए तैयार किया गया है।

उपरोक्त सभी ट्रेड की पुस्तकें अनेक भारतीय भाषाओं जैसे हिंदी, तमिल, मराठी, गुजराती, उड़िया, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, पंजाबी, बंगाली, उर्दू और असमिया में अनुदित हैं।

4.8.4 नॉन–कोर कार्यकलाप

मुख्य कार्यकलापों के अलावा, निमी ने कौशलीकरण इकोसिस्टम को बढ़ाने वाले विभिन्न कार्यकलापों में भाग लिया।

- आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अर्जन और ज्ञान जागरूकता (संकल्प) और महात्मा गांधी राष्ट्रीय अध्येता (एमजीएनएफ) कार्यक्रम–
- कार्यान्वयन निकाय के रूप में राष्ट्रीय अनुदेशात्मक मीडिया संस्थान (निमी) एमएसडीई और शैक्षणिक भागीदार के परामर्श से अध्येता कार्यक्रम के उचित कार्यान्वयन के लिए एमजीएनएफ अध्येता के यात्रा और अन्य वित्त सहित मानव संसाधन दायित्व संभाल रहा है, मासिक उपस्थिति के आधार पर अध्येताओं को भुगतान का प्रबंधन करता है और यात्रा व्यवस्था के लिए शैक्षणिक संस्थान के साथ समन्वय के लिए भी उत्तरदायी है और अध्येता के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक आपूर्ति और प्रशासनिक सहायता और किसी भी अन्य कार्य/कार्यों के प्रावधान की सुविधा प्रदान करता है। नई दिल्ली और चेन्नई स्थित एमएसडीई के तहत संकल्प परियोजना के तहत पीएमयू दल अध्येता की शिकायतों का निवारण करेगा और अध्येतावृत्ति के दौरान अध्येता के सम्मुख आए किसी भी मामले पर परामर्श प्रदान करेगा।
- औद्योगिक मूल्य संवर्धन के लिए कौशल सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव)– निमी को 05 लोकप्रिय ट्रेडों के लिए डिजिटल सामग्री तैयार करने का कार्य सौंपा गया है और तदनुसार कार्य प्रगति पर है।
- शिक्षुता प्रशिक्षण कार्यान्वयन– एमएसडीई ने नियोजित कार्यशालाओं के लिए सभी भुगतानों के निपटान के लिए

निमी को नोडल एजेंसी के रूप में निर्धारित किया है। निमी के समन्वय में कार्यक्रम के अनुसार पाँच कार्यशालाएँ/सेमिनार आयोजित किए गए हैं। उपरोक्त कार्यशालाओं के अनुरूप, शिक्षुता के तहत देश भर में पहुँच और पक्षपोषण कार्यकलापों के रूप में 250 और कार्यशालाएँ आयोजित करने का प्रस्ताव है। ये कार्यशालाएं जिला स्तर पर आरडीएसडीई और राज्य द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की जाएंगी।

- आईटीआई संबद्धता, प्रशिक्षक प्रवेश, अल्पावधि पाठ्यक्रम के लिए वेब पोर्टल।
- मॉक टेस्ट, ऑनलाइन परीक्षा, संबद्धता के लिए मोबाइल एप्लीकेशन
- विभिन्न कार्यकलापों के लिए डीजीटी को सभी प्रकार की सहायता प्रदान करना
- विभिन्न अर्हताओं पर सामग्री तैयार करने के लिए एसएससी, इग्नू, सीएफटीआई, एनटीटीएफ और अन्य के साथ सहकार्यता का पता लगाना
- डीजीटी और निजी संगठनों के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी)।

4.9 केंद्रीय कर्मचारी प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (सीएसटीएआरआई), कोलकाता

केंद्रीय कर्मचारी प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (सीएसटीएआरआई) की स्थापना वर्ष 1968 में भारत सरकार, श्रम और रोजगार मंत्रालय, डीजीई एवं टी, द्वारा जर्मन संघीय गणराज्य सरकार के सहयोग से की गई थी। सीएसटीएआरआई देश के पूर्वी भाग के सबसे बड़े आईटी केंद्र, साल्ट लेक, कोलकाता में स्थित विशाल परिसर वाला प्रमुख संस्थान है। अप्रैल 2015 से सीएसटीएआरआई प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी), कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के अधीन है।

विभिन्न परिचालन कार्यकलापों को दो अलग–अलग विंगों– अर्थात् अनुसंधान और प्रशिक्षण और शिल्पकार प्रशिक्षण, शिल्प प्रशिक्षक प्रशिक्षण और अल्पावधि प्रशिक्षण तक विस्तरित, द्वारा निष्पादित किया जाता है।

अनुसंधान विंग के कार्यकलाप हैं:

- वर्तमान और भावी व्यवसायों/ट्रेड़ों के लिए, जिनमें प्रशिक्षण दिया जा सकता है व्यावसायिक प्रोफाइल की पहचान करने के उद्देश्य से कौशल विश्लेषण और पूर्वानुमान आयोजित करना।
- इस तरह के विश्लेषण के आधार पर,
  i. विभिन्न ट्रेडों के लिए ट्रेड पाठ्यक्रम को डिजाइन और तैयार करना,
  ii. संस्थानों/उद्योगों में उपयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना।
- व्यावसायिक प्रशिक्षण से संबंधित उपयुक्त विधियां, तकनीकें, प्रक्रियाएं और प्रणालियां विकसित करने के लिए अध्ययन और विश्लेषण करना।
- परिणाम–आधारित प्रारूप के अनुसार पाठ्यक्रम तैयार करना और डीजीटी की विभिन्न प्रमुख स्कीमों यानी सीटीएस, एटीएस और सीआईटीएस के लिए इसे राष्ट्रीय कौशल अर्हता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुसार श्रेणीबद्ध करना और इसे निरंतर परिशोधित करना।

प्रशिक्षण विंग के कार्यकलाप हैं:

- कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के कार्य में कार्यरत हितधारकों की क्षमता का निर्माण करना।
- आईटीआई और अन्य व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षकों के लिए शिक्षाशास्त्र पर प्रशिक्षण आयोजित करना।
- परिणाम आधारित पाठ्यक्रम के बेहतर कार्यान्वयन के लिए एनएसक्यूएफ से संबंधित प्रशिक्षण आयोजित करना। सीएसटीएआरआई के प्रशिक्षण विंग को देश भर में एनएसटीआई के मास्टर प्रशिक्षकों के लिए एनएसक्यूएफ प्रशिक्षण और भारतीय इंजीनियरिंग सेवाओं के माध्यम से भर्ती किए गए नवनियुक्त भारतीय कौशल विकास सेवा (आईएसडीएस) संवर्ग के अधिकारियों के लिए "प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम" आयोजित करने का उत्तरदायित्व सौंपा गया है।



आकृति 18, 19, 20, और 21: सीएसटीएआरआई, कोलकाता में श्री अतुल कुमार तिवारी, सचिव, कौशल विकास और उद्यमशीलता (एमएसडीई) द्वारा संबोधित बैठकें और प्रशिक्षण सत्र

किए गए कार्यकलाप

अनुसंधान/पाठ्यचर्या तैयार करना:–

तालिका 10: अनुसंधान अनुभाग द्वारा निम्नलिखित कार्यकलाप किए गए:

क्र. सं.	स्कीम / कार्यकलाप	मुख्यालय को प्रस्तुत	अभ्युक्तियां
1	नया सीटीएस पाठ्यक्रम तैयार किया गया	02+04	04 एनएसक्युसी द्वारा अनुमोदित
2	नया सीआईटीएस पाठ्यक्रम तैयार किया गया	01	एनएसक्युसी द्वारा अनुमोदित
3	नया एटीएस पाठ्यक्रम तैयार किया गया	01	एनएसक्युसी द्वारा अनुमोदित
4	सीटीएस (लचीले समझौता ज्ञापन) पाठ्यक्रम सत्यापित	11	एनएसक्युसी द्वारा अनुमोदित
5	एसटीसी तैयार किया गया	03	02 एनएसक्युसी द्वारा अनुमोदित
6	रोजगार कौशल परिशोधित पाठ्यक्रम का समन्वय	01	120 घंटे
7	सीटीएस पाठ्यक्रम का नवीनीकरण 1600 से 1200 घंटे तक / वर्ष	150	
8	शेष के लिए एनओएस तैयार करना 150 सीटीएस पाठ्यक्रम के एलओ	696	
9	सीआईटीएस पाठ्यक्रम का नवीनीकरण 1600 से 1200 घंटे तक	54	
10	सीटीएस–एटीएस ट्रेडों की मैपिंग		109 सीटीएस ट्रेड मैप किए गए
11	सीटीएस–सीआईटीएस ट्रेडों की मैपिंग		54 सीआईटीएस को 80 सीटीएस ट्रेडों में मैप किया गया
12	एटीएस सेक्शन मुख्यालय में एटीएस ट्रेडों के नवीनीकरण में भागीदारी		
13	150 सीटीएस और 54 सीआईटीएस पाठ्यक्रम हिंदी में अनुदित।		
14	ग्रामीण जल आपूर्ति प्रणाली के प्रबंधन के लिए जल जीवन अभियान की प्रगति पाठ्यक्रम तैयार किए		जारी

प्रशिक्षण विंग द्वारा किए गए कार्यकलाप:–

- नव नियुक्त आईएसडीएस अधिकारियों, 16 सहायक निदेशकों के लिए 18 सप्ताह के बुनियादी पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया।
- कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न इनहाउस प्रशिक्षण आयोजित किए और प्रशिक्षण पद्धतियों, टीओटी, प्रबंधकीय और पर्यवेक्षी विकास कार्यक्रमों पर संकाय और प्राचार्यों के अनुरोध के आधार पर परिसर से बाहर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- सीएसटीएआरआई ने मास्टर प्रशिक्षकों के लिए विभिन्न स्तरों के लिए परिशोधित पाठ्यक्रम पर रोजगार कौशल प्रशिक्षण, एनएसटीआई, एनएसटीआई (डब्ल्यू), आईटीओटी और आईटीआई को शामिल करने वाले प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी) का आयोजन किया।
- प्रशिक्षित प्रतिभागियों की कुल संख्या 635 है।

आकृति 22: आईएसडीएस अधिकारियों के फाउंडेशन प्रशिक्षण के समापन समारोह में श्री अतुल कुमार तिवारी, सचिव, कौशल विकास और उद्यमशीलता को संबोधित किया गया

की गई नई पहलें:–

- नव नियुक्त आईएसडीएस अधिकारियों, सहायक निदेशकों के लिए 18 सप्ताह के बुनियादी पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया।
- छात्रावास का नवीनीकरण।
- इनडोर और आउटडोर खेल जैसे जिम, वॉलीबॉल कोर्ट, स्नूकर बोर्ड, टेबल टेनिस, साइकिल आदि सुविधाओं का विकास।
- कक्षा कक्षों का उन्नयन।
- सीएसटीएआरआई में ई ऑफिस का कार्यान्वयन।
- 100 केवीए डीजी सेट के साथ सबस्टेशन का उन्नयन।
- प्रशिक्षण अनुभाग के लिए कैफेटेरिया का विकास।

आकृति 23, 24, 25 और 26: श्री अतुल कुमार तिवारी, सचिव, कौशल विकास और उद्यमिता सीएसटीएआरआई, कोलकाता में प्रशिक्षकों/प्रतिभागियों के लिए बनाई गई सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए

4.10 जन शिक्षण संस्थान निदेशालय

4.10.1 परिचय

शिक्षा मंत्रालय (पूर्ववर्ती एमएचआरडी) ने पत्र संख्या एफ.8–23/2017–एनएलएम.3 (भाग 1) दिनांक 11.07.2018 के माध्यम से जन शिक्षण संस्थान स्कीम को 13 स्टाफ सदस्यों के साथ प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय और जन शिक्षण संस्थान, आरके पुरम से कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय को अंतरित कर दिया गया था।

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय ने जन शिक्षण संस्थान स्कीम को कार्यान्वित करने के लिए आदेश संख्या ए–36017/2/2017–स्था. दिनांक 21 अगस्त, 2018 के द्वारा एमएसडीई के अधीनस्थ कार्यालय के रूप में जन शिक्षण संस्थान निदेशालय की स्थापना की।

जन शिक्षण संस्थान निदेशालय को निम्नलिखित कार्य सौंपे गए थेः

- जन शिक्षण संस्थान की स्कीम की निगरानी और मूल्यांकन और कार्यक्रम पदाधिकारियों का प्रशिक्षण।
- नीति निर्माण के लिए तकनीकी जानकारी के साथ–साथ इसके कार्यान्वयन के लिए मंत्रालय की और से कार्यपालक दिशानिर्देश देना।
- डीजेएसएस को आवंटित विषयों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर सहित संसद के मामले।
- अन्य सभी मामले जो अन्यथा एमएसडीई को नहीं सौंपे गए हैं।

जन शिक्षण संस्थान निदेशालय के उत्तरदायित्व

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय ने कार्यालय आदेश संख्या एफ़.3/1/2019–जेएसएस (एमएसडीई) दिनांक 10 जुलाई 2019 द्वारा डीजेएसएस को निम्नलिखित उत्तरदायित्व सौंपेः

- ✓ जेएसएस की वार्षिक कार्य योजना का अनुमोदन
- ✓ जेएसएस को अनुदान जारी करने की सिफारिश
- ✓ जेएसएस को तकनीकी संसाधन सहायता सेवाओं की सुविधा और समन्वय करना
- ✓ समय–समय पर यात्राओं के माध्यम से जेएसएस की प्रगति का पर्यवेक्षण और निगरानी
- ✓ जेएसएस के कार्यक्रम/प्रशासनिक कर्मचारियों का प्रशिक्षण और उन्मुखीकरण
- ✓ मास्टर ट्रेनर्स का पूल बनाना
- ✓ समाशोधन गृह सेवाएं
- ✓ प्रबंधन बोर्ड/कार्यकारी समिति के सदस्यों और कार्यक्रम/प्रशासनिक कर्मचारियों को मार्गदर्शन प्रदान करना
- ✓ अर्धवार्षिक/वार्षिक समीक्षा बैठकें आयोजित करना
- ✓ पाठ्यक्रम पाठ्यचर्या तैयार करना
- ✓ जेएसएस के आजीविका प्रकोष्ठों की निगरानी
- ✓ कौशल विकास के क्षेत्र में अन्य हितधारकों के साथ सहयोग और समन्वय करना
- ✓ नए जेएसएस का संचालन
- ✓ जेएसएस पोर्टल से संबंधित मामले, अर्थात इसका आवधिक अद्यतनीकरण, रखरखाव, आदि।
- ✓ प्रचार और मीडिया

- ✓ राष्ट्रीय स्तर की बैठकों/कार्यशालाओं/संगोष्ठियों का आयोजन
- ✓ स्कीम के उद्देश्यों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कार्यकलाप
- ✓ जेएसएस के प्रबंधन बोर्ड के प्रस्तावों का सूक्ष्म परीक्षण
- ✓ जन शिकायत पोर्टल पर शिकायतें
- ✓ कार्यात्मक मामलों पर जेएसएस के संबंध में आरटीआई मामले
- ✓ जेएसएस के कार्यात्मक मामलों पर अदालती मामलों पर इनपुट प्रदान करना
- ✓ जेएसएस स्कीम के प्रचार/कार्यान्वयन या उससे संबंधित मामले के लिए निदेशालय को सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

I. जनवरी 2022 से मार्च 2022 तक किए गए कार्यकलाप

1. कौशल केंद्र पहल की हैंड होल्डिंग और मॉनिटरिंग – जेएसएस

पीएमकेवीवाई के तहत कौशल केंद्र पहल (एसएचआई) का उद्देश्य साझा बुनियादी ढांचे का निर्माण करना, स्थानीय अर्थव्यवस्था की जरूरतों के अनुसार कार्यनीतिक संतुलन और व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए सभी लक्षित क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करना है। कौशल केंद्र पहल के प्रायोगिक चरण में, देश भर में 50 जन शिक्षण संस्थानों की पहचान की गई और उन्हें अतिरिक्त कौशल लक्ष्य प्रदान किया गया।

कौशल केंद्र पहल के तहत 50 चयनित जेएसएस के तकनीकी पहलुओं और मामलों का समाधान करने के लिए जेएसएस और एनएसडीसी निदेशालय द्वारा अनेक हैंडहोल्डिंग बैठकें आयोजित की गईं। दिनांक 5.7.2022 तक, 47 जन शिक्षण संस्थानों ने 154 बैचों में 4,615 लाभार्थियों का नामांकन किया गया। जेएसएस ने कौशल केंद्र पहल के प्रयोगिक चरण को सफलतापूर्वक कार्यान्वयन किया गया।

आकृति 27 और 28: प्रशिक्षण सत्र

2. जेएसएस द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन

प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है ताकि भारत में बालिकाओं के साथ होने वाली असमानताओं, बालिकाओं के मौलिक अधिकारों और महिला पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके।

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत, जन शिक्षण संस्थान ने 24 जनवरी, 2022 को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया। इसमें देश भर की लगभग 25,000 महिलाओं ने भाग लिया। जेएसएस ने इस अवसर पर रंगोली बनाना, सेल्फी विद डॉटर, प्रमाण–पत्र वितरण, सांस्कृतिक और जागरूकता कार्यकलापों आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।

Selfie with daughter

जन शिक्षण संस्थान ने गांव जलमाना में मनाया बालिका दिवस

3. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

8 मार्च, 2022 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एमएसडीई द्वारा एक वेबिनार आयोजित किया गया। जेएसएस की तीन महिला लाभार्थियों ने भी वेबिनार में भाग लिया। इस अवसर को महिलाओं और उनकी प्रेरक कहानियों, उपलब्धियों और महिलाओं द्वारा निभाई गई भूमिकाओं में उत्कृष्टता का उत्सव मनाने के लिए "ब्रेक द बायस" अभियान के साथ चिह्नित किया गया था। जेएसएस की निम्नलिखित तीन महिला लाभार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया:

1. सुश्री रानी केवट, विद्युत तकनीशियन, जेएसएस सरगुजा, छत्तीसगढ़
2. सुश्री सबा बानो जावेद खान पठान, टैक्सी ड्राइवर, जेएसएस धुले, महाराष्ट्र
3. श्रीमती शैलजा अय्यप्पन, प्लंबर, जेएसएस त्रिशूर, केरल

श्रीमती शैलजा अय्यपन की "ब्रेक द बायस" कहानी, जिन्होंने जेएसएस त्रिशूर से प्लंबिंग ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त किया और सफलतापूर्वक "प्लंबर" (एक पुरुष प्रधान क्षेत्र) के रूप में काम करने को कौशल इकोसिस्टम की अन्य कहानियों के साथ कार्यक्रम में वेबकास्ट किया गया।

जेएसएस स्तर पर आयोजित कार्यक्रम

इसके अलावा, जन शिक्षण संस्थानों ने महिलाओं के योगदान को स्वीकार करने के लिए देश भर में प्रक्रिया से संबंधित अपने क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। जेएसएस द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में माननीय संसद सदस्य, स्थानीय विधायक और जिला प्रशासन के अधिकारी मुख्य अतिथि थे। कुछ जेएसएस ने अपने जिलों के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के सहयोग से महिला दिवस मनाया। अखिल भारतीय कार्यक्रम में 20,000 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया।

महिला दिवस पर आयोजित प्रमुख कार्यकलाप:

1. महिला लाभार्थियों का अभिनंदन
2. जेएसएस द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी
3. प्रमाण–पत्र वितरण
4. रंगोली प्रतियोगिताएं
5. महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान और वार्ताएं

जेएसएस के कार्यक्रमों को स्थानीय समाचार पत्रों, टीवी चैनलों और सोशल मीडिया ने प्रसारित किया।

4. डिजिटल प्रौद्योगिकी सभा पुरस्कार 2022

जेएसएस के एमआईएस पोर्टल को 22.02.2022 को 'एंटरप्राइज एप्लीकेशन' श्रेणी के तहत एक्सप्रेस ग्रुप द्वारा 'डिजिटल प्रौद्योगिकी सभा पुरस्कार 2022' से सम्मानित किया गया।

5. वर्ष 2021–22 के दौरान जेएसएस द्वारा प्रशिक्षित लाभार्थी

(i) शामिल लाभार्थी

वर्ष	लक्ष्य	नामांकित	प्रशिक्षित	आकलित	प्रमाणित
2021–22	4,76,180	4,62,059	4,61,996	4,57,649	4,54,696

(ii) जेंडर–वार कवरेज

नामांकित				आकलित			
पुरुष	महिला	ट्रांस जेंडर	योग	पुरुष	महिला	ट्रांस जेंडर	योग
76,573	3,85,287	199	4,62,059	75,393	3,82,057	199	4,57,649

(iii) प्रशिक्षित लाभार्थियों की सामाजिक स्थिति

एससी	एसटी	ओबीसी	अल्पसंख्यक	अन्य	योग
1,22,294	61,265	1,63,429	44,283	70,725	4,61,996
26.47%	13.26%	35.37%	9.59%	15.31%	



ii. अप्रैल 2022 से दिसंबर 2022 तक किए गए कार्यकलाप

1. जेएसएस स्कीम के लिए अर्हता पैक का विकास

जेएसएस स्कीम के लिए अलग एनएसक्यूएफ अनुरूप जॉब रोल विकसित करने का निर्णय लिया गया है। तदनुसार, जन शिक्षण संस्थान निदेशालय ने जेएसएस के चयनित निदेशकों और संसाधन व्यक्तियों के साथ बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित करके जेएसएस स्कीम के लिए उपयुक्त जॉब रोलों की पहचान की है।

जन शिक्षण संस्थान निदेशालय, एमएसडीई, भारत सरकार ने 25–27 अप्रैल, 2022 को नई दिल्ली में जेएसएस के चयनित निदेशकों और संसाधन व्यक्तियों के लिए 'एनएसक्यूएफ अर्हता फाइलें/जेएसएस स्कीम के लिए आदर्श पाठ्यक्रम' तैयार करने के लिए 3 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। 18–20 मई, 2022 को नई दिल्ली में दिल्ली के जेएसएस के निदेशकों, आईटीआई के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्यों और पाठ्यक्रम के विकास के क्षेत्र में विशेषज्ञों के साथ एक अन्य कार्यशाला भी आयोजित की गई।

राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) की राष्ट्रीय कौशल अर्हता समिति (एनएसक्यूसी) ने 28 अप्रैल और 30 जून 2022 को आयोजित बैठकों में जेएसएस निदेशालय द्वारा विकसित 15 क्यूपी को मंजूरी दी। वित्त वर्ष 2022–23 से इन जॉब रोलों के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

2. जेएसएस निदेशालय को आकलन एजेंसी (एए) और अवार्डिंग निकाय (एबी) के रूप में मान्यता देना

जेएसएस निदेशालय को जून–2022 में एनसीवीईटी द्वारा जेएसएस स्कीम के लिए दोहरी श्रेणी के तहत आकलन एजेंसी और अवार्डिंग निकाय के रूप में सिद्धांत रूप में मान्यता दी गई है। जेएसएस लाभार्थियों का आकलन डीजेएसएस द्वारा आकलनकर्ताओं के पूल के माध्यम से किया जाएगा।

3. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–2022 का आयोजनः

21 जून को पूरे देश में जन शिक्षण संस्थानों (जेएसएस) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस – 2022 मनाया गया और जेएसएस द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में 20,000 से अधिक लाभार्थियों ने भाग लिया।

जन शिक्षण संस्थान निदेशालय, एमएसडीई, भारत सरकार ने भी अपने कार्यालय, जामनगर हाउस, नई दिल्ली में योग दिवस मनाया।

4. नई शिक्षा नीति (एनईपी 2020) की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर प्रदर्शनी

जॉब रोल्स	स्तर 1 से स्तर 5 तक के समस्त जॉब रोल	केवल स्तर 3 और स्तर 4 के जॉब रोल में एनएस क्यूएफ अनुमोदित प्रशिक्षण	वर्तमान चरण में स्तर 3, 4 और 5 के समस्त एनएसक्यूएफ अनुमोदित जॉब रोल्स।
लक्ष्य आबंटन	क्षेत्रवार, निर्वाचन क्षेत्रवार और केंद्रवार	लक्ष्य आयु वर्ग (15 से 35 वर्ष) में, राज्य की जनसंख्या, मानव विकास सूचकांक, बेरोजगारी प्रतिशत और कौशल अंतराल पर आधारित था। प्रशिक्षण केन्द्र स्तर पर जॉब	जनसंख्या, उद्योग मांग और श्रम आपूर्ति के आधार पर जिलेवार लक्ष्य। 2 चरणों में किया जाने वाला लक्ष्य आबंटन: चरण 1: प्रत्येक पीएमकेके को अधिकतम 3 जॉब रोल्स और न्यूनतम 2 जॉब रोल्स के लिए 120 लक्ष्य।

		रोलवार था। प्रधान मंत्री कौशल केंद्र (पीएमकेके), प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी), दिव्यांगजनों के लिए कौशल परिषद (एससीपीडब्ल्यूडी), नियोक्ता आधारित मॉडल, पुर्नआबंटन और अन्य जैसी विभिन्न आबंटन प्रणालियों के माध्यम से लक्ष्य आबंटन। एसटीटी के विपरीत परियोजना के आधार पर स्वीकृत आरपीएल और एसपी के लिए लक्ष्य जिसमें आर एफपी प्रणाली के माध्यम से लक्ष्य आबंटित किए गए थे।	चरण 2: डीएससी द्वारा जॉब रोल चयन पर वर्तमान पीएमकेके केंद्रों को लक्ष्य आबंटन। इसके अलावा उद्योग के कर्मचारियों और ऑनलाइन प्रमाणन के लिए एसएससी का आबंटन एसपी के लिए – प्रस्ताव आरएफपी सीधे उद्योग/उच्च शैक्षणिक संस्थान/सरकारी संस्थानों को प्रस्तुत करना। कोविड केयर के क्रैश कोर्स प्रोग्राम के लिए अधिकांश लक्ष्य ए एवं ए केंद्रों, अस्पतालों और राज्यों को आबंटित किए गए
प्रशिक्षु पुस्तिका	कोई मानक प्रशिक्षु पुस्तिका नहीं	सभी उम्मीदवारों को मानक प्रशिक्षु पुस्तिका प्रदान की जा रही है	सभी उम्मीदवारों को मानक प्रशिक्षु पुस्तिका प्रदान की जा रही है
प्रमाणन	तृतीय पक्ष एकीकरण के माध्यम प्रमाण–पत्र और कौशल कार्ड जनरेट करना	क्यूआर कोड सक्षम अंक तालिका और जनरेट किया गया प्रमाण–पत्र एसडीएमएस पर पीडीएफ प्रारूप में टीपी और एसएससी के लिए डाउनलोड हेतु उपलब्ध है। प्रमाणपत्रों और अंकपत्रों के भंडारण के लिए भारत सरकार के डिजी लॉकर के साथ एकीकरण कौशल बीमा के तहत प्रमाणित उम्मीदवार का कवरेज – दुर्घटना में मृत्यु और 3 वर्ष की अवधि के लिए 2 लाख रुपए की स्थायी दिव्यांगता कवरेज	एसआईपी पोर्टल के माध्यम से क्यूआर कोड प्रमाण–पत्र ऑनलाइन जनरेट करने की सुविधा टीपी और एसएससी के अलावा उम्मीदवार लॉगिन के माध्यम से प्रमाण–पत्र डाउनलोड के लिए उपलब्ध। कौशल बीमा के तहत प्रमाणित उम्मीदवार का कवरेज – दुर्घटना में मृत्यु और 3 वर्ष की अवधि के लिए 2 लाख रुपए की स्थायी दिव्यांगता कवरेज
उपस्थिति	केवल प्रशिक्षणार्थियों की प्रशिक्षण केन्द्रों पर कागज आधारित उपस्थिति	प्रशिक्षुओं और आकलन कर्ताओं की आधार आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति हालांकि प्रोत्साहित किया गया लेकिन जम्मू–कश्मीर और पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्रशिक्षण केंद्रों के लिए अनिवार्य नहीं है	आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली (एईबीएएस) के माध्यम से प्रशिक्षुओं और आकलनकर्ताओं की आधार आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति एईबीएएस फ़िलहाल पूर्वोत्तर, जम्मू–कश्मीर, लद्दाख, लक्षद्वीप और अंडमान के राज्यों के लिए अनिवार्य नहीं है।

आरपीएल के तहत निष्पादन प्रणाली	प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से प्रशिक्षण भागीदार (लक्ष्य आबंटनः एनएसडीसी– एसएससी – टीपी)	विभिन्न आरपीएल प्रणालियों के माध्यम से परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से किया गयाः टाइप 1. आरपीएल कैंप टाइप 2. आरपीएल नियोक्ता के परिसर में टाइप 3. आरपीएल केंद्र प्रकार 4. सर्वश्रेष्ठ श्रेणी के नियोक्ता	नीचे आरपीएल 3.0 के तहत टाइपवार निष्पादन प्रणाली दी गई हैः टाइप 1: शिविरों में आरपीएल– परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी (सरकार, कंपनी, गैर–सरकारी संगठन आदि संभावित) के माध्यम से टाइप 2: नियोक्ता परिसर में आरपीएल– परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी (सरकार, कंपनी आदि संभावित) के माध्यम से टाइप 3: मांग के माध्यम से आरपीएल– पीएमकेके द्वारा आबंटित लक्ष्य के माध्यम से, मांग डीएससी और मांग एकत्रीकरण पोर्टल के माध्यम से आएगी टाइप 4: आरपीएल बीआईसीई–एसएससी के माध्यम से टाइप 5: ऑनलाइन आरपीएल– एसएससी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से
आरपीएल प्रक्रिया	3 चरण की प्रक्रिया	5 चरण की प्रक्रिया	5 चरण की प्रक्रिया
	जुटाव और परामर्श, आकलन और प्रमाणन, भुगतान	जुटाव, परामर्श और प्री–स्क्रीनिंग, ओरिएंटेशन (ब्रिज कोर्स विकल्प), अंतिम आकलन, प्रमाणन और भुगतान	जुटाव और पूर्व–आकलन स्क्रीनिंग और परामर्श अभिविन्यास (3 प्रकार में) अंतिम आकलन प्रमाणीकरण
आकलन एवं प्रमाणन	पास होने के प्रतिशत में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों के समक्ष प्रमाणन (क्यू पर 50–70%)	"कोर एनओएस" और "नॉन–कोर एनओएस" में क्यूपी	भारित औसत स्कोरिंग तंत्र के साथ "कोर एनओएस" और "नॉन–कोर एनओएस" में क्यूपी
		भारित औसत के रूप में गणना की गई कुल अंकों में 50% हासिल करने वाले उम्मीदवारों के समक्ष प्रमाणन	आकलन एनसीवीईटी द्वारा अनुमोदित अवार्डिंग निकायों द्वारा किया जाएगा। जहां तक संभव हो, सामान्य आकलन केंद्रों (सीएसी) में आकलन करने के लिए प्रयास किए जाएं।
		(कोर एनओएस से 70% स्कोर + नॉन–कोर एनओएस में 30% स्कोर)	सिद्धांत और प्रयोग (जहां भी संभव हो) के लिए ऑनलाइन/प्रबंधकर्ता आकलन को प्राथमिकता दी जाएगी
		सभी(उत्तीर्ण और अनुत्तीर्ण) उम्मीदवारों को अंक तालिका दी गई	पुर्नआकलन शुल्क का वित्त पोषण सरकार द्वारा किया जाएगा।
मानीटरिंग	एनएसडीसी में मानीटरिंग दल ने मानीटरिंग का कार्य किया। प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण केंद्रों	सीएससीएम घटक के तहत, एनएसडीसी में मानीटरिंग दल द्वारा वास्तविक निरीक्षण करने में राज्य के अधिकारियों और अन्य हितधारकों के सहयोग से मानीटरिंग की जाती है।	गुणवत्ता परिणाम सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर मानीटरिंग और पर्यवेक्षण किया जाएगा। स्कीम की समवर्ती और निरंतर मानीटरिंग और पर्यवेक्षण के लिए एसएसडीएम और डीएससी को एनएसडीसी के साथ जोड़ा जाएगा। सीएसएसएम के तहत, एसएसडीएम से राज्य स्तर पर कार्यक्रम की मानीटरिंग और पर्यवेक्षण

	का औचक निरीक्षण किया गया।	स्कीम अद्यतन डैशबोर्ड पीएमकेवीवाई की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सीएससीएम घटक के तहत मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से औचक निरीक्षण किया गया। सीएससीएम घटक के तहत, गैर–अनुपालन वाले मामलों पर विचार–विमर्श करने और उचित कार्रवाई करने के लिए मानीटरिंग समिति का गठन किया जाता है।	के लिए संबंधित संरचना के साथ समर्पित मानीटरिंग दल अपेक्षित है। जिला स्तर पर गठित डीएससी स्कीम दिशा–निर्देशों के अनुसार अपने संबंधित जिलों में प्रशिक्षण केंद्रों/स्थलों पर पीएमकेवीवाई 3.0 के निष्पादन की मानीटरिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। डीएससी के पास अपने संबंधित जिलों में प्रशिक्षण केंद्रों की मानीटरिंग के लिए एक नामित व्यक्ति या दल होगा। प्रौद्योगिकी संचालित सहयोग के साथ–साथ पारदर्शिता और मापनीयता के लिए वास्तविक निरीक्षणों के माध्यम से मानीटरिंग की जाएगी। उदाहरण के लिए, सीएससीएम घटक के तहत, ऐप के माध्यम से वर्चुअल सत्यापन, उम्मीदवार सत्यापन और आउट बाउंड डायलिंग (ओबीडी)/मैन्युअल कॉलिंग के माध्यम से प्रतिक्रिया, मोबाइल ऐप के माध्यम से औचक वास्तविक निरीक्षण कोविड क्रैश कोर्स कार्यक्रम के लिए विशेष रूप से ट्रैक करने के लिए कार्यक्रम कार्यान्वयन की अधिक मानीटरिंग की जाती है • चेहरे से पहचान तकनीक/एईबीएएस के माध्यम से प्रशिक्षण के दौरान उम्मीदवारों की उपस्थिति जो भी लागू हो • प्रशिक्षण सामग्री, टीसी सुविधाओं और अवसंरचना की उपलब्धता • बैच संख्या सहित प्रशिक्षण की नियमितता • प्रशिक्षक अर्हता और टीओटी प्रमाणीकरण • गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित कोविड दिशा–निर्देशों को वास्तविक और वर्चुअल सत्यापन ऐप्स की मानीटरिंग में शामिल किया गया है। उपरोक्त निम्न अनुसार प्राप्त किया जाता है • सभी बैचों का 100% वर्चुअल सत्यापन जहां विसंगति पाई जाए वहां वास्तविक निरीक्षण के साथ जुड़ाव। • मैन्युअल कॉल के माध्यम से 100% उम्मीदवार सत्यापन • चल रहे प्रशिक्षण के साक्ष्य के रूप में 100% टीसी/टीपी को मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से दैनिक जियो टैग्ड टाइम स्टैम्प्ड फोटोग्राफ/वीडियो, दस्तावेज अपलोड करना आवश्यक है।

5.2 प्रधान मंत्री कौशल केंद्र (पीएमकेके)

"कुशल भारत मिशन" को आगे बढ़ाने के लिए कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों (पीसी) को शामिल करना सुनिश्चित करने के लिए भारत के प्रत्येक जिले में अत्याधुनिक, दृश्यमान और आकांक्षी मॉडल प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की पहल की है। इन मॉडल प्रशिक्षण केंद्रों को "प्रधान मंत्री कौशल केंद्र" (पीएमकेके) कहा जाता है।

- इस परियोजना के तहत, आरएफपी के माध्यम से चयनित निजी प्रशिक्षण भागीदार, प्रयोगशालाओं, प्रशिक्षण संबंधित मशीनरी, प्रशिक्षण सहायता आदि के क्रय और स्थापना के लिए रियायती ब्याज दर पर प्रति पीएमकेके 70 लाख रुपए तक का सुरक्षित ऋण प्राप्त कर सकते हैं।
- जब तक स्कीम मौजूद है, पीएमकेके केंद्रों को पीएमकेवीवाई स्कीम के तहत तीन वर्ष के लिए समर्पित प्रशिक्षण अधिदेश भी दिया जाएगा।
- 31 दिसंबर 2022 तक, 707 जिलों को शामिल करते हुए 818 पीएमकेके आबंटित किए गए हैं। 818 आबंटित पीएमकेके में से 721 पीएमकेके स्थापित किए जा चुके हैं।

तालिका 27: पीएमकेके केंद्र सारांश:

श्रेणियां	उपलब्धि
जिलों की संख्या'	763'
आबंटित पीएमकेके वाले जिलों की वर्तमान संख्या	707
अब तक आबंटित पीएमकेके की संख्या	818
31.12.2022 तक स्थापित पीएमकेके की संख्या	721

'जो जिले नवगठित हैं, उन्हें भी मैप किया गया है और भारत में जिलों की अद्यतन संख्या को "763" तक ले जाने के लिए जोड़ा गया है

तालिका 28: पीएमकेके केंद्र प्रशिक्षण (अल्पावधि प्रशिक्षण) सारांश (31.12.2022 तक):

स्कीम	नामांकित	प्रशिक्षित	आकलित	प्रमाणित	नियोजित
पीएमकेवीवाई 2.0	16,52,348	14,82,794	13,65,847	11,90,208	7,17,118
पीएमकेवीवाई 3.0	2,94,681	2,58,553	2,09,532	1,75,993	24,441
कुल योग	19,47,029	17,41,347	15,75,379	13,66,201	7,41,559

तालिका 29: पीएमकेके के राज्य–वार विवरण (31.12.2022 तक):

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	जिलों की संख्या'	आज तक आबंटित पीएमके के वाले जिलों की संख्या	अब तक आबंटित पीएमके के की संख्या	31.12.2022 तक स्थापित पीएमके ककी संख्या
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	3	2	2	0
अरुणाचल प्रदेश	25	20	20	10
आंध्र प्रदेश26	13	25	24	
असम	35	33	33	28
बिहार	38	38	49	48
चंडीगढ़	1	1	1	1

छत्तीसगढ 33	27	27	22	
दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	3	2	2	0
दिल्ली	11	11	11	8
गोवा	2	2	2	1
गुजरात	33	33	35	28
हरियाणा	22	21	25	24
हिमाचल प्रदेश	12	12	12	11
जम्मू कश्मीर	20	19	20	18
लद्दाख	2	2	2	2
झारखंड	24	24	24	20
कर्नाटक	31	30	37	35
केरल	14	14	20	20
लक्षद्वीप	1	1	1	0
मध्य प्रदेश	52	51	52	52
महाराष्ट्र	36	36	50	43
मणिपुर	16	16	16	15
मेघालय	12	8	8	6
मिजोरम	11	6	6	3
नगालैंड	14	11	11	3
ओडिशा	30	29	30	26
पुदुचेरी	4	4	4	4
पंजाब	23	22	24	24
राजस्थान	33	33	35	34
सिक्किम	6	4	4	3
तमिलनाडु	38	33	40	35
तेलंगाना	33	31	33	29
त्रिपुरा	8	8	8	4
उत्तर प्रदेश	75	75	89	86
उत्तराखंड	13	13	13	13
पश्चिम बंगाल	23	22	47	41
कुल	**763****	**707**	**818**	**721**

*जो जिले नवगठित हैं, उन्हें भी मैप किया गया है और भारत में जिलों की अद्यतन संख्या को "763" तक ले जाने के लिए जोड़ा गया है

5.3 पीएमकेवीवाई स्कीम के तहत अन्य कौशलीकरण पहलें

i. पीएमकेवीवाई 2.0 के तहत वापस लौटे प्रवासियों का कौशलीकरण: गरीब कल्याण रोजगार अभियान (जीकेआरए) को ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वापस लौटने वाले प्रवासी श्रमिकों और इसी तरह से प्रभावित ग्रामीण आबादी के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के मिशन के साथ शुरू किया गया था। संकटग्रस्त लोगों को तत्काल रोजगार और आजीविका के अवसर प्रदान करने की बहु–आयामी कार्यनीति के माध्यम से, जीकेआरए का उद्देश्य सार्वजनिक अवसंरचना से गांवों को संतृप्त करना, आजीविका संपत्ति बनाना, आय सृजन कार्यकलापों को बढ़ावा देना और दीर्घावधि आजीविका के अवसरों को बढ़ाना है।

जीकेआरए को सहयोग देने के लिए कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने अपनी प्रमुख स्कीम पीएमकेवीवाई के तहत कोविड–19 से प्रभावित रिवर्स श्रमिक (प्रवासी) के प्रशिक्षण के लिए विशेष कार्यक्रम कार्यान्वित किया है। इस घटक में 6 राज्यों अर्थात् असम, बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के 116 जिले शामिल हैं।

एसटीटी के तहत नए प्रशिक्षण और आरपीएल के तहत उन्मुखीकरण के लिए जॉब रोल्स का चयन करते समय, निम्नलिखित कारकों पर विचार किया गया:

- स्थानीय/जिला स्तर पर नियुक्ति/नौकरी के अवसर
- स्वरोजगार सहयोग के लिए बैंक ऋण की सुविधा
- स्थानीय प्रशिक्षण केंद्रों (टीसी) पर उपलब्ध मौजूदा जॉब रोल्स का मिलान और पीएमकेवीवाई 2016–20 के तहत स्वीकृत जॉब रोल की सूची
- कम से कम 1 वर्ष के लिए जिले में रहने के इच्छुक उपयुक्त लाभार्थियों का चयन।

राज्य–वार लक्ष्य आबंटन और प्रशिक्षण अद्यतन:

तालिका 30 और 31:

क) अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी):

राज्य	जिलों की संख्या	अनुमोदित लक्ष्य	आबंटित लक्ष्य	नामांकित	प्रमाणित	नियोजित
असम	2	2,000	2,000	1,105	921	526
बिहार	31	52,824	50,340	32,436	24,595	11,554
मध्य प्रदेश	23	23,902	23,100	16,463	13,889	6,589
ओडिशा	4	4,888	4,830	1,911	1,526	530
राजस्थान	22	26,964	26,180	16,670	14,580	8,960
उत्तर प्रदेश	31	39,545	35,997	22,245	17,807	7,466
कुल	**113**	**1,50,123**	**1,42,447**	**90,830**	**73,318**	**35,625**

ख) पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल):

राज्य	जिलों की संख्या	आबंटित लक्ष्य	नामांकित	प्रमाणित
असम	2	2,000	504	271
बिहार	26	48,320	20,728	16,306
मध्य प्रदेश	11	13,494	3,194	2,399
ओडिशा	2	4,450	892	450
राजस्थान	8	12,247	3,651	2,948
उत्तर प्रदेश	14	18,261	9,221	7,818
कुल	63	98,772	38,190	30,192

ii. प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना 3.0 के तहत कोविड योद्धाओं के लिए विशिष्टल रूप से तैयार क्रैश कोर्स कार्यक्रम (सीडब्ल्यू के लिए सीसीसीपी)

- कार्यक्रम का उद्देश्य संभार क्षेत्र से कुशल स्वास्थ्य व्यवसायियों और संबद्ध व्यवसायियों की बढ़ती मांग को पूरा करना, मौजूदा स्वास्थ्य देखभाल व्यवसायियों के बोझ को कम करना और देश के प्रत्येक क्षेत्र में समय पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है।
- कार्यक्रम में निम्नलिखित तीन घटक शामिल हैं, जिन्हें पीएमकेवीवाई के सीएससीएम घटक के तहत कार्यान्वित किया जाना है।
    - o घटक 1: 6 (छह) स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के जॉब रोल्स में (विशेष परियोजनाओं के तहत) उम्मीदवारों का नवीन कौशलीकरण। प्रशिक्षण की अवधि लगभग 21 दिनों की सिद्धांत–आधारित, कक्षा प्रशिक्षण के बाद लगभग 90 दिनों की ऑन–द–जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) जैसे कि स्वास्थ्य सुविधा जैसे कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अस्पताल, नैदानिक सुविधा, नमूना संग्रह केंद्र, आदि होगी।
    - o घटक 2: पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) के तहत पूर्व अनुभव/पूर्व शिक्षा वाले उम्मीदवारों के लिए कौशलीकरण। इस घटक के तहत प्रशिक्षण मूल 6 जॉब रोल्स पर ब्रिज कोर्स के रूप में लगभग एक सप्ताह की अवधि का होगा।
    - o घटक 3: तरल चिकित्सीय ऑक्सीजन (एलएमओ) की संभाल और परिवहन में ड्राइवरों का प्रशिक्षण। प्रशिक्षण की अवधि लगभग 27 दिवस की होगी। खतरनाक रसायनों के साथ–साथ एलएमओ के परिवहन में एचएमवी लाइसेंस धारक ड्राइवरों का विशेष प्रशिक्षण, साथ ही एलएमओ का परिवहन करते समय 'रक्षात्मक ड्राइविंग' पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।
- माननीय प्रधान मंत्री द्वारा 18 जून 2021 को 26 राज्यों के 100 जिलों में 111 प्रधान मंत्री कौशल केंद्रों (पीएमकेके) और अन्य संबद्ध प्रशिक्षण केंद्रों (टीसी) में प्रशिक्षण शुरू करने के साथ कार्यक्रम शुरू किया गया था।

तालिका 32: सीडब्ल्यू के लिए सीसीसीपी के लिए विशिष्टं रूप से तैयार जॉब रोल्सः

क्र. सं.	क्रैश कोर्स	क्यूपी जिस पर मैप किया गया	अनुमानित घंटे
1	कोविड फ्रंटलाइन वर्कर (बेसिक केयर सपोर्ट)	सामान्य ड्यूटी सहायक (जीडीए)	195 घंटे
2	कोविड फ्रंटलाइन वर्कर (होम केयर सपोर्ट)	गृह स्वास्थ्य सहयोगी (एचएचए)	195 घंटे
3	कोविड फ्रंटलाइन वर्कर (उन्नत देखभाल सहायता)	जीडीए उन्नत – क्रिटिकल केयर (जीडीएए)	210 घंटे
4	कोविड फ्रंटलाइन वर्कर (नमूना संग्रह सहायता)	फ्लेबोटोमिस्ट	211 घंटे
5	कोविड फ्रंटलाइन वर्कर (आपातकालीन देखभाल सहायता)	आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियन बेसिक – (ईएमटीबी)	144 घंटे
6	कोविड फ्रंटलाइन वर्कर (चिकित्सा उपकरण सहायता)	चिकित्सा उपकरण प्रौद्योगिकी सहायक (मेटा)	312 घंटे

अद्यतन प्रगति (31.12.2022 तक):

प्रशिक्षण प्रणाली	नामांकित	कक्षा में प्रशिक्षण	आकलित	ओजेटी प्रशिक्षित	ओजेटी आकलित	प्रमाणित
नव कौशलीकरण (विशेष परियोजनाएं)	1,16,569	1,10,422	98,030	91,047	77,196	71,542
कौशलीकरण (आरपीएल)	10,253	9,905	8,531	–	–	7,954
कुल	**1,26,822**	**1,20,327**	**1,06,561**	**91,047**	**77,196**	**79,496**

सीडब्ल्यू के लिए सीसीसीपी की मानीटरिंग

कोविड क्रैश कोर्स कार्यक्रम के लिए, कार्यक्रम कार्यान्वयन की मानीटरिंग विशेष रूप से ट्रैक करने के लिए की जाती हैः

- चेहरे की पहचान प्रौद्योगिकी/एईबीएएस, जो भी लागू हो, के माध्यम से प्रशिक्षण के दौरान उम्मीदवारों की उपस्थिति
- प्रशिक्षण सामग्री, टीसी सुविधाओं और अवसंरचना की उपलब्धता
- बैच संख्या सहित प्रशिक्षण की नियमितता
- प्रशिक्षक अर्हता और टीओटी प्रमाणीकरण
- गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित कोविड दिशा–निर्देशों को वास्तविक और वर्चुअल सत्यापन ऐप्स की मानीटरिंग में शामिल किया गया है।

उपरोक्त पैरामीटर की मानीटरिंग निम्न माध्यमों से की जाती हैः

- विसंगति की स्थिति में, वास्तविक निरीक्षण से जोड़कर सभी बैचों का 100% वर्चुअल सत्यापन।
- मैन्युअल कॉल के माध्यम से 100% उम्मीदवार सत्यापन
- चल रहे प्रशिक्षण के साक्ष्य के रूप में 100% टीसी/टीपी को मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से दैनिक जियो टैग्ड टाइम स्टैम्प्ड फोटोग्राफ/वीडियो, दस्तावेज अपलोड करने की आवश्यकता होती है

iii. कौशल केंद्र पहल (एसएचआई)–कौशल केंद्र के माध्यम से एकीकृत कौशलीकरण

- छात्र, समुदाय और अर्थव्यवस्था के स्तर पर समग्र लाभ के लिए देश की शिक्षा–कौशल प्रणाली में सामान्य शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा के एकीकरण और मुख्य धारा की पहचान प्रमुख सुधार के रूप में की गई है। 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति' (एनईपी) 2020 में गुणवत्तापूर्ण समग्र शिक्षा की परिकल्पना की गई है – जिसमें व्यावसायिक शिक्षा भी शामिल है, ताकि छात्र अध्ययन और जीवन की योजना के अपने मार्ग स्वयं डिजाइन कर सकें। यह विषयों के चयन में लचीलेपन पर बल देता है और शिक्षण के विभिन्न क्षेत्रों के बीच हानिकारक पदानुक्रम और साइलो को समाप्त करने के लिए व्यावसायिक और शैक्षणिक स्ट्रीम्सन आदि के बीच कठोर अलगाव की सिफारिश नहीं करता है।

- व्यावसायिक शिक्षा को मुख्यधारा में लाने के लिए, छात्रों को उनके चुने हुए शैक्षणिक–व्यावसायिक कार्यकलापों को जारी रखने के लिए अवसंरचना को साझा करने और अच्छी तरह से परिभाषित प्रणालियों को विकसित करने में सक्षम बनाने के लिए, शिक्षा और कौशल ईकोसिस्टम में कौशल केंद्र के निर्माण की स्कीम प्रस्तावित की गई है, ताकि इसके लक्ष्य को साकार किया जा सके। जमीन पर एनईपी। पहल के कार्यान्वयन से चरणबद्ध प्रणाली से औपचारिक शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा का व्यापक–आधारित अभिसरण सुनिश्चित होगा। यह प्रयास ' राष्ट्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता नीति' (एनएसडीपी), 2015 के उद्देश्यों को भी पूरा करेगा।

- सतत कौशल प्रशिक्षण केंद्रों का निर्माण, शिक्षा मंत्रालय (एमओई) के समन्वय से स्कूली पाठ्यक्रम में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की चरणबद्ध शुरुआत की भी परिकल्पना की गई है। यह विश्वविद्यालयों/कॉलेजों/औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (यह हैं)/पॉलिटेक्निक/स्कूलों से उपलब्ध अवसंरचना के अधिक से अधिक उपयोग और जिला कौशल समितियों (डीएससी), राज्य कौशल विकास मिशनों (एसएसडीएम)/हैंडहोल्डिग, कार्यनीतिक और वित्त पोषण सहायता से तकनीकी शिक्षा निदेशालय की तकनीकी सहायता से. राज्य को और सुदृढ़ करने के माध्यम से पूरा किया जा सकता है।

- पीएमकेवीवाई 3.0 स्कीलम के तहत 'कौशल केंद्र पहल' शिक्षा इकोसिस्टम में कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरूआत पर केंद्रित है। यह पहल एनईपी 2020 में परिकल्पना के अनुसार सामान्य शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा के एकीकरण पर नीतिगत स्तर के तालमेल पर विचार करेगी।

- कौशल केंद्र नोडल कौशल केंद्र हैं, जिनकी पहचान कक्षा 6–8वीं (उन्मुखीकरण, उद्योग भ्रमण, बैग–लेस डेज़ के माध्यम से वर्ल्ड–ऑफ–वर्क को लागू करके+6), कक्षा 9वीं से 12वीं (कक्षा 9वीं से 12वीं) तक छात्रों को कौशल विकास अवसर दिलाने के उद्देश्य से), स्कूल की पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले, और शिक्षा से बाहर (अकादमिक ऋण के लिए लक्षित, शिक्षा को मुख्यधारा में वापस लाने और या शिक्षुता और रोजगार संपर्क लक्षित जनसंख्या वर्गों को कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करने के लिए की गई है। समय के साथ, ये कौशल केंद्र किसी जिले या आस–पास के जिलों के समूह से सटे शिक्षा और स्किलिंग संस्थानों (स्पोक्स) से जुड़ेंगे, ताकि केंद्र या स्पोक स्थल पर कौशल विकास प्रशिक्षण तक पहुंच प्रदान की जा सके। स्किल हब के आसपास के ऐसे आस–पास के संस्थान अपने विद्यालय के, ड्रॉप–आउट और आउट–ऑफ–एजुकेशन उम्मीदवारों के लिए संबंधित केंद्र में उपलब्ध अवसंरचना और संसाधनों का लाभ उठा सकते हैं।

- पीएमकेवीवाई 3.0 के तहत 'कौशल केंद्र पहल' का उद्देश्य साझा अवसंरचना का निर्माण करना है, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था की जरूरतों के अनुरूप है, जो सभी लक्षित क्षेत्रों की व्यावसायिक प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करता है। यह भी उम्मीद की जाती है कि शिक्षा और कौशल प्रणाली में मौजूदा संसाधनों को सामान्य कामकाजी घंटों के अतिरिक्त और सप्ताहांत के दौरान कौशल विकास के लिए उपयोग करके इष्टतम उपयोग में लाया जा सकता है। अपने पूर्ण कार्यकाल में, इस स्कीम का उद्देश्य निम्नलिखित है:

  क. कौशल विकास के लिए स्थायी व्यावसायिक अवसंरचना और संसाधनों का प्रावधान

  ख. उम्मीदवारों की आसानी के लिए कौशल केंद्रों की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करना

ग. उम्मीदवारों को अपने चुने हुए व्यवसायों के साथ जारी रखने के लिए अनेक अच्छी तरह से परिभाषित मार्गों के साथ प्रारंभिक चरण में व्यावसायिक शिक्षा को कार्यान्वित करना

घ. इन–स्कूल, ड्रॉप–आउट और आउट–ऑफ–एजुकेशन उम्मीदवारों सहित लक्षित क्षेत्रों के लिए व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करना

ङ. समग्र आर्थिक और स्थानीय अर्थव्यवस्था की जरूरतों के साथ सभी स्तरों पर व्यावसायिक पेशकशों को संरेखित करना

प्रशिक्षण प्रणाली	लक्ष्य	नामांकित	प्रशिक्षित	आकलित	प्रमाणित
अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी)	3,49,800	2,28,302	1,97,958	1,36,013	1,13,192

iv. **<u>प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना 3.0 (पीएमकेवीवाई 3.0) के तहत विशेष परियोजनाएं</u>**– एमएसडीई ने अपनी प्रमुख स्कीम पीएमकेवीवाई 3.0 के तहत निम्नलिखित परियोजनाएं शुरू की हैं:

क. **नगालैंड और कश्मीर में पारंपरिक शिल्प में बुनकरों और कारीगरों के लिए कौशल उन्नयन**– नगालैंड और जम्मू और कश्मीर के पारंपरिक शिल्पों पर बुनकरों और कारीगरों का कौशल उन्नयन, पीएमकेवीवाई 3.0 के तहत एक आरपीएल (पूर्व शिक्षण मान्यता) परियोजना को उद्यमशीलता विकास और डिजाइन (ब्रिज मॉड्यूल के साथ आरपीएल टाइप 1) जैसी मूल्य वर्धित सेवाओं के साथ कार्यान्वित किया जा रहा है। परियोजना का उद्देश्य पहले से मौजूद कारीगरों और बुनकरों की दक्षताओं को उनके कौशल अर्जन को मुख्यधारा में लाना है और ऐसे कुशल कारीगरों और बुनकरों द्वारा उत्पादित हस्तनिर्मित उत्पादों की उत्पादकता में सुधार करना है जो बदले में क्षेत्र में वंचित कारीगरों और बुनकरों के लिए स्थायी आजीविका सुनिश्चित करके कमाई की क्षमता को बढ़ाते हैं।

ख. **जम्मू और कश्मीर की विरासत नमदा शिल्प के पुनरुद्धार पर विशेष परियोजना**– इस परियोजना का उद्देश्य, मुख्यतः कश्मीर में उपलब्ध नमदा शिल्प की कौशल विकास जरूरतों को वास्तविक, दृश्यमान वितरित करने के लिए एक उचित पैमाने (24 माह में 2250 लाभार्थी उम्मीदवार) और समग्र लाभ से पूरा करना है। विशेष परियोजना के अंतर्गत वास्तविक प्रगति का विवरण नीचे दिया गया है–

नामांकित	प्रशिक्षित	आंकलित	प्रमाणित	नियोजन रिपोर्ट
2,243	2,243	2,223	2,119	14

ग. **पूर्वी दिल्ली नगर निगम में रेहड़ी पटरी वालों (ई–कार्ट लाइसेंस के लिए) के लिए अपस्किलिंग**– 2500 रेहड़ी पटरी वालों के लिए आरपीएल, जो ई–कार्ट लाइसेंस के लिए आवेदन करते हैं, उनका उन्नयन करने के लिए और उन्हें स्वच्छता, सुरक्षा, ग्राहक केंद्रित, डिजिटल लेनदेन तथा उद्यमशीलता कौशल में पारंगत बनाते हैं। परियोजना के तहत कुल 1558 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया और 1030 को प्रमाणित किया गया। वास्तविक प्रगति से संबंधित अन्य प्रमुख विवरण निम्नानुसार हैं–

नामांकित	प्रशिक्षित	आंकलित	प्रमाणित
2,317	1,558	1,087	1,030

ये परियोजनाएं सार्वजनिक–निजी भागीदारी मॉडल के तहत उद्योग जगत की सक्रिय भागीदारी से चलाई जा रही हैं।

v. **<u>उत्तहर–पूर्व में ब्रू जनजाति का कौशल प्रशिक्षण (1,435 उम्मीदवार प्रशिक्षित):</u>** ब्रू जनजाति से संबंधित लाभार्थियों को प्रशिक्षित करने और प्रमाणित करने के लिए विशेष परियोजना कार्यान्वित की गई है। यह परियोजना मुख्य रूप से त्रिपुरा में शिविरों में कार्यान्वित की गई है, जहां लगभग 1,435 लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है और लगभग 1,335 प्रमाणित किए गए हैं। परियोजना में क्राफ्ट बेकर, स्वरोजगार दर्जी, मेसन

जनरल, हैंड एम्ब्रोइडर, टू शाफ़्ट हैंडलूम वीवर, सिलाई मशीन ऑपरेटर आदि जैसे अनेक जॉब रोल शामिल थे। इन लाभार्थियों को इंफाल पश्चिम, धलाई, गोमती, खोवाई, उत्तर त्रिपुरा, पूर्व और पश्चिम त्रिपुरा जिले में प्रशिक्षित किया गया है।

vi. प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना 3.0 पर क्षेत्रीय कार्यशालाः प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना 3.0 (पीएमकेवीवाई 3.0) पर पहली क्षेत्रीय कार्यशाला गंगटोक, सिक्किम में आयोजित की गई थी। अपनी तरह की यह पहली क्षेत्रीय कार्यशाला गंगटोक, सिक्किम में 8 अप्रैल, 2021 को आयोजित की गई थी। यह कार्यशाला सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और त्रिपुरा सभी आठ राज्यों में राज्य कौशल विकास मिशनों (एसएसडीएम) और जिला कौशल समितियों (डीएससी) के प्रमुख कर्मियों की सक्रिय भागीदारी के साथ आयोजित की गई थी। दिन भर चली कार्यशाला के दौरान संपूर्ण कौशल इकोसिस्टम पर व्यापक चर्चा हुई। स्कीम के अगले चरण की कार्यनीति पर राज्यों से सुझाव भी मांगे गए।

III. कौशल प्रबंधन सूचना प्रणालीः असीम

यह सुनिश्चित करने के लिए है कि कुशल कार्यबल की मांग उपलब्धता आपूर्ति के साथ पूरी की जाती है अतः बाजार में मौजूद मांग और आपूर्ति के अंतर को काम करना है। ऐसी ही हाल की पहलों में से एक है – कौशल प्रबंधन सूचना प्रणाली जिसका नाम असीम (आत्मनिर्भर कुशल कर्मचारी नियोजक मैपिंग) है। असीम उद्योग की मांग, आपूर्ति और विश्लेषण पर जानकारी प्रदान करता है जो रुझान दिखाता है और साथ ही परिणाम प्राप्त करता है। इसे बाजार के भीतर सूचना प्रवाह में सुधार के लिए कार्यबल बाजार नीति साधन के रूप में तैयार किया गया है। यह पोर्टल एक कुशल कार्यबल के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण सटीक, उद्देश्यपूर्ण, प्रासंगिक, समय पर और सुलभ कार्यबल जानकारी प्रदान कर सकता है जो बाजार की मांग और अर्थव्यवस्था को सुचारू रूप से एक समान करने को बढ़ावा देता है।

5.4 स्कूली शिक्षा / पहलें

एनईपी 2020 के शुभारंभ ने व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देने पर बाल दिया है। एनईपी 2020 से सामान्य शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा के बीच का अंतर कम हुआ है। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के व्यवसायीकरण के लिए केंद्र प्रायोजित स्कीम; व्यक्तिगत रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए शैक्षिक अवसरों के विविधीकरण, कुशल जनशक्ति की मांग और आपूर्ति के बीच बेमेल को कम करने और उच्च शिक्षा प्राप्त करने वालों के लिए एक विकल्प प्रदान करता है। व्यावसायिक शिक्षा 6वीं से 8वीं तक सामान्य शिक्षा के साथ एकीकरण के साथ दी जा रही है, उसके बाद 9वीं से 12वीं कक्षा तक लागू की जा रही है। एनएसडीसी अपनी स्थापना के समय से ही राज्य सरकारों के लिए स्कीम के कार्यान्वयन की सुविधा प्रदान कर रहा है। अधिकांश राज्यों ने एनएसडीसी–अनुमोदित प्रशिक्षण भागीदारों (टीपी) को संपूर्ण प्रशिक्षण वितरण (कक्षा व्याख्यान, व्यावहारिक प्रशिक्षण, अतिथि व्याख्यान, उद्योग का दौरा, नौकरी प्रशिक्षण आदि सहित) सौंपा है, क्योंकि इन टीपी के पास कौशल विकास पहलों को लागू करने के लिए विशेषज्ञता और आवश्यक उद्योग–कनेक्ट मौजूद है। अब तक, एनएसडीसी–अनुमोदित 71 टीपी 32 राज्यों में काम कर रहे हैं, इस स्कीम के तहत 125 जॉब रोलों में व्यावसायिक प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है।

5.5. उच्चतर शिक्षा

एनएसडीसी उन विश्वविद्यालयों की सहायता कर रहा है जो बी.वोक पाठ्यक्रम कार्यान्वित कर रहे हैं। बी.वोक पाठ्यक्रम विभिन्न स्तरों पर छात्र के बहु–प्रवेश और निकास को सक्षम बना रहा है। एक वर्षीय डिप्लोमा कार्यक्रम करने पर एनएसक्यूएफ स्तर 5 प्रमाण–पत्र प्राप्त होता है, दो वर्षीय अग्रिम डिप्लोमा कार्यक्रम करने पर एनएसक्यूएफ स्तर 6 प्रमाण–पत्र प्राप्त होता है और तीन वर्षीय बी.वोक डिग्री कार्यक्रम करने पर एनएसक्यूएफ स्तर 7 प्रमाण–पत्र प्राप्त होता है। बी.वोक पाठ्यक्रम को भी किसी अन्य स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम के समकक्ष माना जाता है।

भारत सरकार ने देश में सामान्य डिग्री पाठ्यक्रमों अर्थात बी.ए., बी.एससी. और बी.कॉम उत्तीर्ण होने वाले बड़ी संख्या में छात्रों की रोजगार क्षमता को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ी पहल शुरू की है। सरकार का मिशन शिक्षा के साथ उद्योग शिक्षुता के व्यवस्थित एकीकरण के माध्यम से शिक्षुता अधिनियम और एनएपीएस स्कीम के साथ, डिग्री पाठ्यक्रमों से उत्तीर्ण स्नातकों

को विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ शिक्षुता के अवसर प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है। यूजीसी ने जुलाई 2020 में डिग्री शिक्षुता कार्यक्रम के लिए दिशा–निर्देश जारी की हैं।

एक डिग्री शिक्षु किसी पाठ्यक्रम करने वाला एक प्रशिक्षु होता है ताकि वह किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय द्वारा दी गई डिग्री प्राप्त कर सके, जबकि वह एक ही समय में पाठ्यक्रम के एक एकीकृत घटक के रूप में शिक्षुता प्रशिक्षण ले रहा हो। दूसरे शब्दों में, यह एक शिक्षुता एम्बेडेड डिग्री कार्यक्रम है जिसके तीन घटक होते हैं: सामान्य शिक्षा (अकादमिक), कौशल घटक (कक्षा/प्रयोगशाला) और नौकरी पर प्रशिक्षण (शिक्षुता)।

5.6 भारत अंतर्राष्ट्रीय कौशल केंद्र (आईआईएससी)

आईआईएससी कार्यक्रम की कल्पना सबसे पहले वर्ष 2016 में एमएसडीई और एनएसडीसी द्वारा विदेशों में काम करने के इच्छुक भारतीयों को कौशल प्रशिक्षण और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बैंचमार्कड प्रमाण–पत्र प्रदान करने के लिए की गई थी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रायोगिक चरण वर्ष 2018 में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। प्रायोगिक चरण के अनुभवों के आधार पर, एनएसडीसी ने एक शुल्क आधारित, बाजार संचालित मॉडल शुरू किया है जिसे भारत अंतर्राष्ट्रीय कौशल केंद्र (आईआईएससी) नेटवर्क कहा जाता है। यह नेटवर्क भारत को विश्व की कौशल राजधानी बनाने हेतु भारत सरकार के विजन के केंद्र में होगा। इसमें आईआईएससी के रूप में संदर्भित अनेक निश्चित केंद्रों के माध्यम से संचालित होने वाले सदस्य संगठन शामिल हैं। इसके अलावा, वृद्धिशील कौशल प्रशिक्षण, अंतर्राष्ट्रीय कौशल परीक्षण और प्रमाणन, पूर्व–प्रस्थान उन्मुखीकरण और देशों की आवश्यकताओं के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय भाषा प्रशिक्षण, आईआईएससी परामर्श और मार्गदर्शन के माध्यम से क्लस्टरों में उम्मीदवारों की नियुक्ति की सुविधा प्रदान करेगा।

ख. डीजीटी के माध्यम से स्कीमें और पहलें

5.7 शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम (सीटीएस)

5.7.1. प्रस्तावना

शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) भारत सरकार द्वारा वर्ष 1950 में घरेलू उद्योग के लिए विभिन्न व्यवसायों में कुशल श्रमिकों के निरंतर प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए, व्यवस्थित प्रशिक्षण द्वारा औद्योगिक उत्पादन को मात्रात्मक और गुणात्मक रूप से बढ़ाने हेतु, शिक्षित युवाओं को रोजगार योग्य कौशल प्रदान करके बेरोजगारी को कम करने के लिए,युवा पीढ़ी के मन में तकनीकी और औद्योगिक दृष्टिकोण को विकसित और पोषित करने के लिए शुरू की गई थी। यह योजना व्यावसायिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण होने के कारण देश के विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में फैले आईटीआइज के विशाल नेटवर्क के माध्यम से मौजूदा और भविष्य की जनशक्ति की आवश्यकता को पूरा करने के लिए शिल्पकारों को तैयार कर रही है। शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के तहत आईटीआइज के दैनंदिन के प्रशासन को वर्ष 1956 से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन में स्थानांतरित कर दिया गया था। 1 अप्रैल, 1969 से राज्य तथा साथ ही साथ संघ राज्य क्षेत्र में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का वित्तीय नियंत्रण भी संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों को स्थानांतरित किया गया।

5.7.2 योजना के निम्नलिखित उद्देश्य हैं:

- कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से जीवनपर्यंत आजीविका (कैरियर) प्रदान करना।
- अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की आवश्यकता के अनुसार उपयुक्त कौशल/बहु कौशल से कार्यबल को लैस करना।
- वेतन और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए रोजगार योग्य कौशल प्रदान करके युवाओं को उपयोगी बनाना।
- उच्च गुणवत्ता के शिल्पकार तैयार करना।
- औद्योगिक/सेवा क्षेत्रों में कुशल कामगारों का निरंतर प्रवाह सुनिश्चित करना।
- संभावित कामगारों के व्यवस्थित प्रशिक्षण द्वारा औद्योगिक उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा में वृद्धि करना।

5.7.3 योजना की मुख्य विशेषताएं:

- 14 वर्ष और उससे अधिक आयु के अभ्यर्थी सरकारी और निजी आईटीआइज में प्रवेश लेने के पात्र हैं। सरकारी और निजी आईटीआइज में प्रवेश हर साल अगस्त के महीने में किया जाता है।
- आईटीआइज में शिक्षण शुल्क संबंधित राज्य सरकार द्वारा संबंधित राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद की सिफारिश के आधार पर तय किया जाता है। प्रशिक्षणार्थियों को पुस्तकालय, खेल और चिकित्सा सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं।

- संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में सीटें आरक्षित हैं। दिव्यांग व्यक्तियों के लिए 4% सीटें और महिला अभ्यर्थियों के लिए 30% सीटें आरक्षित करने के लिए दिशा निर्देश राज्य सरकारों को जारी किए गए हैं और इन्हें प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सामान्य आरक्षण नीति के आधार पर भरा जा सकता है और कुल आरक्षण 50% तक सीमित है। सेना कर्मियों के बच्चों के लिए भी सीटें आरक्षित हैं। ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए भी सीटें संबंधित राज्यों में सरकारी सेवाओं में उनके लिए आरक्षित सीटों के अनुपात में आरक्षित की गई हैं।

- बुनियादी सुविधाओं के इष्टतम उपयोग के लिए सरकारी और निजी आईटीआइज में अलग–अलग समय पर दूसरी और तीसरी पाली का प्रावधान है। उन्हें एक अतिरिक्त व्यवसाय अनुदेशक नियुक्त करके और प्रशिक्षणार्थियों के लिए अतिरिक्त प्रशिक्षणार्थियों किट प्रदान करके दूसरी पाली शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
- प्रत्येक सरकारी और निजी आईटीआइज में एक "प्लेसमेंट सेल" स्थापित किया गया है ताकि स्नातकों को विभिन्न उद्योगों में प्लेसमेंट दिलाने में सुविधा मिल सके।
- उद्योग और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआइज) के बीच सहयोग में सुधार लाने के लिए शीर्ष उद्योग निकायों के परामर्श से आईटीआइज के लिए संस्थान प्रबंधन समिति (आईएमसी) का गठन किया गया है।
- आईटीआइज के सभी डेटा एनसीवीटी एमआईएस पोर्टल पर https://ncvtmis.gov.in/Pages/Home.aspx लिंक पर कैप्चर किए गए हैं।

5.7.4 प्रशिक्षण कार्यक्रम की संरचना

- योजना के तहत 152 एनएसक्यूएफ अनुपालन व्यवसायों में प्रशिक्षण दिया जाता है। शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के तहत 152 व्यवसायों (84 इंजीनियरिंग, 63 गैर–इंजीनियरिंग, 05 दिव्यांगों के लिए और 05 नए आरंभ किए गए व्यवसाय) की सूची अनुबंध–III में दी गई है। विभिन्न व्यवसायों के लिए प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष और दो वर्ष है। व्यवसायों के आधार पर प्रवेश योग्यता 8वीं कक्षा पास से लेकर 12वीं कक्षा पास तक भिन्न–भिन्न होती है।
- पाठ्यक्रमों को इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि व्यवसायों में कौशल और ज्ञान 70% से 80% प्रदान किया जाए ताकि प्रशिक्षणार्थी को अर्ध–कुशल कामगार के रूप में या स्व–रोजगार के लिए तैयार किया जा सके।
- चूंकि प्रशिक्षण अवधि का 70% से 80% व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए आवंटित किया जाता है और शेष व्यवसाय सिद्धांत, कार्यशाला गणना और विज्ञान, इंजीनियरिंग ड्राइंग से संबंधित विषयों के लिए आवंटित किया जाता है, इस तरह से कौशल निर्माण पर जोर दिया जाता है।
- प्रशिक्षणार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए, सीटीएस के तहत सभी व्यवसायों हेतु "रोजगारपरक कौशल" पर मॉड्यूल आरंभ किया गया है। इस मॉड्यूल में रोजगारपरक कौशल, संवैधानिक मूल्यों– नागरिकता, बुनियादी अंग्रेजी कौशल, संचार कौशल, विविधता और समावेश, वित्तीय और विधि साक्षरता, आवश्यक डिजिटल कौशल, ग्राहक सेवा, 21 वीं सदी में एक पेशेवर बनना और उद्यमशीलता तथा रोजगार हेतु तैयारी जैसे विषयों को शामिल किया गया है।

5.7.5 देश भर में सीटीएस के सुचारू कार्यान्वयन के लिए केंद्र और राज्य सरकारों की जिम्मेदारी

केंद्र सरकार:

- कौशल विकास के लिए समग्र नीतियां, मानदंड और मानक तैयार करना।
- युवाओं के कौशल विकास के लिए नई प्रशिक्षण योजनाओं का तैयार।
- प्रशिक्षण के बुनियादी ढांचे का विस्तार।
- पाठ्यक्रम पाठ्यचर्या का विकास/संशोधन।
- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की संबद्धता।
- व्यवसाय परीक्षण और प्रमाणन।
- आईटीआइज के सेवारत और संभावित अनुदेशकों के लिए अनुदेशक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित करना।
- विशिष्ट/नए क्षेत्रों में अनुदेशक के कौशल उन्नयन के लिए पाठ्यक्रम संचालित करना।
- महिलाओं के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना।
- पूर्वोत्तर राज्यों, जम्मू एवं कश्मीर तथा वामपंथी अतिवाद (एलडब्ल्यूई) से प्रभावित राज्यों के लिए विशेष योजनाओं का कार्यान्वयन।
- औद्योगिक मूल्य संवर्धन हेतु कौशल सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव) – विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित एक नई परियोजना।
- प्रशिक्षण को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में द्विपक्षीय समझौते और सहयोग।

राज्य सरकार:

- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का दैनंदिन प्रशासन।
- आईटीआइज में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करना।
- नए संस्थानों की स्थापना, स्थानीय उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार मौजूदा संस्थान में व्यवसाय इकाइयों को जोड़ना।
- व्यवसाय परीक्षा का वास्तविक संचालन और सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण–पत्रों का वितरण।
- आईटीआइज के उन्नयन के लिए केन्द्रीय योजनाओं का कार्यान्वयन।
- डीजीटी संस्थानों में प्रशिक्षण के लिए अनुदेशकों की प्रतिनियुक्ति।

5.7.6 आईटीआई की गुणवत्ता में सुधार के लिए पहल

- **आईटीआइज की ग्रेडिंग:**

  आईटीआइज की ग्रेडिंग का उद्देश्य भारत में सरकारी और निजी दोनों आईटीआइज के लिए गुणवत्ता आश्वासन तंत्र स्थापित करना था। ग्रेडिंग परिणाम का उद्देश्य हितधारकों (प्रशिक्षणार्थी, नियोक्ता, माता–पिता आदि) को संस्थानों के बारे में सुविज्ञ विकल्प बनाने में मदद करना है। डीजीटी ने 2 चरणों में ग्रेडिंग का आयोजन किया और यह देश में सभी एनसीवीटी से संबद्ध आईटीआइज के लिए अनिवार्य था।

  आईटीआई ग्रेडिंग का पहला चरण जनवरी 2017 में शुरू किया गया था और 4811 आईटीआइज को ग्रेड दिया गया था। इसके अलावा, ग्रेडिंग के मापदंडों को चरण प्प के लिए संशोधित किया गया था और आईटीआइज, राज्य निदेशालयों, उद्योग भागीदारों और कोर ग्रेडिंग समिति के सदस्यों से प्रतिक्रिया को शामिल करके ग्रेडिंग को और अधिक केंद्रित बनाने के लिए 43 से घटाकर 27 कर दिया गया था। ग्रेडिंग प्रक्रिया में एनसीवीटी एमआईएस पोर्टल पर आईटीआइज द्वारा ऑनलाइन स्व–ग्रेडिंग शामिल है, जिसके बाद एक बाहरी एजेंसी द्वारा सत्यापन

किया जाता है और बाद में कोर ग्रेडिंग समिति द्वारा फाइनल ग्रेड दिया जाता है।

चरण II में आईटीआइज ग्रेडिंग प्रक्रिया में आईटीआइज की शिकायत, यदि कोई हो, को दूर करने के लिए शिकायत निवारण तंत्र भी था। इसके अतिरिक्त, ग्रेडिंग के चरण–I में शामिल सभी आईटीआइज को भी चरण–II के तहत अपनी मौजूदा ग्रेडिंग में सुधार करने का मौका दिया जाता है। ग्रेडिंग परिणाम 2022–23 के शैक्षणिक सत्र तक मान्य रहेगा। आईटीआई ग्रेडिंग के चरण 2 में, भारत भर में 12,352 आईटीआइज (सरकारी और निजी) का वास्तविक रूप से दौरा किया गया और ग्रेडिंग की गई। ग्रेड पद्धति तथा दिए गए ग्रेड के संबंध में ब्यौरा https://dgt.gov.in/Grading&ITI पर उपलब्ध है।

द्वितीय चरण के उपरान्त आईटीआइज को प्रदान किए गए ग्रेड का सारांशः

Grade (on a scale of 5)	<=1.5	>1.5-2	>2-3	>3-4	>4	Grand Total
Total ITIs	8,971	2,190	1,979	324	16	13,480

- **प्रत्यायन तथा संबद्धता स्थायी समिति (एससीएए) का गठनः** कार्य करने में आसानी के लिए, एमएसडीई के तहत विभिन्न समितियों को समाप्त/कम की गई है। संशोधित टीओआर के साथ गठित प्रत्यायन और संबद्धता स्थायी समिति इस प्रकार हैः

  क) विभिन्न राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के निदेशालयों से प्राप्त संबद्धता/असंबद्धता प्रदान करने के प्रस्ताव की जॉच करना।

  ख) संबद्धता मानदंडों को पूरा करने वाले आईटीआइज को संबद्धता प्रदान करना।

  ग) संबद्धता मानदंडों का अनुपालन करने में असफल आईटीआइज की असंबद्धता

  घ) संबद्धता मानदंडों को पूरा करने वाले आईटीआइज का पुनः संबद्धता

  ङ) संबद्धता/पुनः संबद्धता मानदंडों की समीक्षा

- **राज्य कौशल विकास और उद्यमशीलता समिति का गठनः** शक्ति का विकेंद्रीकरण एमएसडीई के कार्यवृत में हमेशा उच्च रहा है। एमएसडीई द्वारा राज्य कौशल विकास और उद्यमशीलता समिति (एसएसडीईसी) की स्थापना आईटीआईज की संबद्धता, असंबद्धता, प्रवेश, अल्पकालिक पाठ्यक्रमों की शुरूआत आदि से संबंधित राज्य की विशिष्ट आवश्यकताओं के आधार पर निर्णय लेने के उद्देश्य से की गई थी।

- **स्कूल आईटीआइजः**

  ब्लॉक में, आईटीआइज मौजूद नहीं होने पर, प्रशिक्षणार्थियों को नए कौशल प्राप्त करने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इन क्षेत्रों के प्रशिक्षणार्थियों को होने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए, डीजीटी ने स्कूल आईटीआइज का एक प्रावधान पेश किया है, जिसके अनुसार अब सरकारी हाई स्कूल भी स्कूल के बुनियादी ढांचे का उपयोग करके अपने परिसरों में सीटीएस पाठ्यक्रम चला सकते हैं।

- **पॉलिटेक्निक आईटीआइजः** न्यूनतम निवेश के साथ प्रशिक्षण की क्षमता बढ़ाने और साथ ही संसाधनों के इष्टतम उपयोग की बढ़ोतरी हेतु, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने यह निर्णय लिया कि पॉलिटेक्निक में मौजूदा अवसंरचना, सुविधाओं का उपयोग करके व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा सकता है।

  एआईसीटीई के पत्र 2–2/डी–एनएसक्यूएफ/यू–एस इन्फ्रा/2016 दिनांक 5 दिसम्बर 2018 के संदर्भ में और जवाब में डीजीटी ने एमएसडीई–07/11/2015–सीडी दिनांक 7 अगस्त 2018 के पत्र द्वारा पॉलिटेक्निक के अतिरिक्त क्षमता (स्थान) में शैक्षणिक सत्र 2019 से पॉलिटेक्निक को सीटीएस पाठ्यक्रम चलाने की अनुमति दी है।

पॉलिटेक्निक/इंजीनियरिंग कॉलेजों की अतिरिक्त क्षमता (स्थान) में संचालित करने हेतु कुल 32 आईटीआइज को संबद्धता प्रदान की गई है।

- **आईटीआइज में ड्रोन से संबंधित पाठ्यक्रम शुरू करना:** आने वाले समय में बड़ी संख्या में नौकरी के अवसर प्रदान करने के लिए ड्रोन उद्योग की क्षमता को देखते हुए, डीजीटी ने आईटीआइज को आईटीआइज में सत्र 2022 से ड्रोन से संबंधित पाठ्यचर्या चलाने की अनुमति दी है और अल्पावधि में 116 आईटीआइज को ड्रोन पाठ्यक्रम पर संबद्धता दी गई है।

5.7.7 उद्योग संबंध

(क) सीटीएस के तहत फ्लेक्सी एमओयू

यह योजना उद्योगों को उनके कौशल की आवश्यकताओं के अनुसार अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित करने की अनुमति देती है तथा प्रशिक्षणार्थियों को बाजार की मांग और प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु नवीनतम प्रौद्योगिकीय के साथ उद्योग परिवेश प्रदान करती है। इसे उद्योग के साथ–साथ प्रशिक्षणार्थियों, दोनों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। योजना एक नियोक्ता स्किल मॉडल के रूप में प्रशिक्षित संकाय (फैकल्टी) को अपने कार्यबल में उद्योग हेतु तैयार प्रशिक्षणार्थियों को युक्त करने के लिए संभावित कार्मिकों के इन हाउस कौशल संचालन करने के साथ–साथ स्थापित अवसंरचना, मजबूत प्रशिक्षण सुविधाओं सहित भावी नियोक्ता (उद्योग) की परिकल्पना की गई है।

यह योजना उद्योग को उनके अनुरूप तथा अनुकूलित पाठ्यक्रमों हेतु फ्लेक्सीबीलिटी (लचीलापन) प्रदान करती है, जिसमें बाजार की प्रासंगिक सामग्री होती है जो उद्योग की जरूरतों को पूरा करती है। आईटीपी द्वारा विकसित इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य औद्योगिक प्रशिक्षण के प्रति अधिक महत्व प्रदान करना है तथा उच्च रोजगार क्षमता आईटी/आईटीईएस और इसी तरह के क्षेत्रों के लिए पूर्ण रूप से ऑनलाइन पाठ्यक्रम विकसित किए जा सकते हैं। कक्षा तथा उद्योग पाठ्यक्रम सहित प्रशिक्षण की अवधि 6 महीने से लेकर 24 महीने (2 वर्ष) तक है। प्रशिक्षण की संपूर्ण जिम्मेदारी आईटीपी की है जबकि आईटीपी तथा डीजीटी द्वारा संयुक्त रूप से मूल्यांकन किया जाता है। उद्योग प्रशिक्षित कुल सफल प्रशिक्षणार्थियों के कम से कम 50 नियोजन (प्लेसमेंट) सुनिश्चित करने के साथ प्रयोगात्मक तथा रचनात्मक मूल्यांकन करता है।

भागीदार संस्थाओं को एक औद्योगिक प्रशिक्षण भागीदार (आईटीपी) के रूप में डीजीटी के साथ समझौता अथवा समझौता ज्ञापन करने की आवश्यकता है। आईटीपी उद्योग/संगठन, उद्योग समूह/संघ, कौशल विश्वविद्यालय हो सकता है। आईटीपी निर्धारित मानदंडों के अतिरिक्त प्रशिक्षणार्थियों को उनके अनुसार चयन करने में लोचशील है। प्रवेश समय तथा प्रशिक्षण चक्र को लचीला रखा गया है। उच्च रोजगार क्षमता वाले उद्योग प्रासंगिक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण, अनुभवी उद्योग विशेषज्ञ/पेशेवरों के साथ परस्पर चर्चा तथा उद्योग की वर्कशॉप परिवेश और नवीनतम उपकरणों के संपर्क में आने से प्रशिक्षणार्थियों को उस क्षेत्र के कई उद्योगों में बढ़े हुए रोजगार के अवसर मिलते हैं। उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी सर्वोतम अभ्यासों, नवीनतम मशीनों, उपकरणों तथा उपस्करों की पहुंच के साथ उद्योग के लिए तैयार हैं।

फरवरी, 2019 में जारी संशोधित दिशा निर्देश योजना के तहत निम्नलिखित समझौता–ज्ञापनों (एमओयूज) पर हस्ताक्षर किए गए:

1. मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, गुरुग्राम
2. सेंचुरियन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, ओडिशा
3. सुजुकी मोटर्स, गुजरात
4. एनएमडीसी, छत्तीसगढ़
5. कौशल्या कामेश्वर,झारखंड
6. जीटीटीसी, बेंगलुरु
7. नवगुरुकुल, बेंगलुरु

8. आयुध निर्माणी बोर्ड, कोलकाता, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
9. लावा इंटरनेशनल लिमिटेड, नोएडा
10. पेटीएम फ्लेक्सी समझौता ज्ञापन
11. टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लिमिटेड
12. मेधावी कौशल विश्वविद्यालय, सिक्किम
13. बीएसए कार्पोरेशन लिमिटेड
14. भारतीय थल सेना
15. भारतीय नौ सेना
16. भारतीय वायु सेना

क्रम संख्या 14,15 तथा 16 पर वर्णित, प्रशिक्षण तथा अनुभवात्मक शिक्षा के दौरान अग्निवीर द्वारा अर्जित कौशल को मान्यता देकर अग्निपथ योजना के तहत शामिल होने वाले अग्निवीरों को राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण–पत्र प्रदान करने के लिए सशस्त्र बलों के साथ एमओयूज पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

इसके अलावा, औद्योगिक प्रशिक्षण के लिए अत्यधिक महत्व प्रदान करने हेतु तथा जिनमें उच्च रोजगार दक्षता हो के लिए उपरोक्त आईटीपी के सहयोग से 26 एनएसक्यूएफ अनुपालन पाठ्यक्रम विकसित किए गए है। अनुबंध–प्ट के रूप में पाठ्यक्रमों की सूची संलग्न है।

फ्लेक्सी–एमओयू योजना के तहत मूल्यांकन और प्रमाणनः

- सेंचुरियन प्रौद्योगिकी और प्रबंधन विश्वविद्यालय (सीयूटीएम) 1900 प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन और उन्हें प्रमाणित किया गया।
- मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेडः 3705 प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन किया गया और 3061 को प्रमाणित किया गया
- टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्रा. लिमिटेडः 202 प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन और प्रमाणित किया गया।

(ख) दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली

डीएसटी योजना का उद्देश्य उद्योगों और प्रतिष्ठानों को उच्च रोजगार योग्यता पाठ्यक्रमों के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सरकारी और निजी आईटीआइज के साथ भागीदारी करने में सक्षम बनाना है ताकि उनकी कुशल जनशक्ति आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। डीएसटी आईटीआइज के माध्यम से दिए जाने वाले सैद्धांतिक प्रशिक्षण और उद्योग के माध्यम से दिए जाने वाले व्यावहारिक प्रशिक्षण का मिश्रण है। डीएसटी उद्योग संबंधों को सक्षम करने में मदद करता है और उद्योगों की नवीनता/अद्यतन तकनीकों पर प्रशिक्षणार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करता है।

डीएसटी योजना के तहत, उद्योग के कुशल कार्यबल की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पाठ्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ताकि प्रशिक्षण पूरा होने के बाद, प्रशिक्षुणार्थियों जिन्हें उद्योग में रोजगार के अवसर तथा नियोजनियता के संबंध में नियमित आईटीआई पास आउट को योजना के तहत राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाणत्र (एनटीसी) से सम्मानित किया जाता है। उद्योग संबंधों को मजबूत करने और उद्योग में उपयोग की जाने वाली नवीनतम तकनीकों के साथ आईटीआइज में प्रशिक्षणार्थियों को परिचित कराने की दृष्टि से, डीजीटी आईटीआइज प्रशिक्षणार्थियों को डीएसटी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है ताकि ये आईटीआई प्रशिक्षणार्थी उद्योग के लिए तैयार हों।

डीएसटी योजना के तहत, उद्योग के कुशल कार्यबल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उद्योग के माहौल में ऑन द जॉब प्रशिक्षण (ओजेटी) आयोजित की जाती है, जबकि सैद्धांतिक संघटक आईटीआई में ही शामिल है।

सभी संबद्ध आईटीआइज (सरकारी तथा निजी) अपने संबंधित मान्यता प्राप्त व्यवसाय(यों) में डीएसटी के तहत प्रशिक्षण संचालित कर सकते है।

दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली का विस्तार सेवा क्षेत्र के व्यवसायों और नए तथा उभरते क्षेत्रों के व्यवसायों सहित सभी व्यवसायों में किया गया है। यह सभी पाठ्यक्रम एनएसक्यूएफ के अनुरूप होंगें।

प्रशिक्षण की अवधि

1. नीचे तालिका में वर्णित के अनुसार औद्योगिक प्रशिक्षण की अवधिः

क्र.सं.	पाठ्यक्रम/व्यवसाय की अवधि	औद्योगिक प्रदर्शन/प्रशिक्षण की अवधि (संशोधित दिशानिदेशों के अनुसार)
1	6 माह	1–3 माह
2	1 वर्ष	3–6 माह
3	2 वर्ष	6–12 माह

2. इस सीमा के भीतर संपूर्ण अवधि में उद्योग प्रशिक्षण और आईटीआई ब्लॉकों की अवधि तय करने में उद्योग/आईटीआई के पास लोचशीलता है।

उद्योगों के लिए पात्रता मानदंड

अधिक से अधिक उद्योगों को डीएसटी के अंतर्गत लाने के लिए, इंजीनियरिंग तथा गैर–इंजीनियरिंग दोनों व्यवसायों के लिए सहभागिता वाले उद्योग द्वारा न्यूनतम 200 कर्मचारियों नियोजित करने की शर्त को संशोधित किया गया है। इन दिशा निदेशों को अब नीचे दिए गए अनुसार संशोधित किया गया हैः

क्र.सं.	पैरामीटर	योग्यता मानदंड	
		इंजीनियरिंग व्यवसाय	गैर–इंजीनियरिंग व्यवसाय
1	उद्योग में न्यूनतम कर्मचारियों की संख्या	40	6
2	उद्योग के न्यूनतम टर्नओवर (रू में)	1 करोड़ / वर्ष (विगत 3 वर्षों के लिए)	10 लाख / वर्ष (विगत 2 वर्षों के लिए)

प्रशिक्षणार्थी शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) के तहत नियमित परीक्षा में शामिल होते हैं और अन्य आईटीआई छात्रों की तरह सीटीएस के तहत ई–प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाता है। डीएसटी सभी संबद्ध आईटीआइज में लागू है और सीटीएस के तहत प्रदान किए गए सभी मौजूदा व्यवसायों को शामिल करता है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद, योजना के तहत ई–राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण–पत्र (ई–एनटीसी) धारक प्रशिक्षणार्थियों की नियोजनीयता तथा उद्योग में रोजगार के अवसरों के दृष्टिगत नियमित आईटीआई उत्तीर्ण की तुलना में अधिक है।

1 दिसंबर, 2022 तक, राज्य निदेशालयों के तहत आईटीआइज, डीजीटी के तहत एनएसटीआइज और स्ट्राइव योजना के तहत औद्योगिक समूहों द्वारा डीएसटी योजना के तहत कुल 3,823 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। विवरण नीचे दिया गया हैः

क्र. सं.	डीएसटी के तहत समझौता ज्ञापनों की श्रेणी	हस्ताक्षर किए गए समझौता ज्ञापनों की संख्या
1.	डीजीटी के तहत राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों और उद्योग संगठनों के बीच	337
2.	राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों के सरकारी और निजी आईटीआइज और उद्योग संगठनों के बीच	3268
3.	उद्योग समूहों और आईटीआई के बीच (स्ट्राइव योजना के तहत)	32
4.	पहले डीएसटी के मौजूदा समझौता ज्ञापनों को अब संशोधित योजना के तहत परिशोधित किए गए हैं	186
	कुल	**3823**

डीएसटी के तहत प्रशिक्षण में वृद्धि:

5.7.8 सीटीएस उत्प्रेरक

(क) देश में आईटीआइज का विकास

आईटीआइज उद्योग को कुशल जनशक्ति प्रदान करने के मामले में देश की जीडीपी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) देश के औद्योगिक विकास के लिए कुशल जनशक्ति की आवश्यकता को पूरा करने हेतु विभिन्न व्यावसायिक व्यवसायों में कौशल प्रदान करने के लिए लगभग 50 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआइज) की स्थापना करके 1950 में शुरू की गई थी। कई नए निजी आईटीआइज 1980 के दशक में दक्षिणी राज्यों में ज्यादातर केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में स्थापित किए गए, जहां से प्रशिक्षित शिल्पकारों को खाड़ी देशों में रोजगार मिला। वर्ष 1980 में, 831 आईटीआइज थे और वर्ष 2022 में प्रशिक्षण संस्थानों की संख्या बढ़कर 14,953 हो गई।



ITI Density

ITI Seats per lakh **population as on date basis NCVTMIS portal**



National Average 175 seats per lakh population

650 200-150 150-5

ITI Seats per lakh population

5.7.9 नई पहल

(क) न्यू एज पाठ्यक्रम

वर्तमान में, शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के तहत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरे देश में स्थित 14956 आईटीआइज (सरकारी 3248 + निजी 11708) के नेटवर्क के माध्यम से प्रदान किए जा रहे हैं, सत्र 2022 (1 वर्ष और 2 वर्ष की अवधि के व्यवसायों में) में पर कुल सीट क्षमता 26.03 लाख है, इसका उद्देश्य सीटीएस के तहत 152 एनएसक्यूएफ अनुपालन व्यवसायों में उद्योगों को कुशल कार्यबल प्रदान करना है। उद्योगों से बढ़ती मागों को पूरा करने हेतु सीटीएस के तहत आईटीआइज में 4.0 उद्योग के अनुसार निम्नलिखित 14 न्यू एज व्यवसायों को आरंभ किया गया है:

- एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग तकनीशियन (3डी प्रिंटिंग)
- ऐरोनोटिकल स्ट्रक्चर एंड इक्विपमेंट फिटर
- ड्रोन तकनीशियन
- इलेक्ट्रीशियन पावर डिस्ट्रीब्यूशन
- फाइबर टू होम तकनीशियन
- जियो इन्फोर्मेटिक्स असिस्टेंट
- इंटरनेट ऑफ थिंग्स (स्मार्ट एग्रीकल्चर)
- इंटरनेट ऑफ थिंग्स (स्मार्ट सिटी)
- इंटरनेट ऑफ थिंग्स (स्मार्ट हेल्थकेयर)
- रिमोटली पाइलटेड एयरक्राफ्ट (आरपीए)/ड्रोन पायलट
- स्मार्टफोन तकनीशियन सह ऐप टैस्टर
- सोलर तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल)
- तकनीशियन इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एंड रिपेयर
- तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स

डीजीटी ने हाल ही में अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) पाठ्यक्रम प्रारंभ किए हैं और तदनुसार अगस्त, 2021–22 से प्रारंभ होने वाले सत्र से मुख्य रूप से बड़ी संख्या में ब्लू–कॉलर श्रमिकों/आईटीआई उत्तीर्ण छात्रों को शामिल करने के उद्देश्य से बदलते प्रौद्योगिकी परिवेश, उपलब्ध श्रमशक्ति में कौशल अंतराल और इसके लिए अल्पकालिक अपस्किलिंग और रीस्किलिंग पाठ्यक्रम प्रारंभ करते हुए उद्योग की निरंतर मांग को पूरा करने के लिए 14 नए अल्पकालिक पाठ्यक्रम प्रारंभ किए हैं। एसटीटी पाठ्यक्रमों की सूची निम्नानुसार है:

क्र. सं.	व्यवसाय का नाम	क्षेत्र का नाम	अवधि (घंटे)	एनएसक्यूएफ स्तर
1	2डी एनीमेटर	मीडिया तथा मनोरंजन	600	4
2	आरी तथा जरदोसी एम्ब्रायडरी	परिधान	320	4
3	उन्नत सीएनसी मशीनिस्ट 5–एक्सिस	कार्यनीतिक विनिर्माण	960	5
4	ऑटोमोटिव इंजन इलेक्ट्रॉनिक्स डायग्नोस्टिक तकनीशियन (पैट्रोल)	ऑटोमोटिव	240	5
5	वस्त्र कारीगर	परिधान	480	4
6	सीएनसी मशीनिंग और वुड ऑपरेटर	फर्नीचर और फिटिंग	480	5
7	सीएनसी मशीनिस्ट 3–एक्सिस	कार्यनीतिक विनिर्माण	640	5
8	डीजल इंजन इलेक्ट्रॉनिक्स डायग्नोस्टिक तकनीशियन	ऑटोमोटिव	240	5
9	डिजिटल फैशन पोर्टफोलियो डिजाइनिंग	परिधान	720	5

10	पीएसए ऑक्सीजन प्लांट संचालन एवं रखरखाव	पूंजीगत सामग्री तथा विनिर्माण	180	4
11	श्वसन उपकरण संचालन एवं रखरखाव	इलेक्ट्रॉनिक्स व हार्डवेयर	190	3
12	पेशेवर मेकअप आर्टिस्ट और हेयर स्टाइलिस्ट	सौंदर्य एवं स्वास्थ्य	480	5
13	वरिष्ठ नेल तकनीशियन	सौंदर्य एवं स्वास्थ्य	320	5
14	वरिष्ठ स्पा थेरेपिस्ट	सौंदर्य एवं स्वास्थ्य	480	5

आईटीआइज में ड्रोन संबंधित पाठ्यक्रमों की शुरुआतः डीजीटी ने सत्र 2022 से आईटीआइज में ड्रोन संबंधित पाठ्यक्रमों को संचालित करने हेतु आईटीआइज को अनुमति दी है। आईटीआइज को सत्र 2022 से अल्पावधि ड्रोन पाठ्यक्रम चलाने हेतु संबद्धता प्रदान की गई है। अब तक निम्निलिखित दो पाठ्यक्रमों में 116 संबद्धता प्रदान की जा चुकी हैः

क्र.सं.	व्यवसाय का नाम	क्षेत्र का नाम	अवधि (घंटे)	एनएसक्यूएफ स्तर
1	ड्रोन विनिर्माण तथा एसेम्बली	इलेक्ट्रॉनिक्स तथा हार्डवेयर	390	4
2	ड्रोन सेवा तकनीशियन	इलेक्ट्रॉनिक्स तथा हार्डवेयर	400	4

सत्र 2022 से संबद्धता प्रदान किए गए आईटीआइज की राज्यवार स्थिति निम्नानुसार हैः

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	संबद्ध आईटीआइज की संख्या
1	आन्ध्र प्रदेश	10
2	अरुणाचल प्रदेश	5
3	असम	2
4	बिहार	30
5	चंडीगढ़	1
6	गुजरात	20
7	हिमाचल प्रदेश	9
8	महाराष्ट्र	12
9	मणिपुर	1
10	पंजाब	5
11	उत्तर प्रदेश	15
12	उत्तराखंड	6
	सकल योग	116

5.7.10 पाठ्यचर्या में सुधारः

प्रौद्योगिकी में उन्नत्तता तथा बाजार की मांग को ध्यान में रखते हुए, डीजीटी नियमित रूप से पाठ्यचर्या को अद्यतन करता है। नए व्यवसाय शुरू किए जाते हैं और अप्रचलित व्यवसायों को योजना से हटा दिया जाता है। ये कार्यकलाप व्यवसाय समितियों की एक सुस्थापित प्रणाली के माध्यम से की जाती हैं। व्यवसाय समितियां पाठ्यचर्या, उपकरणों की आवश्यकता, अवधि, शिक्षाशास्त्र (पेडागोजी), मूल्यांकन प्रणाली दूरस्थ शिक्षा, प्रौद्योगिकी सक्षम प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचे में सुधार आदि सहित प्रशिक्षण के आधुनिक तरीके में बदलाव का सुझाव देती हैं; व्यवसाय समितियों में उद्योग, डीजीटी के क्षेत्रीय संस्थानों, राज्य सरकारों से प्रतिनिधित्व होता है।

एनईपी 2020 के दृष्टिगत, प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) ने स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा प्रणाली के अनुरूप शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के तहत सभी योग्यताओं को पुनर्गठित कर 1600 घंटे को 1200 घंटे की लर्निंग के लिए युक्तिसंगत बनाया गया है, जिसमें रोजगारपरक कौशल (एक साल के पाठ्यक्रम/दो वर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में रोजगारपरक कौशल के 120 घंटे तथा दो वर्षीय पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में 60 घंटे के का उन्नत रोजगारपरक कौशल) और रोजगार की तैयारी के लिए बेहतर उद्योग संरेखण हेतु ऑन द जॉब प्रशिक्षण (ओजेटी) के 150 घंटे शामिल हैं। वे वैकल्पिक के रूप में 240 घंटे (आईटीआई प्रमाणन अथवा 240 घंटे तक के जोड़े हुए अल्पावधि पाठ्यक्रम के साथ 10 वीं/12 वीं कक्षा के प्रमाणन हेतु एनआईओएस के माध्यम से एक भाषा पाठ्यक्रम) का विकल्प भी चुन सकते हैं।

डीजीटी ने वर्कशॉप कैलकुलेशन तथा साइंस (डब्ल्यूसीएस) और इंजीनियरिंग ड्रॉइंग (ईडी) के पाठ्यक्रम को सहज बनाया है जिसमें प्रत्येक का अधिकतम 40 घंटे का है और सभी इंजीनियरिंग व्यवसायों हेतु व्यवसाय थ्योरी विषय के साथ विलय कर दिया गया है।

120 घंटे और 60 घंटे के साथ रोजगारपरक कौशल पर राष्ट्रीय व्यावसायिक मानकों (एनओएसज) को विकसित किया गया है और 30 जून, 2022 को आईटीआइज में सत्र 2022–23 से कार्यान्वयन के लिए एनएसक्यूसी की 20 वीं बैठक में अनुमोदित किया गया है, जिसमें निम्नलिखित मॉड्यूल शामिल हैः

तालिका– रोजगारपरक कौशल के मॉड्यूल

क्र.सं.	रोजगारपरक कौशल के मॉड्यूल
1.	रोजगारपरक कौशल का परिचय
2.	संवैधानिक मूल्य – नागरिकता
3.	21वीं सदी में एक पेशेवर बनना
4.	बुनियादी अंग्रेजी कौशल
5.	आजीविका विकास और लक्ष्य निर्धारण
6.	संचार कौशल
7.	विविधता और समावेशन
8.	वित्तीय और कानूनी साक्षरता
9.	आवश्यक डिजिटल कौशल
10.	उद्यमशीलता
11.	ग्राहक सेवा
12.	शिक्षुता और रोजगार के लिए तैयार होना

डीजीटी ने वर्कशॉप कैलकुलेशन तथा साइंस (डब्ल्यूसीएस) और इंजीनियरिंग ड्रॉइंग (ईडी) के पाठ्यक्रम को सहज बनाया है जिसमें प्रत्येक का अधिकतम 40 घंटे का है और सभी इंजीनियरिंग व्यवसायों हेतु व्यवसाय थ्योरी विषय के साथ विलय कर दिया गया है।

5.7.11 व्यावसायिक प्रशिक्षण के साथ शैक्षणिक शिक्षा का एकीकरणः

क) उच्च शिक्षा (एमएसडीई–ईग्नू एमओयू) हेतु व्यावसायिक प्रशिक्षणार्थियों के लिए सुकर बनाना

उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए आईटीआई प्रशिक्षणार्थियों की आकांक्षाओं को पूरा करने हेतु, एमएसडीई ने आईटीआई पास आउट को उच्च शिक्षा प्रदान करने में मदद करने के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के साथ समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस प्रावधान के तहत 510 आईटीआई 34 एनएसटीआइज में एमएसडीई–इग्नू विस्तारण केंद्र के रूप में स्थापित हो चुके है इस एमओयू के अंतर्गत इग्नू से उच्च शिक्षा हेतु कुल 9,884 आईटीआई प्रशिक्षणार्थी पंजीकृत है।

इग्नू ने अपने स्नातकपूर्व कार्यक्रमों में सीधे प्रवेश के उद्देश्य से दो वर्षीय एनटीसी (10 वीं कक्षा के बाद) को चार विषयों को कवर करने के लिए 10 + 2 स्तर के समकक्ष मान्यता दी है।

ख) व्यावसायिक योग्यता हेतु शैक्षणिक समतुल्यता (डीजीटी–एनआईओएस–एमओयू):

स्कूली शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा/कौशल के बीच संबंधों के विकास के माध्यम से आईटीआई प्रशिक्षणार्थियों के हित के लिए 7 दिसंबर 2021 को शिक्षा मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) और कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के तहत प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

समझौता ज्ञापन शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) के तहत आईटीआई प्रशिक्षणार्थियों की सर्वांगिक विकास हेतु गतिशीलता के लिए मार्ग प्रशस्त करता है जिससे वे क्रेडिट हस्तांतरण सुविधा के माध्यम से एनआईओएस से माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रमाण–पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

समझौता ज्ञापन के अनुसार, 10वीं और 12वीं स्कूल प्रमाण–पत्र प्राप्त करने के लिए एनटीसी के साथ 8वीं पास और 10वीं पास आईटीआई/एनएसटीआई से सीटीएस प्रशिक्षणार्थियों के लिए न्यूनतम आवश्यकता क्रमशः नीचे दी गई तालिका में संक्षेपित है–

तालिका– क्रेडिट ट्रांसफर के लिए मानदंड (टीओसी)

क्र. सं.	आईटीआई/एनएसटीआई प्रशिक्षणार्थियों हेतु आवश्यक मानदंड	आईटीआई/एनएसटीआई में सीखे गए विषयों अधिकतम संख्या क्रेडिट हस्तांतरण के लिए विचारणीय है: (क)	प्रशिक्षणार्थियों को न्यूनतम संख्या में आवश्यक विषय है (ख)	एनआईओएस से 8वीं पास के लिए 10वीं का प्रमाण–पत्र तथा 10वीं पास प्रशिक्षणार्थियों के लिए 12वीं का प्रमाण–पत्र प्राप्त करने का मानदंड
1.	2 साल का एन.टी.सी	4	एक (न्यू नतम एक भाषा)	(क) + (ख) प्रत्येक से 240 घंटे की न्यूनतम अवधि के 5 विषयों को पूरा करना
2.	1–वर्ष एनटीसी + 1–वर्ष एनएसी	4	एक (न्यूनतम एक भाषा)	
3.	1 वर्षीय एनटीसी	3	दो (न्यूनतम एक भाषा)	

इस प्रवधान के तहत, 1,032 सरकारी आईटीआइज/एनएसटीआइज को एनआईओएस अध्ययन केंद्र के रूप में मान्यता दी गई है और 71,992 प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्व पंजीकरण किया है।

5.7.12 पीएमकेवीवाई 3.0 के तहत अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) तथा स्किल हब पहल (एसएचआई)

2021 में स्ट्राइव के तहत लाभान्वित आईटीआइज में पीएमकेवीआई के तहत अल्पावधि प्रशिक्षण आरंभ किया गया था जिसे अन्य आईटीआइज तथा एनएसटीआइज में विस्तारित किया गया है। स्ट्राइव के तहत 406 आईटीआइज में कुल 9227 उम्मीदवारों को 87 रोजगार भूमिका (जॉब–रोल) के अंतर्गत प्रशिक्षित किया गया है। इसका विस्तार देशभर के अन्य आईटीआइज तथा एनएसटीआइज में किया गया है, 26,326 प्रशिक्षणार्थियों के साथ कुल 498 आईटीआइज तथा एनएसटीआइज हैं।

डीजीटी को आदेश संख्या एससीएच–11/17/2020–एसएनपी दिनांक 28 फरवरी, 2022 के द्वारा पीएमकेवीवाई 3.0 तथा स्किल हब पहल (एसएचआई) के तहत आईटीआइज तथा एनएसटीआइज आदि द्वारा चयन की गई एसटीटी रोजगार भूमिका (जॉब–रोल) हेतु आवर्डिंग निकाय तथा मूल्यांकन एजेंसी के रूप में कार्य करता है।

पीएमकेवीवाई 3.0 के तहत प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थियों का ब्यौरा इस प्रकार है:

पीएमकेवीवाई 3.0 के तहत उप योजना	बैचों की संख्या	कुल नामांकित प्रशिक्षणार्थी
स्किल हब पहल	583	15,571
आईटीआई द्वारा एसटीटी	464	10,755
सकल योग	1,047	26,326

5.7.13 संबद्धता प्रक्रिया में सुधार:

- आईटीआई पारिस्थितिक तंत्र (इको–सिस्टम) के कुशल और पारदर्शी प्रबंधन में बढ़ोतरी हेतु प्रत्यायन तथा संबद्धता के लिए आईटीआइज के ऑन–लाईन निरीक्षण हेतु दिशा–निदेश निर्धारित किए गए हैं, ऑन–लाईन निरीक्षण किए गए है।
- नया प्रवेश कलेंडर सत्र 2022 तैयार कर लिया गया है और 2022 से आईटीआइज के नियमित प्रवेश सत्र को बहाल करने का प्रयास किया गया है जो कोविड महामारी के कारण प्रभावित हुआ था।
- सत्र 2022 की उपलब्धियां

नए आईटीआइज प्रत्यायन	212
नई आईटीआइज संबद्धताएं	379
इकाइयों में कुल वृद्धि	2767
सीट की क्षमता में कुल वृद्धि	55340

5.8 शिल्प अनुदेशक प्रशिक्षण योजना (सीआईटीएस)

5.8.1 प्रस्तावना:

प्रशिक्षक का प्रशिक्षण (टीओटी) यानी शिल्प अनुदेशकों का प्रशिक्षण डीजीटी की अनिवार्य जिम्मेदारी है और यह शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) की स्थापना से ही चल रहा है। शिक्षण की पद्धति और व्यावहारिक कौशल की तकनीकों से परिचित कराने के लिए अनुदेशक प्रशिक्षणार्थियों को कौशल और प्रशिक्षण पद्धति दोनों में व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है ताकि कौशल हस्तांतरित करने की तकनीक से परिचित कराया जा सके और उद्योग के लिए कुशल जनशक्ति तैयार की जा सके।

शैक्षणिक सत्र 2022 में प्रवेश के दौरान, यह मूल्यांकन किया गया था कि 26 लाख से अधिक सीटों की क्षमता वाले लगभग 15,000 आईटीआइज और कौशल पारिस्थितिकी तंत्र में 1,65,000 से अधिक अनुदेशक पद हैं। एनसीवीईटी ने अनिवार्य किया है कि आईटीआइज में सभी प्रशिक्षक सीआईटीएस प्रशिक्षित होने चाहिए। लेकिन, इनमें से वर्तमान में केवल 15% ही सीआईटीएस के तहत प्रशिक्षित हैं।

शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु सीआईटीएस प्रशिक्षकों की कुल क्षमता 14,412 है। सीआईटीएस के तहत कुल 10,721 प्रशिक्षणार्थी नामांकित हैं। पिछले कुछ वर्षों की सीट क्षमता नीचे तालिकाबद्ध है:

क्र.सं.	वर्ष	कुल सीट
1	2016–17	12128
2	2017–18	12385
4	2018–19	12339
5	2019–20	11555
6	2020–21	12765
7	2021–22	12993
8	2022–23	14412

5.8.2 प्रशिक्षण योजना की संरचनाः

- देशभर मे आयोजित केंद्रीकृत प्रवेश परीक्षा (अखिल भारतीय सामान्य प्रवेश परीक्षा) के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है।
- शिल्प अनुदेशक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत पात्र योग्यता संबंधित व्यवसाय मे एनटीसी/ एनएसी/डिप्लोमा/डिग्री है। सीआईटीएस के अंतर्गत 22 इंजीनियरिंग व्यवसायों तथा 13 गैर–इंजीनियरिंग व्यवसायों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

क्र.सं.	सीआईटीएस व्यवसाय
1	आर्किटेक्चरल ड्राफ्टसमैन
2	कारपेंटर
3	कंप्यूटर एडेड कढ़ाई और डिजाइनिंग
4	कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग रखरखाव
5	कंप्यूटर सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन
6	सौंदर्य प्रसाधन
7	ड्राफ्टसमैन सिविल
8	ड्राफ्टसमैन मैकेनिकल
9	ड्रेस मेकिंग
10	इलेक्ट्रीशियन
11	इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक
12	फैशन डिजाइन और प्रौद्योगिकी
13	फिटर
14	फाउंड्रीमैन
15	सूचना प्रौद्योगिकी
16	यंत्र मैकेनिक

17	इंटीरियर डिजाइन और सजावट
18	एडवांस मशीन टूल्स मशीनिस्ट और ऑपरेटर
19	ग्राइंडर मशीनिस्ट
20	डीजल मैकेनिक
21	मशीन उपकरण रखरखाव मैकेनिक
22	मोटर वाहन मैकेनिक
23	रेफ्रिजरेशन और एयर कंडीशनिंग मैकेनिक
24	ट्रैक्टर मैकेनिक
25	कार्यालय प्रबंधन
26	पैन्टिंग प्रौद्योगिकी
27	पलंबर
28	ड्राइंग और अर्थमेटिक रीडिंग
29	सेक्रेटेरियल प्रेक्टिस (हिंदी)
30	सिलाई प्रौद्योगिकी
31	शीट मेटल वर्कर
32	भूतल अलंकरण तकनीक
33	टूल एंड डाई मेकर
34	टर्नर
35	वेल्डर

- प्रशिक्षण कार्यक्रम की संरचना निम्नानुसार है:

  0 इंजीनियरिंग व्यवसायों के लिए, ड्राफ्ट्समैन ग्रुप को छोड़कर निम्नलिखित विषयों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है:

क्र.सं.	पाठ्यक्रम अव्यव
1	व्यवसाय तकनीक
	व्यावसायिक कौशल (व्यवसाय प्रैक्टिकल)
	व्यावसायिक कौशल (व्यवसाय थ्योरी)
2.	इंजीनियरिंग तकनीक
	वर्कशॉप गणना और विज्ञान
3	प्रशिक्षण पद्धति
	टीएम प्रैक्टिकल
	टीएम थ्योरी

0 ड्राफ्ट्समैन ग्रुप को छोड़कर इंजीनियरिंग व्यवसायों के लिए निम्नलिखित विषयों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है:

क्र.सं.	पाठ्यक्रम अव्यव
1	व्यवसाय तकनीक
	व्यावसायिक कौशल (व्यवसाय प्रैक्टिकल)
	व्यावसायिक कौशल (व्यवसाय थ्योरी)
2.	इंजीनियरिंग तकनीक
	वर्कशॉप गणना
	वर्कशॉप विज्ञान
3	प्रशिक्षण पद्धति
	टीएम प्रैक्टिकल
	टीएम थ्योरी

0 गैर–इंजीनियरिंग व्यवसायों के लिए निम्नलिखित विषयों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है:

क्र.सं.	पाठ्यक्रम अव्यव
1	व्यवसाय तकनीक
	व्यावसायिक कौशल (व्यवसाय प्रैक्टिकल)
	व्यावसायिक कौशल (व्यवसाय थ्योरी)
2.	सॉफ्ट कौशल
	प्रैक्टिकल
	थ्योरी
3	प्रशिक्षण पद्धति
	टीएम प्रैक्टिकल
	टीएम थ्योरी

सीआईटीएस के तहत पाठ्यक्रम प्रदान करने वाले केंद्रीय संस्थानों की सूची:

क्र.सं.	राज्य	संस्थान
एनएसटीआई (डब्ल्यू)		
1	बिहार	एनएसटीआई (डब्ल्यू) पटना
2	गोवा	एनएसटीआई (डब्ल्यू) गोवा
3	गुजरात	एनएसटीआई (डब्ल्यू) वडोदरा
4	हरियाणा	एनएसटीआई (डब्ल्यू) पानीपत
5	हिमाचल प्रदेश	एनएसटीआई (डब्ल्यू) शिमला
6	जम्मू और कश्मीर	एनएसटीआई (डब्ल्यू) जम्मू

7	कर्नाटक	एनएसटीआई (डब्ल्यू) बेंगलुरु
8	केरल	एनएसटीआई (डब्ल्यू) त्रिवेंद्रम
9	मध्य प्रदेश	एनएसटीआई (डब्ल्यू) इंदौर
10	महाराष्ट्र	एनएसटीआई (डब्ल्यू) मुंबई
11	मेघालय	एनएसटीआई (डब्ल्यू) तुरा
12	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र	एनएसटीआई (डब्ल्यू) नोएडा
13	पंजाब	एनएसटीआई (डब्ल्यू) मोहाली (राजपुरा)
14	राजस्थान	एनएसटीआई (डब्ल्यू) जयपुर
15	तमिलनाडु	एनएसटीआई (डब्ल्यू) त्रिची
16	तेलंगाना	एनएसटीआई (डब्ल्यू) हैदराबाद
17	त्रिपुरा	एनएसटीआई (डब्ल्यू) अगरतला
18	उत्तर प्रदेश	एनएसटीआई (डब्ल्यू) इलाहाबाद
19	पश्चिम बंगाल	एनएसटीआई (डब्ल्यू) कोलकाता
एनएसटीआई (सामान्य)		
20	झारखंड	एनएसटीआई जमशेदपुर
21	कर्नाटक	एनएसटीआई बेंगलुरु
22	केरल	एनएसटीआई कालीकट
23	महाराष्ट्र	एनएसटीआई मुंबई
24	ओडिशा	एनएसटीआई भुवनेश्वर
25	पंजाब	एनएसटीआई लुधियाना
26	राजस्थान	एनएसटीआई जोधपुर
27	तमिलनाडु	एनएसटीआई चेन्नई
28	तेलंगाना	एनएसटीआई हैदराबाद (रमनथापुर)
29	तेलंगाना	एनएसटीआई हैदराबाद (विद्यानगर)
30	उत्तर प्रदेश	एनएसटीआई कानपुर
31	उत्तराखंड	एनएसटीआई देहरादून
32	उत्तराखंड	एनएसटीआई हल्द्वानी
33	पश्चिम बंगाल	एनएसटीआई हावड़ा
एनएसटीआई विस्तार केंद्र		
34	तमिलनाडु	विस्तार केंद्र (पुदुचेरी)
35	जम्मू और कश्मीर	विस्तार केंद्र (श्रीनगर)
36	जम्मू और कश्मीर	विस्तार केंद्र (लेह)

सीआईटीएस के तहत निम्नलिखित सरकारी तथा निजी आईटीओटीज में भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है

प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु राज्य सरकारी संस्थान (आईटीओटीज): 2022 में नए 59 सरकारी आईटीओटीज बनाए गए हैं। पूरी सूची नीचे दी गई है:		
क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**संस्थान का नाम**
1	आंध्र प्रदेश	सरकार आईटीओटी न्यू गजुवाका, आंध्र प्रदेश
2	छत्तीसगढ़	राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर
3	छत्तीसगढ़	सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एमएएनए
4	हरियाणा	सरकारी आईटीओटी हरियाणा
5	हिमाचल प्रदेश	सरकारी आईटीओटी शाहपुर, जिला कांगड़ा
6	हिमाचल प्रदेश	सरकारी आईटीओटी पपलॉग, जिला मंडी
7	हिमाचल प्रदेश	सरकारी मॉडल आईटीओटी नालागढ़, जिला सोलन
8	हिमाचल प्रदेश	सरकारी आईटीओटी मंडी, जिला मंडी
9	हिमाचल प्रदेश	सरकारी आईटीओटी शमशी, जिला कुल्लू
10	हिमाचल प्रदेश	सरकारी आईटीओटी डाडासिबा, जिला कांगड़ा
11	हिमाचल प्रदेश	सरकारी आईटीओटी बिलासपुर, जिला बिलासपुर
12	जम्मू और कश्मीर	सरकारी आईटीओटी जम्मू
13	जम्मू और कश्मीर	सरकारी आईटीओटी श्रीनगर
14	जम्मू और कश्मीर	सरकारी आईटीओटी अनंतनाग
15	जम्मू और कश्मीर	सरकारी आईटीओटी उधमपुर
16	कर्नाटक	सरकार आईटीओटी दावणगारे
17	कर्नाटक	सरकार आईटीओटी मलावल्ली
18	कर्नाटक	सरकारी मॉडल आईटीआई, होसुर रोड
19	कर्नाटक	सरकारी आईटीआई, होन्नावर
20	मध्य प्रदेश	सरकारी आईटीओटी, भोपाल
21	ओडिशा	बीजू पटनायक आईटीओटी, तलचर
22	पंजाब	सरकारी आईटीओटी, लालरू
23	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, अजमेर
24	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, अलवर
25	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, बांसवाड़ा
26	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, बारां

27	राजस्थान	गवर्नमेंट आईटीओटी, बाड़मेर
28	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, भरतपुर
29	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, भीलवाड़ा
30	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, बीकानेर
31	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, बूंदी
32	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, चित्तौड़गढ़
33	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, चूरू
34	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, दौसा
35	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, धौलपुर
36	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, डुंगरपुर
37	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, श्री गंगानगर
38	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, हनुमानगढ़
39	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, जयपुर
40	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, जैसलमेर
41	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, जालोर
42	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, झालावाड़
43	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, झुंझुनूं
44	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, जोधपुर
45	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, करौली
46	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, शहर
47	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, नागौर
48	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, पाली
49	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, राजसमंद
50	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, सवाई माधोपुर
51	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, सीकर
52	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, सिरोही
53	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, टोंक
54	राजस्थान	सरकारी आईटीओटी, उदयपुर
55	तेलंगाना	सरकारी आईटीओटी, शांतिनगर, मल्लेपल्ली
56	तेलंगाना	सरकारी आईटीओटी, मल्लेपल्ली, मल्लेपल्ली

57	तेलंगाना	सरकारी आईटीओटी ओल्ड सिटी, हैदराबाद
58	तेलंगाना	सरकारी आईटीओटी (लड़के), वारंगल
59	तेलंगाना	सरकारी आईटीओटी (लड़कियां), निजामाबाद
60	तेलंगाना	सरकारी आईटीओटी, मंचेरियल
61	त्रिपुरा	सरकारी आईटीओटी बिश्रामगंज, त्रिपुरा
62	त्रिपुरा	सरकारी आईटीओटी कमालपुर
63	त्रिपुरा	सरकारी आईटीओटी. खुमुलवंग
64	त्रिपुरा	सरकारी आईटीओटी एल.टी. वैली
65	उत्तर प्रदेश	राज्य कर्मचारी प्रशिक्षण और अनुसंधान केंद्र, लखनऊ
प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए निजी संस्थान (आईटीओटी)		
क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**संस्थान का नाम**
1	हरियाणा	एसडीएम आईटीओटी, हिसार
2	हरियाणा	एसबीएस आईटीओटी, ओढ़न रोड, क्लांवाली, सिरसा
3	हरियाणा	एस. गीता राम आईटीओटी, मतलोडा, हिसार,
4	हरियाणा	एसआर आईटीओटी, अंबाला
5	हिमाचल प्रदेश	मॉडर्न प्राइवेट आईटीओटी, कांगड़ा
6	ओडिशा	सेंचुरियन आईटीओटी, जटनी, खुर्दा
7	पंजाब	जैन आईटीओटी, अबोहर–श्रीनगर रोड, फाजिल्का
8	पंजाब	सरस्वती आईटीओटी, बठिंडा
9	पंजाब	खाटूजी आईटीओटी, फाजिल्का
10	राजस्थान	बागर आईटीओटी, झुंझुनू
11	उत्तर प्रदेश	स्यादवाड़ आईटीओटी, बागपत

5.8.3 प्रशिक्षणार्थियों हेतु नई पहलः

5.8.3.1 उच्च शिक्षा (एमएसडी–ईग्नू एमओयू) हेतु व्यावसायिक प्रशिक्षणार्थियों के लिए सुकर बनानाः

उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए आईटीआई प्रशिक्षणार्थियों की आकांक्षाओं को पूरा करने हेतु, एमएसडीई ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) और राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के साथ समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इन प्रावधानों के तहत कार्यकलापों का सारांश निम्नलिखित है:

क्र.सं.	कार्यकलाप	संख्या
1	ईग्नू अध्ययन केंद्रों के रूप में पंजीकृत एनएसटीआइज तथा विस्तारण केंद्रों की संख्या	35
2	एनआईओएस अध्ययन केंद्रों के रूप में पंजीकृत एनएसटीआइज तथा विस्तारण केंद्रों की संख्या	35

3	निस्बड अध्ययन केंद्रों के रूप में एनएसटीआइज की संख्या	20
4	स्किल इंडिया अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (एसआईआईसी) के साथ एनएसटीआइज की संख्या	24
5	एसएचआई के तहत पीएमकेवीआई हेतु पंजीकृत एनएसटीआइज तथा विस्तारण केंद्रों की संख्या	35

5.8.3.2 पाठ्यचर्या सुधारः

सीआईटीएस पाठ्यक्रम को स्कूली शिक्षा तथा उच्च शिक्षा प्रणाली के अनुरुप 1600 नोशनल प्रशिक्षण घंटे से 1200 सीखने के घंटों के रुप में पुनर्गठित किया जा रहा है।

5.8.3.3 सीआईटीएस के तहत पूर्व सीखने की मान्यता (आरपीएल)

मौजूदा अनुदेशकों को उनके पूर्व ज्ञान के आधार पर सीआईटीएस मान्यता प्राप्त करने हेतु मंच प्रदान करने के लिए सीआईटीएस के तहत पूर्व सीखने की मान्यता हेतु संशोधित दिशा–निदेशों को तैयार किया गया था। अदिनांक आरपीएल के तहत 3531 उम्मीदवारों ने सफलतापूर्वक सीआईटीएस पूरा किया है। इसके अलावा, चालू वर्ष में आरपीएल के तहत सीआईटीएस के लिए निमी पोर्टल के माध्यम से 10,318 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया है।

5.8.3.4 उद्योग संबंध

डीएसटी के तहत एनएसटीआइज द्वारा 150 नए एमओयूज पर हस्ताक्षर किए गए है।

5.8.3.5 उन्नत डिप्लोमा (व्यावसायिक)

उद्योगों के सहयोग से आईटीआई पास आउट को वर्टिकल मोबिलिटी देने के लिए 4 उन्नत डिप्लोमा (व्यावसायिक) पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं

- आईटी, नेटवर्किंग और क्लाउड कंप्यूटिंग में उन्नत डिप्लोमा (व्यावसायिक)
- ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकीय में उन्नत डिप्लोमा (व्यावसायिक)
- इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमेशन में उन्नत डिप्लोमा (व्यावसायिक)
- वेल्डिंग प्रौद्योगिकीय में उन्नत डिप्लोमा (व्यावसायिक)

प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी), कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने आईटी, नेटवर्किंग और क्लाउड कंप्यूटिंग' में उन्नत डिप्लोमा (व्यावसायिक) प्रदान करने के लिए फरवरी 2018 में मैसर्स आईबीएम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। पाठ्यक्रम की अवधि 2 वर्ष है और उन्नत डिप्लोमा पाठ्यक्रम का पहला बैच मार्च 2020 तक पूरा कर लिया जाएगा। वर्तमान में देश में 347 प्रशिक्षणार्थी (213 पुरुष और 134 महिला) 15 राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआइज) में प्रशिक्षण ले रहे हैं, जिसमें विशेष रूप से महिलाओं के लिए 5 (एनएसटीआई (डब्ल्यू)) शामिल हैं, जो सत्र 2022–24 के लिए उक्त पाठ्यक्रम प्रदान कर रहे हैं।

5.8.3.6 मूल्यांकन तथा प्रमाणीकरणः

- राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा तथा प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) ने अध्ययन–III के अधिकारों और परिषद के पैरा 16 (1) की शक्तियों के तहत प्रदत्त क्षमताओं के साथ, फा.सं. 32001/14/2020/एनसीवीईटी/234, दिनांक 10.06.2020 के द्वारा प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) को दीर्घकालिक प्रशिक्षण के लिए और आईटीआइज तथा एनएसटीआइज/ आईटीओटीज में प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु डीजीटी द्वारा निर्धारित सभी योग्यताओं के संबंध में और इस उद्देश्य के लिए एनसीवीईटी द्वारा अनुमोदित एक 'अवार्डिंग निकाय' तथा एक 'मूल्यांकन एजेंसी' के रूप में मान्यता प्राप्त है।
- डीजीटी द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं हेतु अखिल भारतीय व्यवसाय परीक्षा (एआईटीटी) आयोजित की जाती हैं। यह जिम्मेदारी डीजीटी के व्यवसाय परीक्षण सेल (टीटी सेल) को सौंपी गई है। इस परीक्षा में एनसीवीटी संबद्ध व्यवसायों/इकाइयों के प्रशिक्षणार्थी तथा योग्य निजी अभ्यर्थी शामिल होते हैं। प्रवेश–सत्र अगस्त, 2014 से एनसीवीटी एमआईएस पोर्टल (https://ncvtmis.gov.in) के माध्यम से प्रवेश हॉल टिकट सृजन, परिणाम

घोषणा तथा परिणाम पत्र (मार्कशीट) और प्रमाण–पत्र जारी किया जाता है। आयोजित परीक्षाओं को निम्नानुसार तालिकाबद्ध किया गया है:

क्र. सं.	योजना/परीक्षा का नाम	वर्ष 2022	
		व्यवसाय	परीक्षा
1.	शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) के तहत अखिल भारतीय शिल्पकार व्यवसाय परीक्षा	137	2
2.	शिल्प अनुदेशक व्यवसाय परीक्षा (सीआईटीएस) के लिए अखिल भारतीय व्यवसाय परीक्षा	39	2
3.	शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस दोहरी प्रणाली) के तहत अखिल भारतीय व्यवसाय परीक्षा	17	2
4.	शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (फ्लेक्सी एमओयू) के तहत अखिल भारतीय व्यवसाय परीक्षा	18	मांग आधारित
5.	"उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) (बीबीबीटी और एडवांस मॉड्यूल) योजना के तहत अखिल भारतीय शिल्पकार की व्यवसाय परीक्षा	08 सेक्टर	2
6	निर्दिष्ट व्यवसायों में शिक्षुता हेतु अखिल भारतीय व्यवसाय परीक्षा	266	2

- अखिल भारतीय व्यवसाय परीक्षा ऑनलाइन के साथ–साथ पारंपरिक पद्धति में आयोजित की जाती हैं। परीक्षा का सैद्धांतिक (थ्योरीटिकल) भाग कम्प्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के माध्यम से आयोजित किया जाता है तथा प्रयोगात्मक (प्रेक्टिकल) और इंजीनियरिंग ड्राइंग पारंपरिक पद्धति में आयोजित की जाती है।
- सीटीएस के एआईटीटी के पास–आउट अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण–पत्र (एनटीसी) प्रदान किए जाते हैं। राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण–पत्र (एनटीसीज) भारत में केंद्र/राज्य सरकार/निजी प्रतिष्ठानों में उपयुक्त पदों तथा सेवाओं पर भर्ती हेतु एक मान्यता प्राप्त योग्यता है।
- प्रणाली में तेजी लाने तथा प्रमाण–पत्र की विलंबता को दूर करने हेतु ई–प्रमाण–पत्र की शुरूआत की गई है। एनसीवीटी एमआईएस पोर्टल के माध्यम से अब मार्कशीट/राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण–पत्र (एनटीसी)/राष्ट्रीय शिल्प अनुदेशक प्रमाण–पत्र (एनसीआईसी)/राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण–पत्र (एनएसी) जारी किए जा रहे हैं। वर्ष 2022 में एनसीवीटी के तत्वावधान में आयोजित विभिन्न व्यवसाय परीक्षा का विवरण उपरोक्त तालिका में दिया गया है।
- डीजीटी सर्विस डेस्क (https://dgt.gov.in/servicedesk/users/index-php): प्रशिक्षणार्थियों/आईटीआइज की सहायता के लिए विशेष पोर्टल शुरू किया गया है जहां वे प्रवेश, परीक्षा, प्रमाणन, परिणाम घोषणा आदि से संबंधित प्रश्न पूछ सकते हैं और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
- हॉल टिकट (एचटी) से पहले प्रशिक्षणार्थी प्रोफाइल सत्यापनः– एक मॉड्यूल बनाया गया है जिसमें प्रशिक्षणार्थी अपने प्रोफाइल को सत्यापित करता है और अपना नाम, पिता/माता का नाम, जन्म तिथि और फोटोग्राफ की जांच करता है, वे एचटी जनरेशन से पहले अपनी प्रोफाइल से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इससे उन्हें परीक्षा से पहले सही एचटी प्राप्त करने में मदद मिलेगी।
- लगभग 1250 केंद्रों पर राज्य निदेशालय और नियुक्त परीक्षा एजेंसी के सहयोग से सभी योजनाओं के तहत सीबीटी परीक्षा आयोजित की जा रही है। डीजीटी सीबीटी परीक्षा आयोजित करने के लिए आदर्श आईटीआइज के अवसंरचना ढांचे का भी उपयोग कर रहा है। परीक्षा एजेंसी की प्रतिदिन 1.2 लाख प्रशिक्षणार्थियों की सीबीटी आयोजित करने की क्षमता है।

5.8.3.7 परीक्षाओं की अड़चनें दूर हुईं

महामारी से प्रभावित परीक्षा प्रणाली को सुव्यवस्थित करने और सीबीटी प्रणाली पर स्विच–ओवर करने के प्रयास किए गए:

- महामारी के कारण उपस्थिति में एकबारगी छूट 80% से 40% दी गई है।
- हॉल टिकट सृजित करने हेतु सीवीटी परीक्षा शुल्क में छूट दी गई तथा शेष प्रशिक्षणार्थियों को बिना किसी और देरी के परीक्षा में बैठने मे सहायता करने हेतु परिणाम के समय सत्यापित किया जाएगा।
- वार्षिक पैटर्न के तहत नियमित और अनुपूरक परीक्षाओ के लिए व्यवसाय प्रैक्टिकल को छोडकर सभी विषयों में ग्रेस मार्क देकर एकबारगी की छूट दी गई है। लगभग 9.2 लाख प्रशिक्षणार्थियों को विषय–वार पास घोषित किया गया था और सिस्टम में प्रमुख गतिरोध को दूर किया गया था।
- अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण लगभग शेष 4.8 लाख प्रशिक्षणार्थियों (वार्षिक पैटर्न के तहत) के लिए विशेष सीबीटी परीक्षा आयोजित का गई।
- शेष 4.2 लाख प्रशिक्षणार्थियों के लिए विशेष प्रैक्टिकल परीक्षा आयोजित की गई।
- दो वर्षीय पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष हेतु सीबीटी परीक्षा से छूट दे कर 7.58 लाख प्रशिक्षणार्थियों को नोशनल अंक प्रदान किए गए।
- सभी अनुपूरक प्रशिक्षणार्थियों को उनके बैकलॉग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त अवसर प्रदान किया गया है।

5.8.3.8 परीक्षा में सुधार

- परीक्षा पैटर्न में बदलावः पारंपरिक मोड (ओएमआर आधारित) परीक्षा मोड को कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) में बदल दिया गया है, जिसके परिणामस्वरूप परिणाम प्रसंस्करण समय कम हो गया है।
- पूर्व में दो व्यवसाय थ्योरी और दो प्रैक्टिकल परीक्षाओं के बजाय एक व्यवसाय थ्योरी परीक्षा (सीबीटी) और एक प्रैक्टिकल परीक्षा के साथ परीक्षा पैटर्न को सरल बनाकर प्रशिक्षणार्थियों में परीक्षा के डर को दूर किया।
- एनसीवीटी एमआईएस पोर्टल पर परिणामों की घोषणा और पोर्टल पर संबंधित हितधारकों को अधिसूचित करना। इसके अतिरिक्त, योग्य उम्मीदवारों, उम्मीदवारों से संबंधित रिपोर्ट, और उम्मीदवारों को पास और अनुत्तीर्ण होने की जानकारी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र निदेशालय लॉगिन आईडी पर उपलब्ध कराई जाती है।
- रिपोर्ट प्राप्ति में आसानी के माध्यम से और अधिक पारदर्शिता लाने के लिए जैसे प्रशिक्षणार्थी भर्ती, परिणाम, टॉपर सूची, हॉल टिकट सृजन, मार्कशीट और प्रमाण पत्र आदि राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों तथा आईटीआइज के लिए अप–टू–डेट/डेटा एनालिटिक्स प्राप्त करने हेतु राज्य लॉगिन के माध्यम से डीजीटी एमआईएस पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए हैं।
- प्रमाण पत्र बनने के बाद प्रोफाइल सुधार संबंधी शिकायतों को कम करने के लिए हॉल टिकट जनरेशन से पहले प्रशिक्षणार्थियों के प्रोफाइल सत्यापन के लिए एक नई प्रक्रिया लागू की गई।
- प्रायोगिक (प्रेक्टिकल) अंक अपलोड करने के लिए राज्यों के समय अंतराल को कम करने हेतु 48 घंटे के भीतर परीक्षक द्वारा सीधे प्रेक्टिकल अंक अपलोड करने के लिए पोर्टल में एक अतिरिक्त प्रक्रिया लागू की गई है और समय पर नोडल आईटीआई और राज्यों द्वारा अनुमोदित की गई है ताकि मार्क अपलोड में गलतियों से किसी भी तरह की परेशानी से बचा जा सके।
- लीगेसी प्रमाणपत्रों (एनसीआईसी/एनटीसी/एनएसी/सीओई) के जेनरेशन और सुधार के लिए पोर्टल में प्रावधान किया गया है – कागजी प्रमाण पत्र हेतु डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित, क्यूआर कोड सक्षम ई–प्रमाण पत्र।
- डीजीटीएमआईएस पब्लिक पोर्टल से सीधे हॉल टिकट, मार्कशीट, समेकित मार्कशीट, प्रमाण पत्र आदि डाउनलोड करने की अनुमति देकर प्रशिक्षणार्थियों को सशक्त किया गया है।
- पारदर्शिता लाने और शिकायतों को कम करने के लिए डीजीटीएमआईएस पोर्टल पर प्रशिक्षणार्थी प्रोफाइल पेज

में प्रशिक्षणार्थियों की सीबीटी उत्तर पुस्तिकाएं, अनुपस्थित/उपस्थिति, सीबीटी परीक्षा केंद्रों को देखने का प्रावधान किया गया।

- मुद्दों के समय पर समाधान के लिए डीजीटी प्रणाली के भीतर विरासत (लीगेसी) प्रमाणपत्रों के लिए शिकायत निवारण प्रणाली, कॉल सेंटर और हेल्प डेस्क बनाया गया है।
- प्रयास किया गया है कि प्रशिक्षण कलैण्डर सत्र प्रारम्भ होने के पूर्व ही जारी कर दिया जाय तथा हाल टिकट परीक्षा प्रारम्भ होने के 10 दिन पूर्व जारी कर दिये जायें तथा परिणाम पूर्व में 30–45 दिन के स्थान पर 15 दिन में घोषित कर दिये जायेंगे।

सीटीएस के तहत सीबीटी परीक्षा

5.8.3.9 वर्ष 2022 में डीजीटी के तहत आयोजित परीक्षाओं का सारांशः

सीटीएस योजना

क) **दिसंबर 2021 से अप्रैल 2022** – इंजीनियरिंग ड्राइंग/प्रैक्टिकल के लिए परीक्षाएं पारंपरिक तरीकों से आयोजित की गईं। आईटीआई ईको–सिस्टम में उपलब्ध अवसंरचना का उपयोग करते हुए परीक्षा एजेंसी के माध्यम से सीबीटी परीक्षा आयोजित की गई थी। इसमें शामिल बैच के नियमित उम्मीदवार थेः

- 2019–2021 (2 वर्षीय व्यवसाय),
- 2020–2021 (1 वर्षीय व्यवसाय),
- 2020–2021 (6 माह के व्यवसाय) और 2020–2022 (2 वर्षीय व्यवसाय) का प्रथम वर्ष

इसके अतिरिक्त, प्रशिक्षणार्थियों को एकबारगी कोविड राहत उपाय के रूप में, दो साल के पाठ्यक्रम (2018 के बाद) के पहले वर्ष को प्रैक्टिकल/ईडी स्कोर के आधार पर पदोन्नत किया गया और उन्हें प्रैक्टिकल/ईडी अंक के आधार पर व्यवसाय थ्योरी (टीटी)/वर्कशॉप साइंस और कैलकुलेशन (डब्ल्यूसीएस)/रोजगार कौशल (ईएस) योग्यता में सांकेतिक (नोशनल) अंक दिए गए।

ख) **मार्च 2022**:– निम्नलिखित बैचों के लिए प्रैक्टिकल ईडी की अनुपूरक परीक्षा आयोजित की गई थी

- दो पाठ्यक्रमों (2018–20/2019–21) का प्रथम वर्ष
- दो वर्षीय पाठ्यक्रमों (2019–21) के दूसरे वर्ष के शेष/कोर्ट केस प्रशिक्षणार्थी
- एक वर्षीय पाठ्यक्रमों (2021–22) के शेष/कोर्ट केस प्रशिक्षणार्थी

ग) **अप्रैल 2022**:– निम्नलिखित बैचों के बचे हुए प्रशिक्षणार्थियों की पूरक परीक्षा आयोजित की गई जो सीबीटी शुल्क का भुगतान न करने के कारण परीक्षा में बैठने में सक्षम नहीं थे।

- एआईटीटी 2020 और एआईटीटी 2021 के शेष प्रशिक्षणार्थी

घ) **नियमित एआईटीटी 2022**: – निम्नलिखित सत्र के लिए लगभग 14 लाख प्रशिक्षणार्थियों हेतु निम्न सत्र की नियमित परीक्षा आयोजित की गई।

- 2–वर्षीय पाठ्यक्रम (2021–23) का प्रथम वर्ष
- एक साल/6 महीने (2021–22)
- 2 वर्षीय पाठ्यक्रम (2020–22) का दूसरा वर्ष

इस वर्ष परिणाम प्रतिशत 89.13% (16.6 लाख परीक्षार्थियों में से लगभग 14.8 लाख उत्तीर्ण घोषित हुए) रहा है।

ङ) **अनुपूरक परीक्षा, दिसंबर 2022**:

सत्र 2014 से 2022 तक 5,53,118 प्रशिक्षणार्थियों के लिए पूरक सीबीटी परीक्षा आयोजित की गई और वर्ष 2023 में 10,63,795 उम्मीदवारों के लिए ईडी/प्रैक्टिकल परीक्षा आयोजित की गई है। एकबारगी की छूट के रूप में, सत्र 2014 से सभी उम्मीदवारों को अनुपूरक परीक्षा में शामिल होने का अतिरिक्त मौका दिया गया था।

सीआईटीएस योजना

6949 पात्र प्रशिक्षणार्थियों के लिए सत्र 2021–22 हेतु सीआईटीएस परीक्षा के लिए एआईटीटी 30 अगस्त, 2022 को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) योजना:

चार राज्यों अर्थात केरल, ओडिशा, तमिलनाडु और असम के प्रतिभागी निम्नलिखित परीक्षा में शामिल हुए:–

i) मार्च/अप्रैल–2022 माह में आयोजित परीक्षा में कुल 1287 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। परिणाम पहले ही घोषित किया जा चुका है और उत्तीर्ण कुल 1042 प्रशिक्षणार्थियों को ई–प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है।

ii) सितंबर–2022 के महीने में आयोजित परीक्षा में कुल 1014 में प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। परिणाम पहले ही घोषित किया जा चुका है और 817 उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के लिए ई–प्रमाणपत्र बनाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

5.8.3.10 डीजीटी में आईटी कार्यकलाप

डीजीटी मुख्यालय में एक आईटी सेल बनाया है जिसका उद्देश्य डीजीटी कौशल पारिस्थितिकी तंत्र (इको–सिस्टम) में व्यापक पारदर्शिता और दक्षता लाने तथा डिजिटल परिवर्तन को लागू करना है।

5.8.3.11 डिजिटल स्किलिंग पहल

भारतस्किल्स पोर्टल (https://bharatskills.gov.in)

भारतस्किल्स, आईटीआइज के लिए कौशल का एक डिजिटल भंडार, जो छात्रों और प्रशिक्षकों के लिए विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में एनएसक्यूएफ पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम सामग्री, वीडियो, प्रश्न बैंक और मॉक टेस्ट आदि प्रदान करता है तथा प्रशिक्षकों और प्रशिक्षणार्थियों को पुस्तकों, अभ्यास–पत्रों, लर्निंग वीडियो तक आसान पहुँच के साथ उन्हें कक्षा के बाहर अपने विषयों को सीखने में मदद करता है।

उपलब्ध विषय–सूची

क्र.सं.	स्कीम	ई–बुक	प्रश्न बैंक	ई–लर्निंग पाठ्यक्रम
1	शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम (सीटीएस)'	42 ट्रेडों में 155	50 ट्रेडों में 161	79 लोकप्रिय ट्रेड
2	शिल्पकार अनुदेशक प्रशिक्षण स्कीम (सीआईटीएस)	36 ट्रेडों तथा पीओटी हेतु 160	32 ट्रेडों में 48	–
3	शिक्षुता प्रशिक्षण स्कीम (एसटीएस)	–	86 ट्रेडों में 88	–
4	आईटी, नेटवर्किंग और क्लानउड कंप्यूरटिंग में एडवांस डिप्लोमा (एडीआईटी)	83	8	–

*पुस्तकें 6 भाषाओं – अंग्रेजी, हिंदी, उड़िया, तमिल, मराठी और गुजराती में उपलब्ध हैं।

क्र.सं.	पोर्टल/एप्प.	सहभागियों की संख्याप
1	भारतस्किल्स – मोबाइल फ्रेंडली साइट	47,98,275 (यूनिक आईपी)
2	भारतस्किल्स – मोबाइल एप्प उपयोगकर्ता	14,59,919
3	भारतस्किल्स – सीटीएस के तहत 6 लोकप्रिय पाठ्यक्रमों इलेक्ट्रीशियन, फिटर, सीओपीए, वेल्डर, डीजल मैकेनिक, कॉस्मेटोलॉजी के लिए मिश्रित शिक्षण–सामग्री	1,73,917
4	निमी द्वारा एनएसटीआई ऑनलाइन कक्षाएं (अप्रैल 2020– मार्च 2021) – 3080 कक्षाएं	16,55,953
5	निमी ऑनलाइन मॉक टेस्ट	16,07,915 (1,18,38,491 प्रशिक्षणार्थिघ्यों का प्रयासः टेस्टो)
	योग	**96,95,979**

47.98 लाख यूनिक उपयोगकर्ताओं (25 दिसम्बर, 2022 तक) के साथ 2.01 करोड़ से अधिक हिट्स

भारतस्किल्स को ई–गवर्नेस योजना 2021–2022 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार के "नागरिक केंद्रित वितरण प्रदान करने में उत्कृष्टता" श्रेणी के तहत रजत पुरस्कार (सिल्वर अवार्ड) से सम्मानित किया।

5.8.3.12 डीजीटी कार्यालय का डिजिटलीकरणः

आईटी सेल, डीजीटी ने जहां तक संभव हो पूरी तरह से कागज रहित तरीके से डीजीटी और इसके फील्ड संस्थानों से संबंधित मामलों को पूरा करने के लिए 57 स्थानों पर मुख्यालय और इसके अधीनस्थ कार्यालयों में कई ई–सेवाओं को लागू किया है। इससे न केवल बेहतर ट्रैकिंग और तेज सेवा सुनिश्चित हुई है बल्कि सिस्टम में पारदर्शिता का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है।

प्रशासनिक व्यवस्थाः

क्र.सं.	वेबसाइट / यूआरएल	विवरण	के द्वारा प्रबंधित
1	डीजीटी स्किल उपस्थिति https://cndgt.dgtskillattendance.ac.in/	राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) – 14, एनएसटीआई (डब्ल्यू) – 19 और प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण संस्थान (आईटीओटी) – 48 में सीआईटीएस और सीटीएस के तहत प्रशिक्षणार्थियों की नियमित उपस्थिति की निगरानी करना। वर्तमान में लगभग 15000 अभ्यर्थियों के साथ 85 एनएसटीआई / एनएसटीआई(डब्ल्यू) / आईटीओटी पोर्टल में पंजीकृत हैं।	डीजीटी का आईटी सेल एनआईसीएसआई द्वारा होस्टेड
2	डीजीटी बीएएस उपस्थिति पोर्टल https://cndgt.attendance.gov.in	डीजीटी पोर्टल 64 स्थानों पर सभी क्षेत्रीय संस्थानों / कार्यालयों सहित डीजीटी कार्मिकों (सरकारी और गैर–सरकारी) की उपस्थिति का प्रबंधन करता है।	डीजीटी का आईटी सेल एनआईसीएसआई द्वारा होस्टेड
3	स्पेरो https://sparrow-dgt.eoffice.gov.in	ऑनलाइन एपीएआर प्रक्रिया के लिए वीआई स्तर (590) तक के सभी कार्मिकों को स्पेरो पोर्टल पर शामिल किया गया है। साथ ही पिछले 10 वर्षों के सभी अधिकारियों के मैनुअल एपीएआर को स्पेरो पर अपलोड किया जा रहा है।	डीजीटी का आईटी सेल एनआईसीएसआई द्वारा होस्टेड
4	ई–ऑफिस https://msde-eoffice.gov.in	डीजीटी के 55 कार्यालयों के सभी कार्मिकों को ऑनलाइन कार्यालय से संबंधित कार्यों के लिए ई–ऑफिस पोर्टल पर जोड़ा गया है।	डीजीटी का आईटी सेल एनआईसीएसआई द्वारा होस्टेड
5	ई–प्रकाशन और ई–अधिप्राप्ति पोर्टल	डीजीटी से संबंधित सभी ईओआई / निविदाओं का प्रबंधन	डीजीटी का आईटी सेल एनआईसीएसआई द्वारा होस्टेड

डीजीटी आईटी सेल इन–हाउस विकास

क्र.सं.	वेबसाइट / यूआरएल	विवरण	के द्वारा प्रबंधित
1	डीजीटी वेबसाइट और कर्मचारी कॉर्नर https://dgt.gov.in	वेबसाइट डीजीटी, योजनाओं, नवीनतम आदेशों, प्रेस विज्ञप्ति आदि के बारे मंत पूरी जानकारी प्रदान करती है। डीजीटी के तहत कर्मचारी कार्नर में सभी कार्मिकों की प्रोफाइल है। सोशल मीडिया के लिए सभी कार्मिकों को उनके स्थानांतरण अनुरोध, शिकायतें, समाचार कार्यक्रम अपलोड करने आदि के लिए मंच भी प्रदान करता है।	डीजीटी का आईटी सेल एनआईसी क्लाउड पर होस्टेड
2	भारत स्किल्स https://bharatskills.gov.in	यह कौशल (लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम) के लिए एक केंद्रीय भंडार है जो सीआईटीएस, सीटीएस और शिक्षुता के तहत एनएसक्यूएफ पाठ्यचर्या पाठ्यक्रम सामग्री, वीडियो, प्रश्न बैंक और मॉक टेस्ट, ई–लर्निंग पाठ्यक्रम आदि प्रदान करता है। यह आईबीएम स्किल्सबिल्ड, अमृता, क्वेस्ट एलायंस, एडोब आदि के एमओयू भागीदारों के विभिन्न लर्निंग पोर्टल्स के लिंक भी मुफ्त में प्रदान करता है।	डीजीटी का आईटी सेल एनआईसी क्लाउड पर होस्टेड

3	भारत स्किल्स फोरम https://bskillforum.bharatskills.gov.in	डीजीटी द्वारा विकसित भारतस्किल्स लर्निंग प्लेटफॉर्म में भारतस्किल फोरम नामक एक नई सुविधा जोड़ी गई है जो शिक्षार्थियों के लिए पुस्तकों, नोट्स, वीडियो, प्रश्न बैंक, आदि और कौशल से संबंधित अन्य प्रासंगिक सामग्री को साझा करने की अनुमति देता है। यह सुविधा हस्तलिखित प्रशिक्षकों या प्रशिक्षणार्थियों के नोट्स, पीडीएफ, स्कैन की गई प्रतियां या किसी भी भाषा में रिकॉर्ड किए गए वीडियो जैसे विभिन्न रूपों में सामग्री साझा करने की अनुमति देकर कौशलीकरण समुदाय के लिए एक डिजिटल वेयरहाउस (भंडारण) के रूप में कार्य करेगी।	डीजीटी का आईटी सेल एनआईसी क्लाउड पर होस्टेड
4	आयोजनों और सरकारी अभियानों आदि के संबंध में आईटीआइज से डेटा एकत्र करने के लिए विभिन्न वेबफॉर्म	पोर्टल परीक्षा पे चर्चा (पीसीसी)2022 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, हर घर तिरंगा और आईटीआई दीक्षांत समारोह जैसे विभिन्न आयोजनों के संबंध में पूरे भारत के आईटीआइज से विभिन्न डेटा एकत्र करता है।	डीजीटी का आईटी सेल एनआईसी क्लाउड पर होस्टेड
5	एनएसटीआई और आरडीएसडीई वेबसाइट्स	सभी 33 राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआइज) (सामान्य टेम्पलेट्स के साथ) और 22 आरडीएसडीई के लिए केंद्रीय प्रबंधन वेबसाइट। वर्तमान में, आईटी सेल इन वेबसाइट्स के नियमित रखरखाव का प्रबंधन करता है।	आईटी सेल–डीजीटी एनएसटीआई चेन्नई सर्वर पर होस्टेड
6	डीजीटी सेवा डेस्क https://dgt.gov.in/servicedesk/	पोर्टल सीटीएस प्रशिक्षणार्थियों की विभिन्न शिकायतों को ट्रैक और समाधान करने के लिए बनाया गया।	एनआईसी क्लाउड पर आईटी सेल–डीजीटी द्वारा होस्टेड



भारतस्किल्स फोरम (*https://bskillforum.bharatskills.gov.in*)

आईटीआई प्रबंधन प्रणाली के लिए ऑनलाइन पोर्टल का प्रबंधन

क्र.सं.	वेबसाइट / यूआरएल	विवरण	के द्वारा प्रबंधित
1.	राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीटी) https://ncvtmis.gov.in	यह पोर्टल राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीटी) के दायरे में आने वाले सभी संस्थानों और पाठ्यक्रमों के लिए सूचना का एक ही स्रोत है। पोर्टल सीटीएस के तहत आईटीआइज अभ्यर्थियों के पंजीकरण, प्रशिक्षण, परीक्षा और प्रमाणन का प्रबंधन करता है। वर्तमान में, लगभग 15000 आईटीआइज और 25 लाख प्रशिक्षणार्थी पोर्टल पर पंजीकृत हैं।	एनआईसी क्लाउड पर विप्रो / डीजीटी द्वारा होस्टेड
2.	शिक्षुता पोर्टल https://apprenticeshipindia.gov.in	पोर्टल नामित और वैकल्पिक व्यवसायों के लिए एनएपीएस के तहत शिक्षुता पंजीकरण, प्रशिक्षण, परीक्षा और प्रमाणन का प्रबंधन करता है।	आईबीएम–टीएनटी / डीजीटी –एनएसडीसी, एनएसडीसी द्वारा होस्टेड
3.	शिक्षुता मेला पोर्टल https://dgt.gov.in/appmela	पोर्टल शिक्षुता और प्रतिष्ठान पंजीकरण, मेला केंद्र स्थानों का प्रदर्शन, मेला केंद्र समन्वयकों का डिस्प्ले और नामित तथा वैकल्पिक व्यवसायों के लिए संस्थानों की रिक्तियों का प्रबंधन करता है।	एनआईसी क्लाउड पर आईटी सेल–डीजीटी द्वारा होस्टेड

5.8.3.13 बेहतर पारदर्शिता के लिए एनसीवीटीएमआईएस पोर्टल में किए गए नए बदलाव / संवर्द्धन

- सभी के सत्यापन के लिए क्यूआर कोड के साथ डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र।
- डीजीटीएमआईएस और राज्य निदेशालय के पोर्टल के बीच डेटा प्रवाह का स्वचालन, निमी, प्रवेश डेटा शुल्क भुगतान, हॉल टिकट निर्माण और परिणाम साझा करने के लिए परीक्षा एजेंसी, जिसने प्रोसेसिंग समय को काफी कम कर दिया है और सटीकता को बढ़ाया है। परिणाम प्रक्रिया को 30–45 दिनों से घटाकर 15 दिन कर दिया गया है।
- हितधारकों को वास्तविक समय में सूचना प्रसारित करने के लिए एसएमएस / ईमेल सुविधा को डीजीटीएमआईएस के साथ एकीकृत किया गया है।
- प्रशिक्षण केंद्रों, पाठ्यक्रमों, शिक्षकों और छात्रों सहित स्किलिंग इकोसिस्टम की पूरी जानकारी के साथ डीजीटी पब्लिक रजिस्ट्री।
- प्रशिक्षणार्थियों के परिणाम / हॉल टिकट उनकी ईमेल आईडी पर साझा करने का प्रावधान किया गया है।
- पारदर्शिता लाने और शिकायतों को कम करने के लिए डीजीटीएमआईएस पोर्टल पर प्रशिक्षणार्थी प्रोफाइल पेज में प्रशिक्षणार्थी के सीबीटी उत्तर पुस्तिकाओं, अनुपस्थित / उपस्थित स्थिति, सीबीटी परीक्षा केंद्रों को देखने का प्रावधान।
- समस्याओं के समय पर समाधान हेतु डीजीटी प्रणाली के तहत बनाए गए विरासत (लेग्सी) प्रमाण–पत्र, कॉल सेंटर और हेल्प डेस्क के लिए शिकायत निवारण प्रणाली बनाई गई है।
- प्रमाण–पत्र तैयार होने के बाद प्रोफाइल सुधार के संबंध में शिकायतों को कम करने के लिए हॉल टिकट निर्माण से पहले प्रशिक्षणार्थियों के प्रोफाइल सत्यापन हेतु एक नई प्रक्रिया लागू की गई।
- सभी प्रमाण पत्र डिजी लॉकर में रख दिए गए। सभी उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के प्रमाण–पत्र उनके डिजी लॉकर में उपलब्ध हैं।

5.9 डीजीटी में आईटी कार्यकलाप

- वन क्लिक कार्यान्वयनः प्रशिक्षणार्थियों के लिए वन क्लिक कार्यान्वयन प्रक्रिया को शामिल किया गया है जहां वे राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के तहत 12 वीं कक्षा के समकक्ष कार्यक्रमों इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के तहत स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम और डीजीटीएमआईएस (htttps://ncvtmis.gov.in) में प्रशिक्षणार्थी प्रोफाइल से सिंगल क्लिक के साथ उद्योगों में शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।
- एनआईसी के समन्वय से ई–ऑफिस के डोमेन और विभिन्न आईटी प्लेटफॉर्म में क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करना।
- सीटीएस के तहत कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग सहायक (कोपा) पाठ्यचर्या को सीएसआर के अंतर्गत माइक्रोसॉफ्ट की सहायता से डिजिटल (मिश्रित मोड) में परिवर्तित करके नया रूप दिया गया है।
- डीजीटी के लिए सभी डोमेन और उप–डोमेन का प्रबंधन
- डीजीटी में ट्विटर, प्रेस विज्ञप्ति (पीआईबी) जैसे सोशल मीडिया
- एनएसटीआई चेन्नई सर्वर पर एएसएन नंबर का कार्यान्वयन। अब डीजीटी के पास अपनी वेबसाइट्स/पोर्टल कार्यकलापों के लिए 256 सार्वजनिक आईपी हैं।
- डीजीटी–ईएचआरएमएस का कार्यान्वयन। तत्काल सृजित एवं कार्मिकों के डेटा अपलोड की प्रक्रिया प्रगति पर है।
- छात्रों को कौशलीकरण संबंधी जानकारी हेतु भारतस्किल्स तथा एनसीवीटी एमआईएस हेतु एसएमएस गेटवे और टीसीसीसीपीआर 2018 के तहत टीआरएआई (ट्राई) के नए दिशानिर्देशों के अनुसार डीएलटी प्लेटफॉर्म पर इसका पंजीकरण। प्रेषक आईडी के लिए टीआरएआई (ट्राई) से 5 पैसे प्रति एसएमएस की छूट।
- डीजीटी में एनआईसी ईमेल सुरक्षित आधिकारिक संचार के लिए एमटीएस स्तर तक सभी कार्मिकों (लगभग 1200 कार्मिकों) के लिए बनाया गया है।
- वेब एपीआई के माध्यम से मंत्रालय के लिए दर्पण डैशबोर्ड को अद्यतन करना, https://msde.dashboard.nic.in/DashboardF-aspx

5.9.1 प्रौद्योगिकीय कंपनियों के साथ डिजिटल प्रौद्योगिकी क्षेत्र में डीजीटी की साझेदारी

डीजीटी ने प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण और प्रशिक्षणार्थियों को आईआर 4.0 के अनुसार उद्योग के लिए तैयार होने में सक्षम बनाने के लिए आईबीएम, माइक्रोसॉफ्ट, सिस्को, एडोब आदि जैसे कई आईटी फ्रंटलाइन के साथ सहयोग किया है। डीजीटी भारतस्किल से जुड़े औद्योगिक भागीदारों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले न्यू एज कोर्स हैं। अब तक प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थियों का संक्षिप्त विवरणः 17 लाख

क्रम सं.	उद्योग भागीदार	प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थी
1	आईबीएम इंडिया	11,34,684
2	सिस्को	11,666
3	क्वेस्ट एलायंस	4,88,035
4	माइक्रोसॉफ्ट	39,222
5	एसएपी	1,110
6	एडोब	24,360
कुल	16,99,077	

I. आईबीएम के साथ पहल, एमओयू को 4 साल के लिए बढ़ाया – फरवरी 2024

क. **16 एनएसटीआइज में 2019–21 बैच में 370 प्रशिक्षणार्थियों ने आईटी, नेटवर्किंग और क्लाउड कंप्यूटिंग में दो वर्षीय उन्नत डिप्लोमा (व्यावसायिक)** (एनएसक्यूएफ स्तर– 6) प्रशिक्षण पूरा किया। सत्र 2022–24 में 366 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

बैच नं	आरंभ माह	एनएसटीआइज की संख्या	छात्रों की संख्या
प्रथम बैच	फरवरी 2018	1	19
द्वितीय बैच	सितंबर 2018	5	71
तृतीय बैच	नवंबर 2019	16	370
चतुर्थ बैच (जारी)	अप्रैल 2022	15	366

ख. **प्रशिक्षक प्रशिक्षण अभियान (बेसिक आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस)**

7 एनएसटीआई में – 900 से अधिक आईटीआइज से 10100 आईटीआई अनुदेशक

ग. **स्किल्सबिल्ड** – एक डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म– जून, 2020 में रोजगार चाहने वाले और उद्यमियों के लिए स्किलबिल्ड रीग्नाइट और स्किलबिल्ड इनोवेशन कैंप का शुभारंभ किया। 12,39,842 शिक्षार्थी और 16,72,202 बैज के साथ पाठ्यक्रम पूरा हुआ। (नवंबर 2019 से 31 अगस्त 2022 तक और बढ़ रहा है)



डीजीटी–आईबीएम स्किल्सबिल्ड फोरम

II. सिस्को के साथ पहल, एमओयू को 2 साल के लिए बढ़ाया–जून, 2022

- सभी आईटीआई अनुदेशकों के लिए बुनियादी आईटी कौशल–1 सप्ताह का वर्चुअल क्लास – सभी अनुदेशकों के लिए खुला
- सिस्को सर्टिफाइड एंट्री लेवल नेटवर्क एसोसिएट (सीसीएनए) – कक्षा 1 सप्ताह – 6 एनएसटीआइज
- सिस्को सर्टिफाइड नेटवर्क एसोसिएट (सीसीएनए) (+300 मूल्य) – कक्षा 2 सप्ताह – 6 एनएसटीआइज
- चिन्हित किए गए 06 एनएसटीआइजः संपूर्ण नेटवर्किंग और कोलाब उपकरण के साथ सीसीएनए प्रयोगशालाएं स्थापित – 2.5 करोड़ की दर से सक्रिय वेबेक्स सेवाएं

- एनएसटीआइज से आईटी एसेन्सियल में प्रशिक्षित कुल 30 मास्टर प्रशिक्षक और सीसीएनए में 14 प्रशिक्षक
- सिस्को नेट अकादमी ऑनलाइन पाठ्यक्रम के माध्यम से डिजिटल कौशल– कुल 6171 प्रशिक्षणार्थियों ने न्यू एज कौशल जैसे पायथन, साइबर सुरक्षा, आईओटी आदि के तहत पाठ्यक्रम पूरा किया।

III. सिस्को, एक्सेंचर, क्वेस्ट एलायंस के साथ पहल, एमओयू को 4 साल बढ़ाया – जून 2024

डिजिटल एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स (''ईएस'')	20 राज्य, 729 नेटवर्क आईटीआइज, प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थीः 3,07,956 रोजगारपरक कौशल सामग्री डिजिटलीकरण – अंग्रेजी में 101/163 पाठ और हिंदी में 46/163 पाठ 29 में से 15 मूल्यांकन मॉड्यूल अंग्रेजी में पूरे किए गए	
प्रशिक्षक प्रशिक्षण – जारी	प्राचार्य उन्मुखी/प्रशिक्षण	934 उन्मुख
	प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण–ईएस	3164 प्रशिक्षित
	नियोजन अधिकारी प्रशिक्षण	478 प्रशिक्षित और 25,019 छात्र नियोजित
आधुनिक रोजगारपरक कौशल प्रयोगशाला	15 एनएसटीआइज पूर्ण और आगामीः 4 महिला आईटीआइज प्रशिक्षणार्थियों के लिए रोजगारपरक कौशल और आईटी साक्षरता के लिए अवसंरचनात्मक और फैकल्टी सहायता।	
मोबाइल फोन पुस्तकालय	ऑनलाइन कक्षाओं हेतु छात्राओं के लिए 22 पुस्तकालय (एनएसटीआइज + आईटीआइज) स्थापित किए गए हैं। उन प्रशिक्षणार्थियों के लिए उपयोगी, जो ऑनलाइन कक्षाओं और ऑनलाइन शिक्षण मॉड्यूल के लिए कंप्यूटर/स्मार्ट फोन का खर्च नहीं उठा सकते हैं।	

एनएसटीआई (डब्ल्यू) त्रिवेंद्रम में रोजगार कौशल प्रयोगशाला

IV. नेस्कॉम और माइक्रोसॉफ्ट के साथ पहल (डीजीटी, एमएस तथा नेस्कॉम फाउंडेशन के बीच त्रि–पक्षीय समझौता–ज्ञापन– सितंबर, 2021)– हाल में हस्ताक्षरित

- वर्तमान कोपा पाठ्यक्रम के लिए डिजिटल मिश्रित सामग्री तैयार की और सीएसआर के तहत इसे शुरू करने में मदद की।
- कोपा और एआई/डेटा एनालिटिक्स/सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट आदि जैसे भावी कौशल विषयों पर मिश्रित मोड में नए पाठ्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए सहयोग किया।

5.10. आईटीआइज के उन्नयन हेतु योजनाएं

5.10.1 पीपीपी के माध्यम से 1396 सरकारी आईटीआइज का उन्नयन

3067.50 करोड़ रुपए के बजटीय परिव्यय के साथ 2007–08 में शुरू की गई, पीपीपी योजना का उद्देश्य देश में व्यावसायिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना था। इस योजना के तहत, आईटीआइज को उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए आईटीआई के अपने आईएमसी के माध्यम से 10 साल की मोहलत के साथ 2.5 करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया गया था।

मुख्य विशेषताएं/उपलब्धियां

- ✓ उद्योग संपर्क बढ़ाने के लिए उद्योग भागीदारों की अध्यक्षता में आईएमसी प्रत्येक आईटीआई में गठित आईएमसी (सोसायटी के रूप में पंजीकृत)।
- ✓ 31 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के तहत आईएमसी को 3067.50 करोड़ रुपए जारी किए गए
- ✓ उपकरण और मशीनरी के लिए उद्योग योगदान से 10 राज्यों में 300 से अधिक आईटीआइज लाभान्वित हो रहे हैं

5.10.2 पूर्वोत्तर राज्यों और सिक्किम में कौशल विकास अवसंरचना में वृद्धि

ईएसडीआई योजना 2011 में 420.24 करोड़ रुपए के नियोजित परिव्यय के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र और सिक्किम में आईटीआइज का विस्तार और पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।

योजना के घटक:

इस योजना में निम्नलिखित चार घटकों में राज्यों को केन्द्रीय सहायता का प्रावधान है:

- प्रति आईटीआई में तीन नए व्यवसाय शुरू करके 22 आईटीआइज का उन्नयन;
- नए छात्रावास, चारदीवारी का निर्माण करके और पुराने और अप्रचलित उपस्करों तथा उपकरणों के अनुपूरक द्वारा 28 आईटीआइज में असंरचनात्मक की कमियों को पूरा करना;
- केन्द्रीय और राज्य स्तर पर वित्तपोषण निगरानी प्रकोष्ठ तथा

मुख्य विशेषताएं / उपलब्धियां

- 22 आईटीआई में से प्रत्येक में प्रति आईटीआई में तीन नए ट्रेड शुरू करना।
- 28 आईटीआई में नए छात्रावास, चारदीवारी का निर्माण करके, पुराने और अप्रचलित औजारों और उपकरणों की पूर्ति करके बुनियादी ढांचे की कमी को पूरा करना
- एनईआर में 34 नए आईटीआई की स्थापना।
- योजना के तहत आवंटित निधि का 69% जारी किया गया है। इसके अलावा, योजना के तहत 10 नए आईटीआई (34 में से) का निर्माण पूरा हो गया है और 40 आईटीआई (45 में से) का उन्नयन किया गया है।
- केंद्र से राज्य का हिस्सा वित्त पोषण 90:10 है

8 राज्यों में 34 नए आईटीआइज की स्थापना।

इस योजना की अवधि 31 मार्च, 2024 तक है। अब तक असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम, मणिपुर, त्रिपुरा और सिक्किम के आठ राज्यों को 386.88 करोड़ रुपए के कुल केंद्रीय आवंटन में से 265.14 करोड़ रुपए का केंद्रीय हिस्सा जारी किया गया है। इस योजना के अंतर्गत घटक–वार कवरेज नीचे दिया गया है:

क्र. सं.	राज्य	उन्नयन के अंतर्गत शामिल आईटीआइज		अपूर्ण अवसंरचनाओं के अनूपूरक के तहत शामिल आईटीआइज		नए प्रतिष्ठानों के अंतर्गत शामिल आईटीआइज	
		सं.	स्थान	सं.	स्थान	सं.	स्थान
1	अरुणाचल प्रदेश	3	बालिनोंग, डिरांग, यूपिया	3	डिरांग, रोइंग, ताबारिजो	9	पूर्वी कामेंग, कुरुंगकुमे, कानुबरी, मनीपोलियांग, मिपांग, नामसाई न्यू सगली, तवांग, पश्चिम सियांग
2	असम	6	गुवाहाटी, जोरहाट, माजुली, नोगांव, सिलचर (डब्ल्यू) श्रीकोना	1	लखीमपुर	5	बोंगईगांव, नलबाड़ी, जोरहाट, तिनसुकिया, सोनितपुर
3	मणिपुर	3	फकनुंग, सेनापति, टकएल (डब्ल्यू)	8	चंदेल, कॉकचिंग, फकनुंग, निंगथौखोंग, साइकोट, सेनापति, टकएल (डब्ल्यू), तमेंगलग	4	कांगपोकपी, नोनी, फेरज़ावल, सेकमाई
4	मेघालय	4	नोंगपोह, नॉगस्टोइन, रेसुबेलपारा, सोहरा	4	नोंगपोह, नॉगस्टोइन, रेसुबेलपारा, सोहरा	3	अम्पाती, पूर्वी जयंतिया हिल्स, मौकिर्वाट
5	मिजोरम	3	आइजोल, लुंगलेई, सैहा	3	आइजोल, लुंगलेई, सैहा	3	चम्फाई, कोलासिब, सेरछिप
6	नागालैंड	2	दीमापुर, कोहिमा	5	कोहिमा, मोन, मोकोकचुंग, तुएनसुंग, जुहेनबोटो	4	दीमापुर, किफिर, लॉन्गलेंग, पेरेन
7	सिक्किम	0		3	ग्याशीलिंग, नामची, रंगपो	3	केवजिंग, सोकीथांग, पश्चिम सिक्किम
8	त्रिपुरा	1	इंदिरा नगर	1	बेलोनिया	3	गंडाचार्रा, कंचनपुर, शांतिरबाजार
	कुल	22		28		34	

मूल्यांकन अध्ययन में इस योजना के अंतर्गत निधियन के कारण आईटीआई अवसंरचना में सुधार दर्शाया गया है। इस योजना ने पूर्वोत्तर राज्यों के कौशल अवसंरचना में काफी अंतर किया है।

ईएसडीआई योजना के तहत आईटीआई सेकमाई, मणिपुर का निर्माण किया गया

ईएसडीआई योजना के तहत निर्मित आईटीआई सेकमाई, मणिपुर

ईएसडीआई योजना के तहत आईटीआई कांगपोकपी, मणिपुर का निर्माण किया गया

ईएसडीआई योजना के तहत आईटीआई मौकिर्वाट, मेघालय का निर्माण किया गया

5.11 वांम पक्ष उग्रवाद प्रभावित 48 जिलों में कौशल विकास

यह योजना 2011 में शुरू हुई थी। इस योजना का बजटीय परिव्यय 401.28 करोड़ रुपए है, जिसका उद्देश्य वांम पक्ष उग्रवाद प्रभावित जिलों में इन जिलों के युवाओं को उनके कौशल विकास के माध्यम से रोजगारपरक बनाए जाने हेतु आईटीआइज और कौशल विकास केंद्रों को (एसडीसी) स्थापित करना है।

उपर्युक्त उद्देश्य को निम्नलिखित मध्यवर्तनों द्वारा संबोधित किया जा रहा है:

- वांम पक्ष उग्रवाद प्रभावित 48 जिलों में नए आईटीआई के निर्माण हेतु प्रति आईटीआई 7.34 करोड़ रुपए बेहतर उद्योग संपर्क के लिए, प्रत्येक आईटीआइज को संचालन के लिए उद्योग के अध्यक्ष के साथ संस्थान प्रबंधन समिति (आईएमसी) का गठन किया जाएगा, तथा प्रत्येक आईएमसी को 100% केंद्रीय सहायता के साथ 1 करोड़ रुपए प्रदान किए जाएंगे।
- 68 कौशल विकास केंद्रों (एसडीसी) हेतु प्रति एसडीसी 50 लाख रुपए।

अब तक, इस योजना के तहत 10 राज्यों को 313.79 करोड़ रुपए के कुल केंद्रीय हिस्से के आवंटन में से 228.85 करोड़ रुपए का केंद्रीय हिस्सा जारी किया गया है। वांम पक्ष उग्रवाद प्रभावित 48 जिलों में कौशल विकास योजना के तहत शामिल जिलों का राज्यवार ब्यौरा नीचे तालिका में दिया गया है:

क्र. सं.	राज्य	आईटीआई की स्थापना हेतु शामिल जिले		एसडीसी की स्थापना हेतु शामिल जिले	
		संख्या	स्थान	संख्या	स्थान
1	आंध्र प्रदेश	1	विशाखापत्तनम		
2	बिहार	9	अरवल, औरंगाबाद, बांका, गया, जमुई, जहानाबाद, मुजफ्फरपुर, नवादा और रोहतास	6	अरवल, औरंगाबाद, गया, जमुई, जहानाबाद, रोहतास (केवल 1 एसडीसी शामिल)
3	छत्तीसगढ	9	बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, राजनंदगांव, सुकमा और सरगुजा	7	बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, कांकेर, नारायणपुर, राजनंदगांव और सरगुजा
4	झारखंड	16	बोकारो, चतरा, दुमका, पश्चिमी सिंहभूम, गढ़वा, गुमला, गिरिडीह, हजारीबाग, खूंटी, पलामू, रांची, रामगढ़, लोहरदगा, लातेहार, सिमडेगा और	10	बोकारो, चतरा, पश्चिमी सिंहभूम, गढ़वा, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पलामू और पूर्वी सिंहभूम
5	मध्य प्रदेश	2	बालाघाट और मंडला	1	बालाघाट
6	महाराष्ट्र	2	गढ़चिरौली और गोंदिया		
7	ओडिशा	6	देवगढ़, गजपति, कोरापुट मल्कानगिरी, रायगड़ा, संबलपुर	5	देवगढ़, गजपति, मल्कानगिरी, रायगड़ा, संबलपुर
8	तेलंगाना	1	खम्मम	1	खम्मम
9	उत्तर प्रदेश	1	सोनभद्र	1	सोनभद्र
10	पश्चिम बंगाल	1	झारग्राम (पूर्ववत्ती – पश्चिम मिदनापुर (लालगढ़ क्षेत्र)		
	कुल	48		31	

मुख्य विशेषताएं / उपलब्धियां

- ✓ 28 आईटीआइज (48 में से) और 56 एसडीसीज (68 में से) का निर्माण पूरा हो गया है; और 13 आईटीआइज और 5 एसडीसीज का काम चल रहा है
- ✓ दिसंबर 2022 तक 401.28 करोड़ रुपए की कुल आवंटित निधि में से 298.38 करोड़ रुपए (राज्य हिस्सेदारी सहित) जारी किए गए हैं।
- ✓ केंद्र से राज्य का हिस्सा 75:25 निधियन है

योजना के मूल्यांकन के अनुसार, वांम पक्ष उग्रवाद प्रभावित जिलों के अल्पसेवित ब्लॉकों में विशिष्ट पहुँच से युवाओं पर कौशल प्रशिक्षण का सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, और रोजगार पर अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया है तथा लाभार्थी प्रशिक्षणार्थियों की संतुष्टि स्तर को दर्शाया गया है।

एलडब्ल्यूई योजना के तहत आईटीआई गुमला, झारखंड का निर्माण किया गया

एलडब्ल्यूई योजना के तहत आईटीआई गजाबहल, ओडिशा का निर्माण

एलडब्ल्यूई योजना के तहत एसडीसी पलामू, झारखंड का निर्माण किया गया

एलडब्ल्यूई योजना के तहत आईटीआई नवादा, बिहार का निर्माण किया गया

5.12 सरकारी आईटीआइज का मॉडल आईटीआई में उन्नयन

यह योजना 2014 में हर राज्य में मौजूदा आईटीआई को मॉडल आईटीआई में उन्नयन करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। इन आईटीआइज से स्थानीय उद्योग के साथ जुड़कर सर्वोत्तम अभ्यासों, कुशल और उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण वितरण तथा टिकाऊ और प्रभावी उद्योग संबंधों को प्रदर्शित करने वाली संस्था के रूप में विकसित होना अपेक्षित था। इस योजना का कुल बजटीय परिव्यय 238.08 करोड़ रुपए है। मॉडल आईटीआइज अपनी विशेषज्ञता और प्रशिक्षण में सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए एक मांग केंद्र बनने के लिए तैयार हैं।

मुख्य विशेषताएं/उपलब्धियां: मॉडल आईटीआइज

- ✓ कुशल कामकाज के लिए एक सशक्त संरचना के साथ इस योजना के लिए 29 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में 35 आईटीआइज की पहचान की गई है
- ✓ इस योजना के तहत आवंटित निधियों का 71% जारी कर दिया गया है।
- ✓ 14 आईटीआइज में सिविल उन्नयन पूरा हो गया है और 7 आईटीआइज में मशीनरी उन्नयन किया गया है
- ✓ केंद्र से राज्यों का हिस्सा 75:25 और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 90:10 निधियन है

योजना के मूल्यांकन के अनुसार यह देखा गया है कि मध्यवर्तनों से समग्र सीट उपयोग, उत्तीर्ण प्रतिशत और नियोजन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। योजना की समाप्ति तिथि 31 मार्च, 2024 है। वर्तमान में, 29 राज्यों के 35 मौजूदा सरकारी आईटीआइज इस योजना के तहत शामिल किए गए हैं। इस योजना के अंतर्गत 35 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को मॉडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में उन्नयन करने हेतु अब तक 29 राज्यों को 176.46 करोड़ रुपए (राज्य हिस्सा सहित) की राशि जारी की गई है।

मॉडल आईटीआई योजना के तहत आईटीआई गुरुग्राम का उन्नयन किया गया

मॉडल आईटीआई योजना के तहत आईटीआई नामची, सिक्किम का उन्नयन किया गया

इस योजना के तहत कवरेज नीचे दिया गया है:

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	आईटीआई का स्थान
1	आंध्र प्रदेश	आईटीआई गजुवाका
2	असम	आईटीआई जोरहाट
3	अरुणाचल प्रदेश	आईटीआई यूपिया
4	बिहार	आईटीआई मरहौरा
5	छत्तीसगढ़	आईटीआई भिलाई
6	चंडीगढ़	आईटीआई चंडीगढ़
7	दिल्ली	आईटीआई पूसा
8	गोवा	आईटीआई पणजी
9	गुजरात	आईटीआई दशरथ
10	हरियाणा	आईटीआई गुरुग्राम
11	हिमाचल प्रदेश	आईटीआई नालागढ़
12	झारखंड	आईटीआई रांची
13	जम्मू और कश्मीर	आईटीआई श्रीनगर
14	कर्नाटक	आईटीआई बैंगलोर
15		आईटीआई होन्नावर
16	केरल	आईटीआई कलामस्सेरी
17	लद्दाख	आईटीआई कारगिल
18	मध्य प्रदेश	आईटीआई भोपाल

19	महाराष्ट्र	आईटीआई नासिक
20	उड़ीसा	आईटीआई बारबिल
21	पंजाब	आईटीआई रूपनगर
22	पुदुचेरी	आईटीआई मेन, मेट्टुपालयम
23	राजस्थान	आईटीआई उदयपुर
24	सिक्किम	आईटीआई नामची
25	तमिलनाडु	आईटीआई कोयम्बटूर
26	त्रिपुरा	आईटीआई इंद्रानगर (डब्ल्यू)
27	तेलंगाना	आईटीआई मल्लेपल्ली
28	उत्तर प्रदेश	आईटीआई मेरठ
29		आईटीआई वाराणसी
30		आईटीआई अयोध्या
31		आईटीआई चंदौली
32		आईटीआई बस्ती
33		आईटीआई सिद्धार्थनगर
34	उत्तराखंड	आईटीआई जगजीतपुर, हरिद्वार
35	पश्चिम बंगाल	आईटीआई दुर्गापुर

5.13 औद्योगिक मूल्य संवर्धन हेतु कौशल सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव)

औद्योगिक मूल्य संवर्धन हेतु कौशल सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव) परियोजना औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआइज) तथा शिक्षुता के माध्यम से प्रदान किए जाने वाले कौशल प्रशिक्षण की प्रासंगिकता तथा दक्षता में सुधार करने के उद्देश्य के साथ विश्व बैंक सहय्यित– भारत सरकार की परियोजना है। 19 दिसंबर, 2017 को भारत सरकार तथा अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण तथा विकास बैंक (आईबीआरडी) के बीच वित्तीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे तथा परियोजना की अंतिम तिथि मई, 2024 (18 महीने का पूर्व–विस्तारण) तक है।

स्ट्राइव व्यावसायिक शिक्षा तथा प्रशिक्षण में इनपुट से परिणाम सरकार की कार्यान्वयन कार्यनीति में बदलाव को चिन्हित करने वाली एक परिणाम केंद्रित योजना है। इसका उद्देश्य संस्थागत सुधार तथा दीर्घकालिक व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बाजार प्रासंगिक और गुणवत्ता में सुधार करना है। यह आईटीआइज को एसएमइज, व्यवसाय संघ तथा उद्योग समूहों को शामिल करके शिक्षुता सहित समग्र कार्य–निष्पादन में सुधार करने हेतु प्रोत्साहित करेगा। इस परियोजना का उद्देश्य राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के तहत आईटीआइज और सीएसटीएआरआई, निमी, एनएसटीआइज का सुदृढ़ीकरण करके गुणवत्ता पूर्ण कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदायगी हेतु एक मजबूत तंत्र विकसित करना है।

स्ट्राइव निम्नलिखित 4 परिणाम क्षेत्रों को शामिल करता है:

- परिणाम क्षेत्र –1: आईटीआई के बेहतर प्रदर्शन।
- परिणाम क्षेत्र –2: आईटीआई और शिक्षुता प्रशिक्षण का समर्थन करने के लिए राज्य सरकारों की क्षमता में वृद्धि।

- परिणाम क्षेत्र –3: बउेहतर शिक्षण और सीखना।
- परिणाम क्षेत्र –4: बेहतर और विस्तृत शिक्षुता प्रशिक्षण।

वित्त वर्ष 2022–23 के लिए प्रमुख प्रदर्शन संकेतक

संकेतक	लक्ष्य	उपलब्धि
परिणाम क्षेत्र 1	(%)	
महिला प्रशिक्षणार्थी नामांकन	15%	20.05%
ऑन–जॉब प्रशिक्षण (ओजेटी)	25%	34.75%
परिणाम क्षेत्र 2	(एनओज)	
ट्रेसर अध्ययन (पायलट)	1	1
ट्रेसर अध्ययन (सामान्य)	15	4′
प्रशिक्षक रिक्ति में कमी (20 तक)	15	15
आजीविका प्रगति योजना – सीपीपी (राष्ट्रीय)	1	1
आजीविका प्रगति योजना–सीपीपी (राज्य)	15	5′′
परिणाम क्षेत्र 4	(%)	
उद्योग समूहों (आईसी) द्वारा नियुक्त महिला प्रशिक्षणार्थी	12%	23.25%

*ट्रेसर अध्ययन 01 राज्य में एसएससी अनुमोदन के लिए लंबित है और 12 राज्यों में प्रगति पर है। 05 राज्यों ने अध्ययन करने के लिए एक एजेंसी को नियुक्त करने के लिए निविदाएं जारी की हैं।

* सीपीपी अनुमोदन 02 राज्यों में लंबित है और 04 राज्यों में अंतिम रूप दिया जा रहा है।

परिणाम क्षेत्र 3 के तहत, 4 लोकप्रिय सीटीएस व्यवसायों– फिटर, इलेक्ट्रीशियन, डीजल मैकेनिक और वेल्डर के लिए निमी द्वारा मिश्रित मोड में पाठ्यचर्या तथा शिक्षण–सामग्री विकसित की जा रही है।

मुख्य उपलब्धियां:

The project continued to be rated Moderately Satisfactory by the World Bank in their latest review

DGT has successfully achieved disbursement linked results (DLRs) of USD 57.2 million and claimed the same from World Bank

As on date 424 ITIS and 33 Industry Clusters have been selected from 33 States/UT under STRIVE

76 new ITIs and 49 new Industrial Clusters have been selected in phase III to participate in STRIVE

निधि प्रवाह की स्थितिः

- स्ट्राइव परियोजना के कार्यन्वयन हेतु 32 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियां जारी की गई हैं
- 10 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (हिमाचल प्रदेश, केरल, तमिलनाडु, जम्मू और कश्मीर, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, सिक्किम, नागालैंड, त्रिपुरा और मध्य प्रदेश) परियोजना के तहत निधि के उपयोग के संबंध में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के रूप में उभरे हैं।
- कोविड–19 के कारण, प्रभावित व्यय दर में वित्त वर्ष 2022–23 में 128% का उल्लेखनीय सुधार हुआ है।
- इसके बाद की किस्त 18 राज्यों (अरुणाचल प्रदेश, असम, गोवा, हिमाचल प्रदेश, केरल, नागालैंड, ओडिशा, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, मध्य प्रदेश, मेघालय, जम्मू और कश्मीर, महाराष्ट्र, मिजोरम और तेलंगाना) को सफलतापूर्वक जारी की गई है।

पर्यावरण और सामाजिक समावेशिता और स्ट्राइव आईटीआइज में इसका प्रभाव

- **आईटीआई प्रशिक्षणार्थियों के लिए बुनियादी सुविधाएं:** अधिकांश आईटीआइज में प्रशिक्षणार्थियों के लिए बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता है। आईटीआइज की संख्या और उन्हें प्रदान की गई सुविधाओं को नीचे दिए गए चार्ट में दर्शाया गया है:



- **पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को प्रदान की जाने वाली सुविधाएं:** अधिकांश आईटीआइज ने सुलभ शौचालयों, रैंप के साथ पीडब्ल्यूडी प्रशिक्षणार्थियों के लिए उपयुक्त अवसंरचना प्रदान किया है। उनके द्वारा प्रदान की गई सुविधाओं के साथ आईटीआइज की संख्या नीचे दिए गए चार्ट में प्रस्तुत की गई है:

- **महिलाओं और अन्य कमजोर समूहों से नामांकन बढ़ाने के लिए पहलः** आईटीआइज ने वृत्तिका और दोपहर का भोजन प्रदान कर आईटीआइज में महिला नामांकन को प्रोत्साहित करने के लिए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। आईटीआइज की संख्या और उनके द्वारा की गई पहल नीचे दिए गए चार्ट में दर्शाए गए हैं:



स्वच्छ और हरित वातावरण बनाए रखना

नोटः पर्यावरण और सामाजिक समावेशिता पर उपरोक्त चार्ट और तस्वीरें 321 आईटीआइज (424 आईटीआइज में से) के आंकड़ों का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिन्होंने ई और एस संबंधित प्रश्नावली (जनवरी से जून 2022 की अवधि के लिए) का उत्तर दिया था।

स्ट्रीइव आईटीआइज में अपनाई जा रही सर्वोत्तम प्रथाएं

जिला रोजगार कार्यालय और अन्नामनाडा ग्राम पंचायत, केरल के सहयोग से आईटीआई माला में कैरियर मार्गदर्शन कक्षा

आईटीआई मंडी और एमटी ऑटो क्राफ्ट लिमिटेड परवाणू, हिमाचल प्रदेश के बीच समझौता ज्ञापन

हिमाचल प्रदेश में आईटीआई में मिश्रित सामग्री और एआर/वीआर का उपयोग

केरल में इंटरैक्टिव बोर्ड के साथ स्मार्ट क्लासरूम आईटीआई माला

5.14 पॉलिटेक्निक योजना

इस योजना का उद्देश्य देश भर में पॉलिटेक्निकों के मात्रात्मक विस्तार, महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि और देश में पॉलिटेक्निक शिक्षा की गुणवत्ता में निम्नलिखित मध्यवर्तनों के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है:

- **राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के असेवित और अल्पसेवित जिलों में नए पॉलिटेक्निक की स्थापना:** इस उप योजना के तहत, राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों को भारत सरकार द्वारा पॉलिटेक्निक की स्थापना की पूंजी लागत को पूरा करने के लिए 12.30 करोड़ रुपए तक की सीमित वित्तीय सहायता प्रदान कर असेवित और अल्पसेवित जिलों में नए पॉलिटेक्निक स्थापित किए जाते हैं।
- **राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के चयनित पॉलिटेक्निकों में महिला छात्रावासों का निर्माण:** उप–योजना में चयनित पॉलिटेक्निकों में महिला छात्रावासों के निर्माण के माध्यम से पॉलिटेक्निकों में महिला नामांकन बढ़ाने की परिकल्पना की गई है। उप योजना के अन्तर्गत महिला छात्रावास निर्माण हेतु प्रत्येक पॉलिटेक्निक को 1.00 करोड़ रु. तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।
- **राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के चयनित पॉलिटेक्निकों के अवसंरचनात्मक उन्नयन:** इस उप–योजना के तहत मौजूदा पॉलिटेक्निकों की बुनियादी सुविधाओं के उन्नयन के लिए भारत सरकार द्वारा प्रति पॉलिटेक्निक को 2.00 करोड़ रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

- **पॉलिटेक्निक के माध्यम से सामुदायिक विकास (सीडीटीपी):** इस उप–योजना में समाज के वंचित वर्ग के लिए पॉलिटेक्निक, एनएसटीआइज और आईटीआइज के माध्यम से गैर–औपचारिक, अल्पकालिक, रोजगारोन्मुखी कौशल विकास कार्यक्रम शुरू करने की परिकल्पना की गई है ताकि उन्हें लाभप्रद स्वरोजगार/वेतन रोजगार प्राप्त करने में हेतु सक्षम बनाया जा सके।

मुख्य विशेषताएं/उपलब्धियां:

- ✓ इस योजना के तहत 118 पॉलिटेक्निक का निर्माण किया गया है
- ✓ 351 महिला छात्रावासों का निर्माण किया गया है
- ✓ सामुदायिक विकास उप–घटक के तहत 14 लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया गया है।

5.15 कार्यक्रम

5.15.1 कौशल दीक्षांत समारोह 2022

विश्वकर्मा जयंती के शुभ दिन– 17 सितंबर 2022, अब तक का पहला कौशल दीक्षांत समरोह"– कौशल दीक्षांत समारोह का उद्देश्य न केवल पूरे कौशल पारिस्थितिकी तंत्र (इको–सिस्टम) में छात्रों के मनोबल को बढ़ाना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर भारत निर्माण की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करना भी है। कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री श्री राजीव चंद्रशेखर के साथ केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली में कौशल पारिस्थितिकी तंत्र (इको–सिस्टम) से 100 चयनित टॉपर्स को दीक्षांत समारोह में प्रमाण पत्र से सम्मानित किए। सचिव, उच्च शिक्षा श्री के. संजय मूर्ति; सचिव, कौशल विकास श्री अतुल तिवारी; इस अवसर पर भारतीय फिल्म निर्देशक और निर्माता श्री रमेश सिप्पी, एआईसीटीई के अध्यक्ष श्री जगदीश कुमार और कौशल विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय ने सत्र 2021 के लिए सीआईटीएस के तहत अखिल भारतीय व्यवसाय परीक्षा (सीबीटी) पास करने वाले उम्मीदवारों के लिए 14000+ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में यह समारोह आयोजित किया। अखिल भारतीय व्यवसाय परीक्षा (एआईटीटी–2022) के परिणाम 7 सितंबर, 2022 को घोषित किए गए थे। इस वर्ष परिणाम प्रतिशत 89.13% रहा है (16.6 लाख में से लगभग 14.8 लाख प्रशिक्षणार्थी पास घोषित हुए)। इस दिन देश भर में 2020–22 दो वर्षीय पाठ्यक्रम और 2021–22 एक वर्षीय और 6 महीने के पाठ्यक्रम के लगभग 8.9 लाख प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणित और सम्मानित किया गया।

5.15.2 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2022)

5.15.3 स्वच्छता अभियान (16 जुलाई, से 31 जुलाई, 2022)

5.15.4 आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम)

विभाजन विभीषिका दिवस (14 अगस्त, 2022)

हर घर तिरंगा

5.15.5 जन जातीय दिवस (15 नवंबर, 2022)

5.15.6 संविधान दिवस समारोह (26 नवंबर, 2022)

5.15.7 परीक्षा पर चर्चा 2023 (27 जनवरी, 2023)

5.15.8 ई–गवर्नेंस 2021–2022 के लिए 25वां राष्ट्रीय पुरस्कार

डीएआरएंडपीजी द्वारा प्रत्येक वर्ष ई–गवर्नेंस पहल के कार्यान्वयन में उत्कृष्टता को मान्यता और बढ़ावा देने के लिए ई–गवर्नेंस के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया जाता हैं। इन पुरस्कारों के लिए सभी केंद्रीय मंत्रालय/विभाग, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें, जिले, स्थानीय निकाय, केंद्र और राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू), शैक्षणिक/अनुसंधान संस्थान (सरकारी और गैर–सरकारी) भाग लेते हैं।

भारतस्किल (https://bharatskills.gov.in) को ई–गवर्नेंस योजना 2021–2022 के लिए 25वें राष्ट्रीय पुरस्कारों में "नागरिक केंद्रित डिलीवरी प्रदान करने में उत्कृष्टता" श्रेणी के तहत रजत पुरस्कार (सिल्वर अवार्ड) से सम्मानित किया गया है।

ई–गवर्नेंस योजना 2021–2022 के लिए 25वां राष्ट्रीय पुरस्कार

5.16 कौशल विकास पहल (एसडीआई) स्कीम

मॉड्यूलर रोजगार योग्य कौशल (एमईएस) पर आधारित कौशल विकास पहल स्कीम (एसडीआईएस) वर्ष 2007 में तत्कालीन रोजगार और प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीई एंड टी) द्वारा शुरू की गई थी, जो मुख्य रूप से स्कूल की पढ़ाई बीच में छोड़ने वालों और बेरोजगार युवाओं को उनके कौशल में सुधार करने के लिए कौशल प्रशिक्षण प्रदान करती है। इस स्कीम के तहत, विभिन्न पंजीकृत व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाताओं (वीटीपी) के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के तहत विभिन्न मॉड्यूल में मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह स्कीम एक समर्पित पोर्टल (एसडीआईएस पोर्टल) के माध्यम से डीजीटी (तत्कालीन डीजीई एंड टी) और राज्य सरकारों के साथ संयुक्त रूप से कार्यान्वित की गई थी। इस स्कीम को 31 मार्च, 2017 से बंद कर दिया गया था। इस स्कीम के तहत लगभग 42.84 उम्मीदवारों का आकलन प्रशिक्षण और प्रत्यक्ष उम्मीदवार मूल्यांकन (टीसीए और डीसीए) सहित किया गया था।

इस मंत्रालय के बजटीय प्रावधानों के तहत प्रशिक्षण के अलावा, एसडीआईएस पोर्टल की सुविधा अन्य केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकार द्वारा संचालित स्कीमों के लिए प्रत्यक्ष उम्मीदवार आकलन (डीसीए मोड) के रूप में दी गई थी।

डीसीए मोड के तहत एमईएस पाठ्यक्रम का मूल्यांकन और प्रमाणन 15 अगस्त, 2018 से एसडीआईएस पोर्टल से एनएसडीसी/एसडीएमएस पोर्टल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

5.17 शिक्षु अधिनियम, 1961 तथा एनएपीएस के अंतर्गत शिक्षुता प्रशिक्षण

5.17.1 पृष्ठभूमि

शिक्षुता शिक्षा और ऑन–द–जॉब प्रशिक्षण का एक अनूठा संयोजन प्रदान करता है जो शिक्षा को कार्य परिवर्तन की दुनिया में मदद करता है। इसलिए, हाल के वर्षों में कौशल विकास के पसंदीदा मॉडल के रूप में शिक्षुता प्रशिक्षण पर सरकार का ध्यान कई गुना बढ़ गया है।

राष्ट्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता नीति (2015) भारत में कुशल जनशक्ति बनाने के लिए प्रमुख घटकों में से एक के रूप में शिक्षुता पर केंद्रित है। शिक्षुता प्रशिक्षण एक प्रमुख भूमिका निभा सकता है तथा युवा वास्तविक कार्य स्थल पर काम करके कौशल प्राप्त कर सकते हैं और साथ ही खुद को आर्थिक रूप से सहयोग के लिए कुछ वृत्तिका भी अर्जित कर सकते हैं। विश्व स्तर पर भी शिक्षुता को सीखने के दौरान कौशल हासिल करने और कमाई के लिए सबसे अच्छा मॉडल माना जाता है।

माननीय प्रधान मंत्री के 'आत्म निर्भर भारत' के दृष्टिकोण के साथ सरकार ने शिक्षुता प्रशिक्षण में उच्च विकास दर को बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रशासनिक, आर्थिक और शासन सुधार किए हैं। बदलते बाजारों और बढ़ते डिजिटलीकरण के साथ, भारत उच्च कौशल तीव्रता और कुशल जनशक्ति की मांग को प्रदर्शित करता है। इस मोड़ पर, शिक्षुता उन सभी क्षेत्रों में उद्यमों के लिए एक व्यापक अवसर प्रदान करती है, जहाँ शिक्षुता की क्षमता से प्रशिक्षण, संलग्नता और लाभ के लिए वैश्विक प्रतिस्पर्धा हासिल की जानी है।

1. शिक्षुता प्रशिक्षण का कानूनी ढांचा

भारत में एक अच्छी तरह से स्थापित और विनियमित शिक्षुता प्रणाली है। व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए उद्योगों में उपलब्ध सुविधाओं का पूर्ण उपयोग करने और इस प्रकार उद्योगों के लिए कुशल जनशक्ति विकसित करने के उद्देश्य से 'शिक्षु अधिनियम, 1961' को अधिनियमित किया गया था। शिक्षु अधिनियम, 1961 के मुख्य उद्देश्य निम्नानुसार हैं:

क) उद्योग में शिक्षुता प्रशिक्षण को विनियमित करना और बढ़ावा देना।

ख) उद्योग के लिए कुशल जनशक्ति की आवश्यकताओं को पूरा करने की दृष्टि से ऑन–द–जॉब/व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए उद्योग में उपलब्ध सुविधाओं का उपयोग करना।

अधिनियम प्रशिक्षण के कार्यक्रम को नियंत्रित करता है जिसमें पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण की अवधि, परीक्षा और प्रमाणन और नौकरी प्रशिक्षण के दौरान संबंधित निर्देश शामिल हैं। केंद्रीय शिक्षुता परिषद (सीएसी), माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री की अध्यक्षता वाली समिति, शिक्षु अधिनियम, 1961 के तहत एक सर्वोच्च सांविधिक निकाय है और यह देश में शिक्षु अधिनियम, 1961 के कार्यान्वयन पर केंद्र सरकार को सलाह देता है।

517.2 शिक्षु अधिनियम, 1961 और शिक्षुता नियम 1992 के तहत अनुपालन

1. उपर्युक्त अधिनियम और नियम के कुछ महत्वपूर्ण प्रावधान/अनुपालन निम्नानुसार हैं:

1.1 धारा 2 (डी), शिक्षुता प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रतिष्ठानों पर केंद्र और राज्य सरकारों के नियंत्रण के अभ्यास के लिए "समुचित सरकार" को स्पष्ट रूप से परिभाषित करती है।

1.2 केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आने वाले प्रतिष्ठानों में निर्दिष्ट ट्रेडों के कार्यान्वयन की निगरानी की जिम्मेदारी प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) और उसके 22 क्षेत्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता निदेशालयों (आरडीएसडीई) को दी गई है और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और क्षेत्र कौशल परिषदों (एसएससी) को वैकल्पिक ट्रेडों के कार्यान्वयन की निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। तदनुसार, सभी एसएससी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को संयुक्त शिक्षुता सलाहकार (जेएए) के रूप में नामित किया गया है।

1.3 राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी प्रतिष्ठानों के लिए, राज्य शिक्षुता सलाहकार (एसएए), राज्य कौशल विकास मिशन (एसएसडीएम) निर्दिष्ट और वैकल्पिक दोनों ट्रेडों के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार हैं।

1.4 शिक्षुता नियम, 1992 के नियम 7–बी के अनुसार, 30 या उससे अधिक जनशक्ति वाले उद्यमों के लिए यह अनिवार्य है कि वे अपनी कुल जनशक्ति शक्ति (संविदात्मक कर्मचारियों सहित) के 2.5: से 15: के बैंड में शिक्षुओं को नियुक्त करें। 4 से 29 कर्मचारियों की श्रमशक्ति वाले छोटे उद्यमों को भी 2.5: से 15: के बैंड में प्रशिक्षुओं को शामिल करने की अनुमति है, हालांकि यह प्रावधान उनके लिए स्वैच्छिक है। प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने से पहले प्रतिष्ठानों और शिक्षुओं के बीच शिक्षुता प्रशिक्षण का अनुबंध किया जा रहा है {7बी का उप–नियम (1)}।

1.5 शिक्षुता नियम, 1992 के नियम 11 के अनुसार, प्रतिष्ठान शिक्षुओं को वृत्तिका देने के लिए उत्तरदायी हैं, जो शिक्षुओं के पाठ्यक्रम और श्रेणी के आधार पर 5,000 से लेकर 9,000 रुपए प्रति माह है।

1.6 अधिनियम की धारा 30 (अपराध और दंड) के अनुसार, ऐसे सभी प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का प्रावधान किया गया है जो उपर्युक्त अधिनियम और नियमों के प्रावधानों का पालन नहीं करते हैं। चूक करने वालों को पहले तीन महीनों के लिए प्रति माह प्रति शिक्षु 5,000 रुपए और उसके बाद पर्याप्त संख्या में सीटें भरने तक प्रति माह 1,000 रुपए देने का प्रावधान है।

2. कार्यान्वयन, निगरानी और संवर्धन के लिए जिम्मेदार एजेंसियों की भूमिकाएं और उत्तरदायी

2.1 कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई): एमएसडीई शिक्षु अधिनियम, 1961 का संरक्षक होने के नाते, पीएम–एनएपीएस के समग्र विनियमन, प्रबंधन और निगरानी के लिए जिम्मेदार होगा।

2.2 क्षेत्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता निदेशालय (आरडीएसडीई): केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र के तहत प्रतिष्ठानों और 4 राज्यों से अधिक क्षेत्रों में काम कर रहे प्रतिष्ठानों के लिए आरडीएसडीई अपने संबंधित राज्यों में पीएम–एनएपीएस के कार्यान्वयन के लिए कार्यान्वयन, निगरानी और प्रचार एजेंसी के रूप में कार्य करेंगे। आरडीएसडीई को नामित ट्रेडों के लिए आरडीएसडीई स्तर पर क्षमता–निर्माण, कार्यान्वयन और निगरानी के लिए जिम्मेदार होना चाहिए, उनके अधिकार क्षेत्र के तहत प्रतिष्ठानों के लिए कार्यशालाओं, सेमिनारों, पीएमएनएएम में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए।

2.3 राज्य शिक्षुता सलाहकार (एसएसए): शिक्षु अधिनियम, 1961 के अनुसार राज्य सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों और उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले निजी प्रतिष्ठानों के लिए सभी "निर्दिष्ट ट्रेडों" के साथ–साथ "वैकल्पिक ट्रेडों" के संबंध में एसएएअपने क्षेत्रों में कार्यान्वयन, निगरानी और प्रचार एजेंसियों का काम करेंगे। वे जिला स्तर पर स्कीम के कार्यान्वयन, निगरानी और प्रचार के लिए सहायक शिक्षुता सलाहकार (एएए) भी नियुक्त कर सकते हैं। वे "वैकल्पिक ट्रेडों" के संबंध में राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र के तहत सभी प्रतिष्ठानों के लिए कार्यान्वयन, निगरानी और प्रचार एजेंसियों के रूप में कार्य करने के लिए संबंधित राज्य कौशल विकास मिशन (एसएसडीएम) के मिशन निदेशकों की नियुक्ति भी कर सकते हैं।

2.4 राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी): एनएसडीसी अप्रेंटिसशिप पोर्टल के प्रबंधन, वैकल्पिक ट्रेडों के संबंध में स्कीम की निगरानी और डीबीटी के माध्यम से नामित और वैकल्पिक ट्रेडों के लिए शिक्षुओं को सरकार के हिस्से का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा। एनएसडीसी स्कीम के लिए सभी प्रचार कार्यकलापों का भी समर्थन करेगा।

2.5 क्षेत्र कौशल परिषदें (एसएससी): एनएसडीसी के तत्वावधान में एसएससी केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र के तहत प्रतिष्ठानों के लिए "वैकल्पिक ट्रेड" के संबंध में अपने क्षेत्रों में कार्यान्वयन, निगरानी और प्रचार एजेंसियां होंगी। क्षेत्र कौशल परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को शिक्षु अधिनियम के तहत कार्यालय आदेश संख्या एमएसडीई–6(1)/2018–एपीदिनांक 18 मई 2018 के माध्यम से संयुक्त शिक्षुता सलाहकार (जेएए) के रूप में नियुक्त किया गया है, ताकि पीएम–एनएपीएस सहित शिक्षुता प्रशिक्षण के तहत कार्यान्वयन, निगरानी और संवर्धन कार्यकलापों को कार्य रूप दिया जा सके।

2.6 राज्य सरकार: राज्य सरकारों से उनके अधिकार क्षेत्र के तहत प्रतिष्ठानों के लिए जागरूकता और क्षमता–निर्माण कार्यकलापों और पक्ष–पोषण की आशा है।

2.7 तृतीय पक्ष एग्रीगेटर्स (टीपीए): एमएसडीई द्वारा सूचीबद्ध टीपीए एमएसएमई और अन्य प्रतिष्ठानों को शिक्षुता कार्यक्रम की आद्योपांत सेवाएं प्रदान करके नियोक्ताओं को शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए बड़ी संख्या में युवाओं को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सहायता करेंगे।

5.17.3 शिक्षुता प्रशिक्षण

5.17.3.1 शिक्षुता के लिए पात्रता मानदंड: उम्मीदवार की आयु 14 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए (जोखिमपूर्ण उद्योगों में ट्रेडों के लिए 18 वर्ष), शिक्षुता प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए संबंधित ट्रेडों के लिए निर्धारित शैक्षिक और शारीरिक मानकों को पूरा करना चाहिए। संबंधित ट्रेड के पाठ्यक्रम में निर्धारित प्रासंगिक ट्रेडों के लिए प्रवेश स्तर की योग्यता आवश्यकता के आधार पर शैक्षिक योग्यता कक्षा 5 वीं पास से कक्षा 10 वीं पास तक अलग अलग होती है।

5.17.3.2 शिक्षुओं की श्रेणियाँ: वर्तमान में, दो केंद्रीय मंत्रालय अर्थात् उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय (एमओई) और कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय देश में शिक्षुता प्रशिक्षण लागू कर रहे हैं।

तालिका–1: शिक्षुओं की श्रेणियाँ

क्र.सं.	शिक्षुओं की श्रेणियां	शिक्षुता के लिए जिम्मेदार मंत्रालय
1.	नामित ट्रेड शिक्षु	कौशल विकास और उदयमशीलता मंत्रालय
2.	वैकल्पिक ट्रेड शिक्षु	
3.	नए शिक्षु	
4.	तकनीशियन (व्यावसायिक) शिक्षु	
5.	तकनीशियन शिक्षु	
6.	स्नातक शिक्षु	उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय
7.	डिप्लोमा शिक्षु	

उच्च शिक्षा विभाग (डीएचई), एमओई स्नातक या उससे ऊपर के समकक्ष शैक्षिक योग्यता के लिए शिक्षु कार्यक्रमों की पेशकश करेगा। एमएसडीई अन्य तकनीकी/कौशल योग्यता धारकों के लिए 5वीं कक्षा पास और उससे ऊपर की शैक्षिक योग्यता से शुरू होने वाले शिक्षुओं की शेष श्रेणियों के लिए शिक्षुता कार्यक्रम संचालित करेगा।

5.17.3.3 ट्रेडों के प्रकार: शिक्षुता के संबंध में, प्रशिक्षण मुख्य रूप से निर्दिष्ट ट्रेडों और वैकल्पिक ट्रेडों में दिया जाता है।

क) नामित ट्रेड का मतलब इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए एक नामित ट्रेड किसी भी ट्रेड या व्यवसाय या इंजीनियरिंग या गैर–इंजीनियरिंग) या प्रौद्योगिकी या किसी भी व्यावसायिक पाठ्यक्रम में कोई विषय क्षेत्र है, जिसे केंद्र सरकार, केंद्रीय शिक्षुता परिषद के परामर्श के बाद, आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना द्वारा निर्दिष्ट कर सकती है।

ख) वैकल्पिक ट्रेड का अर्थ है कोई भी ट्रेड या व्यवसाय या इंजीनियरिंग या गैर–इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी में कोई विषय क्षेत्र या कोई व्यावसायिक पाठ्यक्रम जैसा कि इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए नियोक्ता द्वारा निर्धारित किया जा सकता है।

5.17.3.4 प्रशिक्षण की संरचना: शिक्षुता प्रशिक्षण में उद्योग में कार्यस्थल पर बुनियादी प्रशिक्षण और ऑन–द–जॉब–ट्रेनिंग (ओजेटी)/व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल है। बुनियादी प्रशिक्षण उन लोगों के लिए शिक्षुता प्रशिक्षण का एक अनिवार्य घटक है, जिन्होंने ऑन–द–जॉब–प्रशिक्षण/व्यावहारिक प्रशिक्षण लेने से पहले कोई संस्थागत प्रशिक्षण/कौशल प्रशिक्षण नहीं लिया है। बुनियादी प्रशिक्षण के अलावा, ऑन–द–जॉब प्रशिक्षण का एक घटक है जो प्रतिष्ठानों में निष्पादित किया जाता है और प्रतिष्ठानों द्वारा ही किया जाता है।

5.17.3.5 शिक्षुता प्रशिक्षण की अवधि: शिक्षुता प्रशिक्षण की अवधि व्यवसाय पर निर्भर करती है और यह 6 माह से 3 वर्ष तक होती है।

5.17.3.6 शिक्षुओं को वृत्तिका: विभिन्न श्रेणियों के शिक्षुओं को प्रति माह देय वृत्तिका की दरों को राजपत्र अधिसूचना दिनांक 25 सितंबर 2019 द्वारा संशोधित किया गया है। विभिन्न श्रेणियों के तहत प्रति माह वृत्तिका की न्यूनतम दर निम्नानुसार है:

सारणी–2 शिक्षुओं के लिए वृत्तिका–दर

क्र.सं.	श्रेणी	न्यूनतम वृत्तिका–दर (प्रतिमाह रुपए में)
1.	स्कूल पास–आउट (कक्षा 5वीं – कक्षा 9वीं)	5,000
2.	स्कूल पास–आउट (कक्षा 10वीं / कक्षा 12वीं)	6,000
3.	सैंडविच कोर्स (डिप्लोमा के छात्र संस्थान)	7,000
4.	तकनीशियन अपरेंटिस या किसी भी स्ट्रीम/सैंडविच कोर्स में डिप्लोमा धारक (छात्र डिग्री संस्थानों से)	8,000
5.	ग्रेजुएट शिक्षु/डिग्री शिक्षु/किसी भी स्ट्रीम में डिग्री	9,000

स्रोतः शिक्षुता नियम, 1992 दिनांक 25 सितंबर 2019

5.17.3.7 शिक्षुओं का आकलन और प्रमाणीकरणः शिक्षुता प्रशिक्षण पूरा होने के बाद, शिक्षु का डीजीटी/एसएससी/प्रतिष्ठान द्वारा आकलन होता है। सिद्धांत और व्यावहारिक परीक्षा में एक शिक्षु द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर शिक्षुओं को प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाता है। डीजीटी/ एसएससी परीक्षा के मामले में, शिक्षुओं को शामिल करने वाले प्रतिष्ठानों द्वारा व्यावहारिक आकलन किया जाएगा और डीजीटी/एसएससी द्वारा उनके द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार सिद्धांत पेपर आयोजित किया जाएगा।

5.17.3.8 शिक्षुता चक्र की जानकारी के लिए शिक्षुता पोर्टलः यह एक राष्ट्रीय पोर्टल (pprenticeshipindia.gov.in) है, जो शिक्षुता प्रशिक्षण के कार्यान्वयन को आसान बनाने के लिए विभिन्न हितधारकों के बीच सहज बातचीत की अनुमति देता है। प्रतिष्ठान और उम्मीदवार के पंजीकरण, प्रशिक्षुओं द्वारा प्रतिष्ठान का चयन और इसके विपरीत, सभी अनुमोदन प्रक्रियाओं, निगरानी, प्रमाणन और एनएपीएस के तहत प्रतिष्ठानों को निधि की ऑनलाइन प्रतिपूर्ति को कवर करने वाले शिक्षुता चक्र की सभी प्रक्रियाओं का प्रबंधन करने के लिए पोर्टल विकसित किया गया है।

पोर्टल प्रतिष्ठानों, उम्मीदवारों, राज्य सरकारों, आरडीएसडीई, राज्य शिक्षुता सलाहकारों (एसएऐ), सहायक शिक्षुता सलाहकारों (एएएस), राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी), क्षेत्र कौशल परिषदों (एसएससी), तृतीय–पक्ष एग्रीगेटर्स (टीपीए) और अन्य हितधारकों तक पहुँच का समर्थन करता है। शिक्षुता पोर्टल (www.apprenticeshipindia.gov.in) आयु–महिला–पुरुष, जाति, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र, जिला, क्षेत्र, पाठ्यक्रम (जॉब रोल्स), प्रशिक्षण अवधि आदि के आधार पर डेटा प्राप्त करता है। शिक्षुओं और प्रतिष्ठानों के लिए शिक्षुता पोर्टल के लिए चरण–दर–चरण मार्गदर्शिका उपयोगकर्ता पुस्तिकाओं और अनुदेशात्मक वीडियो के रूप में शिक्षुता पोर्टल पर उपलब्ध है।

5.17.4 युवाओं के लिए शिक्षुता के अवसर बढ़ाने की पहल

5.17.4.1 नीति स्तर के सुधार

वर्ष 2014 में, भारत सरकार ने उद्योग और युवाओं दोनों के लिए शिक्षुता को अधिक आकर्षक बनाने के लिए शिक्षुता अधिनियम, 1961 में व्यापक संशोधन किए। अधिनियम में 2014 में किए गए प्रमुख संशोधन निम्नानुसार हैं:

i. आगामी और विकसित होने वाले जॉब रोलों को शामिल करने के लिए "वैकल्पिक ट्रेड" श्रेणी का परिचय, जिससे नियोक्ताओं को नए पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षुओं को शामिल करने की अनुमति मिलती है, जो पाठ्यक्रमों और पाठ्यक्रम के प्रकार पर सरकार के विनियमन के बजाय उनके संबंधित उद्योग की मांग पर आधारित होते हैं।

ii. अर्हता, शिक्षुता प्रशिक्षण की अवधि, परीक्षण आयोजित करने, प्रमाणन प्रदान करने और वैकल्पिक ट्रेड श्रेणी में लगे शिक्षुओं से संबंधित अन्य शर्तों को निर्धारित करने के लिए नियोक्ताओं/प्रतिष्ठानों को शक्ति देना।

iii. ऐसे प्रतिष्ठानों द्वारा शिक्षुओं की नियुक्ति की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए 4 और अधिक राज्यों में संचालित प्रतिष्ठानों के अधिकार क्षेत्र को संबंधित राज्यों से केंद्र सरकार में बदलना क्योंकि इस सुधार ने उन्हें चार अलग–अलग राज्य सरकारों के बजाय एक सरकार के साथ काम करने की अनुमति दी।

iv. शिक्षुओं की नियुक्ति के लिए ट्रेड वार और यूनिट वार नियमन की पुरानी प्रणाली को प्रतिस्थापित करना, प्रतिष्ठान द्वारा उनकी पसंद और आवश्यकता के अनुसार किसी भी ट्रेड में नियुक्त किए जाने वाले अप्रेंटिस की निर्धारित संख्या को शुरू करना।

v. ऑफलाइन सिस्टम के स्थान पर ऑनलाइन सिस्टम शुरू करके प्रक्रिया और प्रक्रियाओं का सरलीकरण। प्रतिष्ठानों और प्रशिक्षुओं के पंजीकरण, अनुबंध अनुमोदन, प्रशिक्षण के निष्पादन, परीक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रम के पूरा होने के बाद प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदान करने से शुरू होने वाले शिक्षुता प्रशिक्षण के कुल प्रबंधन के लिए समर्पित वेब–पोर्टल का परिचय।

vi. नियोक्ताओं/प्रतिष्ठानों को अन्य राज्यों से भी अपने प्रतिष्ठानों में शिक्षुओं को शामिल करने की अनुमति देना।

vii. शिक्षुओं की आवश्यकता पर नियोक्ताओं को अपनी नीतियां बनाने की अनुमति देना।

viii. केवल आर्थिक दंड द्वारा कारावास जैसी कठोर दंड धारा को हटाना।

ix. नए उम्मीदवारों को बुनियादी प्रशिक्षण आउटसोर्स करने के लिए उद्योगों को अनुमति देना, ताकि वे शिक्षुओं के लिए क्लास रूम प्रशिक्षण के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण के बोझ से मुक्त हों।

5.17.4.2 शिक्षुता नियम, 1992 में संशोधन

शिक्षुता नियम, 1992 में व्यापक संशोधन किए गए ताकि, शिक्षुता को संस्थानों और देश के युवाओं दोनों के लिए अधिक आकर्षक बनाया जा सके। नियमों में संशोधन 25 सितंबर, 2019 को भारत के असाधारण राजपत्र में सितंबर, 2019 में अधिसूचित किए गए थे। किए गए प्रमुख संशोधन इस प्रकार हैं:

i. शिक्षुता प्रशिक्षण के तहत शिक्षुओं की नियुक्ति प्रतिष्ठानों द्वारा शिक्षुओं की नियुक्ति के लिए बैंडविड्थ को 2.5% – 10% से 2.5% –15% तक बढ़ाना। इसके परिणामस्वरूप देश में युवाओं के एक बड़े प्रतिशत के लिए गुणवत्ता प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करने के लिए शिक्षुता सीटों की एक अतिरिक्त क्षमता का निर्माण हुआ है।

ii. शिक्षु अधिनियम 1961 (2014 तक संशोधित) के कार्यान्वयन के लिए अनिवार्य श्रेणी के तहत अतिरिक्त प्रतिष्ठानों को लाना, प्रतिष्ठानओं की जनशक्ति आकार सीमा को 40 से घटाकर 30 करना। पहले, यह शिक्षुओं को नियुक्त करने के लिए 40 और उससे अधिक जनशक्ति वाले प्रतिष्ठान के लिए अनिवार्य था। हालांकि, संशोधन के बाद, शिक्षुओं को नियुक्त करने के लिए प्रतिष्ठानों की कुल श्रम शक्ति को 40 से घटाकर 30 कर दिया गया था, यानी 30 से अधिक कर्मचारियों वाले किसी भी प्रतिष्ठान को कुल जनशक्ति के न्यूनतम 2.5% और अधिकतम 15% प्रशिक्षुओं को शामिल करना होगा।

iii. छोटे प्रतिष्ठानों द्वारा प्रशिक्षुओं की नियुक्ति को सुविधाजनक बनाने के लिए वैकल्पिक आधार पर शिक्षुओं को नियुक्त करने के इच्छुक प्रतिष्ठानों की आकार–सीमा को पिछले 6–40 से बदलकर 4–29 कर दिया गया है। इस प्रकार, छोटे प्रतिष्ठानों को शिक्षुता प्रशिक्षण का लाभ लेने की अनुमति देता है।

iv. शैक्षिक और तकनीकी योग्यता से जुड़ी वृत्तिका की निर्धारित दरों और न्यूनतम मजदूरी से जुड़ी वृत्तिका के स्थान पर शिक्षु की श्रेणी निर्धारित करके शिक्षुओं की विभिन्न श्रेणियों को देय वृत्तिका का युक्तिकरण, जिससे पूरे देश और क्षेत्रों में शिक्षु के वजीफे की दर में भारी अंतर होता है।

v. डिग्री पाठ्यक्रमों में शिक्षुता को जोड़ने के लिए डिग्री शिक्षु श्रेणी की शुरुआत और किसी भी डिग्री धारक के कौशलोन्नयन के लिए शिक्षुता प्रशिक्षण लेने की अनुमति देना।

5.17.4.3 शिक्षुता को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्कीम (एनएपीएस)

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने 19 अगस्त 2016 को शिक्षु अधिनियम, 1961 के तहत शिक्षुता कार्यक्रम चलाने वाले प्रतिष्ठानों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्कीम (एनएपीएस) की शुरुआत की।

प्रतिष्ठानों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करके शिक्षुता प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2016 में राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्कीम (एनएपीएस) शुरू की गई थी। स्कीम का मुख्य उद्देश्य शिक्षुता प्रशिक्षण को बढ़ावा देना और शिक्षुओं की संबद्धता को बढ़ाना है। इस स्कीम के निम्नलिखित दो घटक हैं:

क) नियोक्ताओं के साथ प्रति प्रशिक्षु प्रति माह निर्धारित वृत्तिका का 25% अधिकतम 1,500 रुपए के अधीन साझा करना।

ख) 20% शिक्षुओं के संबंध में बुनियादी प्रशिक्षण लागत को साझा करना जो बिना किसी औपचारिक ट्रेड प्रशिक्षण के सीधे शिक्षुता प्रशिक्षण में आते हैं। बुनियादी प्रशिक्षण लागत अधिकतम 500 घंटों के लिए 7,500 रुपए 15 रुपए प्रति घंटा (30 रुपए प्रति घंटे का 50%) तक सीमित होगी।

प्रतिष्ठान के बाद से एनएपीएस के तहत हुई प्रगतिः स्कीम की अवधि के दौरान, एनएपीएस शिक्षुता प्रशिक्षण के प्रति उद्योग और शिक्षुओं दोनों के हितों को उत्प्रेरित करने में सक्षम रहा है जैसा कि नीचे दी गई तालिका से देखा जा सकता है।

सारणी 3: एनएपीएस के प्रारंभ से अब तक की गई प्रगति

वर्ष	वर्ष के दौरान नामांकित नए शिक्षु (लाख में)	पोर्टल पर पंजीकृत प्रतिष्ठान
2016–17	1.11	17,608
2017–18	1.61	40,018
2018–19	2.00	60,590
2019–20	2.54	74,598
2020–21	2.90	1,26,054
2021–22	5.80	1,47,656
2022–23, दिस॰		
302022	6.01	1,61,122

स्रोतः apprenticeshipindia.gov.in

नामित ट्रेडों (डीटी) और वैकल्पिक ट्रेडों (ओटी) के तहत नामांकित शिक्षुओं की स्थितिः वैकल्पिक ट्रेडों की शुरूआत ने शिक्षुता के दायरे को बढ़ा दिया है और सेवा क्षेत्र में उच्च ऑफटेक को प्रोत्साहित किया है, जो पहले टैप नहीं किया गया था। वैकल्पिक ट्रेडों में शिक्षुओं की वृद्धि काफी अधिक रही है और अब वैकल्पिक ट्रेड शिक्षुओं की संख्या नामित ट्रेडों के तहत अधिक हो गई है। (आकृति 1)

आकृति 1: नामित ट्रेडों (डीटी) और वैकल्पिक ट्रेडों (ओटी) के तहत नामांकित शिक्षु



स्रोत: apprenticeshipindia.gov.in

यह देखा गया है कि विगत वर्षों में नामित ट्रेडों की तुलना में वैकल्पिक ट्रेडों के तहत शिक्षुओं की संलग्नता में काफी वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2018–19 में वैकल्पिक ट्रेड के तहत नामांकित शिक्षुओं की संख्या 14,207 से बढ़कर वित्त वर्ष 2022–23 में 4,40,611 हो गई है। इसलिए शिक्षुओं ने पिछले कुछ वर्षों में विनिर्माण संबंधी ट्रेडों की तुलना में सेवा क्षेत्र के ट्रेडों को वरीयता दी है।

आकृति 2: नामित ट्रेडों से वैकल्पित ट्रेडों को वरियता



स्रोत: apprenticeshipindia.gov.in

5.17.4.4 2022 में एनएपीएस के कार्यान्वयन को कारगर बनाने के लिए सरलीकरण सुधार

शिक्षुता प्रशिक्षण के प्रबंधन और कार्यान्वयन में दक्षता लाने के प्रयासों के तहत एमएसडीई द्वारा चालू वित्त वर्ष के दौरान कई सुधार किए गए हैं। सुधारों का उद्देश्य एनएपीएस के वास्तविक कार्यान्वयन को प्रभावित करने वाली बाधाओं को दूर करना है, जिसमें वृत्तिका के लिए वास्तविक दावा प्रस्तुत करना और वृत्तिका के भुगतान में प्रक्रियागत देरी को कम करने के लिए शिक्षुता पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्रक्रिया की अनुमति देना शामिल है; अखिल भारतीय परिचालन वाले उद्यम कई राज्यों के बजाय एकल राज्य–स्तरीय शिक्षुता/कौशल इकाई के साथ जुड़ने में सक्षम होंगे; और पाठ्यक्रम के युक्तिकरण, निरर्थक पाठ्यक्रमों को हटा दिया गया है और शिक्षुता प्रशिक्षण की अवधि को वैकल्पिक ट्रेडों और निर्दिष्ट ट्रेडों में अधिक समान बना दिया गया है। इन उपायों ने प्रतिष्ठानों के लिए शिक्षुता के मूल्यवान बनाया है। एनएपीएस के कार्यान्वयन को कारगर बनाने के लिए किए गए प्रमुख सरलीकरण सुधार निम्नलिखित हैं:

5.17.4.5 वैकल्पिक ट्रेड के तहत शिक्षुता प्रशिक्षण की अवधि का युक्तिकरण

शिक्षुता पोर्टल में प्रक्रिया के सरलीकरण पर प्रतिक्रिया एकत्र करने के लिए हितधारकों के साथ विभिन्न परामर्श बैठकें आयोजित की गईं, कार्यान्वयन प्रक्रिया और वैकल्पिक ट्रेड के तहत शिक्षुता की एनएपीएस दिशानिर्देशों की अवधि को युक्तिसंगत बनाया गया है। जिसके अनुसार वैकल्पिक ट्रेडों के लिए शिक्षुता प्रशिक्षण की अवधि को युक्तिसंगत बनाकर छह माह, नौ माह और 12 माह कर दिया गया है। हालाँकि, कुछ मामलों में, एमएसडीईसे अनुमोदन के अधीन, अवधि एक वर्ष से अधिक हो सकती है।

5.17.4.6 थर्ड पार्टी एग्रीगेटर (टीपीए) के लिए संशोधित दिशानिर्देश

शिक्षुता इकोसिस्टम हितधारक के रूप में तृतीय पक्ष एग्रीगेटर (टीपीए) को एनएपीएस के तहत वर्ष 2018 में पेश किया गया था और वर्तमान में यह देखा गया है कि लगभग 60% शिक्षु अनुबंध टीपीएके माध्यम से होते हैं।

शिक्षुओं और शिक्षुता कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए प्रतिष्ठानों की मांग को पूरा करने की दिशा में टीपीए को प्रमुख भागीदारों और शिक्षुता इकोसिस्टम के सूत्रधार के रूप में देखा जाता है। वे इच्छुक शिक्षुओं को जुटाने और परामर्श देने, निर्धारित पाठ्यक्रम आवश्यकताओं और पाठ्यक्रम डिजाइन को पूरा करने, प्रतिष्ठानों की ओर से दावों और रिटर्न को संसाधित करने, अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाओं के बीच आकलन करने और प्रमाणन जारी करने में सुविधा प्रदान करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

टीपीए के नेटवर्क के माध्यम से एनएपीएस की पहुंच को व्यापक बनाने के लिए, टीपीए के पैनल में शामिल होने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए टीपीए के लिए दिशानिर्देशों को सरल बनाया गया है। इससे एनएपीएस के तहत इच्छुक शिक्षुओं के लिए प्रतिष्ठानों के व्यापक नेटवर्क और उद्योगों में अवसरों तक पहुंच प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

5.17.4.7 शिक्षुता प्रशिक्षण बढ़ाने के लिए पीएसयू के साथ मिलकर काम करना

चूंकि सीपीएसयू की उनके द्वारा प्रभावित मूल्य श्रृंखला में प्रमाणित कौशल जनशक्ति को काम पर रखने को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका और जिम्मेदारी है, इसलिए सीपीएसयू/सीपीएसई से अनुरोध किया गया है कि वे अपने कार्यबल में शिक्षुओं की पैठ बढ़ाएं। इस संबंध में माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री और माननीय राज्यों के मंत्री की अध्यक्षता में सीपीएससी/सीपीएसयूके सीएमडी के साथ आपसी तालमेल बनाने और इसके लिए संयुक्त प्रयास करने के लिए कई वीसी आयोजित किए गए। इसके अलावा, मंत्रालय द्वारा सीपीएससी/सीपीएसयूके सीएमडी को एक एडवाइजरी जारी की गई थी, जिसमें पीएसयूके वर्कर्स को रिकॉग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग (आरपीएल) और सीपीएसई/सीपीएसयूवर्कफोर्स के कौशल के सार्वभौमिकरण के जरिए मान्यता दी गई थी।

5.17.4.8 शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए आउटरीच कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करना

जागरूकता कार्यशालाएँ: एमएसडीई ने देश भर में शिक्षुता प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जागरूकता और एडवोकेसी (कार्यक्रम, कार्यशालाएँ, शिक्षुता पखवाडा आदि) किए हैं। इन कार्यशालाओं को अब देश भर में वर्षभर के कार्यक्रमों के रूप में संस्थागत रूप दे दिया गया है। अब तक तेलंगाना, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पंजाब, पश्चिम बंगाल, दिल्ली (एनसीआर), अरुणाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, बिहार राज्यों में कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं।

शिक्षुता प्रशिक्षण पर जागरूकता कार्यशाला

प्रधान मंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला (पीएमएनएएम)

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई), भारत सरकार प्रतिष्ठानों में देश के कुशल और अकुशल युवाओं को उपयुक्त प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए पूरे देश में शिक्षुता मेलों का आयोजन करती रही है। इस पहल के साथ सरकार निजी/औद्योगिक क्षेत्र में समानांतर विकास सुनिश्चित कर रही है। ऐसा ही एक मेला 21.04.2022 को देश भर में 700 से अधिक स्थानों पर आयोजित किया गया है। 21 अप्रैल 2022 को आयोजित शिक्षुता मेले के दौरान, माननीय मंत्री (एमएसडीई) ने घोषणा की कि मासिक कार्यक्रम के रूप में पीएम–राष्ट्रीय शिक्षुता मेला होगा, जो सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के 1/3 जिलों में महीने के प्रत्येक दूसरे सोमवार को आयोजित किया जाएगा। इस तरह के सात मेले चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में आयोजित किए गए हैं, जिससे चालू वित्त वर्ष के दौरान लगभग 2,95,862 नए शिक्षुता अनुबंधों में वृद्धि हुई है।



विभिन्न पीएमएनएएम की झलक

क. मेला केंद्रों की राज्यवार सूचीः सभी 36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 765 जिलों में से प्रत्येक राज्य के एक तिहाई जिलों में मेला प्रस्तावित है। इससे राज्य को विभिन्न जिलों में प्रभावी ढंग से मेला आयोजित करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, यह उन आईटीआई को भी अनुमति देगा जो मेला केंद्र हैं, मेला दिवस से 7 से 10 दिन पहले मेला से संबंधित गतिविधियों को शुरू करने के लिए और 10–15 दिनों के लिए प्रतिष्ठानों और उम्मीदवारों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई के लिए शिक्षुता पोर्टल के माध्यम से उत्पन्न अनुबंध प्राप्त करने के लिए। छोटे केंद्रशासित प्रदेशों को तीन महीने में एक बार मेला आयोजित करने की अनुमति दी जा सकती है। राज्यों को मेला केंद्रों के चयन का विकल्प दिया जाएगा।

तालिका संख्या 4: राज्य/संघ–राज्य क्षेत्र–वार मेला स्थानों की संख्या

क्र.सं.	राज्य/ संघ–राज्य क्षेत्र	जिले	प्रत्येक माह में स्थानों की सं.
1	आंध्र प्रदेश	26	9
2	अरुणाचल प्रदेश	25	8
3	असम	34	11
4	बिहार	38	13
5	छत्तीसगढ	32	11
6	गोवा	2	1
7	गुजरात	33	11
8	हरियाणा	22	7
9	हिमाचल प्रदेश	12	4
10	झारखंड	24	8
11	कर्नाटक	31	10
12	केरल	14	5
13	मध्य प्रदेश	55	18
14	महाराष्ट्र	36	12
15	मणिपुर	16	5
16	मेघालय	12	4
17	मिजोरम	11	4
18	नगालैंड	15	5
19	ओडिशा	30	10
20	पंजाब	23	8
21	राजस्थान	33	11
22	सिक्किम	6	2
23	तमिलनाडु	38	13
24	तेलंगाना	33	11
25	त्रिपुरा	8	3
26	उत्तर प्रदेश	75	25
27	उत्तराखंड	13	4
28	पश्चिम बंगाल	23	8

29	अण्डमान और निकोबार	3	1
30	चंडीगढ़	1	1
31	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	3	1
32	दिल्ली	11	4
33	जम्मू और कश्मीर	20	6
34	लक्षद्वीप	1	1
35	लद्दाख	2	1
36	पुदुचेरी	4	1
	कुल	765	257

5.17.4.9 आईएलओ के साथ भारत में शिक्षुता पर इनोवेशन बूटकैंप

27–28 अप्रैल 2022 को इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) द्वारा "भारत में शिक्षुताः देश की कार्यनीति" पर दो दिवसीय नवाचार बूटकैंप का आयोजन किया गया था। तत्कालीन अतिरिक्त सचिव, एमएसडीई, श्री अतुल कुमार तिवारी द्वारा संचालित एक उच्च–स्तरीय पैनल चर्चा में बाधा–कारकों की पहचान करके और उनको दूर करने के लिए समाधानों पर चर्चा करके भारत 2030 में शिक्षुता की दृष्टि को प्राप्त करने की कार्यनीतियों पर चर्चा की गई। पैनल में सरकार, उद्योग संघ, ट्रेड यूनियन और अन्य प्रमुख कार्यान्वयनकर्ताओं के रूप में विशेषज्ञों सहित शिक्षुता में सामाजिक साझेदार और हितधारक शामिल थे।

आकृतिः नवोन्मेष बूट कैंप की झलक

शिक्षुता प्रशिक्षण द्वारा निर्मित प्रभाव

एमएसडीई द्वारा विभिन्न पहलों को लागू करने के बाद प्रशिक्षुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि को नीचे दिए गए ग्राफ से दर्शाया जा सकता है (आकृति 3)। एनएपीएस के तहत लगे नए शिक्षु वित्त वर्ष 2016–17 में 1,11,425 शिक्षुओं से बढ़कर 31 जनवरी 2023 तक 6,61,179 शिक्षु हो गए हैं।

आकृति 3: पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के तहत लगे प्रशिक्षु



स्रोतः www.apprenticeshipindia.gov.in

चित्रः पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के तहत लगे प्रशिक्षु

5.17.4.10 शिक्षुता प्रशिक्षण में महिला उम्मीदवारों की वृद्धि

सरकार द्वारा किए गए सुधारों की श्रृंखला शिक्षुता प्रशिक्षण में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि में परिलक्षित होती है। शिक्षुता प्रशिक्षण के तहत महिला शिक्षुओं की भागीदारी जो वर्ष 2016–17 के दौरान 7.74% थी, वर्ष 2022–23 के दौरान बढ़कर 20.44% हो गई (आकृति 4)।

आकृति 4: शिक्षुता प्रशिक्षण में नामांकित महिला शिक्षुओं का प्रतिशत



स्रोतः www.apprenticeshipindia.gov.in

चित्रः कार्यस्थल पर महिला प्रशिक्षु

5.17.4.11 शैक्षिक योग्यता द्वारा शिक्षुओं का वितरण

यह देखा गया है कि कक्षा 12वीं पास और उससे ऊपर (आईटीआई स्नातकों सहित) नामांकित कुल शिक्षुओं का 73.19% है, इसके बाद कक्षा 8वीं पास/कक्षा 10वीं पास लेकिन कक्षा 12वीं पास से कम वाले 24.50% शिक्षु हैं। लगभग 2.30% शिक्षु कक्षा 5वीं पास से लेकर कक्षा 8वीं पास तक हैं। इसलिए, यह देखा जा सकता है कि शिक्षुता प्रशिक्षण आईटीआई उत्तीर्ण उम्मीदवारों के लिए प्रगति का पसंदीदा विकल्प है (तालिका 5 और आकृति 5 देखें)।

सारणी 5: शिक्षा अर्हता के आधार पर शिक्षुओं का वितरण

शिक्षा समूह	नियोजित शिक्षुओं की संख्या	नियोजित शिक्षुओं का प्रतिशत
कक्षा 5 पास से कक्षा 8 पास तक	42,514	2.30%
कक्षा 8 पास/कक्षा 10 पास लेकिन कक्षा 12 पास से नीचे	4,51,973	24.50%
कक्षा 12 पास और उससे अधिक (आईटीआई उम्मीदवारों सहित)	13,50,171	73.19%
कुल	**18,44,658**	

स्रोत: www.apprenticeshipindia.gov.in

नोट: वित्तीय वर्ष 2018–19 से वित्तीय वर्ष 2022–23 का आंकलन (31–जनवरी–2023 तक)

आकृति 5: आईटीआई स्नातकों के लिए प्रगति के पसंदीदा विकल्प के रूप में शिक्षुता



5.17.4.12 नामांकन के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य शिक्षुओं का वितरण

यह देखा गया है कि शिक्षुता प्रशिक्षण में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणियों के उम्मीदवारों की भागीदारी में वृद्धि हुई है। शिक्षुता प्रशिक्षण समाज के सभी वर्गों के उम्मीदवारों के लिए उपयोगी रहा है। जैसा कि तालिका 6 से दर्शाया गया है, अनुसूचित जाति (एससी) से कुल 2,11,744 (12%) शिक्षु, अनुसूचित जनजाति (एसटी) से 77,985 (4%) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से 4,95,552 (28%) शिक्षु) 2018–19 से 31 दिसंबर 2022 तक शिक्षुता के तहत नामांकित।

तालिका 6: सामान्य,अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, शिक्षुओं का वितरण

वित्तीय–वर्ष	सामान्य	ओबीसी	एससी	एसटी
2019–20	1,03,007	68,127	28,965	12,544
2020–21	1,72,298	95,815	42,010	15,364
2021–22	3,62,680	1,68,739	73,355	26,507
2022–23 (31दिसंबर 22 तक)	3,48,347	1,62,871	67,414	23,570
सकल योग	9,86,332	4,95,552	2,11,744	77,985
प्रतिशत	55.67%	27.97%	11.95%	4.40%



स्रोतः www.apprenticeshipindia.gov.in

5.17.4.13 एनएपीएस के तहत शीर्ष ट्रेड

शिक्षुओं की अधिकतम संख्या वाले ट्रेड फिटर (1,43,789) हैं, इसके बाद इलेक्ट्रीशियन (1,42,561), खुदरा शिक्षु सहयोगी (97,851), ऑटो कंपोनेंट असेंबली फिटर (56,595), कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (47,183) हैं। एनएपीएस के तहत शीर्ष दस ट्रेड,जिनमें अधिकतम संख्या में शिक्षु कार्यरत हैं, तालिका 7 में दिए गए हैं।

तालिका 7: शिक्षुता प्रशिक्षण में शीर्ष दस व्यवसाय

क्र.सं.	पाठ्यक्रम का नाम	नियोजित प्रशिक्षु
1	फिटर	1,43,789
2	इलेक्ट्रीशियन	1,42,561
3	रिटेल ट्रेनी एसोसिएट	97,851
4	ऑटो कंपोनेंट असेंबली फिटर	56,595
5	कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग सहायक	47,183
6	घरेलू डाटा एंट्री ऑपरेटर वी	2.0 45,278
7	असेंबली लाइन ऑपरेटर	42,502
8	वेल्डर (गैस और इलेक्ट्रिक)	41,814
9	मैकेनिक डीजल	38,476
10	खुदरा प्रशिक्षु सहयोगी संस्करण	2.0 36,412
	कुल योग	6,92,461

(डेटा 2018–19 से 31 दिसंबर 2022 तक)

5.17.4.14 एनएपीएस के तहत भाग लेने वाले शीर्ष राज्य

शिक्षुओं को नियोजित करने में महाराष्ट्र राज्यों में पहले स्थान पर है। राज्य ने 4,31,175शिक्षुओं को नियोजित किया है। इसके पश्चात गुजरात (2,40,037), तमिलनाडु (1,56,127), हरियाणा (1,52,623), कर्नाटक (1,27,948), उत्तर प्रदेश (1,19,814) शिक्षुओं को नियुक्त किया है। तालिका 8 वित्त वर्ष 2016–17 से 31 दिसंबर 2022 तक शिक्षुओं को नियुक्त करने वाले शीर्ष दस राज्यों को दिखाती है।

तालिका 8: शिक्षुओं को शामिल करने वाले शीर्ष दस राज्य

क्र.सं.	राज्य	नियोजित
1	महाराष्ट्र	4,31,175
2	गुजरात	2,40,037
3	तमिलनाडु	1,56,127
4	हरियाणा	1,52,623
5	कर्नाटक	1,27,948
6	उतार प्रदेश	1,19,814
7	तेलंगाना	91,046
8	पश्चिम बंगाल	59,078
9	मध्य प्रदेश	56,074
10	दिल्ली	45,894
	सकल योग	14,79,816

एनएपीएस की प्रतिष्ठान के बाद से नामांकित राज्य–वार विस्तृत शिक्षु अनुबंध I में दिए गए हैं।

कार्यस्थल पर शिक्षुओं के फोटो

5.17.4.15 एनएपीएस में डीबीटी के साथ अधिक पारदर्शिता लाना

21 अप्रैल 2022 को, माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्कीम (एनएपीएस) के नए संस्करण के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) की शुरुआत की घोषणा की। इस निर्देश के अनुसार, प्रतिष्ठानों को छात्रवृत्ति का हिस्सा सीधे शिक्षु के बैंक खाते में स्थानांतरित करना होगा। इसके बाद भारत सरकार सीधे शिक्षुओं के बैंक खाते में एनएपीएस के तहत 1,500 रुपए प्रति शिक्षु प्रति माह तक के वज़ीफ़ा के 25% के अपने योगदान को सीधे स्थानांतरित कर देगी।

इस संदर्भ में, कार्यान्वयन मॉडल की प्रभावकारिता का परीक्षण करने के लिए चयनित प्रतिष्ठानों के साथ जुलाई 2022 में एक प्रयोग शुरू किया गया था और भारत सरकार ने शिक्षुओं के बैंक खातों में सीधे एनएपीएस शेयर सफलतापूर्वक जारी किया है।

प्रतिष्ठानों और शिक्षुओं को डीबीटी के बारे में जागरूक करने के लिए पायलट फॉर्म में प्रत्येक महीने एनएपीएस डीबीटी को बढ़ाया जाएगा। महीनेवार डीबीटी की स्थिति तालिका (9) में दी गई है।

तालिका 9: माह–वार डीबीटी स्थिति के लिए

माह	ट्रेड	राशि	उम्मीदवार	प्रतिष्ठान
जुलाई	ओटी	1,09,185.00	75	3
अगस्त	डीटी	77,85,873.38	5464	75
	ओटी	85,30,742.98	5878	44
सितंबर	डीटी	1,79,29,873.46	12640	231
	ओटी	1,65,24,070.69	11517	80
अक्टूबर	डीटी	2,14,46,363.06	15226	263
	ओटी	1,90,32,594.89	13052	104
नवंबर	डीटी	2,18,31,801.56	15541	288
	ओटी	2,79,45,814.33	19236	150
दिसंबर	डीटी	1,44,19,441.62	10183	231
	ओटी	2,93,58,147.14	20362	187
	कुल	**18,49,13,908.11**	**1,29,174.00**	

स्रोतः एनएसडीसी

इसके अलावा, सीसीईए के अनुमोदन के बाद एनएपीएस के लिए डीबीटी का एक अखिल भारतीय रोल–आउट लागू किया जाएगा। एनएपीएस के तहत हस्ताक्षरित सभी नए अनुबंध डीबीटी का सख्ती से पालन करेंगे। एनएपीएस 2.0 के अनुमोदन से, एनएपीएसके अंतर्गत सभी मौजूदा अनुबंध अनिवार्य रूप से डीबीटी में स्थानांतरित हो जाएंगे।

राज्य–वार शिक्षुओं का नामांकन

राज्य	वित्त–वर्ष 2016–17	वित्त–वर्ष 2017–18	वित्त–वर्ष 2018–19	वित्त–वर्ष 2019–20	वित्त–वर्ष 2020–21	वित्त–वर्ष 2021–22	वित्त–वर्ष 2022–23	सकल योग
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	0	–	–	–	2	9	20	17
आंध्र प्रदेश	6028	6,076	5,986	3,830	4,297	15,180	13,774	55,171
अरुणाचल प्रदेश	4	1	2	–	2	18	29	56
असम	570	1,068	1,516	2,203	2,432	13,981	8479	30,249
बिहार	2663	6,074	5,923	1,161	1,217	6,348	4730	28,116
चंडीगढ़	48	130	129	340	272	787	466	2,172
छत्तीसगढ़	1142	934	1,895	5,628	1,642	2,634	4798	18,673
दादरा और नगर हवेली	55	101	86	29	509	942	651	2,373
दमन और दीव	13	20	16	69	75	308	179	680
दिल्ली	1073	1,410	2,057	4,167	7,667	17,371	14329	48,074
गोवा	199	246	334	1,672	1,968	3,295	3884	11,598
गुजरात	14431	16,623	47,571	44,031	54,366	67,271	56872	3,01,165
हरियाणा	5186	17,683	20,408	18,715	30,322	39,768	52918	1,85,000
हिमाचल प्रदेश	968	1,650	1,572	1,888	1,697	5,489	5416	18,680
जम्मू और कश्मीर	451	230	345	306	260	813	816	3,221
झारखंड	4371	4,593	5,405	2,135	4,796	8,175	7248	36,723
कर्नाटक	9097	10,447	9,575	13,247	16,670	41,432	48652	1,49,120
केरल	2687	4,315	4,309	3,879	6,355	8,875	7758	38,178
लददाख		–	–	–	6	18	27	51
लक्षद्वीप	5	–	–	–	18	4	7	34
मध्य प्रदेश	3857	5,019	6,691	6,867	8,762	16,292	18344	65,832
महाराष्ट्र	25174	35,139	35,249	36,087	69,494	1,43,188	149737	4,94,068
मणिपुर	8	5	39	15	10	90	17	184
मेघालय	3	–	3	50	105	116	143	420
मिजोरम	1	–	–	4	1	4	4	14
नगालैंड	24	4	4	14	1	27	17	91

ओडिशा	2938	3,890	4,024	3,391	3,613	7,963	8344	34,163
पुदुचेरी	266	328	378	480	296	1,071	1085	3,904
पंजाब	2423	1,754	2,046	2,382	4,271	11,468	14912	39,256
राजस्थान	1994	3,098	3,533	4,072	6,273	9,293	12336	40,599
सिक्किम	33	22	5	127	151	302	173	813
तमिलनाडु	5981	10,219	9,103	13,555	24,535	48,919	57709	1,70,021
तेलंगाना	5129	4,812	5,802	9,546	13,156	37,861	26410	1,02,716
त्रिपुरा	12	45	158	437	253	242	410	1,557
उत्तर प्रदेश	11784	14,269	18,846	12,551	19,454	36,879	45798	1,59,581
उत्तराखंड	1038	1,623	2,303	2,570	4,179	9,662	12635	34,010
पश्चिम बंगाल	1769	2,526	3,090	6,150	7,126	18,372	21869	60,902
सकल योग	1,11,425	1,54,354	1,98,403	2,01,598	2,96,253	5,74,467	6,00,996	21,37,496

5.18 उन्नत व्यावसायिक प्रशिक्षण स्कीम (एवीटीएस)

सेवारत औद्योगिक श्रमिकों के कौशल को उन्नत और अद्यतन करने के लिए, एवीटीएस 1977 से परिचालन में है। यह स्कीम तत्कालीन डीजीई एंड टी, श्रम मंत्रालय और (अब प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी), कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय) द्वारा 1977 में डीजीईएंडटी के तहत तत्कालीन 6 उन्नत प्रशिक्षण संस्थानों (एटीआई) और 15 राज्य सरकारों के 16 आईटीआई में यूएनडीपी/आईएलओ के सहयोग से शुरू की गई थी। स्कीम के तहत चयनित कौशल क्षेत्रों में एक से छह सप्ताह की अवधि के अल्पावधि मॉड्यूलर पाठ्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। औद्योगिक प्रतिष्ठानों की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुकूल तैयार किए गए पाठ्यक्रम भी प्रदान किए जाते हैं। सितंबर, 2007 से 3.5 लाख से अधिक औद्योगिक कामगारों/तकनीशियनों ने एनएसटीआई (पूर्ववर्ती एटीआई) में प्रशिक्षण सुविधाओं का उपयोग किया है। विश्व बैंक के वित्तीय सहायता से, एटीआई में अतिरिक्त क्षेत्रों में प्रशिक्षण सुविधाएं तैयार की गईं और मौजूदा प्रशिक्षण सुविधाओं को भी सुदृढ़ किया गया।

1974 में, एनएसटीआई (रामानंथपुरम) (पूर्ववर्ती एटीआई– ईपीआई), हैदराबाद की स्थापना स्वीडिश अंतर्राष्ट्रीय विकास प्राधिकरण (एसआईडीए), आईएलओ की सहायता से की गई थी तथा दूसरा एनएसटीआई (पूर्ववर्ती एटीआई–ईपीआई), देहरादून की विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक तथा प्रोसेस इंस्ट्रुमेंट के क्षेत्र में लघु और दीर्घ दोनों पाठ्यक्रमों को उद्योगों/संगठनों के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता को पूरा करने हेतु स्थापित किया गया है।

ग. उद्यमशीलता विकास के लिए स्कीमें

5.19 उद्यमशीलता विकास संबंधी प्रायोगिक परियोजना

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय ने दस राज्यों और दो राज्य क्षेत्रों में पीएम–युवा स्कीम के अंतर्गत उद्यमशीलता विकास संबंधी एक प्रायोगिक परियोजना को क्रियान्वित किया। इस प्रायोगिक परियोजना का समग्र उद्देश्य कौशल इकोसिस्टम से छात्र/प्रशिक्षुओं और पूर्व छात्रों पर ध्यान देने के साथ उद्यमशीलता शिक्षा और प्रशिक्षण, एडवोकेसी और उद्यमशीलता नेटवर्क तक सुगमतापूर्वक उद्यमशीलता विकास के लिए एक सक्षम इकोसिस्टम बनाना था। निस्बड प्रधानमंत्री युवा योजना (युवा उद्यमिता विकास अभियान परियोजना) की एक कार्यान्वयन एजेंसी है। इस प्रायोगिक परियोजना का उद्देश्य एक वैकल्पिक कैरियर विकल्प के रूप में उद्यमशीलता को बढ़ावा देना और कौशलीकरण इकोसिस्टम के जरिए प्रशिक्षुओं/ लाभार्थियों को उद्यमशीलता शिक्षा और परामर्श सहायता प्रदान करके संभावित और प्रारंभिक चरण के उद्यमियों को परामर्श सहायता प्रदान करना है।

यह प्रायोगिक परियोजना नवंबर, 2019 में शुरू की गई थी और मार्च, 2022 तक निष्पादित की गई थी। यह परियोजना असम, बिहार, दिल्ली, केरल, महाराष्ट्र, मेघालय, पुडुचेरी, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित दस राज्यों और दो संघ राज्य क्षेत्रों में कार्यान्वित की गई थी।

इस परियोजना ने सामुदायिक पहुँच और लामबंदी कार्यक्रमों के दौरान उद्यमशीलता संबंधी जागरूकता फैलाकर उद्यमशीलता विकास पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की है और लाभार्थियों को उद्यम शुरू करने या बढ़ाने में सहायता प्रदान की है, जिसमें एसएचजी, जेएसएस, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), पॉलिटेक्निक और प्रधान मंत्री कौशल केंद्र (पीएमकेके) के सदस्य शामिल हैं। इस परियोजना की प्रगति नीचे तालिका में दी गई है:–

	संस्थाओं की संख्या	आईटीआई	पीएमकेके	पोलिटेकनिक	जेएसएस
सूचीबद्ध संस्थाओं की संख्या	318	210	36	46	26
उद्यमशीलता जागरूकता और जुटाव					
कार्यप्रणाली			**लाभार्थियों की संख्या**		
प्राचार्यों का उन्मुखीकरण			396		
उद्यमशीलता जागरूकता कार्यक्रम (छात्र उन्मुखीकरण)			34760		
सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम			5003		
उद्यमशीलता शिक्षा					
कार्यप्रणाली			**लाभार्थियों की संख्या**		
योग			443		
संकाय परामर्श प्रशिक्षण			227		
ईडीपी छात्र पंजीकरण			17797		
मेंटरिंग और हैंडहोल्डिंग					
कार्यप्रणाली			**लाभार्थियों की संख्या**		
परामर्श शिविर			3951		
नई उद्यमिता सृजन			1045		
उद्यमिता संवर्धन			968		

5.20 छह पवित्र शहरों में उद्यमशीलता विकास

नवंबर, 2019 में, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय ने देश के छह पवित्र शहरों (बोधगया, हरिद्वार, कोल्लूर, पंढरपुर, पुरी और वाराणसी) में उद्यमशीलता विकास संबंधी परियोजना शुरू की है। इस परियोजना का उद्देश्य मौजूदा आजीविका कार्यकलापों को पुनः शुरू करने और/अथवा मौजूदा उद्यम अर्थात विनिर्माण, सेवा और व्यापार को बढ़ाने के लिए सहायता प्रदान करके चुनिंदा शहरों के सूक्ष्म और लघु व्यवसायों/उद्यमों की उद्यमशीलता की कार्यकलापों, उद्यमशीलता को बढ़ावा देना और परमार्श देना है। यह परियोजना भारतीय उद्यमिता संस्थान (आईआईई), गुवाहाटी द्वारा बोधगया, पुरी और कोल्लूर में और राष्ट्रीय उद्यमशीलता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निस्बड), नोएडा द्वारा योग्य ज्ञान भागीदारों के सहयोग से हरिद्वार, पंढरपुर और वाराणसी और संबंधित मंदिर कस्बों में स्थित स्थानीय कार्यान्वयन एजेंसियों में कार्यान्वित की जा रही है। इस परियोजना के अपेक्षित परिणाम निम्नलिखित हैं:

- संबंधित मंदिर कस्बों में आर्थिक कार्यकलापों का विकास

- स्थानीय निवासियों की आय और बचत में वृद्धि
- रोजगार के अवसरों में वृद्धि
- स्व–रोजगार की संख्या में वृद्धि
- बैंकों और माइक्रो–फाइनेंसिंग संस्थानों के कारोबार में वृद्धि
- उद्यमशीलता कार्यकलापों में केंद्रित अन्तःक्षेप के माध्यम से छोटे शहरों के आर्थिक कायाकल्प के लिए एक मान्य मॉडल का विकास।

दिसंबर, 2022 तक इस परियोजना के अंतर्गत उद्यमशीलता जागरूकता कार्यक्रम (ईएपी), उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) और उद्यमशीलता–सह कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी) के प्रतिभागियों की संख्या नीचे दी गई है:

संस्थान और शहरों का नाम	कार्यकलाप	प्रतिभागियों की कुल संख्या
निस्बड (हरिद्वार, पंढरपुर और वाराणसी)	उद्यमशीलता कार्यक्रम जागरूकता	3057
	उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम	2648
	उद्यमिता–सह कौशल विकास कार्यक्रम	668
आईआईई (बोधगया, कोल्लूर और पुरी)	उद्यमशीलता कार्यक्रम जागरूकता	1516
	उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम	1863
	उद्यमिता–सह कौशल विकास कार्यक्रम	1564

5.21 महिला उद्यमियों का आर्थिक सशक्तिकरण और महिलाओं द्वारा स्टार्ट–अप (डब्ल्यूईई)

'महिला उद्यमियों का आर्थिक सशक्तिकरण और महिलाओं द्वारा स्टार्ट–अप' (डब्ल्यूईई) भारत–जर्मन द्विपक्षीय विकास सहयोग के अंतर्गत एक तकनीकी सहयोग (टीसी) परियोजना है। आर्थिक सहयोग और विकास के लिए जर्मन संघीय मंत्रालय (बीएमज़ेड) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई), भारत सरकार के साथ सहयोग कर रहा है, जो परियोजना कार्यान्वयन में डाशे जेशल्शेफ्ट फॉर इंटरनेशनल जूसामेनरबीट (जीआईज़ेड) जीएमबीएच द्वारा समर्थित है। तकनीकी सहयोग परियोजना वर्ष 2018 से वर्ष 2023 तक चलेगी, जिसका उद्देश्य भारत में महिला–नीत उद्यमों के लिए रूपरेखा की स्थिति में सुधार करना है।

इस परियोजना के अंतर्गत 12 राज्यों में महिला–नीत सूक्ष्म उद्यमियों के लिए उद्यमशीलता सहायता कार्यक्रम कार्यान्वित किए गए हैं। इन सहायता कार्यक्रमों ने महिलाओं को अपना व्यवसाय (पोषण) शुरू करने और अपने मौजूदा व्यवसाय (त्वरण) को बढ़ाने में सहयोग की है। डब्ल्यूईई परियोजना में जनवरी, 2023 तक पोषण और त्वरण सहायता–प्राप्त कार्यक्रमों के एक भाग के रूप में महिला उद्यमियों की संख्या के लिए क्षेत्र–वार आंकड़ा नीचे देखा जा सकता है:

क्षेत्र	कार्यान्वयन भागीदार	कुल प्रति राज्य
उत्तर–पूर्व क्षेत्र – (अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा)	धृति–द करेज़ विदिन	233
महाराष्ट्र–3 जिला	मन देशी फाउंडेशन	120
राजस्थान – 9 जिला	स्टार्ट उप ओएसिस	105
तेलंगाना–26 जिला	वी हब	109
उत्तर प्रदेश –4 जिला	इम्पावर फाउंडेशन	341
योग		**908**

5.21.1 जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) के लाभार्थियों और उत्तर–पूर्वी क्षेत्र के क्लस्टर कारीगरों को क्षमता–निर्माण और सहायता के माध्यम से उद्यमशीलता प्रोत्साहन

वित्त–वर्ष 2020–21 में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) द्वारा भारतीय उद्यमिता संस्थान (आईआईई), गुवाहाटी को "जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) और उत्तर–पूर्वी क्षेत्र के क्लस्टर कारीगरों के लाभार्थियों को क्षमता–निर्माण और हैंडहोल्डिंग सहयोग के माध्यम से उद्यमशीलता प्रोत्साहन" पर परियोजना को अनुमोदन दी गई थी। इस परियोजना के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं:

- विलुप्त ज्ञान और क्षमता–निर्माण इकोसिस्टम को संबोधित करने के लिए क्षमता–निर्माण की पहल करना।
- उद्यम वृद्धि और विकास के लिए हैंडहोल्डिंग सहयोग हेतु लुप्त इकोसिस्टम को संबोधित करने के लिए व्यापार सुविधा और विकास प्रकोष्ठ के माध्यम से उद्यम संवर्धन और व्यवसाय विकास की सेवा को सुविधाजनक बनाना।
- क्लस्टर स्तर पर वित्त तक पहुंच के लुप्त इकोसिस्टम को संबोधित करने के लिए वित्तीय सेवाओं की सुविधा प्रदान करना।

उत्तर–पूर्वी क्षेत्र (एनईआर) में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए कथित अंतराल और आवश्यकताओं के अनुसार, आईआईई ने सड़सठ क्षमता–निर्माण प्रशिक्षण (उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम (ईडीपी), प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी), वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम (एफएलपी) और जन शिक्षण संस्थान के प्रमाणित लाभार्थियों और उत्तर–पूर्वी क्षेत्र के क्लस्टर कारीगरों के लिए हैंडहोल्डिंग और व्यवसाय सुविधा सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया है। अब तक, 1934 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया और उद्यम पंजीकरण, बैंक तथा अन्य वित्तीय संस्थानों के साथ सम्बद्ध सहायता कार्यक्रमों के अंतर्गत चल रहा है। उद्यमशीलता कार्यक्रम संबंधी टीओटी के सफल उम्मीदवारों को उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम पर संसाधन व्यक्ति के रूप में अपना व्याख्यान प्रस्तुत करने के लिए बुलाया गया है जो उत्तर–पूर्वी क्षेत्र के प्रमाणित जेएसएस लाभार्थियों के लिए आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का विवरण नीचे दिया गया है:

भागीदारों का राज्य–वार विवरण

क्र.सं.	राज्य का नाम	भागीदारों की संख्या
1.	असम	1670
2.	मणिपुर	85
3.	मेघालय	88
4.	नगालैंड	45
5.	त्रिपुरा	46
	योग	1934

क्र. सं.	कार्यक्रम का नाम	उपलबधियां	लाभार्थियों की संख्या
1.	जेएसएस लाभार्थियों के लिए ईडीपी	14	355
2.	क्लस्टर कामगाओ के लिए ईडीपी	15	394
3.	वित्तीय साक्षारता कार्यक्रम	10	125
4.	टीओटी उदयमशीलता	1	19
5.	टीओटी परामर्श	1	36
6.	हैंडहोल्डिंग और व्यवसाय सुविधा सहायता कार्यक्रम	26	1005
	योग	67	1934

घ. अन्य स्कीमें और पहलें:

5.22 कौशल ऋण स्कीम

माननीय प्रधान मंत्री द्वारा 15.7.2015 को देश में कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल होने की इच्छा रखने वाले युवाओं की सहायता करने के लिए कौशल ऋण स्कीम शुरू की गई थी। इस कौशल ऋण स्कीम ने व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए पूर्व इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) मॉडल ऋण स्कीम का स्थान ले लिया। बैंक ऑफ इंडिया इस तरह की कौशल ऋण स्कीम अधिसूचित करने वाला पहला बैंक है। अन्य बातों के साथ–साथ इस स्कीम की महत्वपूर्ण विशेषताएं इस प्रकार हैं:

- कोई भी भारतीय नागरिक जिसने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई), पॉलिटेक्निक या केंद्रीय या राज्य शिक्षा बोर्डों द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेज में संचालित, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम से संबद्ध प्रशिक्षण भागीदार (एनएसडीसी) सेक्टर स्किल काउंसिल, स्टेट स्किल मिशन, स्टेट स्किल कॉर्पोरेशन पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है, इस उद्देश्य के लिए ऋण ले सकते हैं।
- बैंकों द्वारा कोई प्रोसेसिंग शुल्क नहीं लिया जाता है।
- पाठ्यक्रम के आधार पर ऋण की राशि 5,000 से 1,50, 000/– रुपए तक है; और 3 से 7 वर्ष की चुकौती अवधि है।
- अध्ययन अवधि के दौरान ब्याज की सरल दर 11% और 12% प्रति वर्ष ली जाती है।
- कोई न्यूनतम पाठ्यक्रम अवधि नहीं।
- आयु से संबंधित कोई विशेष प्रतिबंध नहीं।
- (कौशल विकास के लिए क्रेडिट गारंटी फंड स्कीम (सीजीएफएसएसडी) के माध्यम से कवर किए गए बैंकों के जोखिम सीजीएफएसएसडी स्कीम के अंतर्गत, सदस्य ऋण संस्था (एमएलआई) द्वारा प्रभारित की जाने वाली ब्याज दर, आधार दर से 1.5% प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
- ऋणदाता संस्थाओं द्वारा विस्तारित ऋण के पुनर्भुगतान में चूक के खिलाफ गारंटी प्रदान करने के लिए उधारकर्ता को नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी (एनसीजीटीसी) के साथ करार करना चाहिए।
- फंड डिफ़ॉल्ट रूप से राशि का 75% तक गारंटी कवर प्रदान करेगा।
- ऋण बिना किसी संपार्श्विक प्रतिभूति या तीसरे पक्ष की गारंटी के संस्वीकृत किया जाता है।

तालिका

क्र.सं.	ऋण की राशि	अवधि
1	50,000/– रुपए तक ऋण	3 वर्ष तक
2	50,000 रुपए से 1 लाख रूपए तक ऋण	5 वर्ष तक
3	1.00 लाख रुपए से ऊपर ऋण	7 वर्ष तक

इस स्कीम के अंतर्गत, 31.10.2021 तक, कुल 64.37 करोड़ रुपए के लिए 6018 गारंटियां दी जा चुकी हैं।

कौशल ऋण स्कीम में सुधार करने के लिए सीईओ, राष्ट्रीय क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी), भारतीय बैंक संघ (आईबीए), सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र बैंकों और अन्य हितधारकों के साथ सचिव द्वारा 22.11.2021 को एक समीक्षा बैठक की गई थी।

5.23 भारतीय कौशल संस्थान (आईआईएस)

क. कौशल इकोसिस्टम में उपलब्ध वर्तमान कार्यक्रमों के अतिरिक्त प्रशिक्षण मानकों को बढ़ाने और स्थानीय/क्षेत्रीय उद्योग की आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए उद्योग के सहयोग से विशेष क्षेत्रों में शिक्षुओं को "हैंडस ऑन स्किल्स" प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए देश में आईआईएस की स्थापना की जा रही है।

ख. 24.10.2018 को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, सार्वजनिक व निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड में तीन स्थानों, अर्थात् महाराष्ट्र (मुंबई), गुजरात (अहमदाबाद) और उत्तर प्रदेश (कानपुर) में भारतीय कौशल

संस्थान (आईआईएस) स्थापित करने का निर्णय लिया गया, जिरकी मांग और उपलब्ध बुनियादी ढांचे के आधार पर चयनित स्थानों पर आईआईएस के उन्नयन हेतु तलाश की जाएगी।

ग. आईआईएस, अभिज्ञात क्षेत्रों/डोमेन में एनएसक्युएफ के अनुरूप 2–वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का संचालन करेंगे। ऐसे पाठ्यक्रमों में पारंपरिक और अधिक उन्नत क्षेत्रों का मिश्रण होगा जो शिक्षुओं को वर्टिकल गतिशीलता प्रदान करेंगे। इस तरह, व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रणाली के शिक्षु अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षक/प्रबंधक बनने की आकांक्षा कर सकते हैं।

घ. आईआईएस उच्च स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करेगा, जो शिक्षुओं को प्रगति के लिए अकादमिक तुल्यता प्रदान करके उनकी वर्टिकल गतिशीलता को सुसाध्यक बनाएंगे और कार्यक्रम शिक्षुओं के लिए करियर मार्ग को परिभाषित करेगा और वस्तुतः क्षेत्रीय विशेषज्ञ तैयार करेगा।

ङ. यह देश भर के इच्छुक छात्रों को उच्च कुशल प्रशिक्षण तक पहुंच प्रदान करने और क्षेत्रों में उद्योग और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ अपने जुड़ाव के माध्यम से जवाबदेही के दायरे को बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगा। सरकारी भूमि के संदर्भ में निजी क्षेत्र के उद्यम और सार्वजनिक पूंजी के लाभो का फायदा उठाकर यह विशेषज्ञता, ज्ञान और प्रतिस्पर्धा के नए संस्थानों का निर्माण करेगा।

च. आईआईएस की स्थापना के लिए गठित अंतर–मंत्रालयीय अधिकार प्राप्त समिति (आईएमईसी) का गठन सचिव, एमएसडीई की अध्यक्षता में किया गया है। 20.12.2018 को अधिकार प्राप्त समिति की पहली बैठक हुई। अब तक आईएमईसी की छह बैठकें हो चुकी हैं। आईएमईसी की अंतिम बैठक 01 अप्रैल, 2021 को आयोजित की गई थी।

छ. अधिकार प्राप्त समिति के प्रमुख कार्य हैं: निजी भागीदारों के चयन के लिए मापदंड और मानदंड स्थापित करने जैसे मामलों पर निर्णय लेना; स्थान/स्थल/ट्रेड के अनुसार आईआईएस का चयन और स्थापना, सरकार के व्यवहार्यता अंतराल वित्त पोषण की आवश्यकता, विषय, विशेषज्ञता और निजी साझेदार की प्रतिबद्धता और दिशा निर्देशों के अनुसार भूमि का आबंटन, प्रत्येक आईआईएस के लिए शासन तंत्र के विवरण, लागू नियम और करार और स्कीम के विनियमन और निगरानी के अन्य सभी पहलू।

ज. मुंबई, अहमदाबाद और कानपुर में भारतीय कौशल संस्थान (आईआईएस) की स्थापना की दिशा में अब तक हुई प्रगति की संक्षिप्त जानकारी इस प्रकार है:

(i) आईआईएस मुंबई: वर्तमान में मुंबई में आईआईएस की स्थापना के लिए भूमि की पहचान की गई है और आईआईएस की स्थापना के लिए टाटा एजुकेशन एंड डेवलपमेंट ट्रस्ट (टीईडीटी) को निजी भागीदार के रूप में चुना गया है। आईआईएस, मुंबई की आधारशिला माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री द्वारा 11 सितंबर, 2019 को उच्च स्तरीय गण्यमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में रखी गई थी। एनएसटीआई, मुंबई में आईआईएस की स्थापना के लिए 11 नवंबर, 2020 को एमएसडीई, डीजीटी और टाटा आईआईएस के बीच संचालन करार पर हस्ताक्षर किए गए हैं। साथ ही, परियोजना के लिए ग्रीन जोन मंजूरी महाराष्ट्रऔ सरकार से प्राप्त हो चुकी है और 22 सितंबर 2021 को एनएसटीआई, मुंबई और टाटा आईआईएस के बीच भूमि लाइसेंस करार पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके अलावा, टाटा आईआईएस ने मुंबई में परिसर स्थल का कब्जा ले लिया है और यह प्रत्याशित छात्र और पाठ्यक्रम मिश्रण के आधार पर कैंपस के लिए डिजाइन को अंतिम रूप देने पर कार्य कर रहा है। स्थलाकृतिक सर्वेक्षण, भू–तकनीकी सर्वेक्षण और प्लाट फेंसिंग जैसे पूर्व–निर्माण कार्यकलाप पूरे कर लिए गए हैं। निर्माण कार्यकलापों को मई–जून 2023 तक शुरू करने की योजना है। इस बीच, पुणे में टीईडीटी द्वारा फेस्टो डिडैक्टिक इंडिया लिमिटेड और फेनुक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, में अल्पावधि प्रशिक्षण शुरू हुआ है, जिसमें "एसेंशियल ऑफ इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन" और "एसेंशियल ऑफ इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स" में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन पाठ्यक्रमों के अंतर्गत अब तक 291 छात्रों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

(ii) आईआईएस अहमदाबाद: गांधीनगर/अहमदाबाद में आईआईएस की स्थापना के लिए चुना गया निजी ऑपरेटिंग पार्टनर टाटा एजुकेशन एंड डेवलपमेंट ट्रस्ट (टीईडीटी) है। जमीन गुजरात सरकार द्वारा नस्मेड,

गांधीनगर/अहमदाबाद में प्रदान की गई थी। 15.01.2020 को, श्री अमित शाह, माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार ने माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री, श्री रतन टाटा, अध्यक्ष टाटा ट्रस्ट और गुजरात सरकार और एमएसडीई के अन्य वरिष्ठ गण्ययमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में गांधीनगर/अहमदाबाद में भारतीय कौशल संस्थान (आईआईएस) की आधारशिला रखी। आईआईएस, अहमदाबाद के लिए संचालन करार पर 28 फरवरी, 2022 को एमएसडीई, गुजरात सरकार और टाटा आईआईएस द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। भूमि सीमांकन और स्थलाकृतिक सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। निर्माण के डिजाइन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। निर्माण गतिविधियों को मई–जून 2023 तक शुरू किए जाने की योजना है। टाटा आईआईएस ने एसएमसी डिडेटिक सेंटर और ताज अहमदाबाद की भागीदारी से क्रमशः "एसेंशियल ऑफ इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन" और "गार्डे मैनेजर (पैंट्री स्किल्स)" में अल्पावधि प्रशिक्षण शुरू किया है। अब तक इन पाठ्यक्रमों के अंतर्गत 67 छात्रों को प्रशिक्षित किया जा चुका है और 54 छात्र प्रशिक्षणाधीन हैं।

(iii) आईआईएस कानपुरः कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) ने डीजीटी, एमएसडीई को एक संस्थान भवन, प्रशासनिक भवन, कार्यशाला और छात्रावास के निर्माण के लिए भूखंड को पट्टे पर दिया था। आईआईएस कानपुर के लिए आरएफपी को 29 सितंबर 2020 को आयोजित 5वीं बैठक में आईएमईसी द्वारा अनुमोदित किया गया था। एनएसटीआई, कानपुर परिसर में आईआईएस भवन के निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण–पत्र (एनओसी) केडीए, कानपुर से भी प्राप्त किया गया है। कानपुर में भारतीय कौशल संस्थान की स्थापना, संचालन, रखरखाव और प्रबंधन के लिए संचालन भागीदार के चयन के लिए आरएफपी 27.05. 2021 को सीपीपी पोर्टल पर प्रकाशित किया गया था।

5.24 आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अर्जन और ज्ञान जागरूकता (संकल्प)

परिचय

संकल्प को इकोसिस्टम में कौशल पहल को विकेंद्रीकृत करने, कौशल विकास के लिए संस्थागत तंत्र को मजबूत करने और देश भर के युवाओं के लिए गुणवत्ता और बाजार–प्रासंगिक प्रशिक्षण तक पहुंच बढ़ाने के लिए 19 जनवरी, 2018 को लॉन्च किया गया था। संकल्प की कार्यान्वयन अवधि मार्च 2023 तक छह वर्ष है और इसका उदेश्य अल्पावधि प्रशिक्षण के संदर्भ में निजी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए संकेन्द्र ण, कौशल विकास कार्यक्रमों में गुणवत्ता को बढ़ावा देने, उन्हें बाजार–प्रासंगिक और सुलभ बनाने जैसी आ रही चुनौतियों का समाधान करना है।

संकल्प अपनी तरह की पहली, परिणामोन्मुखी परियोजना है जिसे मिशन मोड में लागू किया जा रहा है और यह राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन (एनएसडीएम) के समग्र उद्देश्यों के अनुरूप है। इसे कौशल विकास पहलों के संचालन के लिए मौजूदा सिस्टम की दक्षता का आकलन करने और इकोसिस्टम में विभिन्न चुनौतियों के परीक्षण स्केलेबल समाधानों में मदद करने और लक्षित प्रयोगों का विकास करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इन परिणामों को एमएसडीई और विश्व बैंक के बीच सहमत परिणाम ढांचे और संवितरण लिंक्ड संकेतक (डीएलआई) के माध्यम से मापा जाता है। विश्व बैंक ने अब तक परियोजना के लिए एक मध्यावधि समीक्षा मिशन, सात कार्यान्वयन सहायता मिशन और दो पुनर्गठन मिशन शुरू किए हैं। परियोजना को वर्तमान में "विश्व बैंक द्वारा लगातार दो वर्ष "संतोषजनक" का दर्जा दिया गया है।

परिणाम क्षेत्रः संकल्प के तीन प्रमुख परिणाम क्षेत्र हैं: (i) केंद्रीय, राज्य और जिला स्तर पर संस्थागत सुदृढ़ीकरण; (ii) कौशल विकास कार्यक्रमों का गुणवत्ता आश्वासन; और (iii) हाशिए की आबादी को कौशल विकास कार्यक्रमों में शामिल करना।

वित्तीयः संकल्प को भारत सरकार और विश्व बैंक के बीच समझौते के अनुसार +250 मिलियन की विश्व बैंक ऋण सहायता के माध्यम से वित्त पोषित किया जाता है। विश्व बैंक द्वारा संवितरित कुल धनराशि 169.46 मिलियन अमरीकी डालर है। दिसंबर, 2021 तक किया गया कुल खर्च 472.78 करोड़ रुपए, जिसमें से आकांक्षी जिलों को 13.91 करोड़ रुपए राज्य प्रोत्साहन अनुदान (एसआईजी) के रूप में और 31 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 274.00 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

संवितरण से जुड़े संकेतकः संकल्प कौशल विकास में एक कार्यनीतिक सुधार कार्यक्रम है, और विश्व बैंक से ऋण वितरण परिणामों की उपलब्धि के सापेक्ष में होगा। संवितरण से जुड़े संकेतक (डीएलआई) एक सत्यापन प्रोटोकॉल के साथ पूरक हैं जो परिभाषित करता है कि प्रत्येक डीएलआई के सापेक्ष में उपलब्धि को कैसे मापा जाएगा।

ग) **डीएलआई 1:** प्रशिक्षु जिन्होंने एनएसक्यूएफ–संरेखित बाजार–प्रासंगिक अल्पावधि एसडी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा किया है और प्रमाणित किए गए थे।

घ) **डीएलआई 2:** वेतनभोगी स्नातकों का प्रतिशत या अल्पावधि एसडी कार्यक्रमों को पूरा करने के छह महीने के भीतर स्वरोजगार

ङ) **डीएलआई 3:** एनएसक्यूएफ संरेखित क्यूपी को एक मॉडल पाठ्यक्रम, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शक, और अध्या पन–अध्य यन संसाधन पैक में परिवर्तित करना

च) **डीएलआई 4:** प्रशिक्षित/पुनःप्रशिक्षित प्रशिक्षकों और आकलनकर्ताओं की संख्या।

छ) **डीएलआई 5:** संस्थागत मजबूती पर राज्यों का बेहतर प्रदर्शन,एसडी कार्यक्रमों की बाजार प्रासंगिकता और पहुँच तथा हाशिए की आबादी द्वारा प्रशिक्षण पूरा करना।

ज) **डीएलआई 6:** एसडी कार्यक्रमों में भाग लेने वाली महिलाओं के प्रतिशत में वृद्धि (प्रमाणित) (स्वरोजगार और आरपीएल शामिल नहीं)

झ) **डीएलआई 7:** कौशल प्रमाणित व्यक्तियों को स्थानीय रोजगार से जोड़कर ग्राम पंचायत (जीपी) स्तर पर बेहतर सेवा प्रदायगी

ञ) **डीएलआई 8:** अल्पावधि कौशल कार्यक्रमों को लागू करने के लिए जिला कौशल समिति (डीएससी) की सुदृढ़ क्षमता

संकल्प के अंतर्गत कुछ प्रमुख पहलें इस प्रकार हैं:

महात्मा गांधी राष्ट्रीय फैलोशिप

महात्मा गांधी राष्ट्रीय फैलोशिप एक दो वर्ष का शैक्षणिक कार्यक्रम है जो जिला स्तर पर गहन क्षेत्र निमज्जान के साथ आईआईएम में कक्षा सत्रों को जोड़ता है। यह जिला कौशल समितियों में अध्येकता को रखकर विकेन्द्रीकृत कौशल योजना और प्रबंधन को बढ़ावा देता है। इससे अध्येलता को जिला कौशल इकोसिस्टम में चुनौतियों की पहचान करने और उनका निराकरण करने में मदद करने के लिए जिला प्रशासन के साथ मिलकर काम करने का अवसर मिलता है। यह युवा, ऊर्जावान व्यक्तियों के लिए कौशल विकास को बढ़ाने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का एक अवसर है।

पहले चरण की सफलता के बाद, जहां छह राज्यों के 69 जिलों में 69 अध्येरता तैनात किए गए थे, अब एमएसडीई ने देश के शेष जिलों में कार्यक्रम का विस्तार किया। यह नौ आईआईएम के साथ राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया गया है। इसमें अकादमिक भागीदारों के रूप में आईआईएम अहमदाबाद, आईआईएम बैंगलोर, आईआईएम जम्मू, आईआईएम कोझीकोड, आईआईएम लखनऊ, आईआईएम नागपुर, आईआईएम रांची, आईआईएम उदयपुर और आईआईएम विशाखापत्तनम शामिल हुए हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय फैलोशिप चरण–II का उद्घाटन अक्टूबर, 2021 को माननीय शिक्षा मंत्री और कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री द्वारा किया गया था।

एमजीएनएफ उद्घाटन

वर्तमान में, 604 फेलो ने आईआईएम के साथ अपने शैक्षणिक मॉड्यूल को पूरा कर लिया है और देश के 31 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में तैनात हैं। वे कौशल विकास कार्यक्रम योजना और वितरण में सुधार के लिए राज्यों और जिलों को उत्प्रेरक सहायता प्रदान करेंगे और विकास पेशेवरों का एक कैडर तैयार करेंगे जो अपने संबंधित जिलों में व्यापक कौशल विकास योजना और कार्यान्वयन के लिए जिला कौशल समितियों को उपलब्ध होंगे।

अंतर्राष्ट्रीय कार्यबल गतिशीलता: भारत से कुशल श्रमिकों के लिए कुशल जनशक्ति की मांग और आपूर्ति के साथ–साथ विदेशों में रोजगार के अवसरों में अंतर की पहचान करने के लिए एक वैश्विक कौशल अंतर अध्ययन किया गया है। तदनुसार, एनएसडीसी के माध्यम से एमएसडीई अब भारतीय कार्यबल के लिए अंतर्राष्ट्रीय अवसरों की पहचान करने के लिए "अंतर्राष्ट्रीय कार्यबल गतिशीलता" नामक एक परियोजना को लागू कर रहा है। इस पहल के हिस्से के रूप में, कई हस्तक्षेप किए जा रहे हैं, जिसमें प्रशिक्षित और प्रमाणित भारतीयों की गतिशीलता को सक्षम करने के लिए विभिन्न गंतव्य देशों में मांग मूल्यांकन, प्रोफाइलिंग और आवश्यक हस्तक्षेपों को सुविधाजनक बनाने के लिए अध्ययन, वैश्विक या गंतव्य देश मानकों से मेल खाने के लिए कौशल संस्थानों को मजबूत करना, शाखा कार्यालय स्थापित करना, पहचाने गए गंतव्य देशों में वकालत और ब्रांडिंग और प्रशिक्षण और पाठ्यक्रम सामग्री का विकास शामिल है।

जिला कौशल विकास योजना में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार (डीएसडीपी पुरस्कार)

जिला कौशल विकास योजना में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार एमएसडीई द्वारा संकल्प कार्यक्रम के तहत विकेंद्रीकृत योजना को बढ़ावा देने और कौशल विकास के क्षेत्र में जिलों द्वारा की गई अनुकरणीय योजना को पहचानने और पुरस्कृत करने के लिए स्थापित किए गए थे।

डीएसडीपी अवार्ड्स के दूसरे संस्करण का पुरस्कार वितरण समारोह जून, 2022 में आयोजित किया गया था, जिसमें 30 जिलों को शॉर्टलिस्ट किया गया था, जिनमें से 8 जिलों को 'अवॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस' से सम्मानित किया गया था, 13 जिलों को 'उत्कृष्टता प्रमाणपत्र' से सम्मानित किया गया था और 9 जिलों को 'प्रशंसा पत्र' से सम्मानित किया गया।

आदर्श ग्राम कौशल शिविर (एजीएससी)

आदर्श ग्राम कौशल शिविर भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में माननीय प्रधान मंत्री की आजादी का अमृत महोत्सव पहल का एक हिस्सा हैं। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, गुजरात, ओडिशा, असम, त्रिपुरा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु के 100 + गांवों में श्रमिकों के पूर्व शिक्षण प्रमाणन की मान्यता के माध्यम से ग्राम पंचायतों में कौशलीकरण और रोजगार को अभिज्ञात सेवाओं से जोड़ना है।

यह परियोजना अगस्त, 2021 में 15,000 से अधिक श्रमिकों को कौशल–आधारित प्रमाणीकरण प्रदान करके कुशल श्रमिकों के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। साप्ताहिक आरपीएल शिविर 3–5 दिनों में फैले 12 घंटे के लिए आयोजित किए गए, और प्रत्येक प्रमाणित उम्मीदवार को सफल प्रमाणीकरण के बाद पुरस्कार राशि के रूप में 500 रुपये प्राप्त हुए।

क्षेत्र कौशल परिषदों (एसएससी) की भागीदारी में छह शिविर निम्नानुसार आयोजित किए जा रहे हैं:

क. पेंट और कोटिंग्स कौशल परिषद (पीसीएससी)

ख. भारतीय नलसाजी कौशल परिषद (आईपीएससी)

ग. ऑटोमोटिव कौशल विकास परिषद (एएसडीसी)।

घ. फर्नीचर और फिटिंग कौशल परिषद (एफएफएससी)।

ङ. भारतीय कृषि कौशल परिषद (एएससीआई)

च. खाद्य उद्योग क्षमता और कौशल पहल (एफआईसीएसआई)

यह परियोजना 30 सितंबर, 2022 को पूरी हुई, जिसमें कुल 14,021 उम्मीदवारों का उन्मुखीकरण किया गया, जिनमें से 13,901 को प्रशिक्षित किया गया, 12,761 का मूल्यांकन किया गया और 12,018 को प्रमाणित किया गया।

जीव विज्ञान पेशेवरों के लिए कौशलोन्नयन कार्यक्रमः

इस परियोजना का उद्देश्य मध्यम और लघु आकार के फार्मा उद्यमों का सहयोग करना है जो कठोर कौशल मांग को पूरा करने में सक्षम नहीं हैं और कई बार आर्थिक रूप से अभावग्रस्त अर्थव्यवस्था के कारण अपने कर्मचारियों का कौशलोन्नयन और पुनर्कौशल करने में विफल रहते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य निर्धारित फार्मा क्लस्टर्स या उद्यमों में कार्यरत 7,500 कर्मचारियों (संविदात्मक और स्थायी) का कौशलोन्नयन या पुनर्कौशल किया जाए और इन फार्मा क्लस्टरों/उद्यमों को उन कौशल अंतरालों को पाटने में सहायता करना है जो नियामक आवश्यकताओं के अनुपालन न करने का कारण बनते हैं। इस

परियोजना का कार्यान्वयन आंध्र प्रदेश, गोवा, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, सिक्किम, तेलंगाना, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल राज्यों में है।

उद्यमशीलता संवर्धनः राष्ट्रीय उद्यमशीलता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निस्बड) के साथ भागीदारी में एमएसडीई ने एक परियोजना शुरू की है जिसका उद्देश्य 24,600 उम्मीदवारों को क्षमता–निर्माण, पोषण सहायता, परामर्श और हैंडहोल्डिंग प्रशिक्षण के माध्यम से उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है। यह परियोजना असम, आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड और केरल, मध्य प्रदेश, महरहतरा, ओडिशा, राजस्थान तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में कार्यान्वित की जा रही है। अब तक, 289 कार्यक्रमों के अंतर्गत 14,577 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है।

उद्यमशीलता प्रशिक्षण कार्यक्रम

प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए क्लस्टर–आधारित मॉडल

अत्यधिक कुशल प्रशिक्षकों का एक पूल बनाने के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने संकल्प के अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य कौशल विकास सोसाइटी (एमएसएसडीएस), ऑटोमोटिव कौशल विकास परिषद (एएसडीसी), और इंडो–जर्मन व्यावसायिक और प्रशिक्षण कार्यक्रम (जीआईज़ेड–आईजीवीईटी) के साथ भागीदारी में औरंगाबाद, महाराष्ट्र में एक परियोजना शुरू की। इस प्रायोगिक परियोजना के तहत औरंगाबाद में सीएनसी प्रोग्रामिंग और ऑपरेशंस, एडवांस्ड वेल्डिंग टेक्नोलॉजीज और रोबोटिक टेक्नोलॉजी और ऑपरेशंस जैसे तीन ट्रेडों में 75 प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया था।

दूसरे चरण में, 200 प्रशिक्षकों को पुणे में प्रशिक्षित करने के लिए पांच श्रेणियों में बांटा गया था। उपर्युक्त तीन ट्रेडों के अलावा, दो नए ट्रेडों अर्थात गुणवत्ता नियंत्रण और उन्नत ऑटोमोटिव तकनीकों की शुरुआत की गई।

ज्ञान साथी के रूप में, जीआईज़ेड ने टीओटी की अवधारणा को विकसित करने और कार्यान्वयन प्रक्रिया के लिए सभी हितधारकों को एक साथ लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जीआईज़ेड भी जर्मन विशेषज्ञता से परियोजना का समर्थन कर रहा है, जिससे पाठ्यक्रम, ऑन–द–जॉब प्रशिक्षण आदि में मूल्यवर्धन हो रहा है। जीआईज़ेड द्वारा शुरू किया गया सहयोग इंडो–जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईजीसीसी) प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने वाले प्रशिक्षकों को इंडो–जर्मन दोहरा प्रमाणन प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण है।

इस परियोजना की अवधि 12 महीने है, और 110 प्रशिक्षकों ने अब तक पुणे में अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया है।

आयोजित प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण की झलक

अंबर (बेहतर रोजगार और प्रतिधारण के लिए त्वरित मिशन)

अंबर (बेहतर रोजगार और प्रतिधारण के लिए त्वरित मिशन) का उद्देश्य कौशल विकास के एक मापनीय और नियमित मॉडल को विकसित करना और कार्यान्वित करना है जो उद्योग–प्रासंगिक कौशल और रोजगार के अवसरों के साथ भारत के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए बेहतर परिणाम और संस्थागत मजबूती सुनिश्चित करने के लिए समावेशी विकास का समर्थन करता है। इस परियोजना का लक्ष्य 30,000 प्रशिक्षुओं को शामिल करना है। इस परियोजना में कुल परियोजना लागत का 50% निजी/परोपकारी निधि शामिल है। संकल्प, एमएसडीई के तत्वावधान में जनरेशन इंडिया फाउंडेशन के साथ भागीदारी में एनएसडीसी द्वारा यह परियोजना शुरू की जा रही है।

ओखला इंडस्ट्रियल एस्टेट, नई दिल्ली में एक प्रशिक्षण सत्र की झलकियां

हीरो मोटोकॉर्प के साथ जीविका परियोजनाः एएसडीसी और हीरो मोटोकॉर्प के साथ भागीदारी में एमएसडीई, बीएस–टप तकनीक के साथ मौजूदा कौशल विकास केंद्रों (एसडीसी) के प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे को उन्नत करने और दोपहिया वाहनों के रख–रखाव और मरम्मत संबंधी एक व्यापक अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित करने के लिए इस परियोजना को कार्यान्वित कर रहा है। इस परियोजना से पांच एसडीसी का उन्नयन होगा और चार नए एसडीसी स्थापित होंगे। इसके अलावा, यह परियोजना 720 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित करेगी, जिनमें स्थानीय गैरेज के कर्मचारी भी शामिल हैं, जिनके पास नवीनतम बुनियादी ढांचा और तकनीकी प्रशिक्षण तक पहुंच नहीं है। यह परियोजना छत्तीसगढ़, गुजरात, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु राज्यों में कार्यान्वित की जा रही है।

ब्रिजस्टोन के साथ सारथी परियोजनाः एमएसडीई, एएसडीसी और हीरो मोटोकॉर्प के साथ भागीदारी में भारी वाणिज्यिक वाहन (एचएमवी) चालकों के कौशल प्रशिक्षण के लिए एक परियोजना कार्यान्वित कर रहा है। इस परियोजना का लक्ष्य देश के ग्रामीण क्षेत्रों के 1080 युवाओं को शामिल करना है। यह परियोजना ओडिशा, महाराष्ट्र और तेलंगाना राज्यों में कार्यान्वित की जा रही है।

एनडीएमसी के साथ आरपीएल कार्यक्रमः एमएसडीई, एनडीएमसी को अपने अनुबंधित कर्मचारियों और कार्यरत अन्य कर्मचारियों को प्रमाणित करने तथा उनका कौशलोन्नयन करने में सहयोग कर रहा है। इस परियोजना का लक्ष्य 75,000 उम्मीदवारों को शामिल करना है, जिनमें से 25,000 को संकल्प के अंतर्गत सहायता दी जा रही है।

आरपीएल प्रशिक्षण की तस्वीरें

जिला कौशल समिति (डीएससी) का क्षमता–निर्माण

वर्चुअल रूप से आयोजित 'क्षमता–निर्माण' सत्र की झलकियां

जिला कौशल समितियों (डीएससी) को देश भर के 700 से अधिक जिलों में संस्थागत किया गया है। संकल्प के भाग के रूप में एमएसडीई द्वारा जिला कौशल समिति (डीएससी) के सदस्यों और जिला पदाधिकारियों की क्षमता–निर्माण के लिए थीम–आधारित कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। एमएसडीई ने एक डीएसडीपी टूलकिट और कौशल पुस्तिका (चार खंड) विकसित की है जो कौशल विकास योजना सहित विभिन्न कार्यों को करने में डीएससी की सहायता करेगी। वर्ष 2022 की शुरुआत तक, एमएसडीई ने जिला कौशल विकास योजना (डीएसडीपी) विकसित करने के लिए छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, नगालैंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के डीएससी सदस्यों के साथ कई कार्यशालाएं आयोजित किए। वर्ष 2022 में, आंध्र प्रदेश, बिहार, जम्मू और कश्मीर, तथा महाराष्ट्र के एसएसडीएम अधिकारियों के लिए ऑनलाइन कार्यशालाओं का आयोजन किया गया था।

केंद्रपाड़ा, ओडिशा में गोल्डन ग्रास शिल्प में महिलाओं का कौशल और उद्यमशीलता विकास

गोल्डन ग्रास शिल्प में महिलाओं का कौशल और उद्यमशीलता विकास एमएसडीई, जिला कौशल समिति (डीएससी) केंद्रपाड़ा और राज्य कला तथा शिल्प विकास संस्थान (सीडैक) ओडिशा सरकार के सहयोग से शुरू की गई एक परियोजना है। इसका प्राथमिक उद्देश्य ओडिशा के केंद्रपाड़ा ब्लॉक के 35 गांवों में गोल्डन ग्रास शिल्प में 3,000 महिला कारीगरों को कौशल प्रशिक्षण और बाजार से सम्बद्ध करना है।

अब तक, 965 कारीगरों का अंतःस्थक कौशल प्रशिक्षण पूरा हो चुका है, 305 कारीगरों का उन्नत कौशल प्रशिक्षण पूरा हो चुका है, 200 कारीगरों का बुनियादी कौशल प्रशिक्षण पूरा हो चुका है और 813 कारीगर प्रशिक्षणाधीन है।

केंद्रपाड़ा में गोल्ड ग्रास शिल्प में कौशल प्रशिक्षण की झलकियां

पंजाब में सीवरेज कामगारों का कौशल प्रशिक्षण

पंजाब कौशल विकास मिशन (पीएसडीएम), पंजाब जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (पीडब्ल्यूएसएसबी) और पटियाला तथा कपूरथला के नगर निगमों के साथ भागीदारी में 10 अगस्त, 2021 को "200 सीवरेज कामगारों का कौशल प्रशिक्षण" परियोजना शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य मशीनीकृत सफाई में 200 सीवरेज कर्मचारियों को कुशल बनाना और स्वच्छता कार्य के संचालन में अधिक सुरक्षा और सुधार लाना है। यह परियोजना प्रमाणन प्रक्रियाओं के मानकीकरण को प्रोत्साहित करने, कौशल की रजिस्ट्री बनाने और जॉब रोल को आकांक्षीय और प्रतिष्ठित बनाने की दिशा में भी काम कर रही है। जॉब रोलों और प्रशिक्षण मॉड्यूल की भी समीक्षा की जाएगी और परियोजना के एक भाग के रूप में उन्नत किया जाएगा।

अब तक, 90 उम्मीदवारों ने नियमित रूप से प्रशिक्षण लिया है, जिनमें से 60 ने अपना ऑन–जॉब प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। 60 अन्य के लिए क्लासरूम प्रशिक्षण शुरू हो गया है।

परियोजना के तहत बैचों के क्लासरूम प्रशिक्षण की तस्वीरें

अवसर परियोजना

परिधान क्षेत्र में महिलाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण और रोजगार की संभावनाओं को बढ़ावा देने के लिए, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' जिसमें प्रगतिशील भारत के 75 वर्ष और अपने लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास का उत्सव मनाते हैं, के भाग के रूप में "अवसर" परियोजना शुरू करने के लिए अमृता विश्व विद्यापीठम के साथ भागीदारी की'। इस पहल का उद्देश्य स्व–सहायता समूहों (एसएचजी) की लगभग 4500 महिलाओं और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में ट्रांसजेंडरों को प्रमाणित करना है। अब तक, 2842 महिलाओं को नामांकित किया गया है और इस परियोजना के तहत 31 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है।

विभिन्न अमृता विद्यापीठम केंद्रों में आयोजित प्रशिक्षण की झलकियां

महाराष्ट्र में कारीगरों और बुनकरों का कौशल उन्नयनः 2,000 कारीगरों और बुनकरों के तकनीकी ज्ञान का उन्नयन और इसे बढ़ाने के उद्देश्य से, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अर्जन और ज्ञान जागरूकता (संकल्प) कार्यक्रम के अंतर्गत एक पहल की है। यह सुनिश्चित करते हुए कि हस्तशिल्प उद्योग के पास मौजूदा कारोबारी माहौल में समृद्ध होने के लिए आवश्यक कौशल है। यह पहल मानखुर्द–शिवाजी नगर, गोवंडी, रमाबाई और नगर घाटकोपर सहित मुंबई के उत्तर–पूर्वी हिस्सों पर ध्यान केंद्रित करेगी, यह पहल मुख्य रूप से हस्तशिल्प क्षेत्र में असंगठित कार्यबल की दक्षताओं को मानकीकृत राष्ट्रीय कौशल अर्हता ढांचा (एनएसक्यूएफ़) में संरेखित करने पर केंद्रित है, साथ ही उनके तकनीकी और विपणन ज्ञान को बढ़ाने, हस्तनिर्मित उत्पादों और शिल्प को बढ़ावा देने के लिए अभिनव डिज़ाइनों और तकनीकों को पढ़ाने तथा डिजिटल साक्षरता और सॉफ्ट स्किल्स प्रदान करने पर भी केंद्रित है। यह प्रशिक्षण 72 घंटे का होगा 12 घंटे के अभिविन्यास और 60 घंटे के ब्रिज मॉड्यूल केसाथ 10 दिनों के बैचों में आयोजित किया जाएगा।

उत्तर–पूर्वी मुंबई में विभिन्न स्थानों पर आयोजित प्रशिक्षण बैचों की तस्वीरें

पूर्वी नागालैंड के युवाओं के लिए पारंपरिक जनजातीय कलाओं में कौशल प्रशिक्षणः नागालैंड के राज्य कौशल विभाग और अविकसित क्षेत्रों के विकास विभाग (डीयूडीए) के साथ भागीदारी में एमएसडीई पूर्वी नगालैंड के युवाओं के कौशल को निखार कर जनजातीय पारंपरिक कलाओं को बढ़ावा देने के लिए एक परियोजना कार्यान्वित कर रहा है। इस परियोजना में पूर्वी नागालैंड के 6 जिलों में 825 जनजाति उम्मीदवारों का कौशल प्रशिक्षण शामिल है।

प्रशिक्षकों के रूप में दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) का प्रशिक्षणः इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्याप्त प्रशिक्षण के साथ पीडब्ल्यूडी प्रशिक्षकों को सशक्त बनाकर पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार करना है। इसके अलावा, एमएसडीई उन्हें देश में प्रशिक्षण के बदलते परिदृश्य से परिचित कराने और दिव्यांग प्रशिक्षण की गुणवत्ता और पहुंच में सुधार करने के लिए प्रशिक्षकों के रूप में दिव्यांग पेशेवरों को मुख्यधारा में लाने की कल्पना करता है। इसके बदले में इसका उद्देश्य बेहतर रोजगार के अवसरों के लिए सीखने के परिणामों में सुधार करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है ताकि वे एक सम्मानित जीवन जी सकें।

इस परियोजना के अंतर्गत 25 मुख्य प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा जो बाद में 150 दिव्यांग प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। अभी तक कुल दस मुख्य प्रशिक्षकों को दो बैचों में प्रशिक्षित किया जा चुका है।

परियोजना के तहत प्रशिक्षित मुख्य प्रशिक्षकों के उद्घाटन बैच की तस्वीर

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 पर एमएसडीई अधिकारियों की क्षमता–निर्माण

कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने संयुक्त राष्ट्र महिला के साथ मिलकर एमएसडीई कर्मचारियों के लिए पांच सप्ताह के प्रशिक्षण सत्र योजना को सफलतापूर्वक पूरा किया। प्रशिक्षण सत्र को शानदार प्रतिक्रिया मिली और पांच सप्ताह में 100 से अधिक एमएसडीई अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी हुई। यह भागीदारी 21वीं सदी के भारत की तीव्र प्रगति के लिए महिलाओं को सशक्त बनाने का माननीय प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

इस कार्यक्रम के अनुसार, एमएसडीई अधिकारियों के क्षमता–निर्माण के लिए प्रशिक्षण सत्रों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। इस प्रशिक्षण ने यौन उत्पीड़न का एक संक्षिप्त विवरण प्रदान किया और शिकायत प्रक्रिया के बारे में प्रतिभागियों की जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया। यह पहल देश के समावेशी विकास में समान प्रतिभागियों के रूप में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एमएसडीई की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है और महिलाओं के लिए एक सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए इसके सक्रिय प्रयासों का एक घटक है।

श्री अतुल कुमार तिवारी, सचिव, एमएसडीई आंतरिक समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए।

संकल्प के अंतर्गत राज्य घटकः संकल्प के राज्य घटक का उद्देश्य राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को उनकी क्षमता–निर्माण में सहायता करके कौशल विकास इको सिस्टम को मजबूत करना है।

संकल्प में भागीदारी के लिए सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने एमएसडीई को अपनी सहमति प्रस्तुत की थी। इसके अलावा, विश्व बैंक की आवश्यकता के अनुसार, एमएसडीई ने राज्य प्रोत्साहन अनुदान (एसआईजी) मैट्रिक्स पर संकल्प को कार्यान्वित करने से पहले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की आधार रेखा स्थापित करने के लिए एक बाहरी एजेंसी को शामिल किया था। यह अपनी तरह का पहला अभ्यास था जिसमें कौशल विकास योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए राज्यों की प्रणाली की परिपक्वता, राज्यों में कौशल विकास की बाजार प्रासंगिकता और उन कार्यक्रमों की पहुंच का आकलन किया गया।

संकल्प के अंतर्गत अनुदान प्राप्त करने के लिए, भाग लेने वाले राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र को संकल्प के तहत एक विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा, जिसमें उन कार्यकलापों की एक विस्तृत सूची होगी, जिन्हें राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र शुरू करने की योजना बना रहे हैं। इन कार्यकलापों के लिए टेम्प्लेट को संकल्प के तीन परिणाम क्षेत्रों के अनुरूप तीन मुख्य शीर्षकों अर्थात् (i) राज्य और जिला स्तर पर संस्थागत सुदृढ़ीकरण; (ii) कौशल विकास कार्यक्रमों की बेहतर गुणवत्ता और बाजार प्रासंगिकता, और (iii) महिला प्रशिक्षुओं के लिए बेहतर पहुंच और कौशल प्रशिक्षण को पूरा करना, के तहत वर्गीकृत किया गया है। इसके अलावा, इन्हें एसआईजी मैट्रिक्स के भाग के रूप में संकेतकों के अनुरूप उप–वर्गीकृत किया गया है, जिससे राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को इन संकेतकों के साथ अपनी कार्यकलापों को मैप करने और अपने एसआईजी स्कोर में सुधार दिखाने में मदद मिलती है।

एसआईजी बेसलाइन स्कोर पर प्रगति की वार्षिक अनुवीक्षण की जाती है। केवल वे राज्य/संघ राज्य क्षेत्र जिन्होंने अपने प्रदर्शन के अंतर में न्यूनतम 15% सुधार प्राप्त कर लिया है, संकल्प के अंतर्गत एमएसडीई से बाद में निधि जारी करने के पात्र हैं। सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए एसआईजी बेसलाइन पूरी कर ली गई है।

प्रत्येक वर्ष के लिए आकलन पूरा करने के लिए, निम्नलिखित अनुपालन अनिवार्य हैं:

- निधि की अगली किश्त के लिए पात्र होने के लिए अनिवार्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा आंकड़ा और साक्ष्य प्रस्तुत करना।
- एक स्वतंत्र सत्यापन एजेंसी (आईवीए) द्वारा आंकड़ा और साक्ष्य के सत्यापन के बाद एमएसडीई को रिपोर्ट प्रस्तुत करना।
- निधि संप्रदायगी के लिए विश्व बैंक को सत्यापित एसआईजी स्कोर और आईवीए रिपोर्ट प्रस्तुत करना।

इसके अलावा, एमएसडीई ने 19 राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के लिए एसआईजी आकलन पूरा कर लिया है, जिनमें से 18 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने अपने एसआईजी बेसलाइन स्कोर पर न्यूनतम आवश्यकता को पूरा कर लिया है।

संकल्प एसआईजी के तहत जारी पहली भाग के रूप में, एमएसडीई ने राज्य घटक के अंतर्गत 287.91 करोड़ रुपए जारी किए हैं (31 राज्यों/संघ–राज्य क्षेत्रों को राज्य प्रोत्साहन अनुदान के रूपए में 274.00 करोड़ रुपए और आकांक्षीय जिलों को 13.91 करोड़ रुपए) (31 दिसंबर तक), 2022) का विवरण निम्नानुसार है:

संकल्प के अंतर्गत जारी राज्य प्रोत्साहन अनुदानः

क्र.सं.	राज्य रिलीज की तारीख	राशि भारतीय रुपये में	
1	आंध्र प्रदेश	21.01.2019	7,76,25,000
2	अरुणाचल प्रदेश	15.10.2019	2,73,28,500
3	असम	26.11.2018	8,84,00,000
4	बिहार	26.04.2019	24,76,77,600
5	छत्तीसगढ़	04.11.2019	8,04,49,200
6	गोवा	06.01.2020	1,02,00,000
7	गुजरात	29.05.2019	14,55,00,000
8	हरियाणा	28.05.2020	6,62,97,600

9	हिमाचल प्रदेश	20.10.2020	1,89,54,000
10	जम्मू और कश्मीर	21.01.2019	3,84,75,000
11	झारखंड	09.10.2019	5,61,60,000
12	कर्नाटक	28.04.2020	14,35,20,000
13	केरल	26.06.2020	6,09,30,000
14	लद्दाख	07.10.2021	50,00,000
15	मध्य प्रदेश	21.11.2019	14,42,40,000
16	महाराष्ट्र	12.02.2019	22,04,40,000
17	मणिपुर	06.03.2019	1,65,15,000
18	मेघालय	03.02.2020	2,23,20,000
19	मिजोरम	06.01.2020	1,80,90,000
20	नागालैंड	13.08.2019	2,34,00,000
21	ओडिशा	07.11.2019	4,89,60,000
22	पुडुचेरी	27.05.2020	1,82,50,000
23	पंजाब	15.07.2019	7,05,60,000
24	राजस्थान	24.12.2019	15,66,60,000
25	सिक्किम	09.01.2020	1,98,00,000
26	तमिलनाडु	29.11.2019	12,18,12,000
27	तेलंगाना	22.12.2020	8,27,64,000
28	त्रिपुरा	15.11.2019	2,16,72,000
29	उत्तर प्रदेश	21.01.2019	4,95,00,000
		30.12.2019	39,73,80,000
30	उत्तराखंड	24.12.2019	3,40,20,000
31	पश्चिम बंगाल	17.07.2020	5,00,00,000
		29.07.2020	2,38,99,666
		07.08.2020	13,31,60,334
	कुल		**2,73,99,59,900**

संकल्प के तहत आकांक्षी जिलों को जारी धनराशि :

क्र.सं.	राज्य	रिलीज की तारीख,	राशि भारतीय रुपये में
क.	आकांक्षी कौशल अभियान (एएसए)		
1	आंध्र प्रदेश	12.11.2018	30,00,000
2	अरुणाचल प्रदेश	12.11.2018	10,00,000
3	असम	12.11.2018	70,00,000
4	बिहार	12.11.2018	1,30,00,000
5	छत्तीसगढ़	28.12.2018	1,00,00,000
6	गुजरात	12.11.2018	20,00,000
7	हरियाणा	12.11.2018	10,00,000
8	हिमाचल प्रदेश	12.11.2018	10,00,000
9	जम्मू और कश्मीर	12.11.2018	20,00,000
10	झारखंड	12.11.2018	1,90,00,000
11	कर्नाटक	22.01.2019	20,00,000
12	केरल	12.01.2018	10,00,000
13	मध्य प्रदेश	28.12.2018	80,00,000
14	महाराष्ट्र	12.11.2018	40,00,000
15	मणिपुर	12.11.2018	10,00,000
16	मेघालय	12.11.2018	10,00,000
17	मिजोरम	28.12.2018	10,00,000
18	नागालैंड	12.11.2018	10,00,000
19	ओडिशा	12.11.2018	1,00,00,000
20	पंजाब	12.11.2018	20,00,000
21	राजस्थान	28.12.2018	50,00,000
22	सिक्किम	12.02.2019	10,00,000
23	तमिलनाडु	12.11.2018	20,00,000
24	तेलंगाना	28.12.2018	30,00,000
25	त्रिपुरा	12.10.2018	10,00,000
26	उत्तर प्रदेश	12.11.2018	80,00,000
27	उत्तराखंड	12.11.2018	20,00,000
28	पश्चिम बंगाल	12.11.2018	50,00,000
	कुल ए		**11,70,00,000**

क्र.सं.	राज्य	रिलीज की तारीख	राशि भारतीय रुपये में
ख.	आकांक्षी जिलों के लिए विशेष परियोजनाएं		
1	किफिरे – नागालैंड	07.10.2020	1,58,18,490.00
2	ममित – मिजोरम	06.11.2020	63,00,000.00
	कुल बी		**2,21,18,490.00**
	कुल योग (एबी)		**13,91,18,490.00**

संकल्प को कार्यान्वित करने में सहयोग देने के लिए एमएसडीई समय–समय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ जुड़ता रहा है।

जिला कौशल योजना सहायता किट (डिस्पैक) का डिजिटलीकरण

जिला कौशल योजना सहायता किट (डिस्पैक) के उपयोग और पहुंच को बढ़ाने के लिए, इसका डिजिटलीकरण किया गया और अब तक 690 से अधिक जिले पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं। इस पहल ने वर्तमान परिदृश्य, मांग/आपूर्ति, अंतर विश्लेषण आदि के संबंध में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कुल लागत उपलब्ध कराया है। यह जमीनी स्तर पर कुशलतापूर्वक कौशल विकास कार्यकलापों के अनुवीक्षण के लिए राष्ट्रीय स्तर के डैशबोर्ड भी प्रदान करता है।

आईटी पोर्टल्स का विकासः

संकल्प ने एमएसडीई की कई आईटी पहलों का सहयोग किया है जिसमें स्किल इंडिया डिजिटल (डीईएसएच स्टैक), स्किल इंडिया पोर्टल, शिक्षुता पोर्टल और संकल्प पोर्टल शामिल हैं।

5.25 जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस)

1. पृष्ठभूमि

कौशल विकास के लिए जन शिक्षण संस्थानों (एनजीओ) को सहायता प्राप्त स्कीम अपनी तरह की एक स्कीम है जो समाज के सीमांत, वंचित और पिछड़े वर्गों को विशेष रूप से तैयार किए गए कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से उनकी पूरी क्षमता का उपयोग करने में सहायता करता है जो गैर–साक्षर, नव–साक्षर, 8वीं तक शिक्षा के प्रारंभिक स्तर वाले व्यक्ति और 15–45 वर्ष के आयु–वर्ग में 12वीं कक्षा तक स्कूली शिक्षा बीच में छोड़ने वालों को स्व/दिहाड़ी रोजगार की सुविधा प्रदान करता है। प्राथमिकता समूह में महिलाएं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक, दिव्यांगजन और समाज के अन्य पिछड़े वर्ग हैं। जन शिक्षण संस्थान न्यूनतम बुनियादी ढांचे और संसाधनों सहित लाभार्थियों के पहुंच तक काम करते हैं। वे न केवल व्यावसायिक कौशल प्रदान करते हैं बल्कि स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता, शिक्षा, वित्तीय साक्षरता, पर्यावरण, महिला संबंधी मामले और राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय महत्वपूर्ण दिवसों से संबंधित ज्ञान जैसे स्थानीय मुद्दों पर ग्रामीण जनता के बीच जागरूकता सृजित करते हैं।

2. औचित्य और दृष्टिकोण

2.1 जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) स्कीम, जिसे प्रारम्भ में 1967 में श्रमिक विद्यापीठ (एसवीपी) के रूप में शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य भारत सरकार द्वारा 100% अनुदान के साथ पंजीकृत सोसायटी (एनजीओ) के माध्यम से लाभार्थी के आवास के समीप गैर–औपचारिक तरीके से कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करना है। यह स्कीम 2 जुलाई, 2018 को शिक्षा मंत्रालय (तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्रालय) से कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय को अंतरित की गई थी।

2.2 इस स्कीम का उद्देश्य कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से स्व/दिहाड़ी रोजगार को बढ़ावा देकर घरेलू आय में वृद्धि करना है। यह कौशल प्रशिक्षण महिलाओं, अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अल्पसंख्यकों और समाज के अन्य वंचित समूहों के लिए कम लागत वाला, लचीला और अत्यधिक सुलभ है।

2.3 इस स्कीम की शक्ति इसका सामुदायिक जुड़ाव और स्थानीय प्रशासन, ग्राम पदाधिकारियों और अन्य प्रमुख हितधारकों की भागीदारी है। यह जेएसएस स्कीम के अंतर्गत बुनियादी ढांचे, संसाधनों और लाभार्थियों को प्रभावी ढंग से जुटाने में सक्षम बनाता है।

3. स्कीम के हितधारक

3.1 इस स्कीम के प्रमुख हितधारक लक्षित लाभार्थी, मूल निकाय, जेएसएस, प्रबंधन बोर्ड (बीओएम), स्थानीय उद्योग/अन्य नियोक्ता, पंचायती राज संस्थानों (पीआरआई) के सदस्य, प्रमुख स्थानीय समुदाय के सदस्य और राज्य/जिला स्तर के प्रतिनिधि आदि हैं।

3.2 यह स्कीम जेएसएस के माध्यम से कार्यान्वित की जाती है जो संबंधित मूल निकायों के तत्वावधान में कार्य कर रहे हैं। मूल निकाय को सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत जेएसएस को एक अलग गैर–सरकारी संस्थान के रूप में पंजीकृत करना चाहिए। ये जेएसएस निर्दिष्ट लक्ष्य के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भारत सरकार से सहायता अनुदान (जीआईए) के रूप में वित्तीय सहायता प्राप्त करते हैं।

4. जेएसएस स्कीम के उद्देश्य

इस स्कीम का उद्देश्य निम्नानुसार हैं:

